सूर्योदय : 5:12
सूर्यास्त : 6:57
अधिकतम तापमान : 30.0
न्यूनतम : 26.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-17 पेज-12
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 05 जुलाई 2024
28 जिलहिज्जा 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# टीम इंडिया की 'विक्ट्री परेड' समर्थकों का उमड़ा जनसैलाब



**जीत का जश्न**

- वानखेड़े स्टेडियम में विश्व विजेता भारतीय टीम का सम्मान
- रोहित-कोहली हुए भावुक
- विक्ट्री परेड में दिखा रोहित-कोहली का ब्रोमांस, साथ उठाई ट्रॉफी तो फैंस ने किया चीयर

**मुंबई।** टी20 विश्व कप 2024 जीतने के बाद टीम इंडिया देश लौट चुकी है। गुरुवार को भारतीय खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ का दिल्ली में भव्य स्वागत हुआ। इसके बाद सभी खिलाड़ी और स्टाफ मुंबई पहुंचे। मुंबई में एयरपोर्ट से ही भारी भीड़ उनके स्वागत के लिए जमा थी। फिर खिलाड़ियों और कोचिंग स्टाफ ने मरीन ड्राइव से एक खुली बस में वानखेड़े स्टेडियम पहुंचे। इस दौरान हजारों की संख्या में भीड़ जश्न मनाने के लिए मौजूद थी। खिलाड़ियों ने इस सफर का जमकर आनंद लिया। हालांकि, विक्ट्री परेड में जो सबसे ज्यादा खास पल रहा, वह बस पर रोहित शर्मा और विराट कोहली का एक साथ ट्रॉफी उठाना रहा। दोनों के ब्रोमांस को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। दरअसल, विक्ट्री परेड के दौरान रोहित और विराट शुरू में अलग-अलग खड़े हुए थे। इसके बाद दोनों बस में पीछे की तरफ गए और एकसाथ ट्रॉफी पकड़कर फैंस को दिखाया। इस लम्हे को सबसे खास बताया जा रहा है। इन दोनों ने बारबाडोस में भी एक साथ ट्रॉफी उठाई थी। लेकिन भारतीय फैंस इसका दीदार नहीं कर सके थे। अब उन्होंने उस लम्हे को यहां पर भी बनाया। रोहित और विराट के बस पर ट्रॉफी को उठाते ही फैंस ने जबरदस्त चीयर किया और दोनों का उत्साह बढ़ाया।

### पीएम मोदी ने वर्ल्ड चैंपियन भारतीय क्रिकेट टीम से की मुलाकात



**नई दिल्ली** टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम बृहस्पतिवार को विशेष विमान से स्वदेश लौट आई। लगातार बूंदाबादी और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हवाई अड्डे पर प्रशंसकों ने खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया जिसके बाद टीम के सदस्यों ने नाश्ते पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। **(पूरी खबर पेज-9 पर)**

### टीम इंडिया को मिली 125 करोड़ रुपए की प्राइज मनी

टीम इंडिया के लिए टी20 विश्वकप 2024 बेहद ही ऐतिहासिक रहा। बारबाडोस से लौटने के बाद पहले दिल्ली और फिर मुंबई ने बाहें खोलकर स्वागत किया। रोहित शर्मा की कप्तानी भारतीय टीम की विक्ट्री परेड भी ऐतिहासिक बन गई। इसमें लाखों फैंस ने हिस्सा लिया। मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम पहुंचते ही टीम इंडिया के खिलाड़ियों ने जमकर डांस किए। जिसके बाद विराट कोहली और रोहित शर्मा ने फैंस को भी संबोधित किया। बीसीसीआई के पदाधिकारियों ने मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में टीम इंडिया को 125 करोड़ रुपये का चेक प्रदान किया।

# हाथरस भगदड़ मामले में छह लोग गिरफ्तार

**कार्रवाई**

- मधुकर की गिरफ्तारी पर इनाम घोषित
- जरूरत पड़ेगी तो बाबा से करेंगे पूछताछ : आईजी



**लखनऊ।** सत्संग में भगदड़ के मामले में पुलिस ने नारायण साकार विश्व हरि के छह सेवादारों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार पुरुष और दो महिलाएं शामिल हैं। अलीगढ़ आईजी शलभ माथुर ने गुरुवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी है।

उन्होंने बताया कि ये सभी आयोजन समिति के सदस्य हैं और सेवादार के रूप में काम करते थे। ये लोग भगदड़ मचने के समय मौके से भाग गए थे। उन्होंने बताया मुख्य आरोपी प्रकाश मधुकर की गिरफ्तारी पर एक लाख रुपए का इनाम घोषित किया जा रहा है। जल्द ही उसके खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया जाएगा। हम इस बात की भी जांच करेंगे कि कहीं यह घटना किसी साजिश के तहत तो नहीं हुई। आईजी माथुर ने कहा, अगर जरूरत पड़ेगी तो नारायण साकार उर्फ भोले बाबा से पूछताछ की जाएगी। एफआईआर के अंदर उनका (नारायण साकार उर्फ भोले बाबा) नाम नहीं है। जिम्मेदारी आयोजक की होती है। आयोजक का नाम एफआईआर में है। जो सेवादार थे, जिन्होंने भीड़ को रोकने की कोशिश की। जो वहां से भाग गए और जिन्होंने पुलिस के साथ सहयोग नहीं किया, उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

सत्संग में भगदड़ की घटना में सेवादारों और आयोजकों की बड़ी लापरवाही इसमें सामने आई है। इसके पीछे साजिश भी बताई जा रही है। भगदड़ में लोग रौंदे जाते रहे, लेकिन इस घटना को शुरुआत में छिपाने की कोशिश हुई।

# हेमंत सोरेन तीसरी बार बने सीएम

**ताजपोशी**

- जेल से रिहाई के बाद राजभवन में ली शपथ
- चंपई सोरेन समन्वय समिति के चेयरमैन होंगे



**रांची।** झारखंड में तेजी से बनते-बिगड़ते सियासी समीकरण के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज तीसरी बार मुख्यमंत्री बने। इससे पहले उन्हें विपक्षी गठबंधन- इंडिया के विधायक दल का नेता चुना गया था।

राज्यपाल सीवी राधाकृष्णन ने पूर्व सीएम चंपई सोरेन के इस्तीफे के बाद हेमंत सोरेन को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया था। राजभवन में केवल हेमंत सोरेन को सीएम पद की शपथ दिलाई गई। मंत्रिमंडल विस्तार बाद में किया जाएगा। ऐसे में मंत्रिमंडल के सहयोगियों को बाद में शपथ दिलाई जाएगी। शपथ ग्रहण से पहले झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया था कि राज्यपाल ने सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया है। शपथ ग्रहण समारोह सात जुलाई को होगा। हालांकि, बाद में हेमंत के आज ही शपथ लेने की बात सामने आई और अब हेमंत तीसरी बार सीएम बन चुके हैं। गौरतलब है कि झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कल राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया था। इसके बाद चंपई सोरेन ने ही विधायक दल के नेता और राज्य के अगले मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया है। वहीं, चंपई सोरेन समन्वय समिति के चेयरमैन होंगे। इसके बाद हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। इससे पहले चंपई सोरेन के आवास पर विधायकों की बैठक हुई। बैठक में तय किया गया है कि हेमंत सोरेन झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक दल के नेता होंगे। बैठक में कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर के अलावा हेमंत सोरेन के भाई बसंत सोरेत और पत्नी कल्पना सोरेन भी शामिल थे।

# दिल्ली में रेहड़ी-पटरी वालों से मिले राहुल गांधी

### हाथरस जा सकते हैं राहुल, घायल पीड़ितों से मिलेंगे



**नई दिल्ली।** विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आज दिल्ली के जीटीबी नगर में रेहड़ी-पटरी वाले दिहाड़ी मजदूरों और श्रमिकों से मुलाकात की। बताया जा रहा है कि राहुल दिल्ली के किंग्सवे कैंप गए। जहां वे मजदूरों से मिले। किंग्सवे कैंप के लेबर चौक पर राहुल गांधी ने मजदूरों से बातचीत की। जिसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में राहुल के आसपास काफी लोग जमीन पर बैठे दिख रहे हैं। राहुल मजदूरों के बीच में बैठे दिखाई दे रहे हैं। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल ने बाताया कि राहुल गांधी हाथरस भगदड़ हादसे के पीड़ितों से मिलने जाएंगे। केसी वेणुगोपाल ने कहा, यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी हाथरस जाने की योजना बना रहे हैं। वह वहां जाएंगे और प्रभावित लोगों से बातचीत करेंगे। हाथरस के सिंकदराराऊ क्षेत्र के गांव फुलरई मुगलगढ़ी में मंगलवार को नारायण साकार हरि महाराज उर्फ भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में हुई 121 लोगों की मौत हो गई। जिनमें से 106 की पहचान यूपी के 17 जिलों के निवासियों के रूप में हुई है, जबकि छह देश के अलग अलग राज्यों के निवासी हैं।

### मुख्यमंत्री ने वन महोत्सव 2024 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण किया

# एक पेड़ मां के नाम पर अवश्य लगायें : योगी

**पर्यावरण**

- सीएम योगी ने लगाया लाल चंदन का पौधा
- पूरे प्रदेश में चलाएंगे व्यापक पौधरोपण अभियान
- लाभार्थियों को उपलब्ध करा रहे सहजन का पौधा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर वन महोत्सव 2024 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अन्तर्गत पौधरोपण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने ग्लोबल वॉर्मिंग जैसी चुनौतियों से बचने के लिए देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने का अभिनव आह्वान किया है। आज इसी श्रृंखला में उन्होंने मुख्यमंत्री आवास पर एक पेड़ लगाया है। मुख्यमंत्री जी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत के लिए प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आगामी 20 जुलाई को पूरे प्रदेश में, प्रदेश की आबादी के बराबर पौधरोपण के लिए हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ जरूर लगाए और वृक्षारोपण महा अभियान का हिस्सा बने। इसके लिए प्रदेश की नर्सरियों में 54 करोड़ पौधे तैयार किए गए हैं। इनमें पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी हर प्रकार के पेड़ हैं। जिनमें पीपल, पाकड़, बरगद, देसी आम, जामुन, अमरुद, शीशम और सागौन के पौधे शामिल हैं। पूरे प्रदेश में अलग-अलग वैरायटी के पौधे लगाए जाएंगे। हर ग्राम पंचायत से लेकर नगर निकाय, पार्क, सड़क के किनारे तथा खाली जगहों पर व्यापक पैमाने पर यह अभियान चलेगा। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को सहजन का एक पौधा निःशुल्क उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। सहजन किसी भी व्यक्ति के लिए बहुत उपयोगी है। यदि इसकी फली की सब्जी बनाकर अथवा सूप के रूप में उपयोग किया जाए, तो यह कुपोषण को दूर करने में बहुत बड़ी भूमिका का निर्वहन कर सकता है। प्रदेश सरकार ने 02 वर्ष पहले भी प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के घर में सहजन का एक-एक पेड़ लगाया था। यह पेड़ अब काफी बड़े हो चुके हैं। इस बार भी हम इस अभियान को आगे बढ़ाएंगे। हमारे पास लगभग 55 लाख सहजन के पौधे हैं।

# अस्ताना में चीनी समकक्ष वांग यी से मिले जयशंकर

### सीमा विवाद सुलझाने के प्रयास बढ़ाने पर जताई सहमति



**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कजाखस्तान की राजधानी अस्ताना में को मुलाकसत की। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में जारी सीमा विवाद के बीच दोनों देशों के विदेश मंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन से इतर मिले। दोनों ने पूर्वी लद्दाख में मुद्दों को हल करने के लिए कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के जरिए प्रयासों को बढ़ाने पर सहमति जताई।

जयशंकर ने वांग को बताया कि वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) का सम्मान और सीमा क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित करना आवश्यक है। विदेश मंत्री ने भारत के इस दृढ़ दृष्टिकोण की भी दोहराया कि दोनों देशों के बीच संबंध आपसी सम्मान, हित और संवेदनशीलता पर आधारित होने चाहिए। जयशंकर ने एक्स पर कहा कि आज सुबह अस्ताना में सीपीसी पोलित ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी से मुलाकात की। सीमा क्षेत्रों में शेष मुद्दों के शीघ्र समाधान पर चर्चा की। इस दिशा में कूटनीतिक और सैन्य चैनलों के जरिए प्रयासों को दोगुना करने पर सहमति व्यक्त की। उन्होंने कहा कि एलएसी का सम्मान करना, सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता सुनिश्चित करना आवश्यक है।

# मंत्री पद से किरोड़ीलाल मीणा ने दिया इस्तीफा

**हार**

- सभी सरकारी सुविधाओं से दूरी बना ली है



**जयपुर।** राजस्थान की राजनीति से जुड़ी बड़ी खबर सामने आई है। राजस्थान की भजनलाल सरकार के कैबिनेट मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। लोकसभा चुनाव में दौसा सीट पर हुई हार के बाद किरोड़ीलाल मीणा ने इस्तीफा देने के कयास शुरू हो गए थे। किरोड़ीलाल मीणा ने खुद इसका खुलासा किया है।

किरोड़ी लाल ने कहा कि सभी सरकारी सुविधाओं से दूरी बना ली है। मैंने पहले ही जनता के बीच एलान कर दिया था। गौरतलब है कि टोंक में सीएम भजनलाल शर्मा की मौजदगी में डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा था कि अगर कोई 5 वर्ष में सुखबीर जौनापुरिया को पराजित करने वाले हरीश मीणा के मोबाइल नंबर और ठिकाना भी कोई बता दे तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। किरोड़ी लाल मीणा ने जौनापुरिया के लिए कहा कि वे सांसद रहे और 10 साल तक आपकी खूब सेवा की, लेकिन आपने पता नहीं किन लोगों के बहकावे में आकर उन्हें हरवा दिया। डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि बहुत जल्द ही मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व मे पीएचईडी मंत्री हर घर तक पीने का पानी पहुंचाने वाले हैं। मंत्री हीरालाल नागर का ऊर्जा विभाग भी अगले डेढ़ वर्ष में इस तरह की व्यवस्था कर देगा कि किसानों को चौबीसों घंटे बिजली मिल सकेगी। किरोडी लाल मीणा 6 बार के विधायक और दूसरी बार मंत्री बने थे। इसके साथ ही 2 बार के सांसद और एक बार के राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। किरोडीलाल मीणा भजनलाल सरकार में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, आपदा प्रबंधन एवं सहायता विभाग और श्रम नियोजन जैसे बड़े विभाग संभाल रहे थे।

### बिहार में 15 दिन के भीतर गिरा 10वां पुल

**पटना।** बिहार में बृहस्पतिवार को पुल गिरने की एक और घटना सामने आई है। राज्य में पिछले एक पखवाड़े में पुल ढहने की यह 10वीं घटना है। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। हालांकि ऐसे में अब यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। जिलाधिकारी अमन समीर ने बताया कि ताजा घटना सारण की है, जहां पिछले 24 घंटे के भीतर दो पुल ढह गए। उन्होंने बताया कि 15 वर्ष पूर्व स्थानीय प्राधिकारियों द्वारा बनाया गया पुल बृहस्पतिवार सुबह गिर गया। घटना में किसी के भी हताहत होने की कोई सूचना नहीं है। गंडकी नदी पर बनयपुर प्रखंड में स्थित यह छोटा पुल सारण के कई गांवों को पड़ोसी जिला सिवान से जोड़ता था। जिलाधिकारी का कहना है कि इस छोटे पुल का निर्माण 15 साल पहले हुआ था। मैं घटनास्थल पर जा रहा हूं। जिला प्रशासन के कुछ अन्य अधिकारी भी वहां पहुंच चुके हैं।

**शिष्टाचार** राज्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की

# तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने की पीएम से मुलाकात



**नयी दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने बृहस्पतिवार को यहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राज्य के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक के दौरान रेड्डी के साथ उपमुख्यमंत्री भट्टी विक्रमार्क मल्लू भी थे। पिछले महीने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद मोदी और रेड्डी के बीच यह पहली मुलाकात थी। सूत्रों ने बताया कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने मोदी के साथ दक्षिणी राज्य की प्रमुख लंबित परियोजनाओं पर चर्चा की। इससे पहले दिन में रेड्डी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की और दोनों नेताओं ने तेलंगाना से जुड़े मामलों पर विचार-विमर्श किया।




### नायडू ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने बृहस्पतिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की और राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर केंद्र सरकार का समर्थन मांगा। सूत्रों ने बताया कि नायडू ने केंद्र सरकार के समक्ष यह प्रस्ताव रखा है कि अगर आंध्र प्रदेश को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जा सकता है तो उसे अधिक सहायता दी जाए। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में तेलुगू देशम पार्टी (तेदेपा) सबसे बड़ी सहयोगी है। राष्ट्रीय राजधानी के दो दिवसीय दौरे पर आए तेदेपा प्रमुख ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और पीयूष गोयल के साथ राज्य से जुड़े मुद्दों पर भी बातचीत की।

# आकांक्षी ब्लॉक में 04 जुलाई से 30 सितंबर तक चलेगा संपूर्णता अभियान

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** विकास की दौड़ में पीछे रह गए जिले के 02 आकांक्षी ब्लॉक धौरहरा और बाकेगंज को बराबरी पर लाने के लिए केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना चल रही है। बांकेगंज ब्लॉक सभागार में गुरुवार को भारत सरकार के नीति आयोग के तहत संपूर्णता अभियान की शुरुआत हुई। सीडीओ अभिषेक कुमार ने नीति आयोग की एडिशनल डायरेक्टर सौम्या गौतम संग दीप जलाकर 04 जुलाई से 30 सितंबर तक चलने वाले संपूर्णता अभियान की शुरुआत की। सीडीओ अभिषेक आनंद ने कहा कि नीति आयोग के आज से शुरू किए गए संपूर्णता अभियान के तहत विभिन्न विभागों के छह इंडिकेटर पर अफसर विशेष रूप से फोकस करते हुए बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं। सभी विभाग के अफसरों-कर्मचारियो को निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबंधित कार्यों को एक मास्टर प्लान बनाते हुए समुचित रूप से ससमय कार्य निष्पादन किया जाए। जिससे कि राज्य एवं केन्द्र स्तर पर दोनो आकांक्षी ब्लॉक का प्रदर्शन बेहतर हो सके। नीति आयोग के मार्गदर्शिका के तहत ऐसे ब्लॉक जिनका प्रदर्शन बेहतर होता है उन्हें केंद्र सरकार के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। सभी संबंधित विभाग एक साथ मिलकर टीम भावना से काम करे। निश्चित ही लक्ष्य को 03 माह से पहले ही पूर्ण कर लेंगे, ऐसा उन्हें विश्वास है।



**आकांक्षी ब्लॉकों में इन चिन्हित 06 संकेतकों में हासिल करना है परिपूर्णता : सौम्या**

नीति आयोग की सौम्या गौतम ने संपूर्णता अभियान की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताइ। निर्देश दिए कि आज जो भी दिशा निर्देश दिए गए उनका पूर्णतया अनुपालन करते हुए सभी इंडिकेटर में बेहतर परफॉर्मेंस दिखाएं।

सम्पूर्णता अभियान के तहत आकांक्षी ब्लॉकों में पहली त्रैमासिक अवधि के दौरान प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए पंजीकृत गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले मधुमेह की जांच कराने वाले व्यक्तियों का प्रतिशत, ब्लॉक में लक्षित जनसंख्या के मुकाबले उच्च रक्तचाप के लिए जांचे गए व्यक्तियों का प्रतिशत, आईसीडीएस कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाली गर्भवती महिलाओं का प्रतिशत, मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के मुकाबले सृजित मृदा स्वास्थ्य कार्डों का प्रतिशत, ब्लॉक में कुल स्वयं सहायता समूहों के मुकाबले रिवाल्विंग फंड प्राप्त करने वाले स्वयं सहायता समूहों का प्रतिशत पर ध्यान केंद्रित करेगा। कार्यक्रम में बीडीओ बांकेगंज ऋषिकांत अहिरवार और बीडीओ धौरहरा सुमित सिंह ने संयुक्त रूप से अभियान के तहत पूर्ण किए जाने वाले छह इंडिकेटर पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए विस्तृत जानकारी दी। डीडीओ दिनकर विद्यार्थी ने भी अपने सारगर्भित विचार व्यक्त किए। बैठक में सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ दिनकर विद्यार्थी, जिला अर्थ एवम संख्या अधिकारी डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा, सीवीओ डॉ सोमदेव सिंह सहित अन्य संबंधित विभाग मौजूद रहे।

**विभागों ने लगाए स्टाल, सीडीओ ने किया अवलोकन**–नीति आयोग के संपूर्णता अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में ब्लॉक बांकेगंज में स्वास्थ्य, दिव्याग, बाल विकास, कृषि विभाग, स्वम सहायता समूह के विभिन्न स्टाल लगाएं गए। जिनका अवलोकन सीडीओ अभिषेक कुमार ने नीति आयोग की एडिशनल डायरेक्टर सौम्या गौतम के साथ किया।

## धूमधाम के साथ मंदिर का वार्षिकोत्सव व सांई पालकी शोभायात्रा महोत्सव मना

**सहारनपुर।** श्री साई सिद्ध पीठ मंदिर का 21वां वार्षिकोत्सव श्री साई बाबा की पालकी शोभायात्रा निकालकर बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया। बेहट रोड स्थित श्री सांई सिद्धपीठ मंदिर में प्रातः बाबा का मंगल स्नान कर बाबा को सुंदर वस्त्रों से सुसज्जित किया गया। उसके पश्चात बाबा की सुंदर पालकी सजाई गई। बाबा की पालकी का पूजन संयुक्त रूप से मुख्य अतिथि महापौर डॉ.अजय सिंह, विनीत कर्णवाल, पार्षद मयंक गर्ग व चौधरी वीर सिंह सिंधु द्वारा किया गया। पंडित आनंद मिश्रा ने नारियल तोड़कर एवं रणसिंघे की मधुर धुन पर बाबा की पालकी की शुरुआत की गयी। ढोल की थाप पर श्रद्धालुओं ने झूमते नाचते गाते हुए बाबा की भव्य पालकी यात्रा मंदिर प्रांगण में निकाली गयी। सभी श्रद्धालुओं द्वारा बाबा की पालकी को कंधा दिया गया। इस दौरान श्री साई स्किल डेवलपमेंट सेंटर में कंप्यूटर एवं सिलाई सीख रहे बच्चों द्वारा किए गए कार्यों की प्रदर्शनी लगाई गई तथा सिलाई कटाई एवं मेहंदी डिजाइन का प्रशिक्षण हासिल करने वाले बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

# अधिकारी सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से ही करें पूर्ण : मनीष बंसल

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कहा की साम्प्रदायिक सौहार्द को बनाये रखते हुये पर्व को रीत-रिवाज के साथ मनायें। यह क्षेत्र हमेशा से आपसी भाईचारा व गंगा जमुनी तहजीब की मिसाल रहा है। सभी धर्म शांति का संदेश देते हैं। अगर कहीं पर कोई समस्या या विवाद है तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं। समय रहते ही समस्या का उचित निस्तारण किया जाएगा। अलम और ताजिया परंपरागत मार्गो पर से ही निकाले जाएं। अलम की ऊंचाई मानक के अनुरूप रहे। जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल आज यहां कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में आगामी मोहर्रम के पर्व पर शांति एवं कानून व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों, विभिन्न समुदायों के संभ्रांत नागरिकों के साथ शांति समिति की बैठक ले रहे थे। जिला मजिस्ट्रेट ने नगर निगम, नगर पालिका, नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को साफसफाई व्यवस्था एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। जुलूस के दौरान किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न न हो, विद्युत विभाग तारों को अलम की ऊँचाई के हिसाब से दुरूस्त कर लें। उन्होने मुख्य चिकित्साधिकारी को जुलूस मार्ग पर एम्बुलेंस की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। उन्होने निर्देश दिए कि कहीं पर भी गड्ढे और जलभराव की स्थिति न हो। संबंधित सभी अधिकारी समिति के सदस्यों से निरंतर सम्पर्क में रहें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान ने कहा कि संबंधित क्षेत्रों के उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी जुलूस मार्गो का भ्रमण कर आवश्यक व्यवस्थाओं के साथ ही समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि अनावश्यक रूप से कोई नई परंपरा ना डालें। मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी, एसपी देहात सागर जैन, नगर मजिस्ट्रेट गजेन्द्र कुमार, सरफराज खान, सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन राजेश जैन, महेन्द्र कुमार तनेजा, जामा मस्जिद प्रबंधक मौलवी फरीद, ब्रित चावला, आमिर खान, बडे इमाम बारगाह के प्रबन्धक डॉ.सैयद अतहर अब्बास जैदी, चौ.मुजफ्फर अली सहित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सोमवार-गुरूवार को बेसिक स्कूलों में होगा रिवीजन डे, पढ़ाये अध्याय का पुर्नआंकलन

**लखीमपुर खीरी अवधनामा संवाददाता।** परिषदीय विद्यालयों में पाठन की गुणवत्ता, स्कूल की साफ-सफाई, शिक्षकों व छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने के उद्देश्य से गुरुवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने अफसरों को जरूरी दिशा निर्देश जारी किए है।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीपीआरओ को निर्देश जारी करते हुए कहा कि जिले में कार्यरत सफाई कर्मियों को निर्देशित करें कि ग्राम पंचायतों संचालित परिषदीय विद्यालयों में अवस्थित शौचालयों का सप्ताह में कम से कम 02 बार (सोमवार एवं गुरूवार) सफाई कराना सुनिश्चित करें। विद्यालय में अवस्थित शौचालयों में हैण्डवाश युनिट व शौचालय में भी पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायें। विद्यालयों में पीने के पानी की शत-प्रतिशत व्यवस्था सुनिश्चित करें। यदि किसी विद्यालय में जल भराव है तो विद्यालय में यथासम्भव छात्रों को सुगमगता से कक्षा-कक्ष तक पहुचने के लिए किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो इस हेतु मिट्टी पटान / इण्टरलाकिगं के माध्यम से मार्ग बनाना सुनिश्चित करें। विद्यालय में यदि जल भराव है तो छात्रों को कीड़े-मकोड़ों से बचाव की समुचित व्यवस्था करायें। मिशन कायाकल्प के अन्तर्गत परिषदीय विद्यालयों में अवशेष पैरामीटर के कार्यो को शत-प्रतिशत पूर्ण करायें डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने निर्देशित किया कि सभी बीईओ अपने अधीनस्थ संचालित परिषदीय (प्राथमिक/उच्च प्राथमिक) विद्यालयों में तैनात शिक्षक-शिक्षिकाओं को निर्देशित करें कि सप्ताह में 02 दिवस (सोमवार एवं गुरुवार) को पिछले कार्य दिवसों में पढ़ाये गये अध्यायों का पुर्नआंकलन (रिवीजन) करायें। यथा सोमवार, मंगलवार व बुधवार को पढाये गये अध्याय का पुर्नआंकलन (रिवीजन) गुरुवार को करायें एवं गुरुवार, शुक्रवार एवं शनिवार पढ़ाये अध्यायों का पुर्नआंकलन सोमवार (रिवीजन) करायें।

## आरटीई के चौथे चरण की प्रक्रिया पूरी 113 बच्चों को स्कूल आवंटित

**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** गरीब परिवार के बच्चों का एडमिशन निजी स्कूलों में कराने के लिए आरटीई के चौथे चरण की प्रक्रिया पूरी हो गई है। चौथे चरण में 113 बच्चों का लाटरी से चयन होने के बाद ऑनलाइन स्कूल आवंटित किए गए। वहीं 12 बच्चे ऐसे हैं जिनका चयन तो हो गया लेकिन जिन स्कूलों के लिए आवेदन किया था उनमें शीटें फुल हो जाने के कारण इनको स्कूल आवंटित नहीं हो सके। इससे इन बच्चों का निजी स्कूलों में एडमिशन नहीं हो सकेगा। बीआरसी से स्कूल आवंटन आदेश लेकर अभिभावक निजी स्कूलों में एडमिशन करा सकेंगे।बीएसए प्रवीण तिवारी ने बताया कि आरटीई के चौथे चरण में जिले में कुल 252 छात्र-छात्राओं के आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हुए। इन आवेदनों की पात्रता का सत्यापन खंड शिक्षा अधिकारियों से कराया गया। बीईओ के सत्यापन में 127 आवेदन अपात्र मिले। इनके आय प्रमाणपत्र नहीं मिले या फिर अन्यशर्तें पूरी नहीं मिलीं। इस पर इनके आवेदन निरस्त कर दिए गए। इसके अलावा 125 आवेदन जांच मेंसही मिले। इन बच्चों के स्कूल आवंटन के लिए ऑनलाइन लाटरी कराई गई। लाटरी के बाद 113 बच्चों को स्कूल आवंटित कर दिए गए। वहीं बारह छात्र-छात्राएं ऐसे रहे जिन्होंने जिस स्कूल के लिए आवेदन किया उस स्कूल में निर्धारित सभी सीटें भर जाने के कारण स्कूल आवंटन नहीं हो सका। जिन बच्चों का स्कूल आवंटन हो गया है उनके आदेश जल्द ही बीआरसी पर भेज दिए जाएंगे। बीआरसी से आदेश लेकर स्कूल जाकर एडमिशन कराएं। अगर कोई स्कूल एडमिशन लेने में आनाकानी करेगा तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी अवधनामा संवाददाता।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 136/24 धारा 363/366/376 भादवि व 5जे/(2)/6 पॉक्सो एक्ट के अभियोग में वांछित अभियुक्त अजय पुत्र जंगली को मुखबिर की सूचना पर अख्तियारपुर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय भेजा जा रहा है।

## एंटी करप्शन की टीम ने विद्युत विभाग के जेई को किया गिरफ्तार, मचा हड़कम्प

**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** बड़गांव थाना क्षेत्रान्तर्गत एंटी करप्शन की टीम ने विद्युत विभाग में तैनात अवर अभियंता सुमित कुमार को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जेई के खिलाफ बड़गांव थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। उन्होंने यह रिश्वत विद्युत कनेक्शन लगवाने के नाम पर मांगी थी। थाना बड़गांव क्षेत्र के गांव जड़ौदा पांडा निवासी निपण उर्फ कमल पुत्र राजबल त्यागी को अपने बोर में विद्युत कनेक्शन लेना था। उसके लिए उसने विद्युत उपकेंद्र जड़ौदा पांडा में तैनात अवर अभियंता सुमित कुमार से संपर्क किया। सुमित कुमार के मुताबिक, उससे अवर अभियंता ने दस हजार रुपये की मांग की। जिसकी शिकायत उसने भ्रष्टाचार निवारण संगठन की सहारनपुर शाखा में की थी। शाखा प्रभारी निरीक्षक यशपाल सिंह ने शिकायत के बारे में मेरठ कार्यालय को अवगत कराया और अवर अभियंता सुमित कुमार को रंगे हाथ पकड़ने की योजना तैयार की गई। सहारनपुर इकाई के प्रभारी यशपाल ठाकुर, निरीक्षक सुभाष चंद, एसआई बिजेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में टीम जेई को पकड़ने के लिए जड़ौदा पांडा बिजली घर के लिए रवाना हुई थी।



## पुलिस ने किया रिक्शा चालक के साथ लूट का खुलासा

**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** थाना फतेहपुर पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को दबोचकर रिक्शा चालक के साथ हुयी लूट का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना फतेहपुर प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि 27 जून को वादी पुत्र जीत सिंह निवासी फरकपुर नवादा थाना फतेहपुर की तहरीर पर अनुज उर्फघोसी पुत्र सुभाष निवासी मुसैल थाना फतेहपुर व उसके तीन अन्य अज्ञात साथियों के खिलाफवादी की जेब से एक हजार रुपये व मोबाइल छीनने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। उन्होंने बताया कि आज उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार सागवान के नेतृत्व में रामकली मैमोरियल स्कूल के पास से एक वांछित आरोपी अनुज उर्फघोसी को गिरफ्तार कर उसक कब्जे से 520 रुपये की नगदी बरामद कर ली। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

# पुल व पुलियों की जांच शुरू

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर-खीरी।** बरसात शुरू हो चुकी है। बरसात में कहीं दशकों पहले बने पुल व पुलिया से कोई हादसा न हो इसके लिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों ने सुरक्षा की दृष्टि से इनकी जांच कर ली है। छह से 60 मीटर की जिले में करीब 50 पुल व पुलिया है। सबसे ज्यादा पुत्र व पुलिया सिंचाई विभाग की नहरों पर बनी हैं। इनकी गुणवत्ता ब मजबूती की जांच के लिए पीडब्ल्यूडी के उच्चाधिकारी भी जिले में आ सकते हैं।पीडब्ल्यूडी के खीरी जिले में तीन डिवीजन हैं। प्रांतीय खंड में करीब 15 पुल्र व पुलिया ऐसे हैं जो करीब 40 से 50 साल से भी ज्यादा के हैं। वहीं निर्माण खंड एक में करीब 10 हैं इसके अलावा निर्माण खंड तीन मैं भी दशकों पुराने पुल्र व पुलिया हैं। बरसात मैं यह पुल व पुत्रिया कहीं हादसे का सबब न बन जाएं इसके लिए सुरक्षा की दृष्टि से इनकी मजबूती आदि की जांच शासन के निर्देश पर पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों ने की है। वहीं बताया जाता है कि सुरक्षा की दृष्टि से इन पुल व पुल्रियों की जांच पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता सहित अन्य उच्चाधिकारी भी करने आ सकते हैं। पीडब्ल्यूडी के अधिकारी बताते हैं कि छह मीटर से लेकर 200 मीटर तक के पुल व पुलिया जो दशकों पुराने हैं उनकी जांच हर साल बरसात से पहले की जाती है। सुरक्षा की दृष्टि से निरीक्षण किया जाता है। इस साल भी इंजीनियरों से निरीक्षण कराया गया है। ज्यादातर पुल व पुलिया छह से 60 मीटर तक हैं जो सिंचाई विभाग की नहरों पर बने हैं।

# मेधावी को सरकार के द्वारा प्रदान किया गया एक लाख का चेक

अवधनामा संवाददाता

**अटौरा रायबरेली।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान सकल नारायण मेमोरियल पब्लिक स्कूल अटौरा मे पढ़ने वाले मेधावी छात्र दीपेंद्र कुमार ने उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा 2024 के हाई स्कूल परीक्षा में प्रदेश में आठवां और जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया था। जिसके लिये प्रदेश सरकार के द्वारा उन्हे आर्थिक सहायता प्रदान की गई।

एक मध्यम वर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाले दीपेंद्र कुमार के पिता जमुना प्रसाद टैक्सी चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करते है। जैसा कि हर मां-बाप का सपना होता है कि उसका बच्चा अच्छे स्कूल में पढ़े और नाम रोशन करे। उनके इस सपने को साकार किया क्षेत्र के प्रतिष्ठित संस्थान सकल नारायण नेढ्ढ दीपेंद्र ने अपनी लगन मेहनत एवं संस्थान के शिक्षकों के सहयोग से बोर्ड प्रीक्षा में प्रदेश में आठवां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र परिवार स्कूल का नाम रोशन किया । जिसके लिये प्रदेश की मौजूदा सरकार द्वारा प्रतिभाशाली छात्रों प्रोत्साहित करने के लिए उ आर्थिक सहायता प्रदान की गयी। जिसमें दीपेंद्र कुमार को 100000 का चेक व प्रशस्ति पत्र प्रदान हुआ। इस मौके पर स्कूल प्रबंधन ने छात्र व माता पिता एवं अन्य शुभचिंतकों का मुंह मीठा कराया।



इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक संजय सिंह प्रधानाचार्य अजीत कुमार कौशलेंद्र सिंह संतोष तिवारी दिलीप त्रिवेदी दिनेश तिवारी नागेश सिंह सुरेंद्र पाल यादव रामकुमार उपेंद्र सिंह निरंजन सोनी आफताब आलम पूजा अन्नपूर्णा अनीता आदि शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।

## ग्राम चौपाल में जन समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारी नामित

**रायबरेली।** मुख्य विकास अधिकारी ने माह जुलाई 2024 के प्रत्येक शुक्रवार को समस्त विकास खंडों की ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाली ''ग्राम चौपाल'' (गाँव की समस्याए गाँव में समाधान) के लिए विकास खण्डवार रोस्टर निर्धारित किया है। निर्धारित रोस्टर के अनुसार परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, जिला विकास अधिकारी, उपायुक्त, श्रम रोजगार द्वारा ग्राम पंचायतों में आयोजित होने वाले ग्राम चौपाल में से किसी एक विकासखंड की ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। निर्धारित रोस्टर के अनुसार 05 जुलाई 2024 को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकासखंड छतोह में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड राही में तथा विकासखंड सरेनी में उपायुक्त, श्रम रोजगार की अध्यक्षता में किसी एक ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर जनसमस्याओं का निस्तारण किया जायेगा। इसी प्रकार 12 जुलाई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 जगतपुर में, जिला विकास अधिकारी लालगंज में, उपायुक्त, श्रम रोजगार डलमऊ में। 19 जुलाई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 सतांव में, जिला विकास अधिकारी दीनशाहगौरा में, उपायुक्त, श्रम रोजगार रोहनियां में। 26 जुलाई को परियोजना निदेशक, जि0ग्रा0वि0अभि0 विकासखंड डीह में, जिला विकास अधिकारी विकासखंड बछरावां में एवं उपायुक्त, श्रम रोजगार विकासखंड अमावां के किसी एक आयोजित ग्राम चौपाल में प्रतिभाग कर समस्याओं का निस्तारण करायेंगे।

# समर्थकों के संग सपा की साइकिल पर सवार पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान

अवधनामा संवाददाता



**सहारनपुर।** बहुजन समाज पार्टी के वरिष्ठ नेता व निवर्तमान सांसद हाजी फजलुर्हमान ने आज अपने समर्थकों के साथ सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष सपा की नीतियों में आस्था जताते हुए सदस्यता ग्रहण कर ली।

गौरतलब है कि सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र के बसपा के टिकट पर सांसद चुने गये हाजी फजलुर्रहमान के स्थान पर बसपा सुप्रीमों सुश्री मायावती ने लगभग दो वर्ष पूर्व फायर ब्राण्ड नेता इमरान मसूद को सहारनपुर लोकसभा का संयोजक नियुक्त किया गया था। बाद में फेर बदल करते हुए माजिद अली को बसपा का सहारनपुर लोकसभा प्रभारी नियुक्त कर दिया गया था, जिसके चलते तत्कालीन बसपा सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने सपा नेताओं के साथ अपने रिश्ते मजबूत करने शुरू कर दिये थे। हालांकि हाजी फजलुर्रहमान के समाजवादी पार्टी में शामिल होने की अटकले लगायी जा रही थी, परन्तु समाजवादी पार्टी का कांग्रेस से गठबंधन होने के बाद पूर्व विधायक इमरार मसूद को सहारनपुर लोकसभा क्षेत्र का गठबंधन प्रत्याशी बनाये जाने के चलते हाजी फजलुर्रहमान ने अपने कदम रोक लिये थे। आज पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान ने लखनऊ जाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के समक्ष सपा की नीतियों में आस्था जाते हुए सपा की सदस्यता ग्रहण कर ली। सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव ने भी पूर्व सांसद हाजी फजलुर्रहमान का पार्टी में शामिल होने पर स्वागत करते हुए उन्हें पूरा मान सम्मान दिलाने का भरोसा भी दिया।

इस दौरान मुरादाबाद की सांसद रूचि वीरा व सहारनपुर देहात के सपा विधायक आशु मलिक भी मौजूद रहे।

# फरार अभियुक्त के घर के सामान की मण्डी पुलिस ने की कुर्की



**सहारनपुर अवधनामा संवाददाता।** मण्डी कोतवाली पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर पेशी से फरार हुए बदमाश वसीम उर्फजोन माडल के घर की कुर्की कर ली। इस दौरान पुलिस ने वसीम के घर में रखे गए सामान को पिकअप में भरकर कोतवाली में जमा करा दिया। गौरतलब है कि मण्डी कोतवाली पुलिस ने बेहट रोड पर हत्या के मामले में नामजद आरोपी वसीम उर्फजोन माडल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। दीवानी न्यायालय में विगत् 3 जून को वसीम उर्फजोन माडल को पेशी के लिए लाया गया था, जहां वह पुलिस अभिरक्षा से फरार हो गया था। पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने बताया कि पुलिस अभिरक्षा से फरार होने के संबंध में अभियुक्त वसीम उर्फजोन माडल के खिलाफकोतवाली सदर बाजार में भी मुकदमा पंजीकृत किया गया था। इस मामले में कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने वसीम उर्फ जोन माडल को फरार होने में सहयोग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। उन्होंने बताया कि हत्या के मामले में विद्वान न्यायाधीश द्वारा मण्डी कोतवाली को धारा 83 के अंतर्गत आदेश भेजा गया था, जिसके अनुपालन में मण्डी कोतवली पुलिस ने थाना जनकपुरी क्षेत्र में स्थित अभियुक्त वसीम उर्फजोन माडल के घर जाकर उसके सामान की कुर्की कर ली। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द ही अभियुक्त वसीम उर्फजोन माडल को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

## उज्जवल हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी को एसएसपी से लगायी गुहार

**सहारनपुर।** नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला जोड़ कुंआ में चार माह पूर्व हुयी उज्जवल शर्मा की हत्या के मामले में पीड़ित परिवार व सर्वसमाज के लोगों ने आज वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान से मुलाकात कर आरोपियों की गिरफ्तारी न किए जाने पर रोष व्यक्त किया तथा एसएसपी से अविलम्ब नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी कराये जाने की मांग की। नगर कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत राधा विहार कॉलोनी निवासी महाराज सिंह कॉलेज छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन शर्मा ने सर्वसमाज के लोगों के साथ पुलिस लाइन पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रोहित सिंह सजवान से मुलाकात की। इस दौरान अर्जुन शर्मा ने एसएसपी को बताया कि विगत् 29 फरवरी को उसके भतीजे उज्जवल शर्मा की हत्या मोनिका गर्ग व अन्य व्यक्तियों द्वारा कर दी गयी थी तथा उज्जवल शर्मा का शव मोनिका के घर से ही बरामद हुआ था, जिसके संबंध में उसके भाई द्वारा नगर कोतवाली में मोनिका गर्ग व अन्य लोगों को नामजद करते हुए मुकदमा पंजीकृत कराया था। उन्होंने बताया कि मुकदमा दर्ज होने के चार माह बीतने के बावजूद भी अभी तक नामजद आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। उन्होंने एसएसपी से नामजद आरोपियो को अविलम्ब गिरफ्तार किए जाने की मांग की। इस दौरान डॉ.अजय कुमार शर्मा, महेश पंडित, अनिल शर्मा, अतुल पराशर, अंकित गुर्जर, राजीव शर्मा, शेखर राणा, विक्रम राणा एडवोकेट, पंकज चौहान, सतीश कुमार शर्मा, राहुल शर्मा, अनिल त्यागी, अरूण बख्शी, गौरव तिवारी, सूर्यकांत आदि मौजूद रहे।

# जर्जर हो चुके पोल, भवनों व छज्जों को चिह्नित कर कार्रवाई करें: नगरायुक्त

अवधनामा संवाददाता



**मानसून के दृष्टिगत निर्माण, पथप्रकाश व जलकल विभाग के अधिकारियों के साथ की बैठक**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने मानसून के दृष्टिगत निगम के सभी एई व जेई को निर्देश दिए हैं कि जर्जर हो चुके पोल, सरकारी या गैर सरकारी भवनों, उनके छज्जों आदि को तुरंत चिह्नित करें। निष्प्रयोज्य भवनों को अधिनियम प्रारुप के अनुसार नोटिस देकर खाली कराना उनका दायित्व है।

उन्होंने कहा कि सभी जेई जागरुक होकर एक सप्ताह पूरी तरह भ्रमणशील रहकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि निगम का पूरा तंत्र जमीन पर काम करता दिखाई देना चाहिए। हवा-हवाई से काम नहीं चलेगा। सभी एई, जेई को फील्ड में सक्रिय रहकर काम करना होगा। नगरायुक्त आज निगम के निर्माण, पथप्रकाश व जलकल विभाग के अधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने निर्माण विभाग के सभी अवर अभियताओं को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में यह भी देखें कि कोई मेन होल खुला तो नहीं है, किसी मेन होल, किसी नाली या किसी सीवर में कंस्ट्रक्शन का कोई मलवा तो नहीं भरा है और उससे पानी का प्रवाह बाधित तो नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि सभी जेई अगले 48 घंटे में अपने क्षेत्र में भ्रमण कर इसका प्रमाण पत्र अधिशासी अभियंता के माध्यम से मुख्य अभियंता निर्माण को दें। यदि कही कोई पुलिया टूटी है तो उसे ठीक कराएं। नगरायुक्त ने कहा कि यदि कहीं कंस्ट्रक्शन का मलवा पड़ा है तो सम्बंधित कार्यदायी एजेंसी के अधिकारियों, सुपरवाइजर व ठेकेदार से सम्पर्क कर उसे उठवाएं और यदि नहीं उठाया जाता तो उसे जब्त कर नगर निगम लाएं। जुर्माने के बाद ही यह सामग्री रिलीज की जानी चाहिए। उन्होंने अधिशासी अभियंता अमरेंद्र गौतम से कहा कि आईसीसीसी से सम्बंधित कार्यदायी एजेंसियों पर भी यह निर्देश लागू होंगे। उन्होंने कहा कि कंस्ट्रक्शन मैटिरियल के कारण अनेक स्थानों पर पानी अवरुद्ध रहता है और शहर के लोगों को उससे परेशानी उठानी पड़ती है। नगरायुक्त ने पूर्व बैठक में दिए गए आदेशों के अनुपालन में क्या कार्रवाई हुई इसकी जानकारी ली। नगरायुक्त ने इस बात पर नाराजगी जतायी कि 15 वें वित्त में अनेक कार्यो के टेंडर स्वीकृत होने पर भी वर्क आर्डर जारी नहीं हुए है। उन्होंने 24 घंटे के भीतर स्वीकृत सभी टेंडर के वर्क ऑर्डर जारी करने के निर्देश दिए। ताकि पब्लिक को बताया जा सके कि उनकी प्रार्थना पत्रों को गंभीरता से लेते हुए काम किया जा रहा है। 15वें वित्त में जो कार्य अभी शुरु नहीं हुए है उसके लिए सम्बंधित अधिशासी अभियंता व सहायक अभियंता का जवाब तलब तथा अवर अभियंता के स्तर पर कार्रवाई के निर्देश भी नगरायुक्त ने दिए। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्र में कौन से बड़े कार्य रह गए है तथा पंद्रहवें वित्त में जो कार्य रह गए हैं, उनकी जेईवार सूची बनाकर मुख्य अभियंता निर्माण को दें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कुटेशन पर कार्य करने की प्रवृत्ति समाप्त करनी होगी। नगरायुक्त ने कार्यो की गुणवत्ता पर जोर देते हुए कहा कि गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। उन्होंने क्षतिग्रस्त रोड डिवाइडर, स्टैण्ड पोस्ट तथा पार्को के किनारे टूटी ग्रिल आदि को प्रस्ताव बनाकर तुरंत ठीक कराने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत एमआरएफसेंटरों व शौचालयों के निर्माण के सम्बंध में भी जानकारी ली। नगरायुक्त संजय चौहान ने शहर में सीवर प्रबंधन का कार्य देख रही कंपनी ववाग के सीवर नेटवर्क एवं प्लांट इंचार्ज सगोतादास व जलकल विभाग के सभी अधिकारियों से मैप के माध्यम से सीवर नेटवर्क की जानकारी ली। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि शहर की सीवर लाइन कितनी पुरानी है। उन्होंने ववाग को जलकल विभाग के साथ समन्वय बनाते हुए सीवर सफाई का अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवर सम्बंधी जो शिकायतें आई हैं उन्हें ध्यान में रखकर काम करें और ववाग की सारी मशीनरी को क्रियाशील करें। उन्होंने कहा कि सीवर की कोई भी सूचना आने पर उसके समाधान के लिए तुरंत कार्रवाई करें, जलकल विभाग के दोनों एई इसके लिए जिम्मेदार रहेंगे और जलकल विभाग के अधिशासी अभियंता इसकी मॉनेटरिंग करेंगे। उन्होंने पब्लिक फ्रेंडली एप्रोच के साथ काम करने का सुझाव दिया।

# जनपद में बिजली मीटर रीडिंग में जमकर हो रहा है खेला

## मीटर रीडिंग कर्मचारी कर रहे हैं मीटर में गड़बड़झाला लोग परेशान

अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** अम्बेडकरनगर के किछौछा में मीटर की रीडर खेल यूनिट से अधिक बिल मशीन में अपलोड कर कई गुना बिल निकाला जा रहा है। इसका खुलासा तब हुआ, जब कई उपभोक्ताओं ने आनलाइन बिजली का बिल चेक किया। आनलाइन... बिजली की मीटर रीडिंग में जमकर खेल हो रहा है। मीटर की रीडिंग से अधिक यूनिट मशीन मे अपलोड कर कई गुना बिल निकाला जा रहा है आनलाइन जहां उनका बिल शून्य (निल) दिखा रहा है वहीं मीटर रीडिंग करने वाले कर्मचारी हजारों का बिल थमा रहे हैं। इस मामले की शिकायत कई लोगों ने विभाग के अधिकारियों से की है।

दरअसल यह गड़बड़ी मीटर रीडिंग के दौरान हो रही है। एजेंसी के कर्मचारी मीटर रीडिंग करने जाते हैं और वहीं यूनिट बढ़ा देते हैं। मीटर में जो रीडिंग होती है, उससे अधिक यूनिट मशीन में अपलोड कर देते हैं। इससे करीब 100से 200 यूनिट का अंतर आ जाता है और फिर बिल में कई हजार रुपये बढ़ जाते हैं। आमतौर पर लोग रीडिंग की रसीद लेकर बिल जमा कर देते हैं। जब अधिक बिल आता है, तभी उनका ध्यान इस तरफ जाता है। फिर बिल सही कराने जाते हैं तो दलाल पीछे लग जाते हैं और बिल संशोधन कराने के नाम पर उनसे रुपये ऐंठ लेते हैं। अधिकांश गांवों के उपभोक्ताओं के यहां तो विभाग आज तक मीटर ही नहीं उपलब्ध नहीं करा सका है, तो कई उपभोक्ताओं के यहां मीटर नहीं होने के बावजूद कागजों में मीटर भी चल रहा है और रीडिंग भी हो रही है। शहर और देहात क्षेत्र में रीडिंग कम दर्शाकर विभाग को चपत लगाने के मामले पहले भी सामने आ चुके हैं।

हर बार ही कार्रवाई के नाम पर संबंधित मीटर रीडर को हटाकर खानपूर्ति कर दी जाती है। विधुत विभाग के अधिकारी जहां वसूली बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं और लोगों के बीच पहुंचकर उनको समय से बिल भुगतान के लिए प्रेरित करने के साथ ही इसके लाभ गिना रहे हैं। वहीं बिल की मीटर रीडिंग करने वालों की मनमानी के कारण किछौछा नगरवासी विद्युत उपभोक्ता परेशान होने के साथ त्रस्त भी हैं। अब देखना यह होगा कि विद्युत विभाग इस पर क्या कार्रवाई करता है इतने साल से जमे मीटर रीडिंग कर्मचारियों का क्यों नहीं हो रहा है तबादला ऐसे ही मीटर रीडिंग वाले कर्मचारियों खुला छोड़ दिया मीटर में गड़बड़ झाला करने के लिए ये तो आने वाला समय बताएगा।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

अवधनामा संवाददाता

**महमूदाबाद (सीतापुर)।** सदरपुर थाना क्षेत्र के धरमपुर निवासी ओमप्रकाश उम्र 32 वर्ष पुत्र गुरुदीन का शव बृहस्पतिवार की सुबह घर के बाहर छप्पर के नीचे पड़े तख़्त पर पड़ा हुआ मिला। सुबह जब परिजन सोकर उठे तो उनको शव पड़े होने की जानकारी हुई। मृतक के भाई दिनेश कुमार पुत्र गुरूदीन ने थाना सदरपुर में तहरीर देते हुए हत्या की आशंका जताते हुए आरोप लगाया है कि बुधवार की देर शाम उसके भाई मृतक ओमप्रकाश को उपरोक्त निवासी देशराज पुत्र गया प्रसाद,अवधेश पुत्र भगौती,पुजारी पुत्र श्रीकेशन, व दो अज्ञात व्यक्ति बुला कर ग्राम फरेंदहा पुरवा थाना थानगांव निवासी सम्बारी पुत्र अज्ञात के घर विवाह समारोह में लेकर गए थे। और बताया कि उक्त देर रात्रि ही उक्त लोगों ने मेरे भाई को मार कर के घर के बाहर छप्पर के नीचे पड़े तख़्त पर लिटा कर चले गए,मृतक के सर में गहरे चोट के निशान होने से परिजनों ने हत्या किए जाने की बात कही है।

# कांग्रेस ने राज्यपाल को भेजा ज्ञापन, हिंसक गतिविधियों पर विरोम लगाने की मांग

- हिन्दू संगठनों द्वारा राहुल गांधी का पुतला फूंकने पर भड़के कांग्रेसी, ज्ञापन देकर जताया विरोध
- हिंसा का जवाब हिंसा नहीं दे सकते, हिंसक गतिविधियों पर रोक लगायें राज्यपाल



अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** भाजपा और आनुषंगिक हिन्दू संगठनों द्वारा नेता प्रतिपक्ष और रायबरेली के सांसद राहुल गांधी का पुतला फूंके जाने से नाराज कांग्रेसियों ने आज जिला प्रशासन के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर विरोध दर्ज कराया। जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शास्त्री चौक पर इकट्ठा हुये, यहां से पैदल मार्च करते हुये कलेक्ट्रेट पहुचकर ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष ने कहा विगत दिनों संसद में हमारे नेता राहुल गांधी द्वारा भाजपा के नकली हिन्दुत्व का पर्दाफाश करते हुये भ्रष्टाचार तथा नीटयूजी - 2024 की परीक्षाओं में अनियमितताओं और पेपर लीक का मामला उठाकर भाजपा को बेनकाब किये जाने से तिलमिलाये भाजपा कार्यकर्ता हिसा पर उतारू हो गये। उन्होने वाराणसी में कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के पुश्तैनी घर के सामने पुलिस की मौजूदगी और संरक्षण में राहुल गांधी की फोटो जलाने की कोशिश की। बस्ती शहर में भी विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा हमारे नेता राहुल गांधी का पुतला फूंका गया। चूंकि हम कांग्रेसजन हिंसक गतिविधियों में विश्वास नही करते, इसलिये हिंसा का जवाब हिंसा से नही दे रहे हैं। लेकिन यह पूरी तरह अलोकतांत्रिक और हिंसक है। हम कांग्रेसजन इसकी घोर निंदा करते हैं और मांग करते हैं कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो। यदि ऐसा हुआ तो कांग्रेस के लोग चुप नही बैठेंगे। उन्होने यह भी कहा कि कांग्रेस के लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुतला फूंका होता तो अब तक यही जिला प्रशासन मुकदमा दर्ज करवा देता। वहीं जब हिन्दू संगठन राहुल गांधी का पुतला फूंक रहे हैं तो पुलिस हाथ बांधे खड़ी है। इस पर तत्काल रोक लगनी चाहिये। जिलाध्यक्ष ने हाथरस हादसे पर गीरा दुख जताया और कानून बनाकर इसकी पुनरावृत्ति रोकने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से प्रवक्ता मो. रफीक खां, जिपंस. अनिल कुमार भारती, गिरजेश पाल, जयंत चौधरी, शौकत अली नन्हू, विश्वनाथ चौधरी, हरिशचन्द शुक्ला, डीएन शास्त्री, दिलरप श्रीवास्तव, बाबूराम सिंह, शकुन्तला देवी, गंगा प्रसाद मिश्रा, सुनील पाण्डेय, अलीम अख्तर, अशोक श्रीवास्तव, मारूफ, सलाउद्दीन, सर्वेश शुक्ला, निशान्त श्रीवास्तव, जितेन्द्र चौधरी एडवोकेट, अशफाक आलम केरैशी, डा. वाहिद सिद्धीकी, लक्ष्मी यादव, रामधीरज चौधरी, फिरोज खान, बबलू, आनंद कुमार निषाद, नित्यानंद पाठक, राजेश चौधरी आदि उपस्थित रहे।

## ग्राम प्रधान के कारनामों की खुली पोल

**अमृतपुर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड राजेपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायत हुसैनपुर हड़ाई के गांव नयागांव में बारिश होते ही प्रधान के कारनामों की पोल खुल गई। नालियों की सफाई न होने के कारण कीचड़ व गन्दा पानी सड़क पर आ गया। इसके चलते ग्रामवासी कीचड़ से भरे गन्दे पानी में होकर निकलने को मजबूर है। कुछ ग्रामीणों ने नाम न लिखे जाने की शर्त पर बताया है कि तालाब पर कुछ लोगों का अवैध कब्जा है जिसके कारण तालाब भी पूरा भरा हुआ है और गांव का पानी नालियों में बह रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान को नालियों की सफाई को लेकर अवगत कराया। लेकिन ग्राम प्रधान ने इस समस्या के समाधान के लिए कोई कदम नहीं उठाया। इसका खामियाजा आज ग्रामीण भुगत रहे हैं। सफाई कर्मचारी केवल सरकार का पैसा हड़पने में लगे हुए हैं। उनके द्वारा नालियों की सफाई नहीं की जा रही है। जिससे कई बीमारियां फैल रही हैं। ग्रामीण बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। धीरेन्द्र राजाराम राजबहादुर के मकान के सामने गंदा पानी भरा हुआ है। उनके बच्चे और औरतें घर से बाहर निकालने के लिए तरस रहे हैं। मौसम बदलने के साथ ही मक्खी और मच्छरों का प्रकोप भी लगातार बढ़ रहा है।

# कावड़ यात्रा को लेकर डीएम ने की समीक्षा, दिए अधिकारियों को दिशा-निर्देश

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी डॉ0 वी0 के0 सिंह की अध्यक्षता में कावंड़ यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रट सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि कावंड़ यात्रा पर पांचाल घाट पर दोनों तरफ व जमापुर मोड़ पर मेडिकल कैम्प व एम्बुलेन्स लगाई जाए, घाटो पर 20 जुलाई से 20 अगस्त तक नियमित रूप से प्रकाश की समुचित व्यवस्था ग्राम पंचायत व डी0पी0आर0ओ0 द्वारा की जाएगी, पी0ए0 सिस्टम गंगा के दोनों तरफ लगाया जाये,सभी घाटो पर वैरिकेटिंग की समुचित व्यवस्था हो , निर्धारित घाटो के अलावा अन्य स्थानों पर स्नान न हो, साफ सफाई की व्यवस्था गंगा के इसपार नगर पालिका व उसपार ग्राम पंचायत द्वारा होगी, नगर पालिका गंगा के दोनों तरफ 02-02 मोबाइल टॉयलेट लगायेगी, पीने के पानी के लिये टैंकर लगाए जाए,सभी घाटो पर गोताखोरों की तैनाती, नाव व नाविकों की तैनाती कर सूची मय नाम व मोबाइल नंबर के सार्वजनिक करें, विधुत विभाग को निर्देशित किया कि यह सुनिश्चित करे कि यात्रा मार्ग व मंदिरों के आस पास उनका कोई भी तार झुका हुआ न हो न ही किसी भी पोल व ट्रान्सफार्मर में करंट आ रहा हो सहायक निदेशक विधुत सुरक्षा इसको चेक कर ले,विधुत की आपूर्ति निर्वाध हो ट्राली ट्रांसफार्मर तैयार रखे। जिलाधिकारी निर्देशित किया गया कि नगर मजिस्ट्रेट, उपजिलाधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी सदर व संबंधित थानाध्यक्ष संयुक्त रूप से निरीक्षण कर पांचाल घाट व चाचूपुर मोड़ पर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करे। श्रंगीरामपुर व ढाई घाट पर विधुत व्यवस्था, वैरिकेटिंग व पी0ए0सिस्टम की व्यवस्था जिलापंचायत द्वारा की जाएगी, उक्त जगहों पर गंगा घाट के रास्ते को ग्राम पंचायत व जिला पंचायत सही कराएगी, एम्बुलेन्स व मेडिकल कैम्प मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा लगाये जायेंगे ,पेयजल की व्यवस्था ग्राम पंचायत करेगी।

## बृजेश चौधरी के निधन पर हुई शोकसभा



**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** सरदार पटेल स्मारक संस्थान के आजीवन सदस्य एवं एपीएनपीजी कालेज के पूर्व अध्यक्ष बृजेश चौधरी के निधन पर एक शोकसभा आयोजित की गई। सरदार पटेल स्मारक संस्थान मे मौजूद संस्थान के पदाधिकारियों, सदस्यों व छात्रों ने बृजेश चौधरी को याद करते हुये उन्हे भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके निधन को अपूर्णनीय क्षति बताया। संस्थान के महामंत्री डा. सुरेन्द्र प्रसाद चौधरी ने कहा बृजेश चौधरी का योगदान संस्थान के प्रति अनुकरणीय रहेगा। वे हमेशा संस्थान की प्रगति के बारे में सोचते थे। शोकसभा में श्रद्धांजलि देने वालों में प्रमुख रूप से डा. आरपी वर्मा, अमित चौधरी, राघवेन्द्र प्रताप सिंह, प्रेमचंद चौधरी पोरस, रामजी चौधरी, राकेश चौधरी, इंजी. विक्रम चौधरी, इंजी. श्यामलाल चौधरी, कमलेश चौधरी, रामकृपाल चौधरी, गौरव चौधरी, अरविन्द चौधरी, आयुष चौधरी, सचिन चौधरी, लकी, अजय अमर चौधरी, हरिशंकर चौधरी आदि मौजूद रहे।

## जिला बदर अभियुक्त गिरफ्तार, भेजा जेल

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत बिगही



निवासी कपिल मुनि यादव पुत्र स्व लाल जी यादव को जिलाधिकारी के आदेश पर जिला बदर के क्रम में 4 मई 2024 को जनपद महराजगंज के थाना कोतवाली सदर में 6 माह तक के लिए आमद कराया गया था, लेकिन वह घर पर आराम फरमा रहा था, गुरुवार को पौने बारह बजे के आसपास मुखबिर खास से सूचना मिली कि जिला बदर अपराधी कपिल मुनि यादव आदेश का उलंघन करते हुए इस समय अपने घर पर मौजूद है, थानाध्यक्ष विशाल सिंह मय फोर्स के साथ पहुंचकर घर से गिरफ्तार अभियुक्त को 3/10 उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम पंजिकृत कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

## समाजवादी कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला




**महमूदाबाद (सीतापुर) अवधनामा संवाददाता।** हाथरस में हुई घटना पर स्थानीय समाजवादी कार्यकर्ताओं ने कैंडल मार्च निकाला। कैंडल मार्च कर श्रद्धांजलि दी। कैंडल मार्च महमूदाबाद नगर बस स्टॉप से होकर नगर के रामकुंड चौराहे तक कैंडल मार्च निकाला गया। समाजवादी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने महमूदाबाद नगर क्षेत्र में कैंडल मार्च निकाल कर ईश्वर से मृतकों की आत्मा को शांति प्रदान करने के लिए ईश्वर से कामना की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आमिर अराफात, नगर अध्यक्ष इश्तियाक शाद, लोहियावाहिनी के मेराज अहमद आदि उपस्थित रहे।

## त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** कुठौंद थाना परिसर में जुलाई माह में पड़ने वाले मोहर्रम तथा गुरु पूर्णिमा के त्योहारों को लेकर पीस कमेटी की बैठक थानध्यक्ष कृष्ण पाल सरोज के नेतृत्व में आयोजित की गई। त्योहार पर सुरक्षा व्यवस्था रखने हेतु बैठक में आए जनप्रतिनिधियों के साथ प्रधान कुठौंद नरेंद्र महांत,रोमई मुस्तकिल प्रधान विनोद कुमार राठौर आदि प्रधान मौजूद रहे।मंदिर के पुजारी एवं मुस्लिम धर्म के धर्मगुरु तथा क्षेत्रीय पत्रकार एवं थाना क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली पुलिस चौकी प्रभारी व थाना पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

## नि:शुल्क मिनी किट किए गये वितरित

**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राजकीय कृषि बीज भंडार पर जुलाई माह



के प्रारंभ से खरीफ फसल की बुवाई हेतु दलहनी फसलों एवं तिलहनी फसलों के बीज की मिनी किट का नि:शुल्क वितरण भारतीय किसान यूनियन के जिला उपाध्यक्ष श्रीकांत चतुर्वेदी (मुखिया) की अध्यक्षता में किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार कृषि विभाग के सहयोग से किसानों की आय दोगुनी करने हेतु नवीनतम अनुसंधान तकनीकी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किसानों को फसलों की उन्नतशील प्रजातियों के बीजों को प्रदर्शन हेतु नि-शुल्क मिनी किट 0.4 हेक्टेयर के लिए दिये जा रहे हैं। इस बीज की बुवाई करके किसान अच्छी पैदावार अपने खेतों से ले सकते हैं। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों की सहायता की जा रही है। इस मौके पर सहायक कृषि विकास अधिकारी कमलेश बाबू तिवारी, टी ए सी अमन दीक्षित, कृषि बीज भंडार प्रभारी अनुरुद्ध सिंह पाल, बी टी एम अभयभान चतुर्वेदी, ए टी ए अरुण कुमार गौतम, एटीएम आदर्श कुमार द्विवेदी की मौजूदगी में किसानों को मिनी किट का वितरण किया गया।


## प्री नॉन-इंटरलॉकिंग एवं नॉन-इंटरलॉकिंग के चलते रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण / मार्ग परिवर्तन / आंशिक निरस्तीकरण / पुनर्निधारण एवं रोककर चलाना

आधारभूत अवसंरचना को और बेहतर बनाने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे द्वारा मुरादाबाद डिवीजन के शाहजहाँपुर जं. – लखनऊ एवं रोज़ा – सीतापुर सिटी डबल लाइन सैक्शन एवं रोज़ा स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग का कार्य किया जाएगा। इस कार्य के कार्यान्वयन हेतु दिनांक 07.07.2024 से 05.08.2024 तक उपयुक्त ट्रैफिक ब्लॉक्स लिये जायेंगे। परिणामस्वरूप, निम्नलिखित रेलगाड़ियाँ उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों को निम्नानुसार प्रभावित रहेंगी:–

### रेलगाड़ियों का निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | निरस्तीकरण की तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|
| 14617 बनमनखी जं. – अमृतसर जं. जनसेवा एक्सप्रेस | 27.07.2024 से 07.08.2024 |
| 14618 अमृतसर जं. – बनमनखी जं. जनसेवा एक्सप्रेस | 25.07.2024 से 05.08.2024 |
| 12492 जम्मू तवी – बरौनी जं. मौर ध्वज एक्सप्रेस | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 12491 बरौनी जं. – जम्मू तवी मौर ध्वज एक्सप्रेस | 28.07.2024 एवं 04.08.2024 |
| 15211 दरभंगा जं. – अमृतसर जं. जननायक एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15212 अमृतसर जं. – दरभंगा जं. जननायक एक्सप्रेस | 25.07.2024 से 06.08.2024 |
| 22423 गोरखपुर जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 22.07. 29.07 से 05.08.2024 |
| 22424 अमृतसर जं. – गोरखपुर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 21.07, 28.07 से 04.08.2024 |
| 14603 सहरसा जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 14604 अमृतसर जं. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 22551 दरभंगा जं. – जलंधर सिटी अंतोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 27.07.2024 एवं 03.08.2024 |
| 22552 जलंधर सिटी – दरभंगा जं. अंतोदय सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 28.07.2024 एवं 04.08.2024 |
| 22453 लखनऊ जं. – मेरठ सिटी जं. राज्यराणी एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 05.08.2024 |
| 22454 मेरठ सिटी जं. – लखनऊ जं. – राज्यराणी एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 06.08.2024 |
| 14235 वाराणसी जं. – बरेली एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14236 बरेली – वाराणसी जं. एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 14307/14308 प्रयागराज संगम – बरेली – प्रयागराज संगम एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 15043 लखनऊ जं. – काठगोदाम एक्सप्रेस | 21.07, 22.07, 24.07, 25.07, 26.07, 28.07, 29.07, 31.07 एवं 01.08, 02.08, 04.08.2024 |
| 15044 काठगोदाम – लखनऊ जं. एक्सप्रेस | 22.07, 23.07, 25.07, 26.07, 27.07, 29.07, 30.07 एवं 01.08, 02.08, 03.08, 05.08.2024 |
| 15904 चंडीगढ़ – डिब्रुगढ़ एक्सप्रेस | 31.07.2024 एवं 04.08.2024 |
| 15903 डिब्रुगढ़ – चंडीगढ़ एक्सप्रेस | 29.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 15119 बनारस – देहरादून एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15120 देहरादून – बनारस एक्सप्रेस | 24.07.2024 से 05.08.2024 |
| 14241 प्रयागराज संगम – सहारनपुर नौचन्डी एक्सप्रेस | 22.07.2024 से 04.08.2024 |
| 14242 सहारनपुर – प्रयागराज संगम नौचन्डी एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 05.08.2024 |
| 13257 दानापुर – आनन्द विहार टर्मिनल जनसाधारण एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 04.08.2024 |
| 13258 आनन्द विहार टर्मिनल – दानापुर जनसाधारण एक्सप्रेस | 02.08.2024 से 05.08.2024 |
| 15011 लखनऊ जं. – चंडीगढ़ एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15012 चंडीगढ़ – लखनऊ जं. एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 15073 सिंगरौली – टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस | 01.08, 03.08 एवं 06.08.2024 |
| 15075 शक्तिनगर – टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस | 31.07, 02.08, 04.08 एवं 05.08.2024 |
| 15076 टनकपुर – शक्तिनगर त्रिवेणी एक्सप्रेस | 30.07, 01.08, 03.08 एवं 04.08.2024 |
| 15074 टनकपुर – सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस | 31.07, 02.08 एवं 05.08.2024 |
| 15127 बनारस – नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | 31.07.2024 से 04.08.2024 |
| 15128 नई दिल्ली – बनारस काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 05.08.2024 |
| 12203 सहरसा जं. – अमृतसर जं. गरीब रथ एक्सप्रेस | 04.08.2024 एवं 05.08.2024 |
| 12204 अमृतसर जं. – सहरसा जं. गरीब रथ एक्सप्रेस | 03.08.2024 एवं 04.08.2024 |
| 15910 लालगढ़ जं. – डिब्रुगढ़ अवध असम एक्सप्रेस | 01.08.2024 से 04.08.2024 |
| 15909 डिब्रुगढ़ – लालगढ़ जं. अवध असम एक्सप्रेस | 29.07.2024 से 01.08.2024 |
| 15654 जम्मू तवी – गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस | 02.08.2024 |
| 15653 गुवाहाटी – जम्मू तवी अमरनाथ एक्सप्रेस | 31.07.2024 |
| 12588 जम्मू तवी – गोरखपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 03.08.2024 |
| 12587 गोरखपुर – जम्मू तवी सुपरफास्ट एक्सप्रेस | 04.08.2024 |
| 15623 भगत की कोठी – कामाख्या एक्सप्रेस | 30.07.2024 एवं 06.08.2024 |
| 15624 कामाख्या – भगत की कोठी एक्सप्रेस | 26.07.2024 एवं 02.08.2024 |
| 15531 सहरसा जं. – अमृतसर जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 21.07, 28.07 एवं 04.08.2024 |
| 15532 अमृतसर जं. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | 22.07, 29.07 एवं 05.08.2024 |
| 12407 न्यू जलपाईगूड़ी – अमृतसर जं. कर्मभूमि एक्सप्रेस | 24.07, 31.07 एवं 07.08.2024 |
| 12408 अमृतसर जं. – न्यू जलपाईगूड़ी कर्मभूमि एक्सप्रेस | 19.07, 26.07 एवं 02.08.2024 |
| 15655 कामाख्या – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा एक्सप्रेस | 21.07.2024 एवं 28.07.2024 |
| 15656 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – कामाख्या एक्सप्रेस | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 04379 रोज़ा जं. – बरेली मेल एक्सप्रेस | 23.07.2024 से 06.08.2024 |
| 04380 बरेली – रोज़ा जं. मेल एक्सप्रेस | 22.07.2024 से 05.08.2024 |
| 05459/05460 सीतापुर जं. – शाहजहाँपुर – सीतापुर जं. अनारक्षित स्पेशल | 22.07.2024 से 05.08.2024 |
| 04305 बालामऊ जं. – शाहजहाँपुर एमईएक्स स्पेशल | 21.07.2024 से 05.08.2024 |
| 04306 शाहजहाँपुर – बालामऊ जं. एमईएक्स स्पेशल | 23.07.2024 से 07.08.2024 |
| 04337/04338 सीतापुर सिटी – शाहजहाँपुर – सीतापुर सिटी एक्सप्रेस स्पेशल | 22.07.2024 से 06.08.2024 |

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन सं. 139 पर संपर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

### रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

| रेलगाड़ी संख्या एवं रेलगाड़ी का नाम | परिवर्तित मार्ग (वाया) | मार्ग परिवर्तन तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | गाजियाबाद जं. – कानपुर सेन्ट्रल – लखनऊ | 05.08.2024 |
| 15529 सहरसा जं. – आनन्द विहार ट. जनसाधारण एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा | 24.07.2024 एवं 31.07.2024 |
| 15530 आनन्द विहार ट. – सहरसा जं. जनसाधारण एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर | 24.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15621 कामाख्या – आनन्द विहार टर्मिनल एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा | 25.07.2024 एवं 01.08.2024 |
| 15622 आनन्द विहार टर्मिनल – कामाख्या एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर | 27.07.2024 एवं 03.08.2024 |
| 14009 बापूधाम मोतिहारी–आनन्द विहार टर्मिनल चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | सीतापुर – पीलीभीत जं. – बरेली सिटी – रामगंगा | 21.07, 23.07, 25.07, 28.07, 30.07 एवं 01.08, 04.08.2024 |
| 14010 आनन्द विहार टर्मिनल – बापूधाम मोतिहारी चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | रामगंगा – बरेली सिटी – पीलीभीत जं. – सीतापुर | 22.07, 24.07, 27.07, 29.07, 31.07 एवं 03.08.2024 |

### रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | स्टेशन जहां रेलगाड़ी यात्रा समाप्त/प्रारंभ करेगी | स्टेशन जिनके के बीच रेलगाड़ी रद्द रहेगी | आंशिक निरस्तीकरण की तिथियां (प्रारंभिक स्टेशन से) |
|---|---|---|---|
| 12369 हावड़ा जं. – देहरादून कुंभ एक्सप्रेस | लखनऊ पर | बरेली – मुरादाबाद – लक्सर जं. – हरिद्वार जं. – देहरादून | 31.07, 01.08, 03.08 एवं 04.08.2024 |
| 12370 देहरादून – हावड़ा जं. कुंभ एक्सप्रेस | लखनऊ से | देहरादून – हरिद्वार जं.–लक्सर जं. – मुरादाबाद – बरेली | 01.08, 02.08, 04.08 एवं 05.08.2024 |
| 12327 हावड़ा जं. – देहरादून उपासना एक्सप्रेस | लखनऊ पर | बरेली – मुरादाबाद – लक्सर जं. – हरिद्वार जं. – देहरादून | 02.08.2024 |
| 12328 देहरादून – हावड़ा जं. उपासना एक्सप्रेस | लखनऊ से | देहरादून – हरिद्वार जं.–लक्सर जं. – मुरादाबाद – बरेली | 03.08.2024 |
| 04319 लखनऊ – शाहजहाँपुर एक्सप्रेस स्पेशल | बालामऊ जं. पर | मसीत – करना – हरदोई – कौढ़ा – बेहटा गोकुल – टोडरपुर – आंझी शाहबाद – ऐगवाँ – कहिलिया – रोज़ा जं. शाहजहाँपुर | 06.07.2024 से 05.08.2024 |
| 04320 - शाहजहाँपुर – लखनऊ एक्सप्रेस स्पेशल | बालामऊ जं. से | शाहजहाँपुर – रोज़ा जं. – कहिलिया – ऐगवाँ – आंझी शाहबाद – टोडरपुर – बेहटा गोकुल – कौढ़ा – हरदोई – करना – मसीत | 07.07.2024 से 06.08.2024 |

### रेलगाड़ियों का पुनर्निधारण

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | पुनर्निधारण रेलगाड़ियाँ |
|---|---|
| 12392 नई दिल्ली – राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 05.08.2024 को नई दिल्ली से 13:10 के स्थान पर 14:10 बजे (60 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 03.08.2024 को नई दिल्ली से 11:25 के स्थान पर 12:40 बजे (75 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 20506 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 04.08.2024 को नई दिल्ली से 11:25 के स्थान पर 12:40 बजे (75 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 13151 कोलकाता – जम्मू तवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 02.08.2024 एवं 03.08.2024 को कोलकाता से 11:45 के स्थान पर 01:45 बजे (120 मिनट देरी से) एवं दिनांक 04.08.2024 को 11:45 के स्थान पर 15:45 बजे (240 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 13152 जम्मू तवी – कोलकाता एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को जम्मू तवी से 20:30 बजे के स्थान पर 22:30 बजे (120 मिनट देरी से), दिनांक 02.08.2024 एवं दिनांक 03.08.2024 को 20:30 बजे के स्थान पर 00:30 बजे (240 मिनट देरी से) एवं दिनांक 04.08.2024 को 20:30 बजे के स्थान पर 02:30 बजे (360 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |
| 12332 जम्मू तवी – हावड़ा जं. हिमगिरी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को जम्मू तवी से 22:45 बजे के स्थान पर 01:45 बजे (180 मिनट देरी से), दिनांक 04.08.2024 को 22:45 बजे के स्थान पर 05:45 बजे (420 मिनट देरी से) प्रस्थान करेगी। |

### रोककर चलाई जाने वाली रेलगाड़ियाँ

| रेलगाड़ी सं. एवं रेलगाड़ी का नाम | विनियमित रेलगाड़ी |
|---|---|
| 13151 कोलकाता – जम्मू तवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 19.07.2024 से 22.07.2024 तक रास्ते में 60 मिनट के लिए रोक कर चलाई जाएगी। |
| 12204 अमृतसर जं. – सहरसा जं. गरीबरथ | रेलगाड़ी दिनांक 20.07.2024 एवं 21.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 20504 नई दिल्ली – डिब्रुगढ़ राजधानी | रेलगाड़ी दिनांक 23.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15044 काठगोदाम – लखनऊ एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 23.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 14009 बापूधाम मोतिहारी – आनन्द विहार ट. चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 07.07.2024 एवं 11.07.2024 को 30 मिनट और 09.07.2024 को 60 मिनट रास्ते में रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15621 कामाख्या – आनन्द विहार ट. एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 11.07.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 13307 धनबाद जं. – फिरोजपुर कैंट जं. गंगा सतलुज एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 04.08.2024 को रास्ते में 60 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15119 बनारस – देहरादून एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 05.08.2024 को रास्ते में 45 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 15652 जम्मू तवी – गुवाहाटी लोहित एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 31.07.2024 को रास्ते में 45 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 13005 हावड़ा जं. – अमृतसर जं. मेल एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 04.08.2024 को रास्ते में 60 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 12326 नंगल डैम–कोलकाता गुरूमुखी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 03.08.2024 को रास्ते में 45 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |
| 13151 कोलकाता – जम्मू तवी एक्सप्रेस | रेलगाड़ी दिनांक 01.08.2024 को रास्ते में 30 मिनट रोक कर चलाई जाएगी। |

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

पर हमें फॉलो करें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# नंदीग्राम महोत्सव में दिखेगी भरतजी के तप की जीवंत झलक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भरत जी की तपोभूमि नंदीग्राम भरतकुंड पर होने वाले आगामी नौ दिवसीय नंदीग्राम महोत्सव में भरत के तप की जीवंत झलक दिखाने की तैयारी है। इसके लिए अयोध्या ही नहीं आसपास के तमाम पर्यटन केंद्रों व धार्मिक स्थलों के जाने-माने कलाकार बुलाये जा रहे हैं। अयोध्या छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास जी के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास जी की अगुवाई में बुधवार देर शाम भरतकुंड के भरत हनुमान मिलन मंदिर परिसर में संपन्न हुई।तैयारी बैठक में? यह भी निर्णय लिया गया कि इस बार विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं द्वारा ऐसे कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए जाएंगे जो समाज की बहू बेटियों के लिए आत्मनिर्भरता और जागरूकता की बेमिसाल नजीर होंगे। साथ ही साथ हजारों महिलाओं का दुरदुरिया पूजन, इक्कीस कुंडीय श्रीराम महायज्ञ कलश यात्रा के साथ 1100 महिलाओं द्वारा जटाकुंड, शत्रुघ्न कुंड को समेटते हुए समूचे भरतकुंड परिसर की परिक्रमा कर अयोध्या होते हुए भरत हनुमान मिलन मंदिर परिसर में प्राचीन दक्षिणमुखी भरत गुफा पर संपन्न होगी नंदीग्राम महोत्सव की तैयारी बैठक को संबोधित कर रहे महंत कमलनयन दास ने कहा कि प्रेम और त्याग की प्रतिमूर्ति भरत जी की तपस्या पर आधारित नंदीग्राम महोत्सव में सभी को बढ़ चढ़कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करना चाहिए। ताकि समाज में धार्मिक जागरूकता का संदेश जाये। कार्यक्रम को यादगार बनाने के लिए वह हर स्तर से प्रेरणा स्रोत रहेंगे। नंदीग्राम महोत्सव कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा की चर्चा करते हुए संत परमात्मा दास ने कहा कि महोत्सव में ही यहां श्री कमलनयन दास महर्षि वेद वेदांग विद्यापीठ विद्यालय शुरू करने से आसपास के दिव्यांग छात्रों का भी सर्वांगीण विकास होगा।इस वर्ष 22 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलने वाले नौ दिवसीय नंदीग्राम महोत्सव में सिर पर कलश लेकर 1100 मातृशक्तियाँ प्राचीन दक्षिण मुखी भरतगुफा नंदीग्राम से अयोध्या सरयू का जल लाने के लिए कलश यात्रा में शामिल होंगी।



# अयोध्या में आठ जुलाई से प्रारम्भ होगी किसान रजिस्ट्री

**अयोध्या।** किसान सम्मन निधि को और पारदर्शी बनाने तथा किसानों को सरकार की ओर से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं का लाभ देने के लिए प्रदेश की योगी सरकार ने किसान रजिस्ट्री स्कीम लागू की हैं। जिले मे पीएम किसान सम्मान निधि की 18वीं किस्त नई व्यवस्था के तहत किसानों को उपलब्ध कराई जाएगी। शासन ने इसके लिए किसान रजिस्ट्री अनिवार्य कर दी है। किसानों को 30 सितंबर तक किसान रजिस्ट्री में अनिवार्य रूप से शामिल होना होगा। अन्यथा की स्थिति मे उनकी किसान सम्मान राशि या सरकार की ओर से मिलने वाली अन्य सुविधाएं रुक सकती हैं। जिला कृषि अधिकारी अयोध्या ओपी मिश्रा ने बताया की यह एक बुनियादी रजिस्ट्री होगी। जिसमें किसानों का पूरा विवरण दर्ज होगा। किसान रजिस्ट्री, किसानों का डिजिटल डाटा बेस होगा। इसमें किसान की यूनीक आईडी बनाई जाएगी। इसके लिए खसरा खतौनी में दर्ज अभिलेख का उपयोग किया जाएगा। नई व्यवस्था के अनुसार यदि कोई किसान या उसका परिवार किसान रजिस्ट्री अभियान के तहत अपना नाम दर्ज नहीं कराता है। तो उसे भविष्य में पीएम किसान सम्मान निधि की किस्त सहित अन्य योजनाओं का लाभ नहीं मिलेगा। यही नहीं एक बार डाटा तैयार होने के बाद भविष्य में किसी भी सरकारी योजना का लाभ लेने के लिए अलग से सत्यापन नहीं कराना होगा। किसान कृषि वैज्ञानिकों से खेती से संबंधित सलाह भी ले सकेंगे किसान रजिस्ट्री के माध्यम से योजनाओं का लाभ किसानों को तो मिलेगा, साथ ही किसान कृषि वैज्ञानिकों से खेती से संबंधित सलाह भी ले सकेंगे। खेत की मिट्टी और जलवायु के हिसाब से कौन सी फसल बोनी चाहिए, किस किस्म का बीज खरीदना चाहिए और बेहतर पैदावार के लिए कितना खाद, पानी और दवा की जरूरत है, इसकी जानकारी आसानी से की जा सकती है। वास्तविक उत्पादन के आंकड़े भी आसानी से जुटाए जा सकेंगे किसान रजिस्ट्री के माध्यम से विभिन्न फसलों के संभावित उत्पादन एवं वास्तविक उत्पादन के आंकड़े भी आसानी से जुटाए जा सकेंगे।

## पर्यटन स्थल विद्या कुण्ड के जीर्णोद्धार का 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि अयोध्या धाम में ऐतिहासिक एवं पौराणिक महत्व एवं विभिन्न ग्रंथों में उल्लिखित कुण्डों, भवनों, मठ-मंदिरों आदि को चरणबद्ध तरीके से सजाने-संवारने हेतु जीर्णोद्धार एवं जन सुविधाओं के विकास का कार्य तीव्र गति से प्रगति पर है। इसी क्रम में मणि पर्वत के पूर्व दिशा में स्थित पौराणिक पर्यटन स्थल विद्या कुण्ड के जीर्णोद्धार एवं वहां पर्यटन सुविधाओं के विकास का 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है। इस पर्यटन स्थल पर आगन्तुकों हेतु आकर्षक विश्राम गृह, टॉयलेट ब्लॉक, छतरी, बेंच सहित कुण्ड, बाउण्ड्रीवाल, स्तम्भ, गेट, साइनेज बोर्ड इत्यादि सहित कुण्ड पर फ्लोटिंग एवं लाइटिंग सहित समस्त प्रस्तावित कार्य फिनिशिंग स्तर पर है।इस कुण्ड के पूर्वोत्तर पर एडवर्ड द्वारा सन् 1901 ई0 में 54 नम्बर का शिलालेख भी स्थापित कराया गया है। अयोध्या माहात्म्य के अनुसार विद्या कुण्ड के दक्षिणी तट पर स्थित विद्या देवी के दर्शन से पूर्व श्रद्धालु इसी कुण्ड में स्नान करते हैं।

# अभाविप मवई इकाई का हुआ पुनर्गठन,अनिरुद्ध गुप्ता बने अध्यक्ष

**मवई-अयोध्या।** मवई के कृषि भवन सभागार में अभाविप की एक बैठक गुरुवार को हुई। जिसमें मुख्य रूप से प्रवासी कार्यकर्ता राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें



नगर अध्यक्ष के रूप में अनिरुद्ध गुप्ता एवं नगर मंत्री के रूप में आशीष विश्वकर्मा निर्वाचित हुए । जिसमें अन्य दायित्व की घोषणा हुई। नगर उपाध्यक्ष अंकुर वर्मा, नगर उपाध्यक्ष मो वजी, नगर उपाध्यक्ष मोहित यादव , नगर सह मंत्री सुमित शुक्ला , नगर सह मंत्री मनीष यादव, नगर सह मंत्री मो सैफ, नगर सह मंत्री अजीत सिंह, नगर सह मंत्री अरुण वर्मा , राष्ट्रीय कलामंच संयोजक कृष्णकांत यज्ञसैनी, नगर आंदोलन संयोजक मो सनी, सह संयोजक संतोष वर्मा , मेडिविजन संयोजक अनस, सोशल मीडिया संयोजक आकाश साहू, सह संयोजक राहुल कुमार, नगर कार्यकारणी सदस्य विजय पांडे, इमरान , सतीश निषाद, नीरज की घोषणा हुई। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ऋषभ गुप्ता ने सभी निर्वाचित कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि मवई इकाई जिले की आदर्श नगर इकाई साबित हो। विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन होने के नाते अपने कार्य क्षेत्र में ऊर्जा प्रदान करने हेतु नए कार्यकर्ताओं का नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंप रहा है और विद्यार्थी परिषद में पद नहीं दायित्व दिया जाता हैं।

# स्कूल चलो अभियान को खंड शिक्षा अधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर बाइक रैली को किया रवाना



*अवधनामा संवाददाता*

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** विकास खंड त्रिवेदीगंज में स्कूल चलो अभियान के तहत ब्लाक स्तरीय मोटरसाइकल व कार रैली निकाल कर लोगो को जागरूक किया गया । खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया । ब्लॉक संसाधन केंद्र दहिला प्रांगण से प्राथमिक विद्यालय शिवनाम के कैंपस तक निकाली गई इस जन जागरूकता रैली में विकासखंड त्रिवेदीगंज के बहुसंख्यक शिक्षक शिक्षिकाएं अपने वाहनों के साथ स्लोगन लिखित तख्तियां लेकर शामिल हुए। रैली के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी ने तन मन धन से अपने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए मिशन मोड में काम करने के लिए लग जाने का आह्वान किया उन्होंने कहा विकासखंड त्रिवेदीगंज के समस्त विद्यालयों को अक्टूबर माह तक निर्धारित निपुण लक्ष्य हासिल कर पूरे जनपद में प्रथम स्थान पर आने के लिए कार्य करना है। रैली रवानगी से पूर्व उच्च प्राथमिक विद्यालय दहिला के प्रांगण में अध्यापकों के जागरूकता पर उन्होंने कहा.की बेसिक शिक्षा में व्यापक परिवर्तन और सुधार के लिए कृत संकल्प है नित नए शासनादेश जारी हो रहे हैं हमको गंभीरता के साथ अपनी जिम्मेदारियां का निर्वहन करते हुए बेसिक शिक्षा के शत प्रतिशत लक्ष्य हासिल करते हुए प्रथम स्थान के लिए काम करना है हमको अपनी अमिट छाप छोड़ते हुए छात्रों और जनमानस के बीच अपनी एक नई पहचान बनानी है इसके लिए मेहनत और लगन के साथ अपने कर्तव्यों को निर्वहन करने की जरूरत है ।

इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार ,सहायक अध्यापक हेमन्त कुमार ,सुनील कुमार, आदित्य प्रताप सिंह, संगीता देवी रामसागर वर्मा, सरजू सरण त्रिवेदी ,शिवसागर सिंह ,विनय प्रताप सिंह, प्रेमकला सिंह ,अर्चना यादव रागिनी त्रिपाठी ज्योति सिंह, हरिकेश द्विवेदी सहित और भारी संख्या में अध्यापक शिक्षक और शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन उत्तर प्रदेश की प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रामयश विक्रम द्वारा किया गया।

# भाजपा विधायक व प्रमुख प्रतिनिधि ने पौधा रोपित कर मनाया वनमहोत्सव

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** 1 जुलाई से 7 जुलाई तक वन महोत्सव मनाया जा रहा है इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को बचाने हेतु वृक्षारोपण को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में विकास खंड हैदरगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत बाबा टीकाराम स्थल (गौरी शंकर मंदिर प्रांगण)पर वन वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य अतिथि दिनेश कुमार रावत ,विशिष्ट अतिथि ब्लॉक



प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने परिसर में विभिन्न प्रजाति के पौधा रोपित कर धरा को हरा भरा रखने का संदेश दिया। विधायक दिनेश रावत ने जामुन प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने नीम का पेड़ तो वही अन्य लोगो ने नीम,जामुन, कंजी,पीपल ,बरगद, पाकड़,सहजन सहित सैकड़ों पौधो का रोपण किया गया। इस दौरान विधायक दिनेश रावत ने कहा कि पेड़ पौधो हमे आक्सीजन प्रदान करते हैं लकड़ी को ईंधन के रूप में उपयोग करते हैं। पेड़ पौधे के विना जीवन संभव नहीं है।इसलिए आप सभी लोग अपनी खाली पड़ी भूमि पर पेड़ अवश्य लगाएं ।वन क्षेत्राधिकारी राकेश तिवारी व वन दरोगा अनुज सिंह ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल विधायक दिनेश रावत व रामदेव सिंह को पुष्प गुच्छ भेंट देकर उनका स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बेहटा कुसमा देवी,राम किशोर मिश्रा, प्रधान सीठुमऊ मनोज कुमार मिश्रा, अंजनी तिवारी ,अशोक कुमार सिंह, बाबा टीकाराम महंत कमलेश दास मिश्रा, उपप्रभागीय वनाधिकारी अजय कुमार पांडे, वन क्षेत्राधिकारी राकेश कुमार तिवारी, डिप्टी रेंजर उमेश कुमार कनौजिया वन दरोगा अनुज कुमार सिंह, अभय कुमार गौतम, सुमित यादव, शैलेंद्र सिंह, रामविलास सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# नीट पेपर लीक के विरोध में विधानसभा जा रहे कांग्रेसी नेता सिकंदर हाउस अरेस्ट, सौपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** मोदी-योगी सरकार मुर्दाबाद के नारों के साथ दर्जनों कांग्रेसी जैसे ही विधान सभा के घेराव के निकलने वाले थे कि मौके पर प्रशासनिक अधिकारी व तमाम पुलिसकर्मियों ने पहुंचकर कांग्रेस नेताओं को रोक लिया। रोके जाने से कांग्रेसीजन उत्तेजित होकर उग्र हो गये और भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार नीट पेपर लीक के मामले को लेकर आज यूथ कांग्रेस लखनऊ विधानसभा का घेराव करने का आवाहन किया गया था, जिसको लेकर आज बाराबंकी में यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सिकंदर अब्बास रिजवी के नेतृत्व में कांग्रेस के कार्यकता विधानसभा का घेराव करने के लिए जा रहे थे इसी दौरान प्रशासन द्वारा उनको होम अरेस्ट करते हुए नजरबंद कर दिया गया। मौके पर पहुंची नायब तहसीलदार प्रियंका सिंह ने उनके



आवास पर ही ज्ञापन लेकर आश्वस्त किया। श्री अब्बास ने बताया कि नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पूरे देश का युवा अपने आपको ठगा महसूस कर रहा है, सरकार स्स दावा 2 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष रोजगार देने का दावा हवा हवाई साबित हो रहा है, जहां पर भाजपा की सरकार होती है वही से पेपर लीक होता है। इस मौके पर जियाउर्रहमान खान, शब्बर रिजवी, मोहम्मद इकराम, अमित गौतम, सद्दाम रसूल, अनूप बाल्मीकि, सौरभ बाल्मीकि, सुफियान जैदी, बबलू गौतम अमन बाल्मीकि, फैसल मजीद, फारूक घोसी, राहुल वर्मा, अवनीश सिंह, पंकज सिंह, मजहर खान, राहुल सिंह, अनूप यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौत


**मसौली बाराबंकी।** लखनऊ अयोध्या रेलवे मार्ग पर स्थित बजहा गांव के निकट एक 34 वर्षीय अज्ञात युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गयी मृतक अर्धविक्षिप्त बताया जा रहा है जिसकी शिनाख्त नहीं हो सकी पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गुरुवार की भोर शौच के लिए निकले ग्रामीणों ने देखा कि रेलवे लाइन के किनारे एक क्षत विक्षत युवक का शव पड़ा है

ग्रामीणों ने सफदरगंज पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की कोशिश की लेकिन शिनाख्त न होने पर पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है मृतक अर्धविक्षिप्त था जो केवल लाल रंग का गमछा बांध रखा था।

# वजीरगंज पुलिस नहीं सुन रही सैनिक की फरियाद, पीड़ित ने डीआईजी से लगाई गुहार

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** बॉर्डर पर तैनात रहकर देश की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाले सैनिक ही जब असुरक्षित हों तो मित्र पुलिस और सिस्टम पर सवाल उठना लाजिमी हो जाता है। ऐसा ही एक मामला सामने आया



है, जिसमें पीड़ित सैनिक द्वारा आरोप लगाया गया है कि इलाकाई पुलिस उसकी सुनवाई नहीं कर रही है और दबंग उसे भद्दी-भद्दी गालियां तथा धमकी दे रहे हैं। मामला जिले के वजीरगंज थान क्षेत्र के ग्राम सेहरिया का है। उक्त गांव निवासी सैनिक कुलदीप सिंह पुत्र समर बहादुर सिंह का कहना है कि 20 नवंबर 2021 को उन्होंने दुर्जनपुर घाट निवासी अपने साढ़ू राजेन्द्र सिंह पुत्र मनोगी को बेटी की शादी के लिए 04 लाख रूपए उधार दिया था। सैनिक कुलदीप का कहना है कि उसने यह रूपए अपने चचेरे भाई सुनील सिंह व दूसरे साढ़ू राकेश सिंह की मौजूदगी में दोनों लोगों के समक्ष दिया था। शिकायतकर्ता सैनिक का आरोप है कि जब उसने अपने साढ़ू राजेन्द्र सिंह से रूपये वापस मांगे तो उन्होंने 76,000 रूपए उसे वापस कर दिया। आरोप है कि शेष रूपए मांगने पर उसे राजेन्द्र सिंह व उसके बेटे प्रवीण सिंह ने भद्दी-भद्दी गालियां और धमकी दी। इसकी शिकायत सैनिक द्वारा 26 जून 2024 को वजीरगंज थाने पर की गई, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। इस पर उसने 1 जुलाई को पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को पूरे मामले से अवगत कराते हुए रूपए वापस दिलाने की गुहार लगाई। वृहस्पतिवार को पीड़ित सैनिक देवीपाटन रेंज के डीआईजी अमरेन्द्र प्रसाद सिंह को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का कहना है कि पुलिस मुकदमा दर्ज करने की बात कह रही है जबकि वह अपने रूपये वापस चाहता है। रूपये देने का उसके पास सुबूत भी है और गवाह भी। फिर भी इलाकाई पुलिस आनाकानी कर रही है। इस संबंध जानकारी के लिए वजीरगंज के थानाध्यक्ष अभय सिंह को सीयूजी मोबाइल नंबर पर कॉल किया गया तो उन्होंने कहा कि वह अभी मीटिंग में हैं।

# कांग्रेस ने प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन, केंद्र सरकार को बर्खास्त करने की मांग

*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** भाजपा द्वारा कांग्रेस नेता राहुल गांधी के पोस्टर-बैनर व पुतला जलाने की कोशिश करने सहित अन्य मुद्दों को लेकर आज शहर कांग्रेस ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के इस्तीफे की मांग की और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सौंपा। शहर कांग्रेस अध्यक्ष रफीक रैनी ने कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगातार देश में हो रहे भ्रष्टाचार सहित नेट व नीट की परीक्षाओं में अनियमिताओं और पेपर लीक का मामला उठाकर केंद्र की जन विरोधी सरकार के झूठ का चेहरा जनता के सामने उजागर किया गया है। भाजपा का हिंदुत्व का नकली चेहरा भी बेनकाब हो गया है। अयोध्या की जनता ने भाजपा को सबक सिखा दिया है। रफीक रैनी ने कहा कि अपने झूठ का खुलासा देखकर भाजपाई इतना तिलमिला गए हैं कि उन्होंने भारत की सबसे पुरानी पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की फोटो, बैनर-पोस्टर उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अजय राय के पुश्तैनी घर के



सामने जलाने की नाकाम कोशिश जिला प्रशासन के सामने की, जो बहुत ही निंदनीय है। लगातार हो रहे छात्रों, युवाओं पर अत्याचार एवं महंगाई, भ्रष्टाचार में लिप्त जन विरोधी केंद्र की सरकार लोकतांत्रिक परंपराओं के खिलाफ तानाशाही रवैया अपना रही है जिसे कांग्रेस कतई बर्दाश्त नहीं करेगी। इस दौरान राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन दिया गया जिसमें केंद्र सरकार को तत्काल बर्खास्त किए जाने की मांग की गई है। इस अवसर पर अरुण कुमार गौतम पंकज चौधरी,रामदयाल शुक्ला आशीष तिवारी बृजेश पाठक अब्दुल रहमान, प्रदुमन शुक्ला, शहजाद खान, ओमप्रकाश, अजय रस्तोगी, मोहम्मद रिजवान, अनीश नाना, मोबीन खान, विनोद कुमार मोहम्मद शोएब, शहजादे मेवाती, खालिक कुरैशी, सलीम खान, हरिश्चंद्र श्रीवास्तव, इमरान खान, नबी बकर साहिबान, हरि श्याम सोनी, निजाम हाशमी आदि मौजूद रहे।

# कवि लल्लू ने प्रदीप सारंग को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया

**बाराबंकी।** गुड मॉर्निंग और ग्रीन मॉर्निंग की नई फिलास्फी गढ़ने वाले सामाजिक कार्यकर्ता कवि प्रदीप सारंग को धरती पर हरियाली बढ़ाने हेतु सामाजिकों व साहित्यकारों द्वारा सम्मानित किया गया। गुरुवार को विकास भवन के निकट आवास विकास स्थित कवि अनिल श्रीवास्तव लल्लू के घर पर मालाफूल अंगवस्त्र द्वारा सम्मान प्रदान करते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष सियाराम रावत निर्मल ने कहा कि प्रदीप सारंग साहित्यकार कलम और पत्रकार समाज की विसंगतियों, पर कलम चलाते हैं जबकि सामाजिक कार्यकर्ता कलमकारों से ऊर्जा लेकर विसंगति को हटाने हेतु जमीन पर कोशिश करते हैं। श्री सारंग जी जमीनी कोशिश करने वाले ऐसे ही सामाजिक व्यक्तित्व हैं।

# केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री का कार्य कर्ताओं ने किया भव्य स्वागत

*अवधनामा संवाददाता*

**महाराजगंज।**केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का गोरखपुर एयरपोर्ट पर भव्य स्वागत। स्वागत करने वालो में क्षेत्रीय अध्यक्ष सहजानंद राय, जिलाध्यक्ष संजय पांडेय, पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह,



सदर विधायक जंगल कन्नौज्जिया,पूर्व विधायक बजरंग बहादुर सिंह वरिष्ठ नेता अजय कुमार श्रीवास्तव, राजीव द्विवेदी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष प्रभाकर द्विवेदी, संजीव शुक्ला ,दिनेश चंद्र त्रिपाठी, सहित तमाम भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। ढोल नगाड़ों और गगन भेदी नारो के साथ स्वागत हुआ। काफिला गोरखपुर से निकला जगह जगह लोगो ने स्वागत किया । जनपद की सीमा कतरारी में पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह जी के नेतृत्व में हजारों लोगो ने स्वागत किया, परतावल चौराहे पर भी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। सदर विधान सभा क्षेत्र की सीमा टोल प्लाजा पर सदर विधायक जुमंगल कन्नौजिया के नेतृत्व में हजारों लोगो ने गगन भेदी नारो के साथ ही सदर विधायक जय मंगल कन्नौजिया ,राजीव द्विवेदी,रमेश पटेल,जिला महामंत्री ओम प्रकाश पटेल, राजेश सिंह, गोविंद जायसवाल आदि लोगो ने बडी माला के साथ स्वागत किया। शिकारपुर ,पुरैना, घुघुली में जोरदार स्वागत हुआ। घुघुली के सुभाष चौक पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री ने नेता जी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। घुघुली सुभाष चौंक पर लोगो को संबोधित करते हुए केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कार्यकर्ताओं और क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विषम परिस्थितियों में आपने अपना आशीर्वाद दिया। चुनाव में कुछ दलों और लोगो ने भ्रम फैलाया संविधान और साढ़े आठ हजार खटा खट को लेकर। किंतु महाराजगंज के सम्मानित लोगो ने झूठे कथनों पर विश्वास न करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बातो पर विश्वास कर अपना आशीर्वाद हमे दिया है। उन्होंने कहा कि यहा की सम्मानित जनता ने कई बार अपना आशीर्वाद दिया है और बड़ी बड़ी ताकतों को पटकनी दी है। घुघुली से काफिला सिसवा के तरफ बढ़ा बंदी ढाला पर मंडल अध्यक्षदीपकचौधरीकेनेतृत्वमेदीनाना थ सिंह रणधीरसिंह, नागेंद्र मल्ल, धीरज तिवारी ने भव्य स्वागत किया।भुजौली में प्रमुख प्रतिनिधि सिसवा धीरू सिंह ने भव्य स्वागत किया । सिसवा नगर मे व्यापार मंडल ने प्रमोद जायसवाल के नेतृत्व मे स्वागत किया। गोपाल नगर मे स्वागत हुआ।

# ताजियादारों के साथ थानाध्यक्ष ने किया बैठक




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** सिंदुरिया थानाध्यक्ष दिनेश कुमार की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार को आगामी मोहर्रम त्योहार को लेकर ताजिया दरों के साथ बैठक की गई। थाना अध्यक्ष ने ताजिया दारों से शान्ती व्यवस्था बनाए रखने की अपील की आगे उन्होंने कहा कि अराजक तत्वों व अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ शक्त कार्रवाई की जायेगी। पीस कमेटी की बैठक में सिंदुरिया थाना क्षेत्र के संभ्रांत लोग व तमाम गांवों के ग्राम प्रधान व क्षेत्र के लोग बैठक में शामिल रहे। बैठक में थानाध्यक्ष ने बताया कि अपने ही दरवाजे पर ताजिया को रखकर सभी तजियादार मिल जुल कर तथा भाई चारा पूर्वक शांति व्यवस्था को देखते हुए त्योहार मनाएं। मोहर्रम त्यावहार को सकुसल सम्पन्न कराने को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। इस मौके पर चौकी प्रभारी रामचरन सरोज,चिऊटहां चौकी प्रभारी इंचार्ज संभूनाथ यादव, उपनिरीक्षक प्रवीण सिंह, मृत्युंजय पाण्डेय,हेड कांस्टेबल राजेश यादव, कृष्ण चन्द्र मौर्य, हेडकांस्टेबल उदयभान कुशवाहा, मनीष सिंह, ग्राम प्रधान सचितानंद मौर्य, श्यामानंद, कृष्ण कांत कन्नौजिया, कन्हैया सहानी, मोहम्मद समीउद्दीन सहित सभी सम्भ्रांत लोग उपस्थित रहे।

# ग्राम सचिवों की तैनाती के लिए जिलाधिकारी ने लिया साक्षात्कार

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा ने गुरुवार को जिलाधिकारी कार्यालय में ग्राम पंचायत अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों को पंचायत सचिव के रूप में नियुक्त करने हेतु साक्षात्कार लिया गया। जिलाधिकारी ने कुल 30 क्लस्टर में ग्राम सचिवों की तैनाती हेतु साक्षात्कार लिया गया। एडीपीआरओ नित्यानंद ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी की अनुमोदन के उपरांत कुल 30 क्लस्टर की ग्राम पंचायतों पर शासकीय कार्यहित में 26 ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी को पंचायत सचिव के रूप में नियुक्त करते हुए आदेशित किया गया है कि वह अपने नवीन तैनाती के क्लस्टर में सम्मिलित ग्राम



पंचायतों का चार्ज तुरन्त प्राप्त करते हुए शासकीय कार्यों को शासन की प्राथमिकता के अनुसार समयबद्ध ढंग से सम्पादित करना सुनिश्चित करें। क्लस्टर में बृजमनगंज, नौतनवा, फरेंदा, धानी, सदर, पनियरा, परतावल, घुघली, सिसवा और निचलौल के मलमलिया उर्फ सिरसियां, लक्ष्मीपुर जरलहिया, पिपरा खादर, पनियरा, डोमरा, नरकटहा, औरहिया, रामपुर बुजुर्ग, रामपुर बुजुर्ग, जगपुर उर्फ सलामतगढ, बरगदवा, खैराटी, हरदी डाली सहित कुल क्लस्टर सम्मिलित हैं।

# आकांक्षात्मक जनपद एवं विकास खण्डों में 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ

- जब तक गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि अच्छा नहीं होगा तब तक नहीं बढ़ सकती हमारी अर्थव्यवस्था : सांसद

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** नीति आयोग, भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में उप्र शासन द्वारा आकांक्षात्मक जनपद कार्यकम एवं आकांक्षात्मक विकास खण्ड कार्यकम में निम्नानुसार 6 इंडीकेटर्स के लक्ष्यों को संतृप्त करने के उद्देश्य से प्रदेश में आकांक्षात्मक जनपद एवं विकास खण्डों में 4 जुलाई से 30 सितम्बर तक सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ सांसद जगदम्बिका पाल की अध्यक्षता एवं विधायक बांसी जय प्रताप सिंह, शोहरतगढ़ विनय वर्मा, सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष भाजपा कन्हैया पासवान, जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में लोहिया कलाभवन में द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिलाधिकारी एवं सीडीओ द्वारा जनप्रतिनिधियों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम के अवसर पर सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा 6 इंडीकेटर्स के लक्ष्यों को संतृप्त करने के उद्देश्य से सम्पूर्णता अभियान के अवसर पर शपथ दिलाया गया। सांसद ने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्ष 2018 में प्रधानमंत्री जी द्वारा आकांक्षात्मक जनपद कार्यक्रम की घोषणा की गयी जिसे नीति आयोग द्वारा अप्रैल 2018 से लागू किया गया जिसमें देश के 112 जनपद तथा 500 विकास खण्ड आच्छादित है। प्रधानमंत्री जी द्वारा सर्वप्रथम आकांक्षी जनपद में विकास कार्य शुरू किया गया है। गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन, पोषाहार वितरण, टीकाकरण एवं बच्चो का टीकाकरण शत-प्रतिशत पूर्ण कराये। सभी विभाग अपने विभाग से संबधित योजनाओ की कार्ययोजना बनाकर 3 माह के भीतर लक्ष्य को पूर्ण कराये। बेसिक शिक्षा स्कूलो में विद्युतीकरण व अन्य कार्य, स्वयं सहायता समूह की महिलाओ को रिवाल्विंग फन्ड उपलब्ध कराना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड तथा आधरभूत संरचना से संबधित कार्यो को कराना सुनिश्चित करे। सांसद ने कहा कि जब तक गांवों में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि अच्छा नही होगा तब तक हमारी अर्थव्यवस्था नही बढ़ सकती है। प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि वर्ष 2047 तक भारत विकसित भारत हो। जिले को भी विकसित जनपद की श्रेणी में लाना है। विधायक जय प्रताप सिंह ने कहा कि आकांक्षात्मक जनपद के अन्तर्गत देश के 112 जनपद आच्छादित है। जिसमें 05 थीम स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेश एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के अन्तर्गत कार्य किये जा रहे है। खेतो में जैविक खाद का प्रयोग करे। रासायनिक उर्वरको का प्रयोग न करे। रासायनिक उर्वरको के प्रयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। मृदा परीक्षण करा ले। उन्होने ने कहा कि स्वयं सहायता समूहो का गठन सभी गांवों में हो गया है प्रदेश सरकार द्वारा उनके रिवाल्विंग फन्ड में वृद्धि कर दी गयी है जिससे लोगो की आजीविका में वृद्धि हो रही है। विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा एवं सदस्य विधान परिषद ध्रुव कुमार त्रिपाठी द्वारा भी सम्पूर्णता अभियान के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने कार्यक्रम में उपस्थित मा0 जनप्रतिनिधिगण व अन्य का स्वागत किया गया। कहा कि भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार की मंशानुसार 6 सूचकांक निर्धारित किये गये है।

## मोहर्रम व सावन मास के मद्देनजर शांति समिति की बैठक

**बांसी सिद्धार्थनगर।** मोहर्रम व सावन मास के मद्देनजर बृहस्पतिवार की शाम कोतवाली बांसी में कोतवाल विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सभी लोग आपस में मिलजुकर पर्व मनाए कही किसी तरह की दिक्कत होने पर पुलिस को सूचित करेउन्होंने कहा कि यहां जो आपसी भाईचारा की परंपरा है उसे कायम रखे। इसके बाद उन्होंने दोनों पर्व में आने वाली समस्याओं को सुना। बैठक में लोगों ने नगर पालिका पर असहयोग करने का आरोप लगाया साथ ही नगर के सभी मोहल्लें व गलियों में सैकड़े की संख्या में छुट्टा सूअर के विचरण करने का मामला उठाया। पर्व व त्योहार पर इससे काफी दिक्कत हो रही है।लोगो ने यह भी कहा कि बार बार कहने के बाद भी नगर पालिका इस दिशा में कोई कदम नहीं उठा रही है। बैठक को इंस्पेक्टर मनोज कुमार श्रीवास्तव, एस आई आनंद कुमार ने भी संबोधित किया। बैठक में इब्राहिम शेख, हरिशंकर चौरसिया, सभासद बजरंगी वर्मा, शाकिर अली, खुर्शीद खान, प्रमोद कुमार, अंगद वर्मा, मंजूर खान, सैयद अकबर आलम, रुस्तम अली, शमसाद अली सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## नवागत ईओ ने नगर पंचायत भारतभारी का कार्यभार संभाला



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत भारत भारी के अधिशासी अधिकारी के पद पर राजन कुमार गुप्ता ने कार्यभार संभाला। राजन कुमार गुप्ता पूर्व में भी सिद्धार्थनगर के कई निकायों के अधिशासी अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। वर्तमान में उनका स्थानांतरण नगर पंचायत नरौली, जनपद संभल से नगर पंचायत भारतभारी जनपद सिद्धार्थनगर के लिए हुआ। उसके उपरांत गुरुवार को नगर पंचायत भारतभारी में नगर पंचायत अध्यक्ष चन्द्र प्रकाश वर्मा द्वारा अधिशासी अधिकारी के पद पर कार्यभार ग्रहण कराया गया। इस दौरान अध्यक्ष द्वारा ईओ को प्राचीन शिव मंदिर भारतभारी का चित्र व मोमेंटो देकर स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि रविन्द्र शर्मा, लिपिक विक्रम कुमार, उदयभान अग्रहरि, सुधांशु अग्रहरि, सभासद आकाश पांडेय, मनोज यादव, दुर्गा पासवान, संजीव, करुणेश तिवारी आदि लोगों ने मिलकर बधाई दिया।

## विधायक ने किया बैदोली, बरनिया बांध का निरीक्षण

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विधायक विनय वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ में आगामी बाढ़ की विभीषिका को देखते हुए ग्राम बैदोली, बरैनिया एवं नईढ़र में बांध का भ्रमण कर बाढ़ से पूर्व हो रहे तैयारियों का औचक निरीक्षण एवं अवलोकन किया। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि हमारी कोशिश है कि शोहरतगढ़ विधानसभा क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति पैदा होने पर किसी तरह की कोई क्षति व हानि न हो।



# कोटेदार नहीं बांट रहा राशन ग्रामवासियों ने डीएम से की शिकायत

- भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के भरवठिया मुस्तहकम गांव का है मामला
- उपजिलाधिकारी डुमरियागंज से भी कर चुके हैं शिकायत

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के भरवठिया मुस्तहकम गांव के राशन उपभोक्ताओं ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर जांच कराने की मांग की है। गांव के बृजभान, जय बहादुर, रामगोपाल,रामकेवल, बुधिराम, सोनू, जयकरन, विशाल कन्नौजिया आदि शिकायतकर्ताओं ने राशन डीलर पर राशन वितरण न करने का आरोप लगाते हुए कहा कि भरवठिया मुस्तहकम गांव का कोटेदार राशन उपभोक्ताओं को बीते माह मई- जून का अंगूठा लगवा कर पर्ची निकाल कर दे दिया है, राशन लेने जाओ तो हीला हवाली करता है और बहाना बनाता है। कई दिन दौड़ाने के बाद भी राशन नहीं देता है और कहता है कि हम अनुसूचित जाति के हैं, ज्यादा बोलोगे तो मुकदमे में फसवा देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को शिकायती पत्र दिए हैं, लेकिन अभी तक कोटेदार पर कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे मजबूर होकर जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर को शिकायती पत्र दिए हैं और उक्त कोटेदार द्वारा राशन वितरण में की जा रही धांधली का जांच कर आवश्यक कार्यवाही करवाने की मांग की है। ग्रामीणो का यह भी आरोप है कि पूर्व में राशन ब्लैक के चलते कोटा निलंबित भी हो चुका है। इस संबंध में उपजिलाधिकारी डुमरियागंज डॉ0 संजीव दीक्षित ने बताया कि मामले की विभागीय जांच चल रही है, उचित कार्यवाही की जाएगी।

# नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा के अगुवाई में भाजपाईयों ने राहुल गांधी का पुतला फूंका

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को लेकर दिए गए बयान से आहत भाजपा नेता व नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नीचाफा धर्मराज वर्मा के अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला फूंककर रोष जताया।

गुरुवार को बढ़नीचाफा भाजपा कार्यालय पर भाजपा नेता धर्मराज वर्मा के अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद, राहुल गांधी मुर्दाबाद, राहुल गांधी जनता से माफी मांगे के, गर्व से कहो हम हिन्दू है.. आदि नारों की तख्ती हाथों में लेकर जमकर नारेबाजी की। राहुल गांधी का पुतला फूंकते हुए भाजपा नेता व नगर पंचायत अध्यक्ष बढ़नीचाफा धर्मराज वर्मा ने कहा कि लोकसभा में राहुल गांधी द्वारा अपने बयान में हिंदुओं को हिंसक बताना देश के करोड़ों हिंदुओं का अपमान है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदू समाज को हिंसक बताकर अपने आधे-अधूरे ज्ञान व अपनी तुच्छ, हिंदुत्व विरोधी मानसिकता का परिचय दिया है। उन्होंने कांग्रेस और राहुल गांधी से हिंदुओं का अपमान करने, सदन में झूठी बयानबाजी करने के लिए देश की जनता से माफी मांगने को कहा। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी ने अपने भाषणों में न केवल हिंदुओं का घोर अपमान किया, बल्कि हिंदुओं को हिंसक, नफरती और झूठा बताया हैं। राहुल गांधी ने हिंदुओं को ही हिंसक बताते हुए सदन में हिंदुओं के आराध्य भगवान शिव की तस्वीर को बार-बार दिखाकर 120 करोड़ हिंदुओं की आस्था से खिलवाड़ किया है। उन्होंने राहुल गांधी की संसद की सदस्यता रद्द किए जाने और राहुल गांधी द्वारा समस्त सनातन समाज से माफ़ी मांगने की मांग की। इस दौरान रामनेवास यादव, चंद्रपाल वर्मा, प्रमोद गौतम, राहुल दुबे, अशोक तिवारी, मनोहर लाल गौतम, अशोक वर्मा, राजेश पाल, शिवपूजन वर्मा, जुग्गी लाल पासवान, प्रहलाद गुप्ता, केशवराम यादव, राकेश गौतम, झीनकन गौतम, बहराइची चौहान, तुलसीराम यादव, अमित वर्मा, लवकुश साहू, गुरमिलन प्रजापति, विजय मिश्रा, महेंद्र चौधरी, विकास चौहान, नूरे यादव, यमुना, मलखराम शर्मा, रामसिंह मौर्या, खुर्रम यादव, गुलाबचंद्र, धर्मेन्द्र गौतम आदि सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने किया कोचिंग सेंटर का उद्घाटन

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बढ़नीचाफा नगर बाजार में नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा द्वारा एक कोचिंग सेंटर का उद्घाटन किया गया। गुरुवार को बढ़नीचाफा नगर बाजार में कोचिंग सेंटर का उद्घाटन नगर पंचायत अध्यक्ष धर्मराज वर्मा ने माँ सरस्वती का पूजनकर दीप प्रज्वलित व फीता काटकर किया। धर्मराज वर्मा ने कोचिंग के संचालक बृजलाल मौर्या के शुभकामनाएं देते हुए बताया कि विधानसभा के सबसे आखिरी और पिछड़े गांव में शिक्षा का लौ जलाने के लिया किया गया प्रयास काफी सराहनीय है। इस दौरान उन्होंने कोचिंग सेंटर में अध्ययन करने आनेवाले विद्यार्थियों को उचित शिक्षा हासिल कर अपने माता-पिता व क्षेत्र इस नाम रौशन करने का आह्वान भी किया। इस दौरान भारी संख्या में छात्र- छात्राएं व नगर पंचायत वासी उपस्थित रहे।



## छात्रों को स्वच्छता के तहत किया जागरूक

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास क्षेत्र शोहरतगढ़ के कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय मलगवा में गुरुवार को छात्र- छात्राओं को स्वच्छता कार्यक्रम के तहत साफसफाई के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को हाथ धुलने का तरीका, मलेरिया, डायरिया आदि बीमारी से बचाव का तरीका बताया गया। घर आंगन व विद्यालय परिवेश को स्वच्छ रखने के लिए बच्चों को प्रेरित कर लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए बात कही गई। इस दौरान प्रधानाध्यापिका गायत्री देवी, प्लान इंडिया ब्लॉक ऑफिसर अमन शर्मा, शिक्षक प्रवीण कुमार यादव, कमलेश, नीलम सिंह, वंदना यादव, छाया, कंचनलता मिश्रा, नरेश पाल, जयप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

## सम्पूर्णता अभियान उत्सव भव्य रूप से आयोजित

**अंबेडकरनगर।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में नीति आयोग द्वारा नामित सीनियर कंसलटेंट डॉ. साक्षी खुराना की उपस्थित में जनपद मुख्यालय स्थित लोहिया भवन में 04 जुलाई, 2024 को सम्पूर्णता अभियान उत्सव को भव रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी व नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित व माल्यार्पण कर किया गया। जिलाधिकारी व नीति आयोग के प्रतिनिधि द्वारा विभिन्न विभागों बेसिक शिक्षा विभाग, बाल विकास पुष्टाहार विभाग, पशुपालन विभाग, महिला कल्याण विभाग, उद्यान विभाग, समाज कल्याण विभाग, खादी ग्रामोद्योग, मत्स्य विभाग, पंचायती राज विभाग सहित अन्य विभागों द्वारा लगाए गए स्टालों काअवलोकन किया गया। इसके उपरांत स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल में रक्तदान, उपयोगी मेडिसिन, क्षय रोग, कुष्ठ रोग सहित अन्य स्टालों का भी अवलोकन किया गया।

# आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक विभाग द्वारा नामित श्रीट्रान इंडिया पर करायें रजिस्ट्रेशन : डीएम

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अन्तर्गत प्रथम चरण में वित्तीय वर्ष 2024-25 शैक्षणिक संस्था स्तर पर संचालित दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत समूह 1 में रखे गये पाठ्यक्रमों हेतु आवेदन करने वाले छात्र/ छात्राओं की दैनिक उपस्थिति आधार बेस्ड बायोमेट्रिक/ फेशियल ऑथन्टिकेशन के माध्यम से सम्पादित कराये जाने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न हुई।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा पिछडा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम, दशमोत्तर छात्रवृत्ति तथा पी0एम0 यशस्वी योजनान्तर्गत पारदर्शिता एवं दक्षता में वृद्धि किये जाने दृष्टिगत शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत् तथा योजनान्तर्गत आवेदन करने वाले छात्र/छात्राओं की नियमानुसार दैनिक उपस्थिति की गणना शासन के आई0टी0 एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग द्वारा अधिकृत संस्था श्रीट्रान इण्डिया लि0 के द्वारा संचालित आधार बेस्ड बायोमेट्रिक/फेशियल ऑधन्टिकेशन सिस्टम के माध्यम से सम्पादित कराया जाना तथा शैक्षणिक सत्र 2024-25 में 75 प्रतिशत व उससे अधिक उपस्थिति वाले छात्र/छात्राओं को ही छात्रवृत्ति / शुल्क प्रतिपूर्ति सुविधा अनुमन्य होगी। वित्तीय वर्ष 2025-26 से पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से सम्बन्धित समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में अध्ययनरत् तथा योजनान्तर्गत आवेदन करने वाले छात्र/छात्राओं की दैनिक उपस्थिति की गणना आधार बेस्ड बायोमेट्रिक/ फेशियल ऑथन्टिकेशन सिस्टम के माध्यम से सम्पादित कराया जायेगा। शैक्षणिक सत्र 2024-25 में समूह-1 में जनपद में कुल 6 संस्थान संचालित है जिसमें से केवल 2 (डा0 मिथिलेशमणि त्रिपाठी कालेज ऑफ फार्मेसी गौरागढ़ एवं आर0ए0 इन्स्टीच्यूट ऑफ फार्मेसी, रमवापुर कुर्थिया) संस्थान ही आधार बेस्ड बायोमेट्रिक/फेशियल ऑधन्टिकेशन सिस्टम की कार्यवाही हेतु नामित संस्था श्रीट्रान इण्डिया लिमिटेड से पत्राचार किया गया है शेष 4 संस्थाओं (सिद्धार्थ विश्वविद्यालय, कपिलवस्तु, माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज, सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ शिक्षा प्रशिक्षण संस्थान करौदा मसिना एवं डी0एस0एस0ओ0पी0 फार्मेसी कालेज करौंदा मसिना) द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गयी है। जिलाधिकारी ने समस्त विद्यालयों के प्रबन्धको को निर्देश दिया कि शासन के आई.टी. एवं इलेक्ट्रानिक विभाग द्वारा नामित श्रीट्रान इंडिया पर रजिस्ट्रेशन कराये जिससे छात्रवृत्ति का लाभ प्राप्त हो सके।

# वन महोत्सव सप्ताह के तहत विधायक ने किया पौधरोपण

## बोले, अपनी मां के नाम पर लगाएं एक वृक्ष

अवधनामा संवाददाता



**महराजगंज।** वन महोत्सव के तहत फरेंदा विधायक वीरेंद्र चौधरी ने गुरुवार को खुर्रमपुर बीट के अंतर्गत लेहड़ा जंगल में पीपल, बरगद, पाकड़ तथा आम के पौधों को लगाकर लोगों को वृक्षारोपण के प्रति जागरूक किया। उन्होंने विकास के नाम पर धूंआधार वृक्षों के कटान के सापेक्ष पेड़ों के न लगाएं जाने पर चिंता व्यक्त की।

कहा कि समाज के हर नागरिक को एक वृक्ष जरूर लगाना चाहिए। लोग अपनी मां या परिवार के किसी सदस्य की स्मृति में एक पेड़ जरूर लगाएं। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि वन महोत्सव के वक्त जिस तेजी और अभियान के तहत पेड़ लगाए जाते हैं उस भाव से उसकी रक्षा नहीं की जाती। वन विभाग के अधिकारियों से उन्होंने कहा कि पौधरोपण के बाद उसकी हिफाजत पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। विधायक विरेंद्र चौधरी ने कहा कि किसानों को अपने लगाए पेड़ों की बिक्री और कटान पर थोड़ा सहुलियत मिले तो वृक्षारोपण का उद्देश्य सार्थक हो सकता है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे को सदन में उठाकर सरकार के समक्ष भी रखूंगा। उन्होंने कहा कि पौधे जीवन के लिए जरूरी है। इनसे हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन तो मिलती ही है, साथ में अन्य प्रकार की जीवनोपयोगी वस्तुएं भी प्राप्त होती हैं। इस मौके पर कांग्रेस जिला महासचिव हनुमान प्रसाद कन्नौजिया, मोहम्मद हारून, महुलानी प्रधान महेश शर्मा,शमसुज्जहां रहे। कार्यक्रम मे क्षेत्रीय वन अधिकारी अनुज कुमार, उप क्षेत्रीय अधिकारी अरुण कुमार, वन दरोगा जितेंद्र कुमार, अनिल कुमार सिंह,वन दरोगा एजाज अहमद, वन रक्षक हरिश्चंद चौधरी, राजकुमार वर्मा, दिनेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण तरीके से मनाये मोहर्रम व श्रवणमास का त्योहार : थाना प्रभारी



**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना परिसर में अगामी जगरनाथ स्वामी रथयात्रा मोहर्रम व श्रवणमास को लेकर बृहस्पतिवार को थाना लोटन प्रांगण में धर्म गुरुओं प्रधान व संभ्रांत लोगों के साथ पीस कमेटी की बैठक हुई। थाना प्रभारी अरविन्द मौर्या ने उपस्थित लोगों से कहा कि मोहर्रम को मनाने की परम्परा बहुत पुरानी है आपसी मेल मिलाप भाई चारे के साथ मनाना चाहिए।यह त्योहार दोनों समुदाय के लोग मनाते है और ताजिया बनाते है जुलूस निकालते हैं।इसी तरह हर त्योहार हमें आपसी और भाई चारगी की सीख देता है इस लिए त्योहार मिलजुल कर मनाये। श्रवणमास माह का महीना भी आने वाला है एक दूसरे का सम्मान करना चाहिए कुछ ऐसे भी व्यक्ति होते हैं।जो समाज में विरोध पैदा करवाना चाहते है। ऐसे लोगों से सावधान रहने की आवश्यकता है।अगर कहीं तजिया ले जाने में दिक्कत हो तो उसे बताये उस रास्ते को साफ कराया जाये ताकी दिक्कत न हो और कोई व्यक्ति त्योहारों में अड़चन डालने की प्रयास करेगा पुलिस उसके साथ कड़ाई से निपटेगी। कोई भी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे उसकी सूचना पुलिस फौरन पुलिस को दें। पुलिस आपके साथ है सात जुलाई को लोटन कुटी से जगरनाथ स्वामी रथयात्रा भी निकलेगा आप लोग शांति पूर्वक रथयात्रा निकाले।बैठक में उप निरीक्षक उमेश चन्द उप निरीक्षक उप निरीक्षक रामकुमार यादव, कांस्टेबल हरिराम सिंह कांस्टेबल अबरार अहमद प्रधान पंकज वर्मा, मनोज कुमार, अरबिन्द पाण्डेय, प्रदीप मोदनवाल,अमितेश्वर शुक्ला, महबूब अली, भाल चंद, सीताराम यादव, अंशु शुक्ला गादर खान, दिनेश कुमार मौजूद रहे।

# मात्र परिषदीय विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति शिक्षकों के प्रति अविश्वास का परिचायक

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में तथा शिक्षा और शिक्षक समस्याओं को लेकर पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ का प्रतिनिधि मण्डल जिलाअध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र एवं महामंत्री कलीमुल्लह के नेतृत्व में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और वित्त एवं लेखाधिकारी को 11 सूत्रीय ज्ञापन देकर समस्या के समाधान की मांग की। जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र मिश्र ने कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था शिक्षकों के सेवा शर्तो के विरुद्ध है, किसी भी विभाग में ऑनलाइन उपस्थिति की व्यवस्था नहीं है, मात्र शिक्षकों पर यह व्यवस्था लागू करना शिक्षकों के प्रति अविश्वास एवं सौतेलेपन का परिचायक है। शिक्षकों को मध्यान्ह भोजन हेतु तेल, मसाला, सब्जी, गैस सिलेंडर लेने, वाहन की खराबी, सड़क जाम, प्रतिकूल मौसम, भौगोलिक स्थिति, अचानक तबियत खराब होने आदि के कारण विद्यालय पहुंचने में कभी कभी थोड़ा विलम्ब अगर होगा तो अध्यापक पूरे दिन अनुपस्थित मान लिया जायेगा। इससे शिक्षकों के मध्य तनाव और अवसाद की स्थिति उत्पन्न होगी, और जल्दबाजी में विद्यालय पहुंचने के चक्कर में दुर्घटनाओ के घटित होने की संभावनाएं भी अधिक होंगी। महामंत्री कलीमुल्लह ने कहा कि पदोन्नति सम्बन्धी मामला न्यायालय से निस्तारित हो चुका है, इसलिए पूर्व माध्यमिक विद्यालयों में प्रधानाध्यापक और सहायक अध्यापक के पद पर यथाशीघ्र पदोन्नति करके प्रत्येक विद्यालय में कम से कम तीन अध्यापक की अनिवार्य रूप से व्यवस्था की जाय। शिक्षकों का चयन और प्रोन्नति वेतनमान भुगतान सम्बन्धी कार्यवाही गत वर्षो से लम्बित है, चयन और प्रोन्नति वेतनमान भुगतान का आदेश किया जाय। तथा कम नामांकन वाले विद्यालय के शिक्षकों का वेतन बाधित न किया जाए, उन्हें सितंबर 2024 तक छात्र नामांकन बढ़ाने का अवसर दिया जाए। जिले के 11 विकास क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का सत्र 2018-19 का 50 प्रतिशत निःशुल्क ड्रेस का बकाया का पैसा अभी तक नहीं मिला है, उसे उपलब्ध कराई जाय। जनपद के कई वरिष्ठ अध्यापक अपने कनिष्ठ अध्यापकों से कम वेतन पा रहे है, वित्त नियंत्रक महोदय के द्वारा दिए गए मार्गदर्शन के क्रम में 22-बी के तहत वरिष्ठ अध्यापकों के वेतन को संशोधित कर, कनिष्ठ शिक्षकों के समान वेतन भुगतान किया जाए। मंहगाई के हिसाब से मध्यान्ह भोजन का परिवर्तन लागत उपलब्ध कराई जाये तथा रसोइयों के मानदेय का समय से भुगतान किया जाय। जनपद के अन्दर 2013 से ही स्थानांतरण और समायोजन नही हुए। स्थानांतरण/समायोजन का आदेश हो चुका है। प्रत्येक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में पदोन्नति/ स्थानांतरण/ समायोजन आदि के माध्यम से छात्र और शिक्षक के अनुपात को पूरा किया जाए। शिक्षकों का अभी तक जीपीएफ पासबुक व लेखा पर्ची नही बना है। जिससे जीपीएफ कटौती के वास्तविक धनराशि की किसी अध्यापक को कोई जानकारी नहीं है। सेवानिवृत्ति के समय मनमाने तरीके से जीपीएफ का भुगतान कर दिया जाता है, जीपीएफ पासबुक और लेखा पर्ची बनाकर सभी शिक्षकों को उपलब्ध कराई जाए।

# पुण्यतिथि पर याद किए गए स्वामी विवेकानन्द



मंदिर चौराहा स्थित स्वामी विवेकानन्द जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** स्वामी विवेकानन्द को उनकी 122वीं पुण्य तिथि पर याद किया गया। गुरुवार को मंदिर चौराहा स्थित स्वामी विवेकानन्द जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर नमन व श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कायस्थ महासभा डुमरियागंज तहसील अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव उर्फ पप्पू श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके संदेश युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं। विनोद श्रीवास्तव ने कहा कि विवेकानंद ने अमेरिका के शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में ऐतिहासिक भाषण दिया और अपने ओज पूर्ण भाषणों से युवाओं में काफी लोकप्रिय भी हुए। उनका बेहद साधारण जीवन और उनके महान विचार सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। नई पीढ़ी को स्वामी जी के विचारों से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर कायस्थ महासभा डुमरियागंज तहसील उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश श्रीवास्तव, महामंत्री छोटे श्रीवास्तव, डॉ रवि शंकर श्रीवास्तव, ग्राम प्रधान विष्णु श्रीवास्तव, मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव, आलोक श्रीवास्तव, अमरेंद्र तिवारी, सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, अंशु, संजय श्रीवास्तव, मुकेश, रमन श्रीवास्तव, राम शंकर गोंड, अनूप आदि मौजूद रहे।

## छाया प्रधानमंत्री

नेता प्रतिपक्ष शेडो प्रधानमंत्री होता है। क्योकि वह प्रमुख समितियों और महत्वपूर्ण नियुक्तियों में सहभागी होता है। राहुल गांधी पहली बार सदन में कोई जिम्मेदारी भरा पद सभालेगे। प्रधानमंत्री के गतिविधियों पर बारीकी नजर रख छाया की भांति पीछा करते रहेगे। नेता प्रतिपक्ष अपने को सिर्फ समितियों के नियुक्त्यिों तक अपने को सीमित नहीं रखता है। पिछ्ले दस साल से यह पद खाली था। राहुल को पार्टी के बाहर पहली बार कोई महत्वपूर्ण पद मिला है। जनता के हित और देश का हित बढ़ाने में सत्तापक्ष के साथ मिलकर रचनात्मक भूमि निभानी चाहिये। विरोध के नाम पर नेता प्रतिपक्ष के नाम पर सत्ता पक्ष के प्रस्तावों और बातों का आंखमूद कर विरोध करना उसकी नासमझी गिनी जाती है।

उम्मीद है नौजवान राहुल इस सदन में नया प्रतिमान गढ़ेगे जनता सरकार देश की गति में सक्रिय भूमिका अपने रचनात्मक सुझावों द्वारा अपनायेंगे। विपक्ष को पूरी तरह अपनी तरफ लामबन्द करके रक्खेगे। नौजवानों को उनसे बड़ी आशायें है। प्रधानमंत्री के रूप में मोदी उनके लिये बहुत टफ साबित होगे। क्योंकि देश और विदेश में उनका प्रभामन्डल काफी बड़ा है। पर जहां 2 और 2 को राहुल चार कहेगे वहां प्रभामन्डल क्या करेगे। यानी असरदार रचनात्मक और कनविन्सिग कदम उठायेगे तो उसका कोई काट नहीं होगा। प्रतिपक्ष के अन्य नेताओं को उन्हें गम्भीरता से लेना होगा और बोलने का उन्हें उचित अवसर देना होगा। अगर विरोध पक्ष द्वारा विरोध के नाम पर अव्यवस्था फैलाना, तोड़फोड़ करना स्पीकर के आसन तक पहुंच जाना। रोक सकेगे तो संसद और संसदीय प्रणाली के लिये उनका यादगार अमूल्य सुनहरा योगदान होगा। राहुल का आगे के लिये प्रधानमंत्री की दवेदारी भी मजबूत होकर उभरेगी। दस साल बाद कांग्रेस को कुछ महत्वपूर्ण कर अपनी इमेज बनाने का यह सुनहरा मौका होगा। उन्हें परिवार, खरगे, जयराम रमेश की छाया से भी मुक्त होना होगा। जिससे लगे उनका स्वतन्त्र असित्व है। साथ लेकर चलना ही पार्टी नेता का दायित्व होता है। इस समय कांग्रेस में शक्ति के तीन केन्द्र है। सभी को समाहित कर एक धारा में लाना होगा। राहुल को संसद के अन्दर और बाहर दोनो जगह रचनात्मक प्रभावकारी लोगो को स्वीकार्य कदम अपनाना पड़ेगा। नया खून, नवी उम्र, नया दिमाग सभी कुछ उनके पक्ष में है। देश तो चाहता है सक्षम और कुशल प्रतिपक्ष उभरे प्रधानमंत्री से सहयोग बना कर काम करे क्योंकि दोनो का मकसद एक ही है। राहुल को शुभ कामनाओं के साथ बधाई।

## रूस, चीन और नॉर्थ कोरिया के तानाशाहों से अनेक देशों को खतरा

पूरा विश्व तीन देशों चीन, रूस और उत्तरी कोरिया के सनकी तानाशाहों के चलते पूरा विश्व युद्ध की आशंका से ग्रसित हैं। रूस यूरोपीय देश और यूक्रेन के साथ युद्ध में उसे तहस-नहस करने पर आमादा है और रूस ने यहां तक कह दिया है कि यदि अमेरिका ब्रिटेन सहित यूरोपीय देश यूक्रेन का खुलकर साथ देंगे तो वह परमाणु हमला भी कर सकता है। उधर चीन ताइवान को अपने देश का अभिन्न अंग मानता है दूसरी तरफ ताइवान अपने को स्वतंत्र राष्ट्र की तरह मान्यता देता है और अमेरिका यूक्रेन तथा देश को खुलकर मदद देने के लिए कटिबद्ध है, उधर नॉर्थ कोरिया अपनी विस्तारवादी सनक को लेकर साउथ कोरिया पर कब्जा जमाना चाहता है और साउथ कोरिया की अमेरिका से दोस्ती उसको फूटी आंखों नहीं भाती है। रूस,चीन और नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग,व्लादिमीर पुतिन,सी जिन पिंग समय-समय पर अपने विरोधियों और विरोधी नागरिकों को मौत के घाट उतारने से भी नहीं चुकते हैं। आपको याद होगा कि रूस में व्लादिमीर पुतिन ने अपने विद्रोही कमांडर की हत्या करवा दी थी और उसे सामान्य मौत का रूप दे दिया था इसी तरह शी जिनपिंग ने अपने विरोधियों की कई हत्याएं की है। इसी तरह नॉर्थ कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन आजकल अपनी सनक की चरम सीमा पर है। नॉर्थ कोरिया की न्यूज़ एजेंसी के अनुसार उत्तर कोरिया के तानाशाह ने एक बार फिर अपनी सनक के चलते एक नौजवान की जान ले ली,इस नौजवान को जिसकी उम्र 22 साल थी सरेआम मौत की घाट उतार दिया,उसका जुर्म सिर्फ इतना था कि वह साउथ कोरिया देश के लोकप्रिय संगीत को सुन रहा था आरोप लगाया गया था कि उसने साउथ कोरिया के पॉप संगीत और फिल्में देखकर उत्तर कोरिया के सख्त कानून को तोड़ा है। इसी तरह एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हुंग प्रांत के रहने वाले इस नौजवान को दक्षिण कोरिया के लगभग 70 गाने सुनने और तीन मशहूर फिल्मों को देखने का गुनहगार बताया गया और उसे मौत की सजा दे दी गईद्य युवक की हत्या से उत्तर कोरिया के नागरिकों बीच काफी निराशा तथा विद्रोह के स्वर मुखर हुए हैंद्य उल्लेखनीय है कि नॉर्थ कोरिया के पुलिस वाले अक्सर नागरिकों के मोबाइल को चेक कर यह देखते हैं कि उनमें बजने वाला वाला संगीत किस तरह का है और यदि वह प्रतिबंधित संगीत या फिल्म देखते हैं तो उन्हें बहुत कड़ी सजा दी जाती है। इसके अलावा उत्तर कोरिया में दुल्हनों को सफेद ड्रेस पहनना, दूल्हे को दुल्हन को साथ ले जाना, धूप का चश्मा लगाना एवं शराब पीने के लिए कांच के गिलास का इस्तेमाल करना अपराध है और इसके उल्लंघन में कड़ी से कड़ी सजा दी जाती है. नॉर्थ कोरिया की तानाशाह की सड़क चरम सीमा पर पहुंच गया है. उत्तर कोरिया में 2020 में रिएक्शनरी आईडियोलॉजी एंड कल्चर कानून बनाया गया जिसके तहत कई सामान्य चीजों को प्रतिबंधित कर दिया गया दक्षिण कोरिया के किसी भी संगीत पर बैन लगा दिया गया इसी तरह अन्य आवश्यक गतिविधियों पर भी कठोर कानून बनाए गए हैं। उत्तर कोरिया में खानपान तथा पहनावे को लेकर भी बेहद कड़े कानून है यहां कोई भी व्यक्ति चिपकी हुई जींस नहीं पहन सकता है एवं हर तरह के अपने मन माफिक हेयर स्टाइल भी नहीं रख सकता और विदेशी भाषा में लिखें टी-शर्टो पर भी प्रतिबंध है। उत्तर कोरिया के नागरिकों को दक्षिण कोरिया की संस्कृति संगीत और ड्रामा बहुत पसंद आता है पर यह बात उत्तर कोरिया की तानाशाह को अपने विरोध में नजर आती है और वह इसे अपनी चुनौती मानता है इसलिए उसने इन सब गतिविधियों पर कड़े कानून एवं प्रतिबंध लगा दिए हैं. इन प्रतिबंधों के नियमों के उल्लंघन में वह नागरिकों को मौत की सजा देने से भी परहेज नहीं करता है। उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग उन अपनी सनक के चलते लगातार परमाणु परीक्षण भी किया जा रहा है। नॉर्थ कोरिया, रूस तथा चीन के साथ मिलकर अमेरिका तथा यूरोपीय देशों के लिए बड़ा खतरा बन चुका है वह केवल सेवा के दम पर उत्तर कोरिया में राज कर रहा है वहां की जनता त्राहि त्राहि करने लगी है। अब वहां भी विद्रोह के स्वर सुनाई देने लगे हैं। यह तो तय है कि रूस चीन और नॉर्थ कोरिया में जब भी वहां के आम नागरिकों को मौका लगेगा वह विद्रोह कर इन लोगों को अपदस्त करने से नहीं चूकेंगे। नॉर्थ कोरिया में तानाशाह अपने आपको भगवान घोषित कर चुका है और रूस के तानाशाह लगातार पांचवीं बार जीत कर अपने आप को सबसे बड़ा शासक निरूपित करने में लगे हैं हालांकि यूक्रेन के साथ युद्ध में रूस के अरबो रुपए और लाखों लोग जान गंवा चुके हैं फिर भी इनका तानाशाह रूप और सनक कम नहीं हो रही है और यही कारण है कि एशिया के कई देशों सहित अमेरिका, ब्रिटेन कनाडा फ्रांस एवं अन्य देश परमाणु युद्ध की आशंका से ससंकित है क्योंकि यदि रूस या नॉर्थ कोरिया अपना परमाणु हथियार इस्तेमाल करतें है तो वह किसी एक देश के खिलाफ नहीं होगा बल्कि वह कई अन्य देशों को अपनी लपेट में लेकर लाखों लोगों की जान ले सकता है ऐसे में तीनों तानाशाहों को रोकने और नियंत्रित करने में भारत के रुस एवं यूक्रेन से अच्छे संबंधों के चलते भूमिका काफी महत्वपूर्ण हो जाती है।



संजीव ठाकुर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व उन महान शिक्षकों और गुरुओं को समर्पित है, जो हमारे भविष्य का निर्माण करते हैं। एक गुरु या शिक्षक वह होता है जो हमारे जीवन में एक मार्गदर्शक की तरह काम करता है, जो हमें हमारी बेहतरी के लिए सही रास्ते पर ले जाता है। अतः गुरु पूर्णिमा के दिन उनकी पूजा की जाती है। हिंदू वैदिक प्रमाणों के अनुसार, गुरु पूर्णिमा वेद व्यास के जन्म पर मनाई जाती है। वेद व्यास को भारतीय दर्शन में सबसे महान गुरुओं में से एक के रूप में जाना जाता है। वह गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक है। यह भी माना जाता है कि उन्होंने गुरु पूर्णिमा के दिन ब्रह्म सूत्रों को पूरा किया था।

# आस्था की पराकाष्ठा है गुरु पूजन की परम्परा

गुरु पूर्णिमा प्रत्येक वर्ष आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। भारत के हर गाँव-शहर में शिष्य अपने गुरुओं के प्रति अगाध प्रेम का प्रदर्शन करते हैं। गुरु के चरणों में अपना सर्वस्व समर्पण करने के लिए तत्पर रहते हैं। इस दिन शिष्य अपने गुरु की विशेष पूजा करते हैं, यथाशक्ति दक्षिणा, पुष्प, वस्त्र आदि भेंट करते हैं एवं शिष्य इस दिन अपने सारे अवगुणों को गुरु को अर्पित कर देते हैं। बहुत से लोग इसी दिन गुरु नाम धारण करते हैं तथा गुरु दीक्षा लेते हैं। गुरु पूर्णिमा दिवस के महत्व को समझते हुए कोई भी व्यक्ति किसी विद्वान गुरु से गुरु दीक्षा ले सकते हैं, जो आपके जीवन में किसी भी अवसर पर आपका मार्गदर्शन करने में समर्थ हो। अधिकतर स्थानों पर गुरु पूर्णिमा के दिन भक्त उपवास रखते हैं और भगवान विष्णु और चंद्र देव से समृद्धि और खुशी के लिए प्रार्थना करते हैं। इस शुभ दिन पर, लोग देवी लक्ष्मी और भगवान विष्णु को समर्पित मंदिरों में जाते हैं और सत्यनारायण व्रत रखते हैं। वैदिक शास्त्रों के अनुसार आदि गुरु शंकराचार्य जी को सर्व जगत का गुरु माना गया है। इस दिन शंकराचार्य जी का भी पूजन कर सकते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में इस पूर्णिमा को आषाढ़ पूर्णिमा, व्यास पूर्णिमा और वेद व्यास जयंती के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन ऋषि वेद व्यास की याद और श्रद्धा के लिए भी मनाया जाता है। शास्त्रों में यह भी कहा जाता है कि गुरु पूर्णिमा के दिन ही महर्षि वेदव्यास ने चारों वेद की रचना की थी और इसी कारण से उनका नाम वेद व्यास पड़ा।



डॉ उमेश प्रताप वत्स

हिंदू धर्म के धार्मिक शास्त्रों में गुरु पूर्णिमा के उत्सव को न केवल महत्वपूर्ण माना जाता है, बल्कि पवित्र भी माना जाता है। सदियों पुरानी संस्कृति में गुरु को जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा माना गया है और इसलिए समाज व इसकी निर्माण प्रक्रिया में गुरु एक अभिन्न अंग है। गुरु ब्रह्मा, गुरु विष्णु, गुरु देवो महेश्वराः, गुरु साक्षात परम ब्रह्मा, तस्मै श्री गुरुवे नमः। अर्थात् हे गुरु, आप देवताओं के समान हैं। आप ही ब्रह्मा, विष्णु और शिव शंभू है , आप देवताओं के देवता परम ब्रह्मा है। हे गुरुवर मैं नतमस्तक होकर आपको नमन करता हूँ।

उल्लेखनीय है गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व उन महान शिक्षकों और गुरुओं को समर्पित है, जो हमारे भविष्य का निर्माण करते हैं। एक गुरु या शिक्षक वह होता है जो हमारे जीवन में एक मार्गदर्शक की तरह काम करता है, जो हमें हमारी बेहतरी के लिए सही रास्ते पर ले जाता है। अतः गुरु पूर्णिमा के दिन उनकी पूजा की जाती है। हिंदू वैदिक प्रमाणों के अनुसार, गुरु पूर्णिमा वेद व्यास के जन्म पर मनाई जाती है। वेद व्यास को भारतीय दर्शन में सबसे महान गुरुओं में से एक के रूप में जाना जाता है। वह गुरु-शिष्य परंपरा का प्रतीक है। यह भी माना जाता है कि उन्होंने गुरु पूर्णिमा के दिन ब्रह्म सूत्रों को पूरा किया था। सनातन परंपरा के अनुसार माता को प्रथम गुरु, पिता को दूसरा गुरु माना गया है तथा जीवन की शिक्षा देने वाले महानुभव को तीसरा गुरु माना गया है। माता-पिता हमारे जीवन के प्रारम्भिक शिक्षक होते हैं, और इस प्रकार भारतीय संस्कृति भी माता-पिता को गुरु मानती है। प्राचीन काल में बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए गुरुकुल में भेजा जाता था जहां उन्हें यज्ञोपवीत पहनाया जाता था। यज्ञोपवीत के तीन धागे माता, पिता एवं गुरु के सम्मान का ही प्रतीक है। गुरुकुल में उन्हें विभिन्न विषयों की शिक्षा दी जाती थी। गुरु उन्हें जीवन में सही दिशा खोजने में मदद करता था।



गुरुकुल पद्धति में गुरु दक्षिणा का महत्व बहुत अधिक माना गया है। गुरुकुल में शिक्षा ग्रहण करने के बाद जब अंत में शिष्य अपने घर जाता है तब उसे गुरु दक्षिणा देनी होती है। गुरु दक्षिणा का अर्थ कोई धन-दौलत से नहीं है। यह गुरु के ऊपर निर्भर है कि वह अपने शिष्य से किस प्रकार की गुरु दक्षिणा की मांग करें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरू दक्षिणा कार्यक्रम छः उत्सव में से एक है। संघ स्वयं में ऐसा एकमात्र समाजसेवी संगठन है जो आर्थिक तौर पर आत्मनिर्भर है और किसी दूसरे से चंदा नहीं लेता। संघ के स्वयंसेवक वर्ष में एक बार अपनी शाखा पर समर्पण भाव से भगवा ध्वज के समक्ष दक्षिणा करते हैं, जिसे गुरु दक्षिणा कहा जाता है। हिंदू कैंलेडर के अनुसार आरएसएस का व्यास पूर्णिमा से रक्षाबंधन एक महीने तक गुरू दक्षिणा का कार्यक्रम चलता है। इस दौरान स्वयंसेवक संघ में गुरू माने जाने वाले भगवा ध्वज के सामने यह समर्पण राशि रखते हैं। इसे गुप्त रखा जाता है यानी दक्षिणा की राशि और देने वाले का नाम सार्वजनिक नहीं किया जाता, लेकिन हर एक पैसे का पूरा हिसाब रखा जाता है। संघ सबसे कम खर्च से चलने वाला समाजसेवी संगठन है, शाखा चलाने के लिए क्या चाहिए सिर्फ़ एक डंडा और एक झंडा। डॉ. हेडगेवार ने शाखा के प्रचारकों और पदाधिकारियों को सादगी से चलने पर जोर दिया था। आमतौर पर वे प्रवास के दौरान संघ कार्यालयों या संघ से जुड़े लोगों के घरों पर ही रुकते हैं। अर्थात् गुरुपूजन की समर्पण राशि का उपयोग व्यक्तिगत न होकर संगठन के विस्तार के लिए ही किया जाता है। किसी भी संगठन के खत्म होने, कमजोर होने या भ्रष्ट होने का सबसे बड़ा कारण आर्थिक तौर पर दूसरों या सरकारों पर निर्भर होना होता है, लेकिन डॉ. हेडगेवार ने संघ को आत्म निर्भर बनाया और इसके लिए गुरू दक्षिणा की परपंरा शुरू की।

भारतीय इतिहास गुरु-शिष्य की प्रेरणादायी कहानियों से ओत-प्रोत है। गुरु दक्षिणा के स्मरणीय, अनुकरणीय उदाहरण गुरु-शिष्य के पावन संबंध को ओर भी अटूट, प्रगाढ़ कर जाते हैं। भगवान राम ने भ्राता लक्ष्मण के साथ जब गुरुकुल की शिक्षा पूर्ण करने के बाद गुरु को दक्षिणा देनी चाही तो गुरु विश्वामित्र ने कहा कि हे राम! ऋषि-मुनि असुरों के अत्याचारों से बहुत ही व्यथित हैं तो राम ने दक्षिणा के रूप में संकल्प लिया कि निश्चर हीन करूं मही को अर्थात् मैं संकल्प लेता हूँ कि धरती को असुरों से वंचित कर दूंगा। एक बार बारिश की गर्जना में गुरु जी अपने 2-3 शिष्यों के साथ आश्रम के कार्य से बाहर गये और खेतों में सुरक्षा के लिए बालक आरुणि को दायित्व देकर चले गए। वापिस लौटे तो रात हो चुकी थी। आरुणि के दिखाई न दिये जाने पर उन्होंने खेत में जाकर आरुणि को पुकारा। वह वर्षा में खेत की मेंढ टूट जाने पर स्वयं वहां लेट गया जिस कारण आरुणि से ठंड के मारे बोला तक नहीं जा रहा था । आरुणि ने किसी प्रकार अपने गुरुदेव की पुकार का उत्तर दिया। महर्षि ने वहाँ पहुँचकर उस आज्ञाकारी शिष्य को उठाकर हृदय से लगा लिया, आशीर्वाद दिया- पुत्र आरुणि! तुम्हें सब विद्याएँ अपने-आप ही आ जाएँ। गुरुदेव के आशीर्वाद से आरुणि विद्वान हो गये। यह उनकी सच्ची गुरु दक्षिणा का प्रतिफल था। इसी तरह कृष्ण व बलदेव ने संदीपनि के आश्रम में कुछ ही महीनों में समस्त प्रकार की विद्या ग्रहण कर शिक्षा समाप्त कर दी। जब गुरु दक्षिणा देने की बारी आई तो ऋषि सांदीपनि ने कृष्ण से अपने पुत्र की मृत्यु के बारे में बताया। उनके जिस पुत्र को समुद्र में एक मगर निगल गया था, उसी को ला देने की बात कृष्ण से कही। कृष्ण ने अपने गुरु को पुत्र के लिए आर्त्त देखकर उनका पुत्र ला देने की प्रतिज्ञा की और कृष्ण-बलराम ने यमपुर जाकर यमराज से उनके पुत्र को वापस लाकर दिया।

# रामविलास पासवान दलित महानायक एवं विकासपुरुष थे

बिहार की राजनीति में चमत्कार घटित करने वाले, भारतीय दलित राजनीति के शीर्ष नेता एवं पूर्व केन्द्रीय खाद्य आपूर्ति मंत्री श्री रामविलास पासवान का जीवन राजनीति में नये मूल्यमानक गढ़ने का प्रेरक रहा है जिन्होंने राजनीति में पाँच दशकों से भी ज्यादा समय तक सक्रिय रहकर विधायक, सांसद और केंद्रीय मंत्री तक की जिम्मेवारी बखूबी निभाई थी। पासवान को एक ऐसा नेता माना जाता है जिन्हें हर धर्म और समुदाय के लोगों का प्यार व समर्थन हासिल हुआ और वे देश में विकास पुरुष के तौर पर जाने गए। मंडल आयोग की सिफ़ारिशों को लागू के में पासवान की अहम भूमिका रही। उनके रेलमंत्रित्व काल में बिहार में कई परियोजनाएं शुरू हुई और जिस भी मंत्रालय में वे रहे, उनकी चिंताओं के केंद्र में हमेशा गरीब-गुरबा और हाशिए पर रहनेवाले लोग ही रहे। रामविलास पासवान का जीवन दलित सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का एक जीवंत दस्तावेज़ है। 5 जुलाई 2024 को उनका 78वां जन्म जयन्ती समारोह राष्ट्रीय स्तर पर मनाया जा रहा है।



ललित गर्ग

> श्री रामविलास पासवान का राजनीति जीवन अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं का समवाय रहा है। उन्होंने 11 बार चुनाव लड़ा और उनमें से नौ बार जीत हासिल की थी। वे सत्रहवीं लोकसभा में मोदी सरकार में एक बार फिर से उपभोक्ता मामलात मंत्री बने। बिहार में कभी बड़ी ताकत नहीं बन पाए पासवान ने दिल्ली की राजनीति में खुद को एक ताकत बनाए रखा और तीन दशकों तक देश के विभिन्न प्रधानमंत्रियों की जरूरत बने रहे। विश्वनाथ प्रताप सिंह, एच डी देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, अटल बिहारी बाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की सरकारों में भी अहम पदों पर रहे। भारतीय राजनीति के इस जुझारू एवं जीवट वाले नेता ने राजनीति में कर्मयोगी की भांति जीवन जीया।

रामविलास पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी की वर्ष 2000 में स्थापना की एवं संयुक्त सोशलिस्ट पार्टी से उनका राजनीति सफर शुरु हुआ। वे अकेले ऐसे राजनीतिक व्यक्तित्व थे जिन्हें अनेक प्रधानमंत्रियों के साथ काम करने का मौका मिला और वे दो बार लोकसभा में सदन के नेता भी रहे। उन्होंने 1977 में हाजीपुर से रिकॉर्ड मतों से चुनाव जीत कर एक अनूठा इतिहास बनाया। उन्होंने दलितों से लेकर सर्वहारा वर्ग के लिये हमेशा आगे बढ़कर एक कर्मयोद्धा की भांति लड़ाई लड़ी। 1969 से अपना राजनीतिक सफर शुरु करने वाले रामविलासजी ने जेपी आन्दोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और फायरब्रांड समाजवादी के रूप मे उभरे। वे वंचित वर्गों की आवाज मुखर करने वाले तथा हाशिए के लोगों के लिए सतत संघर्षरत रहने वाले जनसेवक थे। उनका जीवन राजनीति में न केवल दलितों-वंचितों के उन्नायक महानायक बल्कि उच्च चारित्रिक एवं नैतिक मूल्यों का प्रेरक था।

पासवानजी का जन्म बिहार के खगरिया जिले के अलौली प्रखंड के शाहरबन्नी गाँव में हुआ। अनुसूचित जाति के परिवार में पिता जामुनजी पासवान एवं माता सियादेवी की कुक्षी से आपका जन्म 5 जुलाई, 1946 को हुआ। उन्होंने 1960 के दशक में राजकुमारी देवी से पहली शादी की जिसे 1981 में तलाक दे दिया था। उनकी पहली पत्नी राजकुमारी से उषा और आशा दो बेटियां हैं। 1983 में, अमृतसर से एक एयरहोस्टेस और पंजाबी हिन्दू रीना शर्मा से दूसरा विवाह किया। जिससे उनके एक बेटा और बेटी है। उनके बेटे चिराग पासवान एक अभिनेता से राजनेता बने हैं, वर्तमान में लोजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष है और हालही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल कर वे अपने पिता के पदचिन्हों पर चलते हुए केन्द्रीय खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'हनुमान' के रूप में वे उनके विश्वासपात्र है।




श्री रामविलास पासवान का राजनीति जीवन अनेक विशेषताओं एवं विलक्षणताओं का समवाय रहा है। उन्होंने 11 बार चुनाव लड़ा और उनमें से नौ बार जीत हासिल की थी। वे सत्रहवीं लोकसभा में मोदी सरकार में एक बार फिर से उपभोक्ता मामलात मंत्री बने। बिहार में कभी बड़ी ताकत नहीं बन पाए पासवान ने दिल्ली की राजनीति में खुद को एक ताकत बनाए रखा और तीन दशकों तक देश के विभिन्न प्रधानमंत्रियों की जरूरत बने रहे। विश्वनाथ प्रताप सिंह, एच डी देवगौड़ा, इंद्रकुमार गुजराल, अटल बिहारी बाजपेयी, मनमोहन सिंह और नरेंद्र मोदी की सरकारों में भी अहम पदों पर रहे। भारतीय राजनीति के इस जुझारू एवं जीवट वाले नेता ने राजनीति में कर्मयोगी की भांति जीवन जीया। यह सच है कि वे बिहार के थे यह भी सच है कि वे लोजपा के थे किन्तु इससे भी बड़ा सच यह है कि वे राष्ट्र के थे, राष्ट्रनायक थे। देश की राजनीति में वे दुर्लभ एवं संवेदनशील व्यक्तित्व थे। गरीबों, वंचितों, दलितों की आवाज बनने वाले इस विलक्षण राजनेता के व्यक्तित्व एवं कृतित्व की अनेक विशेषताएं थी, वे उदात्त संस्कार, लोकजीवन से इतनी निकटता, इतनी सादगी-सरलता, इतना धर्म-संस्कृतिप्रेम और इतनी सचाई ने उनके व्यक्तित्व को बहुत और बहुत ऊँचा बना दिया था। वे अन्तिम साँस तक देश की एवं दलितों-वंचितों की सेवा करते रहे। उनका निधन एक राष्ट्रवादी सोच की राजनीति एवं सर्वहारा वर्ग के मसीहा महानेता का अंत था। वे सिद्धांतों एवं आदर्शों पर जीने वाले व्यक्तियों की श्रृंखला के प्रतीक थे। उनके जीवन को राजनैतिक जीवन में शुद्धता की, मूल्यों की, संस्कृति की, दलित राजनीति की, सर्वहारा वर्ग के लिये संघर्ष की, सिद्धांतों पर अडिग रहकर न झुकने, न समझौता करने की प्रेरकता का विलक्षण एवं अनुकरणीय उदाहरण था। वे सदा दूसरों से भिन्न रहे। भ्रष्ट राजनीति में बेदाग। विचारों में निडर। टूटते मूल्यों में अडिग। घेरे तोड़कर निकलती भीड़ में मर्यादित। उनके जीवन से जुड़ी विधायक धारणा और यथार्थपरक सोच ऐसे शक्तिशाली हथियार थे जिसका वार कभी खाली नहीं गया। बिहार के लिए सचमुच वे 'राम' यानी सबके प्रिय एवं चेहते थे। एक युवा नेता के रूप में उन्होंने आपातकाल के दौरान अत्याचार और लोकतंत्र पर हमले का सशक्त एवं प्रभावी विरोध करते हुए अपनी स्वतंत्र राजनीतिक सोच एवं दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया।

जरूरतमंदों की सहायता करते हुए, नये राजनीतिक चेहरों को गढ़ते हुए, मुस्कराते हुए और हंसते हुए छोटों से स्नेहपूर्ण व्यवहार और हम उम्र लोगों से बेलौस हंसी-मजाक करने वाले श्री रामविलास पासवान की जिंदगी प्रेरक, अनूठी एवं विलक्षण इस मायने में मानी जाएगी कि उन्होंने जिंदगी के सारे सरोकारों को छुआ। वह राजनेता थे तो उन्होंने दलित-वंचितों के लिये आवाज उठाई, सर्वहारा वर्ग की चिन्ता की, उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ी। उनका दृष्टिकोण व्यापक था और दलित हितों से प्रतिबद्ध था। वे दलित आंदोलनकारी और राजनीतिक घटनाक्रमों के सूत्रधार भी रहे। क्रांतिकारियों व वरिष्ठ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सरोकारों से भी वे हमेशा जुड़े दिखे। बड़े व व्यस्त राजनेता होने के बावजूद विभिन्न धर्मों एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सहज भागीदारी- उनके जीवन के विविध आयाम थे। जितना वे दलित हित की चिन्ता करते उतनी ही आदिवासी उत्थान के लिये तत्पर रहते। गुजरात के बडौदा-छोटा उदयपुर के आदिवासी क्षेत्रों में गणि राजेन्द्र विजयजी के नेतृत्व में एवं सुखी परिवार फाउण्डेशन के द्वारा संचालित गतिविधियों में उनका भरपूर सहयोग मिला। बिहार में जैन तीर्थकरों की कल्याण भूमि को लेकर उनके मन में बड़ी योजना थी। बिहार के जैन तीर्थकरों के सरोकारों, संस्कृति और इतिहास से जुड़ा शायद ही कोई पहलू ऐसा रहा हो जो उनके दिलों की धड़कन में न धड़कता रहा हो। उनकी गिनती बिहार की मिट्टी से जुड़े कद्दावर नेताओं में थी और उनके सभी दलों के साथ अच्छे संबंध थे। रामविलास पासवानजी बहुत ही जुझारू नेता थे, सभी के प्रति उनका भाव हमेशा सृजनात्मक रहा, यही उन्हें दूसरों से हमेशा अलग बनाता रहा। उनका रूख हमेशा सकारात्मक राजनीति के प्रति रहता था।

# गांव तक सड़क पहुंची मगर परिवहन की सुविधा नहीं

हमारे देश में पिछले कुछ दशकों में जिन बुनियादी ढांचों पर सबसे अधिक ज़ोर दिया गया है, उसमें सड़क प्रमुख है। वर्ष 2000 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के लांच होने के बाद से गांव के सड़कों की स्थिति में काफी सुधार आया है। इसका सीधा असर ग्रामीण जनजीवन और अर्थव्यवस्था पर देखने को मिलता था। हालांकि पीएमजीएसवाई योजना के अमल में आने के बाद से गांव की सड़कें उन्नत तो गई लेकिन कुछ गांवों में परिवहन की सुविधा की कमी के कारण ग्रामीणों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। बिहार के प्रसिद्ध गया ज़िले का कैशापी पुरानी डिह गांव इसका एक उदाहरण है। जिला मुख्यालय से 32 किमी और डोभी प्रखंड से करीब 5 किमी दूर इस गांव की सड़क काफी उन्नत है, लेकिन परिवहन सुविधा की कमी के कारण गांव वालों को इसका कोई विशेष लाभ नहीं मिल रहा है।




गोल्डी कुमारी

> संजीव दास बताते हैं कि यहां सड़क तो बहुत अच्छी बनी हुई है, लेकिन जब परिवहन की कमी के कारण इससे लोगों को असुविधा होती है तो उन्नत सड़क का अर्थ नहीं रह जाता है। गांव वालों को कहीं भी आने जाने के लिए घंटों वाहन का इंतज़ार करना पड़ता है। जिसके कारण मिनटों में पूरे होने वाले कामों में पूरा दिन गुज़र जाता है। अक्सर परिवारों को शहर जाने के लिए गाड़ी बुक करनी पड़ती है। जो काफी खर्चीला होता है। वह कहते हैं कि कैशापी पुरानी डिह में अधिकतर परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमज़ोर है। ज़्यादातर पुरुष या तो सीमित मात्रा में उपलब्ध खेती किसानी करते हैं या फिर दिल्ली, कोलकाता, अमृतसर अथवा सूरत जाकर वहां के कल कारखानों में श्रमिक के रूप में काम करते हैं।

इस संबंध में गांव की 35 वर्षीय पूनम पासवान बताती हैं कि ÷करीब 6 वर्ष पूर्व गांव की सड़क को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाया गया था। जिसके बाद गांव वालों को यह उम्मीद जगी थी कि यह गांव भी शहर से जुड़ जाएगा, लेकिन आज भी गांव में शहर जाने के लिए परिवहन सुविधा की काफी कमी है। जिससे लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इससे सबसे अधिक किशोरियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है। जिन्हें कॉलेज जाने आने के लिए समय पर सवारी गाड़ी उपलब्ध नहीं हो पाता है।÷ वहीं एक किशोरी सपना कुमारी बताती है कि 12 वीं के बाद उसे केवल इसलिए इग्नू जैसे दूरस्थ शिक्षा में एडमिशन करवाना पड़ा क्योंकि गांव से कॉलेज जाने के लिए समय पर कोई गाड़ी उपलब्ध नहीं होती है। गांव से सबसे नजदीक कॉलेज भी 8 किमी दूर है। लेकिन वहां तक जाने के लिए हर समय सवारी गाड़ी नहीं मिलती है।

वह बताती है कि डोभी ब्लॉक से हर तीन घंटे पर एक छोटी बस शेरघाटी ब्लॉक मुख्यालय जाने के लिए निकलती है, जहां से फिर गया शहर जाने के लिए बस बदलनी पड़ती है। यदि एक बस छूट गई तो फिर अगले तीन घंटे तक दूसरी कोई सवारी गाड़ी उपलब्ध नहीं होती है। ऐसे में हमेशा क्लास छूटने का डर बना रहता। वह बताती है कि उसके पिता किसान हैं। खेती से इतनी आमदनी नहीं होती है कि वह कोई निजी वाहन खरीद सकें। ऐसे में उसे सवारी गाड़ी से ही कॉलेज आना जाना करनी पड़ती। इसीलिए परिस्थिति को देखते हुए उसने इग्नू से स्नातक करने का विकल्प चुना। सपना के अनुसार परिवहन की इस असुविधा के कारण ही गांव की अधिकतर लड़कियां या तो 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ देती हैं या फिर दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपना ग्रेजुएशन करती हैं। पंचायत में दर्ज आंकड़ों के अनुसार अनुसूचित जाति बहुल इस गांव में 633 परिवार आबाद हैं। जिनकी कुल आबादी लगभग 3900 है। इनमें करीब 1600 अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग परिवार रहता है।



वहीं गांव के 32 वर्षीय संजीव दास बताते हैं कि यहां सड़क तो बहुत अच्छी बनी हुई है, लेकिन जब परिवहन की कमी के कारण इससे लोगों को असुविधा होती है तो उन्नत सड़क का अर्थ नहीं रह जाता है। गांव वालों को कहीं भी आने जाने के लिए घंटों वाहन का इंतज़ार करना पड़ता है। जिसके कारण मिनटों में पूरे होने वाले कामों में पूरा दिन गुज़र जाता है। अक्सर परिवारों को शहर जाने के लिए गाड़ी बुक करनी पड़ती है। जो काफी खर्चीला होता है। वह कहते हैं कि कैशापी पुरानी डिह में अधिकतर परिवार आर्थिक रूप से बेहद कमज़ोर है। ज़्यादातर पुरुष या तो सीमित मात्रा में उपलब्ध खेती किसानी करते हैं या फिर दिल्ली, कोलकाता, अमृतसर अथवा सूरत जाकर वहां के कल कारखानों में श्रमिक के रूप में काम करते हैं। ऐसे में उनके लिए हर समय निजी वाहन बुक करके कहीं आना जाना मुमकिन नहीं है। संजीव कहते हैं कि गया जिला मुख्यालय और रेलवे स्टेशन गांव से 32 किमी दूर है। वहां के लिए गांव से बहुत ही सीमित संख्या में बस उपलब्ध होती है। ऐसे में जब हम ऑटो बुक करते हैं तो वह दोगुना चार्ज करता है। जिसे अदा करने के लिए सभी सक्षम नहीं होते हैं। यदि परिवहन विभाग कैशापी पुरानी डिह से गया शहर के लिए बस सर्विस शुरू कर दे तो हमारी सबसे बड़ी समस्या हल हो जाएगी।

गांव में किराना की दुकान चलाने वाली सविता देवी बताती हैं कि उनके पति कोलकाता के किसी कपड़ा फैक्ट्री में काम करते हैं। घर की आमदनी के लिए उन्होंने गांव में किराना की दुकान खोल ली है। जिसमें सामान के लिए उन्हें हर हफ्ते शहर जाना पड़ता है। वह कहती हैं कि शहर से कैशापी गांव के लिए अंतिम बस दोपहर तीन बजे निकल जाती है। कई बार खरीदारी में लेट हो जाने के कारण उनकी बस छूट जाती है। जिसके बाद उन्हें ऑटो बुक करनी पड़ती है। अधिकतर ऑटो वाले गांव आने के लिए तैयार नहीं होते हैं। यदि तैयार भी होते हैं तो बहुत अधिक किराया मांगते हैं। जिसे उन्हें मजबूरीवश अदा करनी पड़ती है। सविता कहती हैं कि यदि गांव तक सरकारी बस की सुविधा आसानी से और हर समय उपलब्ध हो जाए तो गांव वालों की बहुत बड़ी समस्या हल हो जाएगी। वह बताती हैं कि जिस प्रकार सड़क बेहतर हो जाने से गांव में एम्बुलेंस का पहुंचना आसान हो गया है और किसी भी गर्भवती महिला को प्रसव के लिए समय पर अस्पताल पहुंचाना सुलभ हो गया है, इसी प्रकार आम लोगों के लिए भी परिवहन की सुविधा होनी चाहिए।

वास्तव में, परिवहन आर्थिक दृष्टिकोण से विकास का एक प्रमुख कारक माना जाता है। ऐसे में कैशापी पुरानी डिह जैसे शहर से दूर गांव में यदि यातायात के साधन सुलभ नहीं होंगे तो विकास की प्रक्रिया अधूरी रह जाएगी। एक गांव का विकास उस वक्त तक पूर्ण नहीं माना जा सकता है जब तक ग्रामीणों को अच्छी सड़क के साथ साथ यातायात की सुगम व्यवस्था उपलब्ध नहीं हो जाती है। (चरखा फीचर)

अवधनामा

लखनऊ, शुक्रवार, 05 जुलाई, 2024



# यूपी में जमकर बरसेंगे मेघ

## लखनऊ-गोरखपुर सहित इन 60 जिलों में आईएमडी ने जारी किया अलर्ट

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** प्रदेश में बारिश का दौर जारी है। लखनऊ समेत मध्य यूपी में आठ जुलाई तक मध्यम से भारी वर्षा की चेतावनी जारी की गई है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को बहुत अत्यधिक बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग का कहना है कि जून माह में बरसात की कमी जुलाई में पूरी हो जाएगी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, आगामी 4-5 दिनों के दौरान प्रदेश के मध्यवर्ती एवं दक्षिणी हिस्सों में भी वर्षा की तीव्रता बढ़ेगी।

पूर्वी यूपी जैसे-गोरखपुर, संत कबीर नगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थ नगर, बलरामपुर एवं आसपास के जिलों में शुक्रवार अत्यधिक बरसात का अलर्ट जारी किया गया है। गुरुवार को मिर्जापुर, संत रविदास नगर, कानपुर देहात, कानपुर नगर, जालौन और आसपास के जिलों में बहुत भारी बारिश के आसार हैं।

इसके अलावा बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, वाराणसी, जौनपुर, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, रायबरेली, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, हमीरपुर और आसपास के जिलों में भी भारी वर्षा होगी। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावटपिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से काफी राहत मिली है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट दर्ज की गई है।

गोरखपुर में दिन का पारा 27.9 और रात का 25.2 डिग्री रिकार्ड किया गया। लखनऊ में भी मौसम सुहाना हो गया है। यहां अधिकतम तापमान 5.9 डिग्री गिरावट के साथ 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया, जबकि रात का पारा 27.5 डिग्री दर्ज किया गया। झांसी, उरई और हमीरपुर को छोड़ दें तो लगभग 40 जिलों में अधिकतम तामपान 35 डिग्री सेल्सियस के नीचे पहुंच गया। मौसम विभाग का कहना है कि यह सिलसिला आठ जुलाई तक जारी रहेगा।

## दीक्षांत समारोह में 2218 विद्यार्थियों को मिली उपाधि, 11 को मिले स्वर्ण पदक

**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय का दसवां दीक्षांत समारोह 4 जुलाई को हुआ। जिसमें भूतपूर्व सेनाध्यक्ष जनरल डॉ विजय कुमार सिंह, एएमयू वीसी प्रो. नइमा खातून, मंविवि के कुलाधिपति अच्युतानंद मिश्र, चेयरमैन हेमंत गोयल और गुरूजी ऋषि राज महाराज मंचासीन रहे। समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर हुआ, फिर गायत्री मंत्र व कुल गीत प्रस्तुत किया गया। अतिथि स्वागत रजिस्ट्रार ब्रिगेडियर समरवीर सिंह ने किया। वीसी प्रो. पीके दशोरा ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और उपाधि प्राप्त करने वालों को शपथ दिलाई। जनरल डॉ विजय कुमार सिंह ने कहा कि आपकी यात्रा अभी शुरू हुई है और दुनिया आपके योगदान का इंतजार कर रही है। आज का यह क्षण कड़ी मेहनत, समर्पण और दृढ़ता का प्रतीक है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए आप सभी को बधाई। भारतीय सेना प्रमुख से संसद सदस्य बनने तक की अपनी यात्रा को साझा करते हुए उन्होंने कहा कि हर मिशन के बाद हमने सबक और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए गहन समीक्षा की।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का योगी सरकार पर हमला

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय रॉय ने कहा कि हाथरस की घटना यूपी के जंगलराज का परिणाम है। घटना के दो घंटे बाद अफसरों को जानकारी मिली। एंबुलेंस सेवा तक घायलों को नहीं मिली। मैं खुद मौके पर पहुंचा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बाद में पहुंचे। कुछ देर बाद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी पहुंचे। यह साबित करता है कि सरकार में खटपट है। यह सरकार की आंतरिक स्थिति का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि मृतकों के परिजनों को एक करोड़ की मदद की जाए। मृतकों की सूची में भी गड़बड़ी है। उसे जांच कर ठीक किया जाए। कई लोगों के शव दूसरे जिले में भेज दिया गया। यह भी प्रशासन की नाकामी है। मुख्य आरोपी को बचाया जा रहा है। उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। अनुमति देने वालों के खिलाफ भी जांच होनी चाहिए। प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज हो। उन्हें गिरफ्तार किया जाए।

■ बोले- ये सरकार की विफलता, बाबा को बचाने का हो रहा प्रयास



कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नीट को फिर से कराया जाय। यहां भी भ्रष्टाचार की वजह से बच्चों का भविष्य दांव पर लगा। उन्होंने कहा कि पुलिस भर्ती की परीक्षा गुजरात की कंपनी ने कराया है। परीक्षा करने वाली कंपनी ब्लैक लिस्ट हो चुकी है फिर नाम बदल लिया। कंपनी के डायरेक्टर को विदेश भागा दिया गया। कंपनी के डायरेक्टर विनीत आर्य का संबंध प्रधानमंत्री मोदी से है। यही वजह है कि उसे विदेश जाने दिया गया। मथुरा में टंकी बनाने वाली कंपनी भी गुजरात की है। अयोध्या का काम भी गुजराती कंपनी ने कराया है। भगवान राम के मंदिर में भी भ्रष्टाचार हुआ है। यह बात खुद वहां के मुख्य पुजारी ने कही है।

प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि राहुल गांधी ने सदन में कहा कि हिंदू हिंसक नहीं होता है। यह सही बात है। हम सभी जियो और जीने दो पर भरोसा करते हैं। राहुल गांधी के मुख्य भाषण को काट करके चलाया गया लेकिन भाजपा राहुल गांधी और कांग्रेस की आवाज दबा नहीं पाएगी। उन्होंने कहा कि वाराणसी में प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव जीतने के लिए रुपए बांटने से लेकर हर हथकंडा अपनाया लेकिन वाराणसी के लोगों ने कांग्रेस का साथ दिया। झूठ की राजनीति को नकार दिया।

# कांग्रेस कमेटी ने किया प्रर्दशन कर राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी, आजमगढ़ द्वारा माननीय नेता प्रतिपक्ष जननायक राहुल गांधी सांसद रायबरेली द्वारा संसद भवन में महामहिम राष्ट्रपति महोदया के अभीभाषण के उपरांत उनके भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भाजपा के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश किया जाना एवं भ्रष्टाचार सहित परीक्षा में अनियमितता तथा पेपर लीक का मामला उठाकर भाजपा का झूठा चेहरा देश की जनता के सामने उजागर किया गया जननायक राहुल गांधी द्वारा संसद में दिए गए भाषण के अंश को रिकॉर्ड से हटाना की परीक्षा का पेपर लीक होना एवं माननीय प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के पैतृक आवास पर भाजपाइयों द्वारा पुलिस प्रशासन के संरक्षण में हुए हिंसक हमले और देशभर में कांग्रेस कांग्रेस कार्यालयों पर हिंसक हमले और जननायक राहुल गांधी के छायाचित्र को जलाने के नाकाम प्रायस के विरोध में महामहिम राज्यपाल महोदया उत्तर प्रदेश के नाम से जिलाधिकारी आजमगढ़ के द्वारा ज्ञापन दिया और विरोध प्रर्दशन किया गया। जिसमें दो मांग रखी गई जिसमें नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी का छायाचित्र जलाने के प्रयास में शामिल भाजपा के लोगों के खलिाफ जांच कराकर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाए और उक्त घटना के समय उपस्थित पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्यवाही की जाए! अपने वक्तव्य में श्री मोहम्मद नजम शमीम शहर अध्यक्ष आजमगढ़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी हमारे नेता राहुल गांधी के ख़लिाफ शुरू से ही दुष्प्रचार कर रही है जिसे हम अब बर्दाश्त नहीं करेंगे नीट जैसे परीक्षा का पेपर लीक होना अपने आप में भ्रष्टाचारी भाजपा के भ्रष्टाचार को उजागर करता है भाजपायों का यह कृत्य कहीं से भी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक रूप से उचित नहीं ठहराया जा सकता।

# छात्रा ने बात करने से मना किया तो फेंका तेजाब

## मुठभेड़ के बाद पुलिस ने दबोचा, पैर में लगी गोली

**लखनऊ।** छात्रा पर तेजाब फेंकने के आरोपी से देर रात गुलाला घाट के पास पुलिस की मुठभेड़ हो गई, जिसमें उसके पैर में गोली लगी है। आरोपित अभिषेक वर्मा लखीमपुर खीरी के नीलगांव अंडू का रहने वाला है। पुलिस ने उसे ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। देर रात उससे पूछताछ की जा रही थी।



चौक चौकी के पास बीबीए छात्रा अपने भाई के साथ खड़ी बात कर रही थी। अचानक एक युवक आया और उसने छात्रा से बात करनी चाही। छात्रा ने बात करने से मना किया तो युवक ने बैग से एक शीशी निकाली और छात्रा पर तेजाब फेंकने लगा। भाई ने बचाने की कोशिश की तो युवक ने उस पर भी तेजाब से हमला कर दिया। तेजाब से दोनों झुलस गए और सड़क पर तड़पने लगे। आसपास के लोग बचाने के लिए दौड़े तो हमलावर युवक देख लेने की धमकी देते हुए भाग गया। दोनों को ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत स्थिर है। तेजाब फेंकने की पूरी घटना सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है।

डॉक्टरों का कहना है कि दोनों पांच से दस प्रतिशत झुलसे हैं। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश में दबिश दी जा रही है। इलाज के दौरान होश में आने पर छात्रा ने बताया कि उसके पिता व्यापार मंडल के पदाधिकारी हैं। वह पुराने लखनऊ में रहती है और बीबीए की पढ़ाई कर रही है। उसका मौसेरा भाई केजीएमयू से एमबीबीएस कर रहा है। आज भाई ने चौक स्टेडियम के पास बुलाया था। मैं घर से रिक्शे से स्टेडियम पहुंची और वहीं पर भाई से बात कर रही थी। इस बीच पीछे से युवक आया और जबर्दस्ती बात करने की कोशिश की।

मैंने मना किया तो उसने अपने बैग से बोतल निकाली और तेजाब डालने लगा। मेरे भाई ने बचाने की कोशिश की तो उस पर भी तेजाब डाल दिया। सूचना मिलते ही छात्रा के पिता और व्यापार मंडल के तमाम लोग ट्रामा सेंटर पहुंचे। लोगों ने पुलिस से तत्काल आरोपित युवक को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस उपायुक्त का कहना है कि सीसी कैमरे में घटना कैद हुई है। फुटेज के आधार पर आरोपित की पहचान कर तलाश की जा रही है।

### कई दिन से बात करने का बना रहा था दबाव

छात्रा के पिता के मुताबिक कई दिनों से शोहदा परेशान कर रहा था। वह आते जाते बेटी का पीछा करता और बात करने का दबाव बना रहा था। कहीं से बेटी का नंबर ले लिया था। इसके बाद वह मोबाइल पर मैसेज और फोन करके परेशान करने लगा। बेटी ने उसका नंबर ब्लॉक कर दिया था। जब उसने नंबर बदलकर फोन और मैसेज करना शुरू किया तो उसने वह भी ब्लाक कर दिया था। शोहदा लगातार बेटी पर मिलने का दबाव बना रहा था।

# नीट में धांधली को लेकर कांग्रेसियों ने घेरा विधानसभा



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में नीट परीक्षा को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। सभी विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे।

हालांकि, पुलिसकर्मियों ने उन्हें कांग्रेस प्रदेश कार्यालय से चंद कदम की दूरी पर ही रोक लिया। जिस पर सभी धरने पर बैठ गए और करीब आधे घंटे बाद ज्ञापन लेकर पुलिस ने धरना समाप्त कराया। इस दौरान कुछ लोगों को हिरासत में भी लिया गया और उन्हें ईको गार्डेन ले जाकर छोड़ दिया गया।

प्रदर्शन करने वालों में उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के मध्यजोन के अध्यक्ष दीपक शिवहरे, पूर्वी के अध्यक्ष विशाल सिंह और पश्चिमी के अध्यक्ष पारस शुक्ला आदि शामिल थे।

# 'सरकार की तमाम कल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ रहा डाक विभाग'

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** वित्तीय समावेशन, डिजिटल इण्डिया और अंत्योदय की संकल्पना से समाज के अंतिम व्यक्ति को जोड़ने हेतु डाक घर आज चलते-फिरते बैंक की भूमिका निभा रहे हैं। डाक विभाग अब पत्र व पार्सलों के साथ-साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। उक्त उद्गार वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने 4 जुलाई को गाजीपुर में आयोजित 'वित्तीय समावेशन मेला' को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए व्यक्त किए। डाक अधीक्षक श्री पीके पाठक ने पोस्टमास्टर जनरल और अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए गाजीपुर में डाक सेवाओं की प्रगति के बारे में जानकारी दी।

■ डाक विभाग की भूमिका में हो रहे हैं निरंतर सकारात्मक परिवर्तन

पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने इस अवसर पर 'वित्तीय समावेशन मेला' में सुकन्या समृद्धि योजना, महिला सम्मान बचत पत्र तथा डाक जीवन बीमा के लाभार्थियों को पासबुक व पॉलिसी बॉन्ड प्रदान किए। उत्कृष्ट कार्य करने वाले डाककर्मियों को सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई भी की। बेटियों को 'सुकन्या समृद्धि योजना' की पासबुक वितरित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से बेटियाँ आत्मनिर्भर बनेंगी तो 'आत्मनिर्भर भारत' की संकल्पना भी साकार होगी।

पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि भारत सरकार की तमाम अग्रणी योजनाओं को डाकघरों के माध्यम से प्रमुखता से लागू किया गया है। डाक विभाग पत्र-पार्सल के साथ-साथ बचत बैंक, डाक जीवन बीमा, इण्डिया पोस्ट पेमेन्ट्स बैंक, डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र, आधार नामांकन एवं अद्यतनीकरण, कॉमन सर्विस सेंटर, डाक निर्यात केंद्र जैसे तमाम जनोन्मुखी कार्य कर रहा है।

# साकार हरि पर फूटा लोगों का गुस्सा

**कासगंज।** यूपी के हाथरस में बुधवार की दोपहर भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मच गई। इसमें 121 लोगों की जान चली गई। जबकि 150 से अधिक लोग घायल हैं। कासगंज जिले से सत्संग में गए 10 लोगों की जान चली गई। जबकि, आठ लोग घायल हैं। लोग अपनों की मौत भुला नहीं पा रहे हैं। वह घटनास्थल पर पहुंचे, तो मौतों का मंजर उनकी आंखों के सामने छा गया।

अपनों या जानने वालों की मौत को याद करके घरवाले गुस्से से फफक पड़े। मैदान में लगे बाबा के होर्डिंग्स और बैनरों पर आसपास पड़े पत्थरों की बारिश करने लगे। उन्हें लगा शायद ऐसा करके उनके मन को कुछ तो शांति मिलेगी। लेकिन, शांति कहां थी वह तो अपनों की मौत के साथ छिन चुकी थी। वह गुस्से से पागल दिखे। बाबा पर आस्था की बजाय उनका आक्रोश बढ़ गया है। इसका वीडियो भी सामने आया है।

■ हादसा यादकर आंखों में छाया मौतों का मंजर, बाबा के होर्डिंग्स पर बरसाए पत्थर

कासगंज जिला कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के कार्यालय पर अधिवक्ताओं ने हाथरस में हुए भोले बाबा के सत्संग के दौरान हुई भगदड़ में मृतकों को सभा आयोजित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं भोले बाबा पर भी केस दर्ज कराए जाने की मांग की। वहीं अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

चेयरमैन सत्येंद्रपाल सिंह बैस ने कहा कि हाथरस के फुलरई गांव में सत्संग में बड़ी संख्या में बाबा के भक्त पहुंचे। जिसको लेकर प्रशासन और आयोजकों द्वारा लापरवाही की गई। जिसके कारण इतना बढ़ा हादसा हो गया। इस हादसे में सबसे बढ़ा दोषी भोले बाबा हैं, जिनके कारण इतनी बढ़ी भीड़ जुटी। हादसे में 121 लोगों की मौत हो गई।

# खुलासा : गांव की जनता को 24 घंटे बिजली नहीं देगा पावर कारपोरेशन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश का बुरा हाल है ग्रामीण जनता को 18 घंटे बिजली भी ब मुश्किल मिल रही है क्योंकि बडे पैमाने पर ब्रेक डाउन है अभियंता अपने ट्रांसफर पोस्टिंग में लगे हैं पावर कॉरपोरेशन को प्रदेश की जनता की कितनी चिंता है इससे अंदाजा लगा सकते हैं कि ग्रामीण जनता को 24 घंटे बिजली नहीं देंगे भले अपना पावर हाउस बंद रखेंगे आज उपभोक्ता परिषद जो खुलासा करने जा रहा है वह सभी के होश उडा देगा उत्तर प्रदेश में रोस्टर व्यवस्था लागू कर दी गई है आप सोच रहे होंगे कि ग्रामीण जनता को 24 घंटे बिजली उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन इसलिए नहीं दे पा रहा है क्योंकि उसके पास बिजली नहीं होगी लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है पावर कारपोरेशन ने 3 जुलाई और 4 जुलाई के बीच में 6 अपने पावर हाउस को बंद कर दिया रिजर्व शटडाउन दे दिया केवल इसलिए क्योंकि अगर पावर हाउस चलेंगे तो बिजली का क्या करेंगे क्योंकि ग्रामीण क्षेत्र को रोस्टर से ज्यादा बिजली देना नहीं है उत्तर प्रदेश में टांडा यूनिट 1 यूनिट 2 यूनिट 3 यूनिट 4 सभी इकाई 110 मेगावाट की है इसी प्रकार से हरदुआगंज यूनिट 7 यूनिट 8 जो क्रमश 105 मेगावाट हुआ 250 मेगावाट की है सभी को 8 जुलाई तक रिजर्व शटडाउन में रखा गया है जो अपने आप में अब तक का सबसे बडा चौक आने वाला मामला है सरकार राज्यों में बिजली का उत्पादन इकाई इसलिए लगती है क्योंकि उसे राज्य की जनता को बिजली देना होता है यहां उत्तर प्रदेश में बिजली बिजली उत्पादन इकाई को बंद इसलिए किया गया है क्योंकि उन्हें ग्रामीण को 24 घंटे बिजली नहीं देना है।

■ प्रदेश के लिए घोर चिंता का विषय जनता के लिए लगे पावर हाउस बंद

उपभोक्ता परिषद ने प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी से ऊर्जा सेक्टर में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग उठाई है कहां यह उत्तर प्रदेश के लिए चिंता का विषय की प्रदेश की जनता के लिए लगे पावर हाउस बंद किए जा रहे हैं लेकिन प्रदेश के ग्रामीण जनता को 24 घंटे बिजली नहीं दी जा रही है जिससे प्रदेश की जनता में काफी रोष व्याप्त है।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष व राज्य सलाहकार समिति के सदस्य अवधेश कुमार वर्मा ने कहा उत्तर प्रदेश में कल से लेकर आज तक छह उत्पादन इकाई को रिजर्व शटडाउन में रखा गया है जो अपने आप में चौंकाने वाला मामला है इससे उत्तर प्रदेश का जहां नुकसान हो रहा है वहीं ग्रामीण क्षेत्र में जनता त्राहि त्राहि कर रही है कोई सुनने वाला नहीं है उत्तर प्रदेश जम्मू का पता है तो अपनी बिजली दूसरे राज्यों को भेज देता है लेकिन उसे प्रदेश के जनता की कोई खबर नहीं है।

## चारा काटते समय करंट लगने से किसान की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद जिले में चारा काटते समय करंट लगने से किसान की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से जानकारी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहानगंज थाना क्षेत्र के गांव घाटमपुर निवासी आदेश कुमार राजपूत (30) खेती करते थे। वह गुरुवार सुबह पांच बजे मशीन से जानवरों के लिए चारा काट रहे थे। अचानक मशीन में करंट आने से आदेश कुमार गंभीर रूप से झुलस गए।

परिजन जब मौके पर पहुंचे तो आदेश को बेहोश अवस्था में पड़ा पाया। परिजन आदेश को लोहिया अस्पताल लेकर आए। यहां डॉक्टर ने आदेश को मृत घोषित कर दिया। पत्नी उमा देवी, भाई पेशकार, अरविंद, सर्वेश, पुत्र प्रखर व अथक का रो-रो कर बुरा हाल हो गया। परिजनों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूरे मामले की जानकारी की।

# अलीगढ़ आए साकार हरि के अधिवक्ता एपी सिंह

**अलीगढ़।** साकार हरि बाबा के अधिवक्ता एपी सिंह अलीगढ़ के दीनदयाल अस्पताल पहुंचे। वहां पर उन्होंने कहा कि बाबा भागे नहीं हैं। उत्तर प्रदेश में हैं। पुलिस जब बुलाएगी, तब उनके सामने प्रस्तुत होंगे।

2 जुलाई को हुए हाथरस हादसे के बाद साकार हरि ने एपी सिंह को अपना अधिवक्ता नियुक्त किया था। 4 जुलाई को अधिवक्ता एपी सिंह अलीगढ़ के दीनदयाल अस्पताल पहुंचे। वहां उन्होंने घायलों से जानकारी ली। एपी सिंह ने मीडिया से भी बात की। उन्होंने कहा कि जो हादसे के बारे में बताना चाहते हैं, वो हमें या एसआईटी को दें, उनकी पहचान को खोला नहीं जाएगा। मामले में दोषी को बख्शा नहीं जाना चाहिए और निर्दोष को सजा नहीं होनी चाहिए।

बाबा के सामने न आने पर उन्होंने कहा कि वह कभी भागेंगे नहीं, वेष नहीं बदलेंगे, बॉर्डर पर नहीं मिलेंगे। इसी उत्तर प्रदेश में हैं, हमें एसआईटी की जांच पर भरोसा है। चरन धूलि पर



■ बोले- बाबा भागे नहीं है, जब पुलिस बुलाएगी, तब आएंगे

उन्होंने कहा कि चरन छूने की पद्धति बाबा के यहां नहीं है, दान नहीं लेते, रसीद नहीं है, सोने-चांदी नहीं चढ़ाया जाता, वह अपने बीआरएस के पैसों, पेंशन से गुजारा चलाते हैं।

उन्होंने दावा किया कि नारायण साकार हरि का देश में कहीं, कोई आश्रम नहीं है। हादसे में मृतकों के लिए शोक सभा का आयोजन किया जाएगा। सेवादारों ने अनुयायियों को धक्के नहीं मारे, वो कोई असमाजिक तत्व हैं, जिन्होंने ऐसा किया, इसकी जांच होनी चाहिए। साकार हरि अपने वाहन से अलग रास्ते से मंच के पास आते हैं और प्रवचन देकर चले जाते हैं।

भीड़ अधिक होने पर वह बोले कि चुनाव आचार संहिता की अवधि हुई। हिंदू को हिंसक कहा गया। हिंदू को एचआईवी, डेंगू, मलेरिया कहा। इस पर सनातनी अपने धर्मगुरू के पास जाएगी, इसलिए अधिक भीड़ हुई। हमें यूपी सरकार, योगी जी, गृहमंत्री और मीडिया पर पूरा भरोसा है। जब, जहां, जैसी जरूरत होगी, वो सामने आएंगे।

# सीएमएस छात्रों ने मनाया वन महोत्सव

## पर्यावरण संवर्धन का जगाया अलख, धरती को हरा-भरा रखने का दिया संदेश

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल के सभी 21 कैम्पसों के छात्रों ने वन महोत्सव सप्ताह (1 से 7 जुलाई) के अन्तर्गत विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन कर जनमानस में पर्यावरण संवर्धन का अलख जगाया एवं धरती को हरा-भरा रखने का संदेश दिया। सी.एम.एस. अशर्फाबाद कैम्पस समेत विभिन्न कैम्पस के छात्रों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण के प्रति अपनी प्रतिद्धता जताई तो वहीं दूसरी ओर पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, कोलाज मेकिंग, कविता लेखन आदि विभिन्न रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का अलख जगाया। यह जानकारी सी.एम.एस. के जन-सम्पर्क अधिकारी श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इसी कड़ी में आज सी.एम.एस. के विभिन्न कैम्पस के छात्रों ने बड़े उत्साह से इण्टरनेशनल प्लास्टिक बैग फ्री डे मनाया और प्लास्टिक से बने थैलों की बजाय पेपर बैग अथवा कपड़ों के बैग को अपनाने की पुरजोर अपील की। छात्रों ने प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे पर जनमानस को जागरूक करते हुए 'रिड्यूस, रीयूज एवं रिसाइकिल' की अवधारणा पर जोर दिया।

श्री खन्ना ने बताया कि सिटी मोण्टेसरी स्कूल एक ऐसी शिक्षण संस्था है जो छात्रों, अभिभावकों व समाज के अन्य वर्गो में 'पर्यावरण बचाओ - धरती को सजाओ' का संदेश देता आ रहा है एवं सी.एम.एस. के सभी 63,000 छात्रों, उनके माता-पिता व अभिभावकों के माध्यम से समस्त लखनऊवासियों को पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रेरित कर रहा है। श्री खन्ना ने आगे कहा कि सामाजिक जागरूकता के प्रयासों में सी.एम.एस. सदैव ही अग्रणी रहा है एवं सी.एम.एस. छात्रों ने पढ़ाई में सर्वोच्च कीर्तिमान बनाने के साथ ही साथ सामाजिक जागरूकता की भी अनूठी मिसाल प्रस्तुत की है। सी.एम.एस. का प्रयास है कि पर्यावरण संवर्धन के महत्व को समझकर न केवल आज की पीढी सुख शान्ति से रहे बल्कि आने वाली पीढियां भी हरे भरे शुद्ध वातावरण में सांस ले सकें व सुरक्षित रहें।

# कांग्रेस पार्टी ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** कांग्रेस पार्टी द्वारा गुरुवार को महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में महामहिम राज्यपाल का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा गया कि हमारे देश के संसद में विगत दोनों नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सांसद द्वारा भाजपा के नकली हिंदुत्व का पर्दाफाश किया एवं भ्रष्टाचार, अग्नि वीर योजना सहित नीट यूजी 2024 की परीक्षाओं में अनियमिताओं और पेपर लीक संबंधी मामला उठाकर सरकार का झूठा चेहरा जनता के सामने उजागर कर दिया। अपने झूठ का खुलासा देखकर यह भाजपाई इतना बौखला गए कि उन्होंने नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का फोटो युक्त पुतले को पुलिस एवं प्रशासन के संरक्षण में जनपद इटावा में ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में जलने का घिनौना कार्य किया जो कि हमारे देश के लोकतंत्र की परंपराओं के खिलाफ हैं पुलिस प्रशासन द्वारा सत्ता पक्ष के लोगों को अपने संरक्षण में रखकर विपक्षी नेताओं की फोटो युक्त पतला जलवाने की यह घटना अत्यंत निन्दनीय एवं स्वच्छ राजनीति के विपरीत है। हम कांग्रेसजन महामहिम राज्यपाल जी उत्तर प्रदेश से यह मांग करते हैं कि जनपद में जिन लोगों द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी का फोटो युक्त पुतला जलाने का घिनौना कार्य किया है उनके खिलाफ आवश्यक करवाई करने एवं जेल भेजने के लिए निर्देशित करने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष मलखान सिंह यादव, शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे, पूर्व शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद खान, कोमल सिंह कुशवाहा, आलोक यादव, प्रेम किशोर द्विवेदी, वाचस्पति दुवे, रामजीवन कुशवाहा, आसाराम कठेरिया, सरला जाटव, मुकेश यादव, आनंद दुबे, सरवर अली, महेश कटारे, प्रभु दयाल शाक्य, श्याम सिंह कुशवाहा, सरला जाटव, बीनू वर्मा, रीना यादव, मोहनलाल प्रजापति, सतीश शाक्य, सचिन संखवार अंसार, अहमद मनीष मिश्रा, अतुल मिश्रा, पदम दुबे, विक्रांत सक्सेना रामकृष्ण यादव, रामदास, सुमेर सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

# पानी टंकी हादसे की जांच को एक-दो दिन में आएगी आईआईटी दिल्ली की टीम

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** शहर की कृष्ण विहार कॉलोनी के पार्क में बनी 2.50 लाख लीटर क्षमता की पानी की टंकी के जमींदोज होने की घटना में शासन स्तर से कराई जा रही जांच को आईआईटी दिल्ली की टीम तकनीकी सहायता देने व घटनास्थल से टंकी के मलबे से सैंपल लेने के लिए एक-दो दिन में आएगी। उप्र जल निगम नगरीय के मुख्य अभियंता गाजियाबाद क्षेत्र इसका नेतृत्व करेंगे।

अधीक्षण अभियंता, नगरीय निर्माण मंडल, जल निगम, आगरा ने बताया कि शासन की टीम के साथ ही दिल्ली आईआईटी की टीम एक दो दिन में आ जाएगी। टीम के आगमन को देखते हुए अभी मौके से मलबे को पूरी तरह से नहीं हटाया गया है, ताकि टीम घटनास्थल से ही सैंपल लेकर जांच को सही ढंग से कर सकें।

**प्रशासनिक जांच कमेटी शुक्रवार से बयान लेना करेगी शुरूः** प्रशासनिक जांच कमेटी का नेतृत्व कर रहे एडीएम न्यायिक सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि उनकी टीम घटना के प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और पीड़ितों के बयान लेने के लिए मौके पर जाएगी। अगर, कोई व्यक्ति उनके कार्यालय आकर बयान देना चाहता है तो वह भी अपना बयान दर्ज करा सकता है। उन्होंने बताया कि अभी लोगों में घटना को लेकर गम है। तीन परिवार के तीन लोगों की मौत हुई है। उनके परिजन शोक में हैं। मृतकों के परिजनों के बयान मौके पर जाकर लिए जाएंगे।

**सपा का प्रतिनिधिमंडल छह को आएगा मथुराः** समाजवादी पार्टी के मुखिया एवं प्रदेश के पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने मथुरा की घटना को लेकर रोष जाहिर किया है। छह जुलाई को प्रतिनिधिमंडल मथुरा आएगा। 11 सदस्यीय इस मंडल में सांसद फतेहपुर नरेश उत्तम पटेल, विधायक सरधना, मेरठ अतुल प्रधान, पूर्व मंत्री उप्र सरकार अयूब अंसारी, पूर्व एमएलसी राकेश यादव, प्रदेश महासचिव सपा अल्पसंख्यक सभा राजन अहमद रिजवी, प्रदेश सचिव सपा किशोर सिंह, जिलाध्यक्ष मथुरा अजीत सिंह, महानगर अध्यक्ष ऋतु गोयल, प्रदेश सचिव मुलायम सिंह यादव यूथ ब्रिगेड भारत भूषण शर्मा, विधान सभा अध्यक्ष मथुरा-वृंदावन डॉ. राजेंद्र लोधी, महानगर महासचिव अभिषेक यादव हैं।

## मथुरा में भी है साकार विश्व हरि की बेशकीमती संपत्ति

**मथुरा।** हाथरस 122 लोगों की मौत की घटना के बाद भूमिगत हुए साकार विश्व हरि (भोले बाबा) की बेशकीमती संपत्ति मथुरा में भी सामने आई है। हाईवे थाना क्षेत्र के गोवर्धन रोड स्थित इस बेशकीमती संपत्ति को भोले बाबा सत्संग ग्राउंड के नाम से जाना जाता है। अभी तक कोई निर्माण इस जमीन पर नहीं हुआ है। प्रशासन को बुधवार को इसके विषय में पता लगा तो इसके राजस्व दस्तावेज खंगालने का काम शुरू कर दिया गया। इधर, पुलिस भी निगाह रखे हुए है। वहीं, बताया जा रहा है कि बाबा के भारी संख्या में जिले में अनुयायी रहते हैं। इसके अलावा दर्जनों ठिकाने मथुरा में हैं। खुफिया तंत्र उन ठिकानों की तहकीकात में लगा हुआ है। मथुरा में भी समय-समय पर साकार विश्व हरि के सत्संग आयोजित होते रहे हैं। इनमें लाखों की संख्या में भीड़ जुटी है। पुलिस-प्रशासन के आयोजन के समय पर पसीने छूट जाते थे। अनुयायियों की संख्या को देखते हुए पुलिस को यातायात परिवर्तन से लेकर सुरक्षा तक के तमाम इंतजाम करने पड़े थे। साकार विश्व हरि की बेशकीमती खाली पड़े प्लाट पर ही 11 नवंबर 2023 की रात को जिले का बहुचर्चित फारुख एनकाउंटर हुआ था।

# भारतीय न्याय संहिता सप्ताह में बालिकाओं को जागरूक किया



**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** भारतीय न्याय संहिता सप्ताह के अन्तर्गत बालिकाओं को जागरूक किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी सूरज सिंह के निर्देशों के क्रम में इस कार्यक्रम का आयोजन नगर के श्री शीतल प्रसाद शोरवाल बालिका इंटर कॉलेज में किया गया। वन स्टॉप सेंटर मैनेजर वन्दना भदौरिया ने बालिकाओं को महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला जिसमे योजना की बढ़ाई गई धनराशि के बारे में एवं स्पॉन्सरशिप योजना, निराश्रित पेंशन को विस्तार से बताया। उन्होंने वन स्टाप सेंटर की कार्यप्रणाली एवं वहां प्राप्त होने वाली सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसके अलावा दहेज प्रतिषेध अधिनियम 1961, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005, कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। महिलाओं और बच्चों की सहायता हेतु संचालित हेल्पलाइन नंबर 1098, 181, 112, 1090, 1076, 102, 108 भी बताए गए। इस दौरान पैरामेडिकल नर्स खुशबू, कंप्यूटर ऑपरेटर अमित कुमार, एमटीएस संजीव कुमार ने भी बालिकाओं को जागरूक किया। प्रधानाचार्या सुमन यादव एवं शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## हाथरस हादसे के बाद संत प्रेमानंद ने रात्रि पदयात्रा की बंद

**मथुरा।** हाथरस में सत्संग स्थल पर हुई भगदड़ की घटना के बाद वृंदावन के संत प्रेमानंद महाराज अब रात्रि के समय सड़क पर अनिश्चित काल के लिए भक्तों से नहीं मिलेंगे। उन्होंने भक्तों से रात्रि के समय संत दर्शन के लिए रास्ते में खड़े न होने और भीड़ लगाने से मना किया है। संत प्रेमानंद के रमणेरती क्षेत्र स्थित श्रीहित राधा केली कुंज आश्रम में संत के आश्रम से हाथरस घटना के बाद जारी पत्र में कहा गया है कि हाथरस में हुई घटना दुर्भाग्यपूर्ण है और ह्रदय विदारक है, जिसमें हम सब की संवेदनाएं उनके परिजनों के साथ हैं। उन्होंने ठाकुरजी से प्रार्थना की है कि भविष्य में ऐसी कोई भी घटना न घटे। उन्होंने अपने अनुयायियों को संदेश दिया कि हाथरस की घटना को देखते हुए सावधानी के तौर पर संत प्रेमानंद महाराज अपने छटीकरा मार्ग स्थित निवास स्थान से रात्रि 2.15 बजे से पद यात्रा करते हुए अपने आश्रम श्रीहित राधा केलि कुंज जाते थे। इस दौरान श्रद्धालु उनके दर्शन करते थे। वह अनिश्चित काल के लिए बंद कर दिया गया है।

# सम्भल के अमित कुमार उठवाल ने मथुरा घटना की सौंपी स्थलीय जांच रिपोर्ट

**अवधनामा संवाददाता**



**सम्भल।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी आर टी आई विभाग का एक प्रतिनिधि मण्डल डॉ अमित कुमार उठवाल एडवोकेट प्रदेश उपाध्यक्ष के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल मथुरा के कृष्ण विहार कॉलोनी पहुंचा उक्त प्रतिनिधि मण्डल में प्रदेश महासचिव अजय भाटी,राहुल अरोरा, योगेश जादौन, नजाकत चौधरी के अलावा शिव किशोर गौतम,वरुण अरोरा, अयान खान , मोह हफीज शामिल रहे प्रतिनिधि मण्डल ने घटना स्थल का निरीक्षण किया जिससे स्पष्ट होता है की ओवर हेड टैंक घनी आबादी के बीच बनाया गया स्थानीय लोगो का अनापत्ति प्रमाणपत्र नहीं लिया उत्तर प्रदेश सरकार के प्रतिनिधियों ,सरकारी कर्मचारियों, ठेकेदारों ने उक्त निर्माण घटिया सामग्री का प्रयोग करके बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार किया गया। निर्माण के समय से ही वाटर लीकेज की शिकायतें स्थानीय लोगों ने की लेकिन अधिकारियों ने कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की रविवार को उक्त ओवर हेड टैंक भ्रटाचार एवम लापरवाही की भेंट चढ़ गया इसमें 3 मौतें एवं 12 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गए इतनी बड़ी घटना होने के बाद भी कोई भी स्थानीय नेता, विधायक,एवम सांसद या उनका कोई प्रतिनिधि घटना स्थल पर नहीं पहुंचा जिससे लोगों में रोष व्याप्त है।ओवर हेड टैंक गिरने से बाढ़ जैसी स्तिथि हो गई आस पास के।मकानों बड़ी क्षति हुई है गई मकान ध्वस्त हो गए। स्थानीय लोगो को खाने एवम पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है । प्रतिनिधि मंडल ने स्थानीय लोगों को आश्वासन दिया की कांग्रेस पार्टी उनके दुख में उनके साथ है कांग्रेस की पूर्ण संवेदनाएं पीड़ितों के साथ हैं प्रतिनिधि मण्डल ने घटना स्थल की वस्तु स्तिथि से पार्टी हाई कमान को अवगत कराने के लिए विस्तृत जांच रिपोर्ट पार्टी हाई कमान को सौंपी गई तथा मांग की गई की इस घटना के दोषी अधिकारियों, कर्मचारियों ,एवम ठेकेदारों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जावे, मृतकों के परिजनों को 15,15 लाख रुपए एवम घायलों को 5,5 लाख रुपए सहायता राशि उपलब्ध कराई जाबे, साथ ही अन्य लोगो को जो भी क्षति हुई है उनकी भी क्षतिपूर्ति कराई जावे,एवम जिन लोगों के मकान ध्वस्त हुए हैं सरकार तत्काल उन लोगों के मकान बनाए।

## हाथरस में मरे लोगों की शान्ति के लिए कांग्रेसियों ने निकाला कैंडल मार्च

**मथुरा।** हाथरस के नगला रतिभान पुर भोले बाबा सत्संग में भगदड़ मचने से सैकड़ो की संख्या में मृतकों एवं क्र स्, कॉलेज के पीछे कृष्ण विहार कालौनी में भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी पानी की टंकी धराशाई प्रकरण में मृतकों की आत्म शांति एवं श्रद्धांजलि देने के लिए महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम वाल्मीकि के नेतृत्व में कैंडल मार्च होली गेट चौराहे से लेकर विकास बाजार स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तक निकला गया।

महानगर अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने बताया कि दोनों दुर्घटनाओं में मृत लोगो की आत्म शांति एवं श्रद्धांजलि देने के लिए होली गेट चौराहे से कैंडल मार्च निकाला गया। सभी कांग्रेस जनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष 2 मिनट का मौन रखा और घायलों को भी जल्द से जल्द स्वस्थ होने के भी कामना की। उत्तर प्रदेश सरकार से मांग की मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपए और घायलों को ढाई ढाई लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी जाए।

# भारत विकास परिषद चंदौसी ने विवेकानंद की 122वीं मनाई पुण्यतिथि

**अवधनामा संवाददाता**



**चंदौसी(सम्भल)।** भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के तत्वाधान विवेकानंद जी के 122 वीं पुण्यतिथि पुष्प विहार,आवास विकास निकट शिव मंदिर में मनाई गई । कार्यक्रम का शुभारंभ वंदे मातरम से हुआ, परिषद परिवार के सदस्यों ने अपने विचारों को विस्तृत रूप से रखा। अध्यक्षता कर रहे अनिल शर्मा ने विवेकानंद जी के जीवन एवं आदर्शों पर विस्तृत प्रकाश डाला। संचालन कर रही सचिव डॉ दुर्गा टंडन ने कहा 4 जुलाई स्वामी विवेकानंद की पुण्य तिथि के रूप में मनाई जाती है।12 जनवरी सन 1863 को स्वामी विवेकानंद का जन्म हुआ। उनके पिता विश्वनाथ दत्त पाश्चात्य सभ्यता में विश्वास रखते थे। उनका घर का नाम नरेंद्र दत्त था। वे अपने पुत्र नरेंद्र को भी अंग्रेजी पढ़ाकर पाश्चात्य सभ्यता के ढंग पर ही चलाना चाहते थे। नरेंद्र की बुद्धि बचपन से बड़ी तीव्र थी और परमात्मा को पाने की लालसा भी प्रबल थी। अध्यात्म-विद्या और भारतीय दर्शन के बिना विश्व अनाथ हो जाएगा यह स्वामी विवेकानंद जी का दृढ़ विश्वास था। अमेरिका में उन्होंने रामकृष्ण मिशन की अनेक शाखाएं स्थापित कीं। अनेक अमेरिकन विद्वानों ने उनका शिष्यत्व ग्रहण किया। वे सदा अपने को गरीबों का सेवक कहते थे। भारत के गौरव को देश-देशांतरों में उज्ज्वल करने का उन्होंने सदा प्रयत्न किया। 4 जुलाई सन 1902 को उन्होंने देह त्याग किया।

अपनी तेजस्वी वाणी के जरिए पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति और अध्यात्म का डंका बजाने वाले स्वामी विवेकानंद न केवल ने वैज्ञानिक सोच तथा तर्क पर बल ही नहीं दिया, बल्कि धर्म को लोगों की सेवा और सामाजिक परिवर्तन पर बल दिया । कवि रमेश अधीर जी ने अपनी कविता के माध्यम से विवेकानंद जी के चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा

बड़ा वही इस दुनिया में जिसने आजीवन दान दिया ।जिसने जैसा चाहा उसको वैसा ही सम्मान दिया।। भावना वार्ष्णेय जी ने अपने भजन के माध्यम से स्वामी विवेकानंद को श्रद्धांजलि प्रकट की। डीसी गुप्ता जी ने कहा भारत विकास परिषद विवेकानंद जी के आदर्शों पर ही चलता है। कार्यक्रम में मीडिया प्रभारी अभिषेक कुमार गुप्ता, महिला संयोजक रेखा रस्तोगी, आशा गोस्वामी, यतेंद्र गुप्ता जी, नवीन कुमार गुप्ता , लक्ष्मीकांत सक्सेना, सोनी रस्तोगी, आदि समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# बिजली घर पर किसानों का हंगामी प्रदर्शन

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और किसानसभा के नेतृत्व में बिजली की समस्याओं, स्मार्ट/प्रीपेड मीटर पर रोक लगाने, किसानों को बिना शर्त फ्री बिजली देने, घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट फ्री बिजली देने के वादा को पूरा करने, अघोषित बिजली कटौती, बिजली निजीकरण बिल वापस लेने, बिलों में धांधली, बिजली घरों में व्याप्त भ्रष्टाचार आदि के खिलाफ अधिशासी अभियंता द्वितीय को ज्ञापन देते हुए समस्यायें न सुलझाने पर बड़े किसान-मजदूर आंदोलन की चेतावनी दी गई। माकपा कार्यालय पर सभा की गई जिसे किसानसभा के प्रांतीय महामंत्री मुकुटसिंह, माकपा जिलामंत्री नाथूराम यादव, सीटू नेता अमर सिंह शाक्य, किसानसभा के जिला मंत्री संतोष शाक्य, प्रेमशंकर यादव, विश्राम सिंह यादव, रामबरन यादव, संतोष राजपूत आदि ने भी संबोधित कर विभिन्न समस्याओं को उठाते हुए जिला प्रशासन को आंदोलन की चेतावनी दी। संतोष शाक्य ने कहा कि मालभाड़ा रेल लाइन में ली गई भूमि का सुखाचार, ब्याज व कुछ मुआवजा बकाया है, 11 जुलाई को टूंडला डीएफसीसी कार्यालय पर प्रदर्शन किया जाएगा। नाथूराम यादव ने बताया कि अहनैया नदी और पूरहा की सफाई के नाम पर खानापूर्ति हो रही है। अहनैया नदी पर टिसुआदेव के पास किसानों ने सफाई के काम को रोककर अधिकारियों को आकर देखने के लिए मौके पर बुलाया। पुरहा नदी पर भी सफाई में इसी तरह बुरा हाल है। विश्राम सिंह यादव ने पंचायत सचिव ऊनवा-संतोषपुर द्वारा शासनादेश के खुले उल्लंघन का मामला उठाते हुए बताया कि मृतकश्री रामेश्वर दयाल की मृत्यु के 6 महिने बाद भी मृत्यु प्रमाण पत्र जारी नहीं किया जा रहा है। सचिव रोस्टर के अनुसार न पंचायत कार्यालय में बैठते हैं न ही जनता के काम निपटाते हैं, डीएम, सीडीओ, एसडीएम को लिखित शिकायत की गई है। सभा में हाथरस में हुई दर्दनाक हादसे में सेंकड़ों मृतकों के प्रति शोक प्रकट कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। मृतक आश्रितों को 20-20 लाख रूपये और घायलों को 2-2 लाख रूपये आर्थिक मदद और दोषियों को दंडित करने की मांग सरकार से की गई।

## कर्मचारी निष्ठा से करे अपने दायत्व का निर्वहन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ द्वारा नवागत डीआईओएस मथुरा का अभिनंदन किया गया। इस अभिनंदन दौरान जिला विधालय निरीक्षक राजेंद्र सिंह ने अपने उदबोधन मे कहा कि सभी अपना कार्य पूर्ण निष्ठा के साथ करे मै पूर्ण विश्वास दिलाता हूं कि किसी का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। संघ के महामंत्री अक्षय भारद्वाज ने संघ परिवार का परिचय कराया। प्रदेश नेतृत्व द्वारा भेजे गए प्रदेश महामंत्री ठाकुर मुकेश सिंह सिकरवार ने श्री सिंह को पूर्ण विश्वास दिलाया कि संघ आपको कभी निराश नहीं करेगा पूर्ण ईमानदारी के साथ कर्मचारी वर्ग कार्य करता रहा है और आगे भी करता रहेगा।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**अवधनामा संवाददाता**

**सम्भल।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस के उपलक्ष में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व परिवहन मंत्री वर्तमान में विधान परिषद के सदस्य आदरणीय अशोक कटारिया जी उपस्थित रहे माननीय मुख्य अतिथि जी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने एक समर्पण की भावना के साथ सविधान की रक्षा के लिए राष्ट हित में अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया और जो आज संविधान की किताब लिए घूमते हैं उन्होंने समय-समय पर देश की आजादी के बाद संविधान को तार तार किया है उन्होंने अपने ओजस्वी विचारों से कार्यकर्ताओं में जोश भी भरा कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा के जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल नि.वर्तमान जिला अध्यक्ष ओमवीर खड़कवंशी ब्लॉक प्रमुख बनिया खेड़ा डॉक्टर सुगंध सिंह ब्लाक प्रमुख पंवासा हिरदेश यादव कमल कुमार कमल राजेश शंकर राजू हरिओम शर्मा प्रभात शर्मा विपिन गुप्ता सतीश अरोड़ा चंद्रसेन राणा सौरभ गुप्ता सत्यप्रकाश गुप्ता जी सोनू चहल जी वह सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन और महामंत्री अर्जुन वाल्मीकि ने किया।

# केएम चिकित्सकों ने किया फाईलॉयड ट्यूमर का ऑपरेशन, बचाई हेमवती की जान

- हेमवती की छाती में बनी 13-10 सेमी की गांठ को सफलता पूर्वक निकाला बाहर
- सफल ऑपरेशन करके कैंसर के खतरे से बचाया हेमवती को
- केएम की सौगात-पांच हजार रुपए में सभी सर्जरी ऑपरेशन दवाओं सहित



**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में छाती में दर्द से और गांठ से बेहाल हेमवती का सर्जरी विभाग के डा. संकल्प श्रीवास्तव और उनकी अनुभवी टीम ने आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क फाईलॉयड ट्यूमर का ऑपरेशन करके उनकी छाती से गांठ को निकाला है। जिससे वह अब स्वस्थ्य है। इस अवसर पर केएम हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग के डा. संकल्प श्रीवास्तव ने बताया कि 40 वर्षीय महिला हेमवती निवासी हाथिया हॉस्पिटल के सर्जरी विभाग ओपीडी में छाती में दर्द और गांठ को दिखाने के लिए आई थी। मरीज को देखने के बाद उसकी छाती में 13ङ्ग10 सेमी की गांठ छाती में बनी दिखाई दी। यूएसजी की जांच से भी पता ला कि ये गांठ फाईलॉयड ट्यूमर है। जिसके लिए डा. संकल्प श्रीवास्तव ने हेमवती को ऑपरेशन कराने की सलाह दी और साथ ही साथ ये भी बताया कि अगर ये गांठ नहीं निकालवाई तो गांठ कैंसर में परिवर्तित हो सकती है। मरीज के पास आयुष्मान कार्ड होने से बिल्कुल फ्री ऑपरेशन किया गया है। डा. संकल्प श्रीवास्तव ने अपनी सर्जरी विभाग की टीम के साथ उल्टे ब्रेस्ट में से 13-10 ट्यूमर ऑपरेशन के जरिए निकाल दिया। निकाली गई गांठ को केएम चिकित्सकों ने हिस्टोपैथोलॉजी विभाग में जांच के लिए भेजा है। अब मरीज नया जीवन पाकर बहुत खुश है, मरीज हेमवती ने केएम विवि के कुलाधिपति और सर्जरी विभाग के चिकित्सकों की दिल से प्रशंसा की है। इस अवसर पर केएम विवि के कुलाधिपति एवं जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने डाक्टर्स टीम को इस ट्यूमर ऑपरेशन की सफलता पर बधाई दी है। उन्होंने बताया कि सर्जरी विभाग में सभी प्रकार के ऑपरेशन अब मात्र पांच हजार रुपए में मेरे ब्रजवासी दवाओं सहित करा सकते है। जिसके लिए सर्जीकल विभागाध्यक्ष डा. अजय अग्रवाल, डा. अजय जैन, संकल्प श्रीवास्तव, डा. सागर, डा. रोहताश एवं न्यूरोसर्जन डा. संदीप चौहान विश्व स्तरीय इलाज मरीजों को प्रदान कर रहें। सफलतापूर्वक ऑपरेशन करने वाली टीम में डा. संकल्प श्रीवास्तव के साथ डा. बच्चू श्रीवास्तव, डा. स्हेनल सिंह, डा. भूपिन्दर सिंह, डा. दुर्गेश, डा. पल्लवी के अलावा ओटी इंचार्ज और नर्सिंग इंचार्ज की टीम का विशेष सहयोग रहा।

# पुलिस ने घटनास्थल की नक्शा-नजरी की तैयार

**अवधनामा संवाददाता**

- आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दी जा रही दबिशें
- जनप्रतिनिधि की भी संलिप्तता आ रही सामने

**मथुरा।** कोतवाली थाना क्षेत्र के कृष्ण विहार में 2.50 लाख लीटर की पानी की टंकी जमींदोज होने के हादसे में दर्ज मुकदमे में पुलिस ने विवेचना के स्तर पर तेजी दिखाना शुरू कर दिया है। पुलिस ने घटनास्थल की नक्शा नजरी तैयार कर ली है। इसके अलावा शहर कोतवाली की एक टीम आरोपी ठेकेदारों की तलाश में ताबड़तोड़ दबिश दे रही है।

लगातार टीमों ने आगरा, दिल्ली, एनसीआर, उत्तराखंड तक दौड़ लगाई है। मगर, अभी आरोपी हाथ नहीं लगे हैं। वहीं, मंगलवार देर रात को घायल गौरी शंकर के शव का बुधवार को पोस्टमार्टम हुआ। उनके शव का परिजनों ने दोपहर बाद अंतिम संस्कार किया। इधर, इस हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है। आगरा में भर्ती नवाब और मथुरा के निजी अस्पताल में भर्ती प्रेमवती की स्थिति में अभी बड़ा सुधार नहीं हुआ है। अन्य 10 घायलों की स्थिति में सुधार है। उनको एक-एक कर स्थिति के हिसाब से छुट्टी देना शुरू कर दिया गया है।अधिशासी अभियंता निर्माण खंड, उप्र जल निगम (नगरीय) मथुरा रत्नेश कुमार श्रीवास्तव की ओर से शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है। इसमें टंकी का निर्माण कार्य करने वाली फर्म मैसर्स एसएम. कंस्ट्रक्शन, 109, अदन बाग एक्सटेंशन, दयालबाग, आगरा, जिसकी हिस्सेदारी 51 प्रतिशत, जेवी मैसर्स बनवारी निवासी 230, महर्षि पुरम, आगरा की हिस्सेदारी 39 प्रतिशत, जेवी मैसर्स त्रिलोक सिंह रावत, निवासी दोब, नौला (मासी), अल्मोड़ा, उत्तराखंड की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत थी। इनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इस फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया गया है। इसके अलावा दोनों ठेकेदारों की पुलिस तलाश कर रही है। इंस्पेक्टर रवि त्यागी ने बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे पहुंचा दिया जाएगा।

# वन महोत्सवः वन हमारे जीवन की बुनियाद हैं: गुफरान अहमद

- चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** वन महोत्सव पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ जन अभियान 2024÷एक पेड़ मां के नाम÷के अंतर्गत गुरुवार को एच.एम.एस. इस्लामिया इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन सामाजिक वानिकी प्रभाग इटावा एवं जिला गंगा सुरक्षा समिति के तत्वाधान में किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में इस्लामिया बालिका इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने भी प्रतिभाग किया।

विद्यालय प्रधानाचार्य गुफरान अहमद ने चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए कहा कि वन हमारे जीवन की बुनियाद हैं जो हमारे पर्यावरण के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक स्थिति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वनों का आशय सामान्य रूप से वृक्षों के समूह से होता है लेकिन वास्तव में ये विभिन्न जीवों का एक जटिल समुदाय है। एक-दूसरे पर परस्पर आश्रित अनेक पौधे और पशु-पक्षी वनों में निवास करते हैं। उप प्रभागीय वनाधिकारी विमल कुमार सिंह ने बताया कि पूरी तरह से विकसित पेड़ बिना कुछ वापस लिये मानवता को बहुत वर्षों तक सेवा करते है। हवा को शुद्ध करने, पारिस्थितिकी संतुलन को बनाये रखने, दवा आदि उपलब्ध कराने के साथ ये हमें कई बीमारियों से भी बचाते है। पेड़ हमारे लिये महत्वपूर्ण संपत्ति की तरह होते हैं। उप प्रधानाचार्य साकिब हुसैन ने कहा कि पेड़ हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं और हम इसे नज़र अंदाज नहीं कर सकते। वह हमे सांस लेने के लिए स्वच्छ हवा, भोजन और बहुत अधिक धूप या बरसात होने पर आराम करने के लिए एक आरामदायक जगह देने जैसे कई काम करते हैं। चित्रकला प्रतियोगिता का शीर्षक पेड़ लगाओ पेड़ बचाओ विषय पर हुई। जिसमें प्रथम स्थान लीजा नाज द्वितीय स्थान राघव तृतीय स्थान हूरिया मिस्बाह एवं सांत्वना पुरस्कार नायरा फातिमा व हिमांशु को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में अतीक अहमद, नावेदउल हसन, वन क्षेत्रीय वनाधिकारी वढपुरा अशोक कुमार शर्मा, उप वन क्षेत्रीय वनाधिकारी शिव प्रसाद, प्रबल प्रताप सिंह, डीपीओ नमामि गंगे संजीव चौहान वन दरोगा ताबिश अहमद, सुनील कुमार, रविंद्र मिश्रा एवं अनिल चौहान आदि का योगदान रहा।

# पीएम मोदी द्वारा टी 20 विश्व कप के विजेताओं से की मुलाकात, विराट कोहली ने पीएम मोदी के लिए दिया स्पेशल मैसेज

विराट कोहली ने भारतीय टीम के साथ गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की है। भारतीय टीम ने उत्साही समर्थकों और फैंस द्वारा मिले जोरदार स्वागत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लोक कल्याण मार्ग पर मुलाकात की है। भारतीय टीम तूफान बेरिल के कारण कैरेबियाई द्वीप में फंसी रही। तूफान में फंसने के बाद रोहित शर्मा की अगुवाई में भारतीय टीम स्वदेश लौट गई है। एयर इंडिया का विशेष चार्टर विमान-एयर इंडिया चैम्पियंस 24 वर्ल्ड कप (एआईसी24 डब्ल्यूसी) सुबह-सुबह राष्ट्रीय राजधानी पहुंचा। राष्ट्रीय राजधानी के खराब मौसम की परवाह किए बिना, टीम इंडिया के सैकड़ों समर्थकों ने हवाई अड्डे के बाहर विश्व कप नायकों के स्वागत के लिए राष्ट्रीय ध्वज लहराया तथा




विशेष तख्तियां पकड़ी। दिल्ली स्थित अपने आवास पर टीम इंडिया की मेजबानी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विराट कोहली, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत के साथ यादगार बातचीत की।

पूर्व भारतीय कप्तान ने ट्विटर के नाम से मशहूर एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी के लिए एक विशेष संदेश साझा किया। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्व कप फाइनल में भारत के लिए 76 रन की मैच विजयी पारी खेलने वाले कोहली ने कहा, आज हमारे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी से मिलकर बहुत सम्मान मिला। प्रधानमंत्री आवास पर हमें आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद सर। विराट कोहली, रोहित शर्मा और विश्व कप विजेता टीम के सदस्यों ने दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के दौरान चैंपियंस लिखी भारतीय जर्सी पहनी थी। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने से पहले रोहित शर्मा की टीम इंडिया के साथ एक तस्वीर भी खिंचवाई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, हमारे चैंपियन के साथ एक उत्कृष्ट बैठक हुई! 7, एलकेएम में विश्व कप विजेता टीम की मेजबानी की और टूर्नामेंट के दौरान उनके अनुभवों पर एक यादगार बातचीत हुई।

## बाबर आजम ने ऑस्ट्रेलिया के पावर हिटिंग कोच शेनन यंग की मदद मांगी

पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने हाल ही में समाप्त हुए विश्व कप में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद अपने टी20 कौशल को फिर से तराशने के लिए प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई पावर हिटिंग कोच शेनन यंग की मदद मांगी है। बाबर ने टी20 विश्व कप के चार मैचों में 101 के स्ट्राइक रेट से 120 रन बनाए। पाकिस्तान इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के सुपर आठ में प्रवेश नहीं कर पाया और पहले दौर से बाहर हो गया। बाबर ने ऑस्ट्रेलिया के ग्लेन मैक्सवेल और जेक फ्रेजर मैकगर्क को कोचिंग दे चुके यंग से मुलाकात की और उनके साथ टी20 प्रारूप में सफलतापूर्वक पावर शॉट लगाने के लिए आवश्यक कौशल पर चर्चा की। यह मुलाकात लाहौर में हुई जहां यंग निजी दौरे पर हैं। यंग को कई ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को सलाह देने और उनके पावर हिटिंग कौशल में सुधार करने का श्रेय दिया जाता है। मैकगर्क ने दिल्ली कैपिटल्स के लिए खेलते हुए अपनी पावर हिटिंग से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2024 सत्र में प्रभावशाली प्रदर्शन किया था।

# वक्त बदला, हालात बदले और... वानखेड़े में हार्दिक हार्दिक के नारे, कुछ महीने पहले इसी मैदान पर हुई थी हूटिंग

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारतीय टीम के हीरो रहे स्टार ऑलराउंर हार्दिक पंड्या के लिए पिछले कई महीने उतार-चढ़ाव के रहे। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के बीच में ही चोटिल होने के बाद टूर्नामेंट से बाहर होना और फिर आईपीएल 2024 में वापसी हार्दिक पंड्या के लिए आसान नहीं रही। इसके बाद आईपीएल 2024 में हार्दिक पंड्या को रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस की कप्तानी मिलना और फैंस का लागातार उनके खिलाफ हूटिंग और उन्हें ट्रोल करना जारी रहा। फैंस आईपीएल 2024 में हार्दिक पंड्या से काफी नाराज थे जिस कारण देश का कोई भी मैदान अछूता नहीं रहा जहां हार्दिक पंड्या को लेकर हूटिंग नहीं हुई। वहीं मुंबई इंडियंस के होम ग्राउंड वानखेड़े स्टेडियम में भी हार्दिक को फैंस की नाराजगी झेलनी पड़ी। लेकिन दो महीने बाद वक्त बदला, हालात भी




बदले और वही फैंस आज वानखेड़े स्टेडियम में हार्दिक-हार्दिक के नाम के नारे लगा रहे हैं। टी20 वर्ल्ड कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम गुरुवार को स्पेश चार्टर विमान से स्वदेश लौट आई है। जिसके बाद कड़ी सुरक्षा के बीच टीम इंडिया पहले पीएम मोदी से दिल्ली में उनके आवास पर मिली और साथ ही ब्रेकफास्ट भी किया। उसके बाद भारतीय टीम मुंबई के लिए निकल गई और अब मुंबई पहुंच भी गई है। इसके साथ ही खुली बस में विजय परेड होगी और फिर वानखेड़े स्टेडियम में सम्मान समारोह होगा। मुंबई में परेड शुरू होने से पहले हार्दिक-हार्दिक की आवाज से स्टेडियम गूंज उठा है। कुछ महीने पहले ही इसी जगह पर हार्दिक को हूटिंग का सामना करना पड़ा था। लेकिन अब वक्त बदल गया है और फैंस अपने चहेते खिलाड़ी के दीदार के लिए बारिश में भी खड़े हुए हैं।

# पीसीबी ने बाबर आजम, शाहीन अफरीदी और रिजवान को दिया बड़ा झटका, हुआ लाखों का नुकसान

टी20 वर्ल्ड कप 2024 में खराब प्रदर्शन के बाद पाकिस्तान क्रिकेट को हर तरफ से आलोचना झेलनी पड़ रही है। टूर्नामेंट के बाद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड यानी पीसीबी भी सख्त रुख अपना चुका है। टूर्नामेंट के बाद खबर आई थी कि पीसीबी अपने खिलाड़ियों पर लगाम लगाएगा और विदेशी टी20 लीगों में हिस्सेदारी को लेकर कड़ा कदम उठाएगा।

पीसीबी ने इसकी शुरुआत कर दी है और निशाने पर आए हैं टी20 टीम के कप्तान बाबर आजम, विकेटकीपर- बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान और बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी। इन तीनों खिलाड़ियों को पीसीबी ने कड़ा झटका दिया है।

बाबर आजम, रिजवान और शाहीन शाह अफरीदी को कनाडा की जीटी20 लीग में हिस्सा लेना था, लेकिन पीसीबी ने इन तीनों को इस लीग में खेलने की अनुमति नहीं दी




है। पीसीबी चेयरमैन मोहसीन नकवी ने एनओसी देने से मना कर दिया है। साफ कहा है कि देश पहले है। नकवी ने कहा है कि जो खिलाड़ी एनओसी मांग रहे हैं उन्हें मना कर दिया गया है और इसके पीछे का कारण आने वाली टेस्ट सीरीज है। बाबर, रिजवान और शाहीन ने कनाडा लीग में खेलने को लेकर एनओसी मांगी थी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में नकवी ने कहा कि खराब प्रदर्शन के लिए सेलेक्शन कमेटी को भी एक हद तक के लिए जिम्मेदार माना जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि नेशनल टीम में सेलेक्शन से पहले घरेलू क्रिकेट का खिलाड़ियों के प्रदर्शन को लेकर एक पैमाना तय किया जाएगा।

## गुकेश ने करुआना को बराबरी पर रोका, प्रज्ञानानंदा ने नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे

विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर ग्रैंडमास्टर डी गुकेश ने यहां सुपरबेट क्लासिक शतरंज टूर्नामेंट के सातवें दौर में शीर्ष पर चल रहे अमेरिका के फाबियानो करुआना को बराबरी पर रोका। एक बार फिर दिन की सभी बाजियां ड्रॉ रही। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ अंक बांटे। अंतिम स्थान पर चल रहे रोमानिया के डिएक बोगडेन-डेनियल ने फिरोजा के साथ ड्रॉ खेला जबकि गिरी ने वाचियेर-लाग्रेव के साथ बाजी ड्रॉ की। शीर्ष वरीय करुआना दो जीत और पांच ड्रॉ से 4.5 अंक के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं। उनके बाद गुकेश, प्रज्ञानानंदा और फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा हैं जो अमेरिकी से आधा अंक पीछे हैं। नेपोमनियाची 3.5 अंक के साथ फ्रांस के मैक्सिम वाचियेर-लाग्रेव के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं। अमेरिका के वेस्ली सो, नीदरलैंड के अनीश गिरी और उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव की तिकड़ी उनसे आधा अंक पीछे है।

# पंकज आडवाणी का एशियाई बिलियर्ड्स में जीत का क्रम जारी, सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराया



भारत के शीर्ष क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए सिद्धार्थ पारिख को 4-2 से हराकर एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में खिताब की हैट्रिक की ओर कदम बढ़ाए। मैच में पारिख ने शानदार शुरुआत करते हुए पहला फ्रेम 101-38 से जीता। दूसरे फ्रेम में कड़ा मुकाबला देखने को मिला लेकिन पारिख ने 100-99 से आडवाणी को हराकर 2-0 की बढ़त बनाई।

आडवाणी ने दो फ्रेम से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए तीसरा फ्रेम 101-0 से जीता। चौथे फ्रेम में पारिख 95 के ब्रेक के बावजूद आडवाणी को 101-95 से जीतने से नहीं रोक पाए। आडवाणी पांचवें फ्रेम में हावी रहे और 87 के ब्रेक के साथ 104-2 की जीत से 3-2 की बढ़त बनाने में सफल रहे।

छठे फ्रेम में पारिख ने 95 का शानदार ब्रेक बनाया लेकिन इसके बावजूद 95-102 के स्कोर से फ्रेम और मैच गंवा दिया। आडवाणी ने कहा, ''लय बनाए रखना अच्छा है। सिद्धार्थ मजबूत प्रतिद्वंद्वी है। खेल की अप्रत्याशित प्रकृति को देखते हुए यह एक रोमांचक मैच था। जैसे-जैसे टूर्नामेंट आगे बढ़ता है, ध्यान केंद्रित रखना महत्वपूर्ण होता है।

## टी20 विश्व कप टीम के मुंबई के खिलाड़ियों को विधान भवन में सम्मानित किया जाएगा

टी20 विश्व चैंपियन भारतीय टीम के मुंबई के चार खिलाड़ियों को शुक्रवार को महाराष्ट्र विधान भवन परिसर में सम्मानित किया जाएगा। राज्य विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने गुरुवार को सदन में यह जानकारी दी। कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, शिवम दुबे और यशस्वी जायसवाल भारत की टी20 विश्व कप टीम का हिस्सा थे। ये सभी मुंबई के रहने वाले हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने 29 जून को देश को दूसरा टी20 विश्व खिताब दिलाया जिससे आईसीसी ट्रॉफी का 11 साल का इंतजार खत्म हुआ। भारत ने पिछला आईसीसी खिताब 2013 में जीता था जब उसने महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी अपने नाम की थी। शिवसेना विधायक प्रताप सरनाईक ने गुरुवार को विधानसभा में मुंबई के खिलाड़ियों को विधान भवन में सम्मानित किए जाने का मुद्दा उठाया। विधानसभा अध्यक्ष नार्वेकर ने कहा कि शहर के खिलाड़ियों का सम्मान शुक्रवार दोपहर विधान भवन में होगा। टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम गुरुवार सुबह बारबाडोस से नई दिल्ली लौटी जहां उसका भव्य स्वागत किया गया।

# भारतीय सिनेमा में वापसी के लिए फवाद खान ने कसी कमर, वाणी कपूर के अपोजिट साइन की फिल्म

8 साल के बाद, पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान भारतीय सिनेमा पर अपनी अदाकारी दिखाने के लिए लौट रहे है। अभिनेता ने एक हिंदी रोमांटिक कॉमेडी फिल्म साइन की है, जिसमें वह अभिनेत्री वाणी कपूर संग रोमांस करते नजर आएंगे। फवाद के प्रोजेक्ट को निर्देशित करने के लिए आरती बागड़ी को चुना गया है।

एक व्यापार सूत्र के हवाले से बताया गया है कि फवाद खान की दक्षिण एशियाई लोगों के बीच लोकप्रियता के कारण उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर काफी लोकप्रियता मिली है। वे मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स का भी हिस्सा रहे हैं। इस प्रोजेक्ट के बारे में इससे अधिक जानकारी गुप्त रखी जा रही है और हर कोई इस बारे में चुप है। निर्माता इस प्रोजेक्र की घोषणा यूके में इसे फिल्माना शुरू करने से पहले करेंगे।

फवाद और वाणी की रोमांटिक



कॉमेडी फिल्म को पूरी तरह से यूके में शूट किया जाएगा। फिल्म की स्टोरीलाइन की बात करें तो यह दो टूटे लोगों के इर्द-गिर्द घुमेगी, जो किस्मत से एक-दूसरे को मिलते है। फिर एक-दूसरे की मदद करने के चक्कर में प्यार में पड़ जाते है। बता दें, ईस्टवुड स्टूडियोज का यह पहला अंतरराष्ट्रीय प्रोजेक्ट है और अभी तक इस फिल्म का टाइटल फाइनल नहीं किया गया है।

फवाद के भारतीय फैंस उनकी वापसी से खुश है। अभिनेता को आखिरी बार आठ साल पहले हिंदी बॉक्स ऑफिस पर देखा गया था। फवाद ने करण जौहर की फिल्म ऐ दिल है मुश्किल में अभिनय किया था। इसके अलावा कपूर एंड संस और खूबसूरत जैसी भारतीय फिल्मों में वह अभिनय कर चुके है।

# हिंदी पट्टी में इसलिए मात खा गई प्रभास की नई फिल्म, बाहुबली 2 के कलेक्शन से मीलों पीछे

अभिनेता प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी इन दिनों सिनेमाघरों में लगी हुई है। इसमें अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन भी अहम भूमिक में हैं। नाग अश्विन के निर्देशन में बनी यह मेगा बजट फिल्म देशभर के दर्शकों को पसंद आ रही है। हालांकि, दक्षिण क्षेत्रों के मुकाबले यह फिल्म हिंदी भाषी इलाकों में थोड़ी सुस्त चाल चल रही है। अभिनेता प्रभास को हिंदी भाषा में फिल्म बाहुबली से लोकप्रियता मिली। इस फ्रेंचाइजी की दोनों फिल्मों ने हिंदी भाषा में अच्छी कमाई की। लेकिन, उसके बाद कोई फिल्म वैसा उत्साह नहीं जगा सकी है। सवाल है कि कल्कि 2898 एडी से पहले रिलीज हुई प्रभास की पिछली फिल्मों को लेकर भी हिंदी पट्टी के दर्शकों की प्रतिक्रिया कैसी रही है? आइए, देख लेते हैं कि आकंड़े क्या कहते हैं।

वर्ष 2015 में आई फिल्म बाहुबलीः द बिगनिंग ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था। ओपनिंग डे पर हिंदी भाषा में इस फिल्म ने 5.15 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। दूसरे दिन 7.10 करोड़, तीसरे दिन 10.10 करोड़, चौथे दिन 6.10 करोड़, पांचवे दिन 6.20 करोड़, छठे दिन 6.00 और सातवें दिन 6.15 करोड़ रुपये कमाए। पहले सप्ताह का हिंदी पट्टी में कारोबार इस फिल्म का 46.80 करोड़ रुपये रहा।

बाबहुली की अगली कड़ी फिल्म बाहुबली 2 वर्ष 2017 में रिलीज हुई। इसने ओपनिंग डे पर 121 करोड़ रुपये की कमाई की थी। फिल्म ने सिर्फ हिंदी में ही पहले दिन 41 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया था। हिंदी पट्टी में दूसरे दिन फिल्म ने 40 करोड़ रुपये, तीसरे दिन 46.50 करोड़ रुपये, चौथे दिन 40.25 करोड़, पांचवे दिन 30 करोड़, छठे दिन 26 करोड़ और सातवें दिन 22.75 करोड़ रुपये कमाए थे। इस तरह सिर्फ हिंदी भाषी क्षेत्रों में ही इस फिल्म ने पहले सप्ताह 247 करोड़ रुपये कूट लिए थे। प्रभास की ही फिल्म साहो ने ओपनिंग डे पर (शुक्रवार) करीब 89 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म ने हिंदी में 24.40 करोड़ रुपये पहले दिन कमा डाले थे। दूसरे दिन की कमाई 25.20 करोड़, तीसरे दिन 29.48 करोड़ रही। चौथे दिन यानी पहले सोमवार को फिल्म की कमाई हिंदी में 14.20 करोड़ रुपये रही थी। पांचवे दिन फिल्म के कलेक्शन में और गिरावट



आई और कमाई रही 9.10 करोड़ रुपये। छठे दिन का कारोबार 6.90 करोड़ और सातवें दिन 6.75 करोड़ रुपये कमाई रही। इस तरह हिंदी में फिल्म ने पहले सप्ताह 116.03 करोड़ रुपये कमाए।

वर्ष 2022 में आई प्रभास और पूजा हेगड़े अभिनीत व के.के. राधाकृष्णा कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म राधे श्याम ने सभी भाषाओं में ओपनिंग डे पर 43.1 करोड़ रुपये कमाए थे। वहीं, सिर्फ हिंदी की बात करें तो पहले दिन फिल्म ने हिंदी पट्टी में 4.8 करोड़ रुपये कमाए। दूसरे दिन (शनिवार को) 4.95 करोड़, तीसरे दिन 5.5 करोड़ रुपये कमाए। चौथे दिन यानी पहले सोमवार से कमाई ढलान पर आनी शुरू हुई। फिल्म ने चौथे दिन हिंदी में 1.25 करोड़ रुपये, पांचवे दिन 1.01 करोड़, छठे दिन 9 करोड़ और सातवें दिन 79 लाख रुपये कमाए। इस तरह पहले सप्ताह हिंदी भाषा में राधेश्याम की कमाई करीब 19.2 करोड़ रुपये रही।

पिछले साल रिलीज हुई प्रभास की फिल्म आदिपुरुष ने ओपनिंग डे पर हिंदी भाषी क्षेत्रों में 37.25 करोड़ रुपये कमाए थे। दूसरे दिन शनिवार को 37 करोड़, तीसरे दिन यानी रविवार को 38 करोड़ रुपये कमाए। चौथे दिन पहले सोमवार की परीक्षा में हिंदी पट्टी में फिल्म सिर्फ 8.5 करोड़ ही कमा सकी। पांचवे दिन फिल्म ने 5.5 करोड़ रुपये, छठे दिन 3.8 करोड़ और सातवें दिन 2.9 करोड़ का कारोबार किया। फिल्म का पहले सप्ताह का कारोबार 132.95 करोड़ रुपये रहा। वर्ष 2023 में दिसंबर में रिलीज हुई फिल्म सलार ने हिंदी में 15.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन हिंदी पट्टी में कमाई 16.35 करोड़ रही। फिर तीसरे दिन यानि इतवार को कारोबार 21.1 करोड़ रहा। चौथे दिन कमाई 15 करोड़, पांचवे दिन 9.1 करोड़, छठे दिन 8 करोड़ रुपये और सातवें दिन 7.2 करोड़ रुपये रही। फिल्म ने पहले सप्ताह हिंदी भाषी क्षेत्रों में कुल 92.5 करोड़ रुपये कमाए थे।

बात करें प्रभास की इन दिनों सिनेमाघरों में लगी फिल्म कल्कि 2898 एडी की तो इसने हिंदी भाषी क्षेत्रों में पहले दिन 22.5 करोड़ रुपये कमाए। दूसरे दिन 23 करोड़ और तीसरे दिन 26 करोड़ रुपये कमाए। चौथे दिन रविवार को फिल्म ने हिंदी भाषाई इलाकों में 40 करोड़ रुपये की कमाई कर डाली। लेकिन पांचवे दिन यानि पहले सोमवार को 16.5 करोड़ रुपये कमाए, छठे दिन 13 करोड़ कमाए। सातवें दिन हिंदी पट्टी में कमाई और गिरी और 11.3 करोड़ का कलेक्शन किया है। पहले सप्ताह हिंदी भाषी इलाकों में फिल्म ने 152.3 करोड़ रुपये का कारोबार किया है।

# ब्रेस्ट कैंसर के इलाज के दौरान हिना खान के बाल छोटे किए तो रो पड़ीं उनकी मां, देखें वीडियो

स्टेज 3 ब्रेस्ट कैंसर से जूझ रहीं अभिनेत्री हिना खान ने अपने बालों को छोटा करते हुए अपना एक नया वीडियो शेयर किया है। हिना ने गुरुवार को इंस्टाग्राम पर वह क्लिप पोस्ट की जिसमें उनकी मां को भी रोते हुए सुना गया। भावुक होते हुए भी हिना ने पूरे वीडियो के दौरान अपने चेहरे पर मुस्कान बनाए रखी।

वीडियो की शुरुआत हिना के शीशे के सामने बैठे होने से हुई और हिना का दोस्त उनके बाल बना रहे थे। एक्ट्रेस के बगल में उनकी मां बिस्तर पर बैठी थीं। जब हिना ने उसे सांत्वना दी और अपना हाथ बढ़ाया तो उसे रोते हुए सुना गया। हिना ने कहा, रो मत, प्लीज मम्मा। ये सिर्फ बाल हैं मम्मा। बाल हैं, आप नहीं कटवाते हो? जब उसकी मां रोना बंद नहीं कर पाई तो हिना ने कहा, बस आपकी तबीयत खराब हो जाएगी।

हिना ने अपने बालों की पहली चोटी काटी और उसकी दोस्त ने उसके बाकी बाल काट दिए। वीडियो में हिना छोटे बालों में नजर आई। उसके अंतिम दर्शन के बाद, उसकी मां अंदर आई और उसे गले लगा लिया। हिना ने उनके गालों पर किस भी किया। हिना ने मुस्कुराते हुए कहा, बुरा नहीं। मैं आजाद महसूस कर रही हूं। वीडियो शेयर करते हुए हिना ने लिखा, आप बैकग्राउंड में मेरी मां की कश्मीरी भाषा में रोने



की आवाज (मुझे आशीर्वाद देते हुए) सुन सकते हैं क्योंकि उन्होंने खुद को कुछ ऐसा देखने के लिए तैयार किया जिसकी उन्होंने कभी कल्पना करने की हिम्मत नहीं की थी। हम सभी के पास इसे प्रबंधित करने के लिए समान उपकरण नहीं हैं। हृदयविदारक भावनाएं।

सभी खूबसूरत लोगों के लिए, विशेष रूप से महिलाओं के लिए जो एक ही लड़ाई लड़ रहे हैं, मुझे पता है कि यह कठिन है, मैं जानता हूं कि हम में से अधिकांश के लिए, हमारे बाल वह ताज हैं जिन्हें हम कभी नहीं उतारते। लेकिन क्या होगा अगर आप ऐसी लड़ाई का सामना कर रहे हैं यह कठिन है कि आपको अपने बाल-अपना गौरव, अपना ताज खोना होगा? यदि आप जीतना चाहते हैं तो आपको कुछ कठिन निर्णय लेने होंगे और मैं जीतना चुनती हूं। हिना ने लिखा कि उन्होंने अपने बालों को गिरना शुरू होने से पहले काटने का फैसला किया मैंने इस लड़ाई को जीतने के लिए खुद को हर संभव मौका देने का फैसला किया है। मैंने अपने खूबसूरत बालों को झड़ने से पहले ही छोड़ देने का फैसला किया है। मैं इस मानसिक टूटन को कई हफ्तों तक सहन नहीं करना चाहती थी। इसलिए, मैंने बालों को छोड़ने का फैसला किया है मेरे ताज का क्योंकि मुझे एहसास हुआ है कि मेरा असली ताज मेरा साहस, मेरी ताकत और मेरे लिए मेरा प्यार है (साथ ही).. मैंने इस चरण के लिए एक अच्छा विग बनाने के लिए अपने बालों का उपयोग करने का फैसला किया है। बाल वापस उग आएंगे, भौहें वापस आ जाएंगी, घाव मिट जाएंगे, लेकिन आत्मा बरकरार रहनी चाहिए, उसने आगे कहा।

मैं अपनी कहानी, अपनी यात्रा रिकॉर्ड कर रही हूं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खुद को गले लगाने के मेरे प्रयास हर किसी तक पहुंचें। अगर मेरी कहानी किसी के लिए इस हृदयस्पर्शी लेकिन कष्टदायी अनुभव के एक दिन को भी बेहतर बना सकती है, तो यह इसके लायक है भगवान हमारे दर्द को कम करें और हमें विजयी होने की शक्ति दें, कृपया प्रार्थना करें, मेरे लिए प्रार्थना करें, हिना ने निष्कर्ष निकाला।

कुछ दिनों पहले, हिना ने एक अवार्ड शो में भाग लेने के तुरंत बाद अपने पहले कीमोथेरेपी सत्र के लिए अस्पताल जाने का एक वीडियो साझा किया था। वीडियो में हिना ने रेड कार्पेट पर पैपराजी के लिए पोज दिया और एक इवेंट में अवॉर्ड भी लिया। फिर, उन्हें कीमो के लिए अस्पताल में देखा गया। हिना ने 28 जून को पुष्टि की कि उन्हें स्टेज तीन स्तन कैंसर का पता चला है।

# अनिता अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में परफॉर्म करने भारत पहुंचे हॉलीवुड स्टार जस्टिन बीबर



ग्लोबल सेंसेशन जस्टिन बीबर पहुंच चुके हैं। सोशल मीडिया पर उनके वीडियो भी सामने आ गए हैं। हालाँकि, अभी तक मीडिया के कैमरों में गायक की झलक कैद नहीं हुई है। लेकिन जल्द ही उनकी तस्वीरें सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें, जस्टिन शुक्रवार को अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट की शादी में परफॉर्म करने वाले हैं। अनंत और राधिका 12 जुलाई को मुंबई के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स में जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं।

वायरल भयानी ने गुरुवार को अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर की, जिसमें जस्टिन की कार को देखा गया। हालाँकि, उनकी झलक फैंस को देखने को नहीं मिली। लेकिन अब बीबर मुंबई में हैं तो जल्द ही उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आने की उम्मीद है। पुर्तगाली पोर्टल लियोडायस की एक रिपोर्ट के अनुसार, बीबर अनंत और राधिका की शादी में परफॉर्म करने वाले हैं, जिसके लिए अंबानी परिवार द्वारा उन्हें .10 मिलियन डॉलर यानी कि 74 करोड़ रुपयो का भुगतान किया जा रहा है। जस्टिन बीबर के अलावा हॉलीवुड स्टार गायक एडेल, ड्रेक और लाना डेल रे भी अंबानी परिवार के जश्न में शामिल हो सकते हैं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, गायकों से बात चल रही है और वह शादी में परफॉर्म करने मुंबई आ सकते हैं।

# भाजपा ने स्वामी विवेकानंद को पुण्यतिथि पर किया नमन

**नई दिल्ली**(हि.स.)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आज युग प्रवर्तक स्वामी विवेकानंद को उनकी पुण्यतिथि पर स्मरण करते हुए नमन किया । भाजपा ने एक्स हैंडल में

**शिक्षक**

**अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। यह कभी मत कहो कि मैं नहीं कर सकता, क्योंकि आप अनंत हैं।**

स्वामी विवेकानंद के प्रमुख अनमोल वचन संघर्ष जितना कठिन होगा, जीत उतनी शानदार होगी को भी उद्धत किया है। भाजपा ने एक्स पर लिखा है-महान दार्शनिक, ओजस्वी वक्ता, युग प्रवर्तक एवं युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद जी के निर्वाण दिवस पर कोटि-कोटि नमन। उल्लेखनीय है कि स्वामी विवेकानंद ने अपने गुरु की उक्ति जीव ही शिव है को अपने जीवन में उतारते हुए उद्धत करते हुए सुझाव दिया कि ईश्वर हर जीवित प्राणी में है और हमें जाति, वर्ग, लिंग, धर्म या जातीयता के




बावजूद हर व्यक्ति का सम्मान करना चाहिए। स्वामी विवेकानंद के विचार कालजयी हैं। उनके प्रमुख विचार हैं- जैसा तुम सोचते हो, वैसे ही बन जाओगे। खुद को निर्बल मानोगे तो निर्बल और सबल मानोगे तो सबल ही बन जाओगे। किसी दिन जब आपके सामने कोई समस्या न आए, तो आप सुनिश्चित हो सकते हैं कि आप गलत मार्ग पर चल रहे हैं।जब तक जीना, तब तक सीखना। अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है। यह कभी मत कहो कि मैं नहीं कर सकता, क्योंकि आप अनंत हैं।उठो, जागो और तबतक न रुको, जब तक तुम अपना लक्ष्य प्राप्त नहीं कर लेते।लोग तुम्हारी स्तुति करें या निंदा, लक्ष्य तुम्हारे ऊपर कृपालु हो या न हो, तुम्हारा देहांच आज हो या युग में, तुम न्यायपथ से कभी भ्रष्ट न हो।

## हेमंत सोरेन सात जुलाई को तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की लेंगे शपथ



**रांची (हि.स.)।** राज्य में बदले राजनीतिक घटनाक्रम के बीच हेमंत सोरेन तीसरी बार सात जुलाई को शुभ मुहूर्त में मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन के बुलावे पर हेमंत सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) एवं सहयोगी दलों कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेताओं के साथ गुरुवार को राजभवन पहुंचे। राज्यपाल ने हेमंत सोरेन को सरकार बनाने का न्योता दिया।

राजभवन में हेमंत सोरेन के साथ कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमत मीर, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और आरजेडी नेता सत्यानंद भोक्ता मौजूद थे। झामुमो महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि हेमंत सोरेन रथयात्रा के दिन यानी सात जुलाई को प्रदेश के 13वें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ लेंगे।

इससे पहले तीन जुलाई को मुख्यमंत्री आवास में चम्पाई सोरेन की अध्यक्षता में इंडी गठबंधन के सभी विधायकों की बैठक बुलाई गई थी, जिसमें सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया। इसके पश्चात शाम को चम्पाई सोरेन सहित हेमंत सोरेन और सत्ता पक्ष के कई मंत्रियों-विधायकों ने राज्यपाल से मुलाकात की। इस दौरान चम्पाई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया जबकि हेमंत सोरेन ने राज्यपाल के समक्ष फिर से नई सरकार बनाने क दावा पेश किया।

# कार व रोडवेज बस की भिड़ंत में हज करके लौटे पिता, तीन बेटों सहित पांच की मौत

**मुरादाबाद हि.स.।** दिल्ली-लखनऊ राजमार्ग स्थित मूंढापांडे थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक रोडवेज बस और कार की आमने-सामने की टक्कर में कार सवार पिता, तीन पुत्रों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। हज कर लौटे पिता व मां को दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर तीनों बेटे कार से लेकर लौट रहे थे। इस दुर्घटना में दो लोग घायल भी हुए हैं।

रामपुर जिले के स्वार कोतवाली क्षेत्र के मुकरमपुर गांव निवासी अशरफ अली और उनकी पत्नी जैतून हज करने गए थे। हज के बाद दंपति बुधवार की शाम दिल्ली एयरपोर्ट पर उतरे थे। उन्हें दिल्ली एयर से रिसीव करने बुधवार को तीन बेटे नक्शे अली, आरिफ अली, आसिफ अली और इंतेखाब अली एयरपोर्ट पहुंचे थे। कार गांव के ही अहसान की थी और वह ही चला रहे थे। सभी करीब देर रात गांव मुकरमपुर के लिए रवाना हुए थे। मुरादाबाद के थाना मूंढापांडे में गुरुवार सुबह उनकी कार की सामने से आ रही एक रोडवेज बस से भीषण टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और के रूप में हुई हैं। हादसे में हज्जन जैतून और उनका बेटा आसिफ अली घायल हो गया है। कार सवार अशरफ, उनके बेटे नक्शे अली व



कार सवार रामपुर के स्वार निवासी एक परिवार के पिता और तीन पुत्रों समेत कार चालक की मौके पर मौत हो गई। मृतकों की पहचान हाजी अशरफ 65 वर्ष उनके तीन बेटे नक्शे अली 42 वर्ष, आरिफ अली 24 वर्ष और इंतेखाब अली 20 वर्ष और कार चालक अहसान 32 वर्ष आरिफ तथा चालक अहसान की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे बेटे इंतेखाब ने अस्पताल में दम तोड़ा। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। दुर्घटना में घायल हाजी अशरफ की पत्नी और बेटे आसिफ का मुरादाबाद के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री से टेलीफोन पर की द्विपक्षीय चर्चा



**नई दिल्ली(हि.स.)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया के रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग से संबंधित कई मुद्दों की समीक्षा की गई, जिसमें इंडो-पैसिफिक में दोनों देशों के बीच घनिष्ठ सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। रक्षा मंत्री ने कहा, ÷हम भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को बहुत महत्व देते हैं। ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री के पास उप प्रधानमंत्री का भी पद है। टेलीफोनिक बातचीत में दोनों मंत्रियों ने व्यापक रणनीतिक साझेदारी के तहत रक्षा सहयोग में परिवर्तनकारी प्रगति का उल्लेख किया। वार्ता के दौरान पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया 2 प्लस 2 मंत्रिस्तरीय वार्ता के बाद से संबंधों में आई गति की सराहना की गई। इस द्विपक्षीय बैठक में दोनों मंत्रियों ने नवंबर, 2023 में भाग लिया था। ऑस्ट्रेलिया ने 2024 में जारी किए जाने वाले अपने राष्ट्रीय रक्षा रणनीति दस्तावेज में भारत को शीर्ष स्तरीय सुरक्षा भागीदार माना है।

ऑस्ट्रेलियाई रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्लेस ने लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए रक्षा मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के लिए राजनाथ सिंह को बधाई दी। उन्होंने भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की कार्यप्रणाली को सराहा, जिसमें लोगों ने बड़ी संख्या में मतदान किया। उन्होंने टीम इंडिया के टी-20 विश्व चैंपियन बनने पर भी रक्षा मंत्री को बधाई दी।

## चीन के विदेश मंत्री से मिले जयशंकर, सीमा विवाद पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली(हि.स.)।** विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी से गुरुवार को अस्ताना, कजाकिस्तान में एससीओ बैठक के दौरान मुलाकात की। विदेश मंत्री



जयशंकर ने अपने समकक्ष से कहा कि भारत-चीन संबंध आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और हितों को ध्यान में रखकर ही बेहतर हो सकते हैं। ऐसे में वास्तविक नियंत्रण रेखा का सम्मान और सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति सुनिश्चित की जानी चाहिए। विदेश मंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति की वापसी की दिशा में बाधाओं को दूर करने के लिए पूर्वी लद्दाख में शेष क्षेत्रों से सैन्य तनातनी कम करने और सीमा पर शांति बहाल करने के प्रयासों को दोगुना करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। दोनों मंत्री इस बात पर सहमत हुए कि सीमावर्ती क्षेत्रों में मौजूदा स्थिति का लंबे समय तक बने रहना किसी भी पक्ष के हित में नहीं है। विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों मंत्रियों ने वैश्विक स्थिति पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया।

विदेश मंत्री जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री वांग यी को अगले वर्ष चीन की अध्यक्षता में एससीओ के लिए भारत का समर्थन दिया।द्विपक्षीय संबंधों को स्थिर और पुनर्निर्माण करने के लिए पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर शेष मुद्दों का शीघ्र समाधान खोजने पर विचारों का आदान-प्रदान किया। उन्होंने अतीत में दोनों सरकारों के बीच हुए प्रासंगिक द्विपक्षीय समझौतों, प्रोटोकॉल और समझ के महत्व को रेखांकित किया। दोनों मंत्री शेष मुद्दों को जल्द से जल्द हल करने के लिए अपनी चर्चाओं को आगे बढ़ाने के लिए दोनों पक्षों के राजनयिक और सैन्य अधिकारियों की बैठकें जारी रखने और बढ़ाने पर सहमत हुए। इस उद्देश्य के लिए भारत-चीन सीमा मामलों पर परामर्श और समन्वय कार्य तंत्र (डब्ल्यूएमसीसी) की शीघ्र बैठक आयोजित किए जाने पर भी सहमति दिखी।

### केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य ने गुना में स्पाइस पार्क के पुनरुत्थान के लिए रेल मंत्री वैष्णव को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय संचार एवं उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने लोकसभा क्षेत्र गुना (मध्यप्रदेश) में 2013 के दौरान बनाए गए एक 'स्पाइस पार्क' के पुनरुत्थान के लिए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। सिंधिया ने पत्र में गुना क्षेत्र के मावन गांव में 100 एकड़ में बने राज्य के उस एक मात्र 'स्पाइस पार्क' का जिक्र किया है, जिसकी स्थापना 16 मार्च 2013 को की गई थी। केंद्रीय संचार मंत्री सिंधिया ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव को लिखा है कि गुना क्षेत्र को उद्योग व्यापार से जोड़ने के लिए स्थापित किए गए इस 'स्पाइस पार्क' की मसाला इकाइयों से मसालों का निर्यात होता है। इसके लिए ट्रकों की आवाजाही लगी रहती है। ये ट्रक सिंगवासा रेल ब्रिज से होकर गुजरते हैं। उन्होंने आगे लिखा है कि अंडरपास के कारण माल से लदे ट्रकों का आर-पार होना सम्भव नहीं हो रहा है।

### सीबीआई ने गोरखपुर स्थित एनएचआई के प्रबंधक के खिलाफ घूसखोरी के आरोप में मामला किया दर्ज

**नई दिल्ली(हि.स.)।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने गोरखपुर स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) के प्रबंधक वीरेंद्र सिंह के खिलाफ आज गुरुवार को घूसखारी के आरोप में मामला दर्ज किया है।सीबीआई के मुताबिक शिकायतकर्ता का आरोप है कि राजमार्ग के किनारे की जमीन पर पेट्रोल पंप लगाने के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने के एवज में एनएचआईए के प्रबंधक वीरेंद्र सिंह द्वारा डेढ़ लाख रुपये रिश्वत के तौर पर मांगी जा रही है।

01 जुलाई 2024 को शिकायतकर्ता की तरफ से इसकी शिकायत सीबीआई के भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) को की गई थी। इसका संज्ञान लेकर सीबीआई की एसआईबी टीम ने गुरुवार को पीसी एक्ट 1988 के तहत केस दर्ज किया। सीबीआई के मुताबिक शिकायतकर्ता को कुशीनगर में आईओसीएल के पेट्रोल पंप के लिए 3 जुलाई 2023 को कंपनी की तरफ से एनएचएआई के किनारे की जमीन पर पेट्रोल पंप लगाने की स्वीकृति मिली। कंपनी की तरफ से स्वीकृति मिलने के बाद शिकायतकर्ता ने एनएचएआई से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) के लिए दिसंबर में आवेदन किया था। सीबीआई के मुताबिक शिकायतकर्ता ने बताया कि यह फाइल गोरखपुर में एनएचएआई के प्रबंधक वीरेंद्र सिंह के पास स्वीकृति के लिए गई थी। इसकी स्वीकृति दिए जाने में विलंब किया जा रहा है। आरोप है कि शिकायतकर्ता द्वारा एनएचएआई के प्रबंधक वीरेंद्र सिंह से संपर्क करने पर एनओसी दिए जाने के एवज में डेढ़ लाख रुपये घूस की मांग की गई।

### रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने हाथरस हादसे पर जताया दुख, भेजा शोक संदेश

**मास्को (हि.स.)।** हाथरस हादसे को लेकर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने दुख जताया है। पुतिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को शोक संदेश भेजा है। पुतिन ने अपने शोक संदेश में लिखा, हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को मेरी सहानुभूति है, साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। बता दें कि इस हादसे में 121 लोगों की मौत हो चुकी है। उत्तर प्रदेश के हाथरस में स्वयंभू बाबा उर्फ नारायण साकार हरि के धार्मिक आयोजन में भगदड़ मचने से 121 से लोगों की मौत हो गई। हाथरस भगदड़ में 100 से अधिक महिलाओं और सात बच्चों सहित कम से कम 121 लोग मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए। वहीं इससे पहले भारत स्थित तमाम देशों के विदेशी राजनयिकों ने अपनी संवेदना व्यक्त की थी।

## पाक पीएम शहबाज शरीफ की नौटंकी, एससीओ शिखर सम्मेलन में बोले- हमें आतंकवाद को लेकर गहरी चिंता

**एपी, अस्ताना।** पाकिस्तान में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को एससीओ शिखर सम्मेलन में सदस्य देशों के लिए एक प्रमुख चिंता के रूप में



आतंकवाद के मुद्दे को उठाया और अफगान तालिबान सरकार के साथ सार्थक जुड़ाव का आह्वान किया। दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना पहुंचे शाहबाज ने एससीओ बैठक में पाकिस्तान का प्रतिनिधित्व किया, जहां चीन, भारत, तुर्किये, ईरान, अजरबैजान और किर्गिस्तान सहित देशों के नेता और राजनयिक आर्थिक और चर्चा के लिए एकत्र हुए हैं।

डॉन न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन के दौरान आर्थिक विकास की पूर्व शर्त के रूप में क्षेत्र में शांति बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया। शहबाज शरीफ ने कहा, अफगानिस्तान में स्थायी शांति प्राप्त करना इस सामान्य उद्देश्य की कुंजी है, उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अपनी वास्तविक आर्थिक और विकास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अफगान सरकार के साथ सार्थक रूप से जुड़ा हुआ है। उन्होंने कहा, राज्य आतंकवाद सहित इसके सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की स्पष्ट और स्पष्ट शब्दों में निंदा की जानी चाहिए, उन्होंने कहा कि राजनीतिक लाभ के लिए निर्दोष लोगों की हत्या करने या आतंकवाद के हौव्वा का उपयोग करने का कोई औचित्य नहीं है। शहबाज शरीफ ने आगे यह भी कहा कि अफगान तालिबान को यह सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाने चाहिए कि उसकी जमीन का इस्तेमाल किसी अन्य देश के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं किया जाए।

शहबाज ने शिखर सम्मेलन के मौके पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान वित्तीय और बैंकिंग मुद्दों पर काबू पाने का ऐलान किया था। बता दें कि जून 2017 में कजाकिस्तान में एक शिखर सम्मेलन में पाकिस्तान और भारत एससीओ के सदस्य बने थे।

# ब्रिटेन में आम चुनाव के लिए हो रही वोटिंग, सुबह पता चलेगा किसकी सरकार

**लंदन,(हि.स.)।** ब्रिटेन में आज आम चुनाव के लिए मतदान हो रहा है। इस बार चुनाव में मौजूदा प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी और 61 वर्षीय कीर स्टार्मर की





लेबर पार्टी में सीधा मुकाबला है। सर्वेक्षणों में दावा किया गया है कि लेबर पार्टी 14 साल के शासन के बाद कंजर्वेटिव पार्टी को सत्ता से हटा सकती है। ऋषि सुनक की जगह कीर स्टार्मर नए प्रधानमंत्री हो सकते हैं। मतदान खत्म होते ही वोटों की गिनती शुरू हो जाएगी। मतदान सुबह 7 बजे (भारतीय समयानुसार 11:30 बजे) शुरू हुआ है। लोग रात 10 बजे (भारतीय समयानुसार 2:30 बजे) तक मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। करीब 50 मिलियन (पांच करोड़) लोग मतदाता हैं। एग्जिट पोल रात 10 बजे (भारत के 2:30 बजे) मतदान समाप्त होते ही शुरू हो जाएगा। द गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार एग्जिट पोल ब्रिटिश राजनीतिक वैज्ञानिक जॉन कर्टिस और सांख्यिकीविद् डेविड फर्थ के बनाए मॉडल से होगा। इसका इस्तेमाल 2005 से चुनाव कवरेज के लिए किया जा रहा है। इसमें 130 मतदान केंद्रों को कवर क्स्सस्स्स्या जाता है। इन पर मतदाताओं को मॉक बैलेट दिया जाता है। इन एग्जिट पोल्स का ट्रैक रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है और ये अंतिम नतीजों के काफी नजदीक रहते हैं। नए गठित निर्वाचन क्षेत्र बेलीथ और एशिंगटन के नतीजे 11:30 बजे (भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह 4 बजे) आने की उम्मीद है। उत्तर-पूर्व इंग्लैंड के हॉटन और सुंदरलैंड में भी इसी समय के आसपास नतीजे आ जाने की उम्मीद है। शुक्रवार लगभग 1 बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे), स्कॉटलैंड के शुरुआती नतीजे आने लगेंगे। इसके बाद रात दो बजे (भारतीय समयानुसार सुबह 6:30 बजे) तक तेज गति से नतीजे आने लगेंगे। भारतीय समयानुसार सुबह 7 बजे तक साफ हो जाएगा कि कौन सी पार्टी अगली सरकार बनाएगी। ब्रिटेन में बहुमत के लिए 650 संसदीय सीटों में से 326 सीटें जीतने की जरूरत होती है। ब्रिटेन में 300 से ज्यादा पंजीकृत दल हैं। चुनाव पूर्व सर्वेक्षणों में लेबर पार्टी की जीत का अनुमान लगाया गया है। अगर यह दावा सही साबित हुआ तो ऋषि सुनक का 18 महीने का कार्यकाल समाप्त हो जाएगा और ब्रिटेन में 14 साल बाद कंजर्वेटिव पार्टी सत्ता से बाहर हो जाएगी। लेबर पार्टी के सत्ता में आने पर अध्यक्ष कीर स्टार्मर का प्रधानमंत्री बनना तय है। कीर को 2020 में लेबर पार्टी की कमान सौंपी गई थी।

# मॉस्को में गर्मी तोड़ रही रिकॉर्ड, 35 डिग्री पार पहुंचा तापमान; सरकार ने जारी किए निर्देश

**सहारा**

**मॉस्को में रहने वाले लोगों ने गर्मी से राहत पाने के लिए सार्वजनिक फव्वारों का सहारा लिया और पार्कों बैठे नजर आए। 70 वर्षीय मोनिरा गैलीमोवा नेबताया कि यह बहुत कठिन है, इससे काफी**




**मॉस्को।** रूस की राजधानी मॉस्को में गर्मी रिकॉर्ड तोड़ रही है। रूस में 35 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा तापमान रिकॉर्ड किया गया। आज रूस में अब तक का सबसे गर्म मौसम देखा गया, बता दें कि मॉस्को ने 1917 के रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वहीं इससे पहले 3 जुलाई को तापमान 32.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गर्म मौसम के कारण एयर कंडीशनर, पंखे, आइसक्रीम और ठंडे पेय पदार्थों की मांग बढ़ा दी गई है। मॉस्को के मेयर सर्गेई सोबयानिन ने निवासियों से आग्रह किया कि गर्म हवाओं से बचने के लिए सावधानी बरतें, जब तापमान बहुत गर्म हो तो घर में रहने का सलाह दी गई है। मॉस्को में रहने वाले लोगों ने गर्मी से राहत पाने के लिए सार्वजनिक फव्वारों का सहारा लिया और पार्कों बैठे नजर आए। 70 वर्षीय मोनिरा गैलीमोवा नेबताया कि यह बहुत कठिन है, इससे काफी थकावट हो रही है। उन्होंने कहा कि हमें रात को नींद नहीं आती, यह बहुत मुश्किल है, खासकर हमारे आयु वर्ग के लिए। वहीं शुक्रवार को मौसम बदलने की संभावना जताई जा रही है, बताया जा रहा है शुक्रवार को रूस में तूफान आ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, 44 दिनों तक चली इस हीटवेव के दौरान गर्मी के कारण कई बीमारियों ने भी जन्म लिया, पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियां और कैंसर भी लोगों में तेजी से बढ़ने लगा था। 2010 में रूस में 44 दिनों की हीटवेव से 56 हजार लोगों की जान गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की वेबसाइट पर इस बात का खुलासा हुआ।

### जयशंकर की अस्ताना में चीन के विदेशमंत्री से मुलाकात

**अस्ताना (हि.स.)।** भारत के विदेशमंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में चीन के विदेशमंत्री वांग यी से मुलाकात की। जयशंकर अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन के दो दिवसीय समिट में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। विदेशमंत्री जयशंकर इस समिट में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अस्ताना में तीन जुलाई से शुरू शंघाई सहयोग संगठन की यह 24वीं बैठक है। इस संगठन में भारत, चीन, पाकिस्तान और रूस समेत नौ देश शामिल हैं। इस बैठक में हिस्सा लेने के लिए रूस के राष्ट्रपति पुतिन, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी पहुंचे हैं।इससे पहले भारत के विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में बयान जारी कर बताया कि भारत का जोर सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, सहयोग, संपर्क, एकता, संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय एकता और पर्यावरण सुरक्षा पर है।

## नेपाल में उप प्रधानमंत्री लामिछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने भी प्रचंड से किया किनारा



**काठमांडू (हि.स.)।** नेपाल की केंद्रीय राजनीति में जारी उथल-पुथल के बीच प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। अब उप प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रवि लामिछाने की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी ने भी उनसे किनारा कर लिया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी प्रचंड सरकार में शामिल तीसरी बड़ी पार्टी है। इस पार्टी के सरकार में शामिल चारों मंत्रियों ने आज सुबह अपने पद से इस्तीफा दे दिया। चारों ने सुबह प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद यह घोषणा की।प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद रवि लामिछाने ने कहा कि बदली हुई परिस्थिति के बीच हमने सरकार छोड़ने का फैसला किया है। उन्होंने साफ किया है कि नए गठबंधन में शामिल होने के लिए उनके पास कोई प्रस्ताव नहीं आया है।

### बांग्लादेश में भारत की सीमा के पास चीन को मिला तेल और गैस की खोज के लिए कुआं खोदने का काम

**ढाका (हि.स.)।** भारत-बांग्लादेश जैसे दो बेहद दोस्ताना ताल्लुकात वाले मुल्कों के बीच चीन ने सेंध लगा दी है। बांग्लादेश में चीन भारत की सीमा के पास तेल और गैस की खोज के लिए कुआं खोदने का काम पाने में कामयाब हो गया। चीन के सिनोपैक इंटरनेशनल पेट्रोलियम सर्विस कॉरपोरेशन को असम के सीमावर्ती शहर करीमगंज के पास सिलहट-11 और त्रिपुरा के खोई शहर के पास हबीगंज जिले में रशीदपुर-13 में पेट्रोलियम गैस निकालने के लिए कुओं की ड्रिलिंग का काम मिला है। इस पर 444 करोड़ 85 लाख 79 हजार 893 टका खर्च होने का अनुमान है। बांग्लादेश के वित्तमंत्री अबुल हसन महमूद अली की अध्यक्षता में बांग्लादेश के सचिवालय में कल आयोजित सरकारी क्रय संबंधित कैबिनेट समिति की बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई।

बैठक के अंत में कैबिनेट विभाग के समन्वय एवं सुधार सचिव मो. महमूदुल हुसैन खान ने संवाददाताओं को बताया कि सिलहट-11 और रशीदपुर-13 में पेट्रोलियम की निकासी के लिए कुएं, बिजली और ऊर्जा अधिनियम 2010 के अनुसार खोदे जाएंगे। इस संबंध में सिलहट गैस फील्ड्स लिमिटेड (एसजीएफएल) और सिनोपैक इंटरनेशनल पेट्रोलियम सर्विस कॉरपोरेशन के बीच समझौते को पूरा करने के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया गया है। इसे जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा।

# रेलवे ने विशेष गाड़ियों के संचालन में बढ़ाये फेरे

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिये कई गाड़ियों के संचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 01919/01920 आगरा कैंट-अहमदाबाद जंक्शन साप्ताह में तीन दिन, सुपरफास्ट विशेष गाड़ी आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 01919 प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार एवं शनिवार 4 से 30 जुलाई तक 11 फेरों के लिये विस्तार किया गया है। वहीं अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 01920, प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार 5 से 31 जुलाई तक संचालित की जायेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 01905/01906 कानपुर-अहमदाबाद जंक्शन साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी कानपुर से गाड़ी संख्या 01905, प्रत्येक सोमवार 8 से 29 जून तक तथा अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 01906, प्रत्येक मंगलवार 9 से 30 जुलाई तक संचालित होगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04165/04166 आगरा कैंट-अहमदाबाद जंक्शन साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 04165, प्रत्येक बुधवार 10 से 31 जुलाई, अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 04166, प्रत्येक गुरुवार 11 जुलाई से 01 अगस्त तक चलाई जायेगी। वहीं गाड़ी संख्या 04167/04168 आगरा कैंट-अहमदाबाद जंक्शन साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी आगरा कैंट से गाड़ी संख्या 04167, प्रत्येक रविवार 7 से 28 जुलाई, अहमदाबाद से गाड़ी संख्या 04168, प्रत्येक सोमवार 08 से 29 जुलाई तक एवं गाड़ी संख्या 04115/04116 सुबेदारगंज-लोक मान्य तिलक विशेष गाड़ी सुबेदारगंज से गाड़ी संख्या 04115, प्रत्येक गुरुवार 04 से 25 जुलाई, लोकमान्य तिलक से गाड़ी संख्या 04116, प्रत्येक शुक्रवार 05 से 26 जुलाई तक संचालित होगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 04121/04122 सुबेदारगंज-सिकंदराबाद साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष सुबेदारगंज से गाड़ी संख्या 04121 प्रत्येक गुरुवार 04 से 25 जुलाई, सिकंदराबाद से गाड़ी संख्या 04122 प्रत्येक शनिवार 06 से 27 जुलाई, गाड़ी संख्या 02199/02200 वीरांगना लक्ष्मीबाई-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष वीरांगना लक्ष्मीबाई से गाड़ी संख्या 02199 प्रत्येक गुरुवार 04 से 25 जुलाई, बांद्रा टर्मिनस से गाड़ी संख्या 02200, प्रत्येक शनिवार 06 से 27 जुलाई तक चलाई जायेगी। गाड़ी संख्या 01922 वीरांगना लक्ष्मीबाई-पुणे साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी और गाड़ी संख्या 01921 पुणे-वीरांगना लक्ष्मीबाई साप्ताहिक सुपरफास्ट विशेष गाड़ी वीरांगना लक्ष्मीबाई से गाड़ी संख्या 01922, प्रत्येक बुधवार 10 से 31 जुलाई, पुणे गाड़ी संख्या 01921, प्रत्येक 11 जुलाई से 01 अगस्त तक संचालित की जायेगी।

## हिंदुत्व की अलख जगाने वाले थे स्वामी विवेकानंद



**प्रयागराज।** अमर क्रांतिकारी श्रद्धांजलि ग्रुप के द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की पुण्यतिथि पर मुंशी राम प्रसाद की बगिया मुट्ठीगंज में श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस अवसर पर स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि ग्रुप के अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन चरित्र पर दर्शन डालते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे और भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व का संपूर्ण विश्व में अलग जगाने वाले थे। उन्होंने मनुष्य को मानवीय जीवन का दर्शन कराया।

कार्यक्रम का संचालन अभिलाष केसरवानी ने किया। संयोजक शत्रुघ्न जायसवाल रहे।

श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में अजय अग्रहरि, शत्रुघ्न जायसवाल, राजेश शर्मा, मधुर माथुर, श्रेष्ठ चौरसिया, अभिलाष केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, नीरज केसरवानी आदि कार्यकर्ता रहे।

# अनिवार्य रूप से क्रियाशील रहें नलकूप: जल शक्ति राज्य मंत्री



**राज्यमंत्री ने नलकूप, नहरों, जल जीवन मिशन, बाढ़ से सम्बंधित अधिकारियों के साथ की बैठक**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** राज्यमंत्री जल शक्ति विभाग उत्तर प्रदेश रामकेश निषाद गुरूवार को सर्किट हाउस के सभागार में नलकूप, नहरों, जल जीवन मिशन, बाढ़ से सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। राज्यमंत्री ने नलकूपों के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए सम्बंधित अधिशाषी अभियंताओं को यांत्रिक एवं विद्युत दोष से खराब नलकूपों को तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिए है। श्री निषाद ने कहा कि इस समय धान की रोपाई का कार्य चल रहा है, ऐसी स्थिति में सभी नलकूप अनिवार्य रूप से क्रियाशील रहे। उन्होंने ई-खसरा तैयार कराने, जिसमें नलकूपों एवं नहरों से सिंचित क्षेत्रों का उल्लेख करते हुए उसे अद्यतन किये जाने का निर्देश दिया है। मंत्री ने नहरों के संचालन की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए सम्बंधित विभाग के अभियंताओं को रोस्टर के अनुसार नहरों में टेल तक पानी की उपलब्धता बनाये रखने के निर्देश दिए है। जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने जल जीवन मिशन की परियोजनाओं के प्रगति की जानकारी प्राप्त की व कार्यो को समय से एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व प्रधानाध्यापक राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित राधे मोहन मिश्रा की मनाई गई तृतीय पुण्यतिथि



**जौनपुर (जफराबाद)** गद्दीपुर कजगावं मे पूर्व प्रधानाध्यापक एवं राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित स्व राधे मोहन मिश्रा की तृतीय पुण्यतिथि उनके निजी आवास पर क्षेत्र के सम्मानित लोगों की मौजूदगी में मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई।वक्ताओं ने मिश्रा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वे सम्पूर्ण समाज को अपना परिवार मनाते थे वह अपने शिक्षण कार्य के प्रति सदैव उदार थे और संस्था में अच्छे कार्य के लिए राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित भी गए थे ।यह? बात अपने आप में गौरवान्वित करतीं उनके द्वारा पढ़ाए विद्यार्थी उन्हें आज भी अपना आदर्श मानकर उनके पद चिन्हों पर चलते हैं ।अंत में अवधनामा ब्यूरो चीफ राजेश मिश्रा ने कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में राधेश्याम मिश्रा, राजेन्द्र प्रसाद मिश्रा , महेंद्र मिश्रा ,नरेंद्र मिश्रा, सत्येन्द्र प्रसाद मिश्रा, सत्य प्रकाश मिश्रा,सतोंष मिश्रा गुड्डू, संतोष मिश्रा (सुग्गू ), विपिन ,शैलेश, मनोज, विकास , शाश्वत आदि मौजूद रहे।

### कड़ी सुरक्षा में पीयू कैट की हुई परीक्षा

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर में चलने वाले पाठ्यक्रमों के लिए पूर्वांचल विश्वविद्यालय संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पीयूकैट) गुरुवार को फार्मेसी संस्थान और उमानाथ इंजीनियरिंग संस्थान में सकुशल संपन्न हुई। परीक्षा कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई गई। पीयू कैट के समन्वयक प्रो. मिथिलेश सिंह के अनुसार बीएससी, एमबीए,?बीसीए, बीबीए में प्रवेश परीक्षा तीन चरणों में शुरू की गई। इसमें परीक्षा की सुचिता का विशेष ध्यान रखा गया। इस परीक्षा में केंद्राध्यक्ष डॉ अमरेंद्र सिंह के साथ सहायक केंद्राध्यक्ष के रूप में डॉ धर्मेंद्र सिंह और डॉ प्रवीण कुमार सिंह और अशोक यादव थे। पर्यवेक्षक के रूप में प्रो. मनोज मिश्र थे। प्रवेश समिति से प्रोफेसर रजनीश भास्कर के साथ प्रो. संतोष कुमार, डॉ. मनीष प्रताप सिंह, डॉ. सत्यम उपाध्याय, डॉ. सौरभ बी. कुमार लगातार चक्रमण कर रहे थे।

### सीएमओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर का किया औचक निरीक्षण



**जौनपुर।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 लक्ष्मी सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बदलापुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कम प्रसव कराए जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया। उन्होंने हर हाल में प्रसव संख्या बढ़ाने का सख्त निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संचारी एवं दस्तक अभियान के लिए की गई तैयारी की भी समीक्षा किया। प्रचार प्रसार सामग्री, ओआरएस पैकेट, जिंक की उपलब्धता इत्यादि के विषय में जानकारी लिया। प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने संबोधित किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने उनसे दस्तक अभियान के दौरान घर घर भ्रमण कर की जाने वाली गतिविधियों से संबंधित प्रश्न भी पूछा। उन्होंने बुखार एवं लक्षण युक्त रोगियों के चिन्हीकरण, मच्छर के प्रजनन स्रोतों का विनष्टीकरण तथा डायरिया रोग से ग्रसित बच्चों की पहचान कर उन्हें ओआरएस पैकेट एवं जिंक टेबलेट दिए जाने पर विशेष जोर दिया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 संजय दुबे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सत्यव्रत त्रिपाठी तथा जिला कार्यक्रम मैनेजर संजय रघुवंशी उपस्थित रहे।

### नदी में मिली अज्ञात महिला की लाश



**जौनपुर (खेतासराय)** जमदहां और झांसेपुर गांव के बीच बेसव नदी में गुरुवार को महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी होने पर ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने लाश की पहचान कराने की कोशिश की। लाश की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीण कृषि कार्य के लिए खेत की तरफ गये थे। नदी से दुर्गंध उठने पर कोई व्यक्ति नदी में औंधे मुंह महिला की लाश देख दंग रह गया। पानी में लाश काफी फूल चुकी थी। लाश मिलने की बात गांवों तक पहुंची तो मौके पर देखने वालों की भीड़ जुट गई। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को बाहर निकलवाया। लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। महिला मेंहदी रंग की सलवार और छींटदार सूट पहने थी। जिसकी जीभ बाहर निकली थी और शव लगभग एक सप्ताह पुराना प्रतीत हो रहा था। जिससे बदबू आ रही थी। पानी में लाश फूल जाने से पैर के चमड़े कट गये थे।

### कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा खंड शिक्षा अधिकारी ने किया आचौक निरीक्षण

**जौनपुर।** रामनगर के कम्पोजिट विद्यालय जेठपुरा में गुरुवार को समय 11:30 बजे खण्ड शिक्षा अधिकारी रामनगर कन्हैयालाल द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में सभी अध्यापक व शिक्षा मित्र उपस्थित पाये गये। उन्होंने विद्यालय के आकर्षक परिवेश व सुसज्जित कक्षा कक्षाओं के लिए प्रधानाध्यापक सत्य प्रकाश मिश्र की सराहना की। और कहा कि शासन द्वारा मिल रहे दिशा निर्देश का पालन अवश्य सुनिश्चित करें। विद्यालय में एम.डी.एम.का भी स्वाद लिया। 117 बच्चे उपस्थित थे। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा 7 की कक्षा में खुद करीब एक घंटे तक बच्चों को भी पढ़ाया और बच्चों से कुछ प्रश्न भी किया जिसका जवाब बच्चों ने अपनी भाषा में दिया। खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा शिक्षण से बच्चे बहुत ही उत्साहित रहे।

# पेपर लीक मामला: फूंका बेदीराम का पुतला



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** लगातार हो रहे पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधली से नाराज़ समाजवादी छात्रसभा के कार्यकर्ताओं ने छात्रसंघ भवन पर जमकर विरोध और नारेबाज़ी की। साथ ही सुभासपा विधायक बेदीराम का पुतला फूंका जिसका नाम कथित तौर पर कई पेपर लीक की घटनाओं में सामने आया था। हाल ही में एक वीडियो क्लिप भी इंटरनेट मीडिया पर खूब प्रसारित हो रही है जिसके आधार पर उन्हें शिक्षा माफिया और पेपर लीक का मास्टर माइंड मानकर छात्रसभा के लोगों ने विरोध दर्ज कराया और सरकार को भी घेरा की सरकार सुभासपा के साथ गठबंधन होने के कारण बेदीराम को बचा रही है।

इस मौके पर समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रियांशु विद्रोही, इकाई अध्यक्ष गौरव गोंड,अनुराग यादव,निखिल सिंह,आशुतोष मौर्य,आलोक तिवारी, इष्टदेव,अनुराग चौरसिया,विकास यादव,विपिन निषाद इत्यादि छात्र मौजूद रहे।

# अफजाल अंसारी के मामले में उच्च न्यायालय ने किया फैसला सुरक्षित

**कृष्णानंद राय के मामले में हुई सजा के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंचे थे अफजाल**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** मुख्तार अंसारी के भाई सांसद अफजाल अंसारी मामले में गुरुवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। सभी पक्षों ने अपनी दलीलें पेश कीं। सभी को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया। कृष्णानंद राय मर्डर केस में गाजीपुर कोर्ट ने अफजाल अंसारी को 4 साल की सजा सुनाई थी। इसे रद्द करने के लिए अफजाल की तरफ मांग की गई। वहीं शिकायतकर्ता पीयूष राय और सरकार ने भी सजा बढ़ाने जाने की अपील की है। मामले में जस्टिस संजय कुमार सिंह की सिंगल बेंच सुनवाई कर रही है।

राज्य सरकार की ओर से आपत्ति दाखिल हुई है इस मामले में राज्य सरकार की ओर से भी आपत्ति का जवाबी हलफनामा दाखिल किया गया है। इसी वजह से कोर्ट ने अब इस मामले पर बुधवार तीन जुलाई को सुनवाई तय की है। मूल केस पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह अपील की सुनवाई कर रहे है।

अंसारी की तरफ से सरकार की अपील पर आपत्ति की गई है कि गैंगस्टर एक्ट में दो से दस साल की सजा का प्रावधान है। विशेष अदालत गाजीपुर ने चार वर्ष की कैद व एक लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इसलिए सजा बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है।

सांसद अफजाल अंसारी चुनाव जीत गए हैं। सोमवार को उन्होंने लोकसभा स्पीकर के सामने लोकसभा में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। ऐसे में कोर्ट के फैसले पर सबकी निगाहें हैं। गाजीपुर एमपी/एमएलए कोर्ट ने अफजाल अंसारी को छोटे भाई मुख्तार अंसारी के साथ गैंगस्टर मामले में 4 साल की सजा सुनाई थी। 1 मई 2023 को कोर्ट के इस फैसले के 56 घंटे बाद उनकी संसद सदस्यता रद्द हो गई थी। तब वह बसपा से गाजीपुर सांसद थे। इसके बाद अफजाल ने सजा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपील की, जहां से उनको जमानत तो मिली, लेकिन सजा से राहत नहीं।

राज्य सरकार की तरफ से सजा बढ़ाने की मांग में दाखिल अपील पर अफजाल अंसारी के अधिवक्ता उपेंद्र उपाध्याय ने आपत्ति दाखिल की है। मूल केस पर दोनों पक्षों की बहस पूरी हो चुकी है। कोर्ट ने अंसारी को आपत्ति दाखिल और बहस करने के लिए तीन जून की तिथि नियत की थी। लेकिन, तब सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह अपील पर सुनवाई कर रहे हैं। अब इस मामले में फैसला सुनाया जा सकता है।

अंसारी की तरफ से सरकार की अपील पर आपत्ति की गई है। गैंगस्टर एक्ट में दो से 10 साल की सजा का प्रावधान है। विशेष अदालत गाजीपुर ने चार वर्ष की कैद व एक लाख के जुर्माने की सजा सुनाई है। इसलिए सजा बढ़ाने का कोई औचित्य नहीं है।

असल में अफजाल अंसारी को गैंगस्टर एक्ट के मामले में गाजीपुर की स्पेशल कोर्ट एमपी/एमएलए ने चार साल की सजा सुनाई है, जिसके खिलाफ अफजाल अंसारी ने अपील दाखिल की है। अपील में सजा को रद्द करने की मांग की गई है। विधायक कृष्णानंद राय हत्याकांड के आधार पर मुख्तार अंसारी, अफजाल अंसारी और एजाजुल हक पर गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज किया गया था।

हाईकोर्ट ने पूर्व में अफजाल अंसारी की सजा पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इस पर अफजाल अंसारी ने सुप्रीम कोर्ट में अपील की। सुप्रीम कोर्ट ने सजा पर स्थगनादेश देते हुए हाईकोर्ट को अपील का निस्तारण 30 जून तक करने का निर्देश दिया।

# मिसेज इंडिया 2024 का आजमगढ़ ने जीता खिताब

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** यह ताज तो एक जरिया है, असल मकसद तो दुनिया को यह संदेश देना है कि ख़ूबसूरती एक नायाब उपहार है,जो हम सभी को गॉड गिफ्ट मिला है। यह कहना है मिसेज इंडिया 2024 का खिताब जीतकर अपने शहर आजमगढ़ पहुँची मिसेज इंडिया आइकॉन पूजा सिंह का। खूबसूरती, आत्मविश्वास और हुनर की स्पर्धा में जीत का ताज पहनकर पूजा आजमगढ़ पहुँची जहां हुनर सामाजिक साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्थान आजमगढ़ के बैनर तले एक होटल सभागार में मिसेज इंडिया आइकॉन पूजा सिंह और मिसेज एशिया पूनम का जोरदार स्वागत किया गया।विमानतल पर ढोल की थाप और गुलदस्तों की महक से पूजा का स्वागत किया गया।



अपनी जीत का मंत्र साझा करते हुए पूजा ने कहा, मेहनत और लगन सच्ची हो तो कुछ भी हासिल किया जा सकता है। मैंने भी बस इन्हीं बातों पर ध्यान दिया और जिस लगन से स्पर्धा के लिए अपना नाम दर्ज कराया था उसे अंत तक बरकरार रखा। मेहनत करने में किसी प्रकार से बेइमानी नहीं की। पूजा कहती हैं शादी के बाद से लगातार मैं मेडिकल के क्षेत्र में काम करने के साथ जिले की चर्चित सामाजिक संगठन दुर्गा शक्ति सेवा संस्थान में बतौर अध्यक्ष निरंतर सामाजिक कार्य करती चली आ रही हूँ। इस बीच मैंने ग्लैमर की दुनिया में कदम रखा और कामयाबी मिले जिसके लिए मैं अपने जिले वासियों को धन्यवाद करती हूँ जिनका आशीर्वाद और सहयोग मुझे मिला। इस दौरान कार्यक्रम के आयोजक सुनील विश्वकर्मा का कहना है कि जनपद के लिए खुसी की बात है कि जिले की एक महिला मिसेज इंडिया आइकॉन चुनी गई। यह पहला मौका है इस लिए यह सम्मान और भी जरूरी हो जाता है। पूजा सिंह जिले के लिए एक रोल मॉडल बनकर महिलाओं के लिए सामने आयी है जो यह बात साबित करता है कि महिलायें किसी से कम नहीं है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिले की प्रतिष्ठित गाईनो डॉ विपिन यादव,डॉ पूनम सिंह समेत कई लोग उपस्थित हुए जो जिले की गौरव का स्वागत किए।

## नए कानून के बारे मे दी जानकारी

**आजमगढ़।** नगर के सिधारी थाना में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र बहादुर सिंह ने नए आपराधिक कानूनों के बारे मे लोगों को जानकारी दी , नगर के प्रबुद्ध जनों को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि अब भारतीय न्याय संहिता 2023 लागू हो गया है! उन्होंने इस बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि संशोधित कानून से आमजनों को ज्यादा लाभ मिलेगा , नए कानून 1 जुलाई 2024 से लागू हैं और उसके पहले के मुकदमे पुराने कानून के तहत देखे जाएंगे। मौके पर समाजसेवी सुभाष चंद्र तिवारी कुंदन, साहित्यकार संजय कुमार पांडेय, सुरेश शर्मा, महंत संजय पांडेय, नारीशक्ति की श्रीमती पूनम तिवारी सहित अनेक ग्राम प्रधान, अधिवक्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## 181वीं पुण्यतिथि पर याद किए गए डा. हैनीमन

**आजमगढ़।** होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन आफ इंडिया आजमगढ़ की ओर से होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति के जनक डा. हैनीमन की 181वीं पुण्यतिथि नगर के बदरका स्थित डा. एस. के. राय के आवास पर मनाई गई। सर्वप्रथम डा. हैनीमन के चित्र पर चिकित्सकों द्वारा माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। पुण्यतिथि को संबोधित करते हुए हमाई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डा. भक्तवत्सल ने कहा कि हैनीमन ने होम्योपैथी पद्धति का अविष्कार कर चिकित्सा विज्ञान को नई दिशा प्रदान की। इस चिकित्सा पद्धति में डा. हैनीमन के सिद्धांतों पर चलकर सफलता हासिल की जा सकती है। श्रद्धाजंलि अर्पित करते हुए होम्योपैथिक एसोसिएशन, आजमगढ़ के अध्यक्ष डा. देवेश दूबे ने कहा कि दुनिया के कई देशों में होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति अपना महत्वपूर्ण स्थान हासिल कर चुकी है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत- मदुआपुर**
**वि.खं. खेसरहा, जनपद-सिद्धार्थनगर**

**अल्पकालिक निविदा आपूर्ति सूचना**

ग्राम पंचायत मदुआपुर विकास खण्ड खेसरहा द्वारा महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना/राज्य वित्त/क्रेन्द्रीय वित्त/पिछड़ा क्षेत्र अनुदान/स्वच्छ भारत अभियान योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में स्वीकृत तथा कराए जाने वाले कार्यों व आरआरसी, वर्मी कंपोस्ड, नेडफ एवं एस.एल.डब्लू. एम के अंतर्गत अन्य कार्यों हेतु प्रथम श्रेणी ईट बालू सीमेंट सरिया, मोरंग, इंटरलाकिंग, ईट ह्यूम पाइप स्ट्रीट लाइट सोलर लाइट, टाइल्स से संबंधित सामग्री इत्यादि की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है इच्छुक आपूर्तिकर्ता द्वारा दिनांक 22.07.2024 को 01:00 बजे तक सामग्री आपूर्ति हेतु अपनी निविदा दर वांछित प्रपत्र बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत मदुआपुर के कार्यालय के निविदा बॉक्स में डाली जाएगी निविदा उसी दिन 02:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी तथा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जायेगी धरोहर की धनराशि रु. 5000 (पाँच हजार) रूपये होगी।

**नियम एवं शर्ते –**

1. जिस आपूर्तिकर्ता का दर सबसे कम होगा उसे ग्राम पचायत द्वारा कराय जाने वाले कार्य हेतु सूचित किया जाएगा।
2. आपूर्तिकर्ता का सेल टैक्स में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है तथा वह आयकर देता हो प्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
3. ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रधान द्वारा नामित अधिकारी कर्मचारी आपूर्तिकर्ताओं की मौजूदगी में टेंडर खोला जाएगा।
4. सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के परिधि में स्वीकृत दर से निर्धारित स्थल पर ही करनी होगी।
5. जो दरें प्रस्तुत की जाय वह जीएसटी/ एसजीएसटी तथा कार्टेज चार्ज तथा अन्य जोड़कर प्रस्तुत किया जाय।
6. सामग्री की आपूर्ति सचिव ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान के आदेश पर ही की जाएगी।
7. सामग्री की मात्रा घटाई बढ़ाई जा सकती है।
8. प्रस्तुत दर पीडब्लूडी द्वारा स्वीकृत से अधिक मान्य नही होगा।
9. आपूर्तिकर्ता को निश्चित दर पर जीएसटी देना होगा।
10. ग्राम पंचायत ग्राम प्रधान सचिव सदस्य बीडीसी जिला पंचायत सदस्य तकनीकी सहायक ग्राम रोजगार सेवक आदि कर्मचारियों के सगे संबंधी एवं रिश्तेदार द्वारा दरें प्रस्तुत नहीं की जायगी।
11. निविदा को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान के पास होगा।
12. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता का भुगतान तकनीकी सहायक/अपर अभियंता द्वारा सामग्री की गुणवत्ता होने तथा मापन के उपरान्त किया जाएगा गुणवत्ता खराब होने पर भुगतान नही किया जाएगा।
13. धरोहर की धनराशि नगद राष्ट्रीयकृत बैंक के एएफडी/डाकघर बचत पत्र के रूप में ग्राम पंचायत मदुआपुर के नाम बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है।
14. आपूर्ति दर स्वीकृत होने तथा ग्राम पंचायत द्वारा आपूर्ति आदेश देने के 7 दिन के अंदर सामग्री आपूर्ति करने की दशा में धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी।
15. निविदा फार्म ग्राम पंचायत मदुआपुर कार्यालय से प्राप्त प्रपत्र जिसका मूल्य 100 (एक सौ) रूपया है पर स्वीकृत किया जाएगा।
16. सामग्री आपूर्ति के संबंध में शर्ते व अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत मदुआपुर के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
17. स्ट्रीट लाइट, अंत्योष्टि स्थल, पंचायत भवन बारातघर, इंटरलाकिंग, सीमेंट सीट, टीन शेड आदि।

**ग्राम प्रधान- श्रीमती अलका सिंह, ग्रा.पं. मदुआपुर, वि.खं. खेसरहा, सिद्धार्थनगर**

**सचिव- पंकज कुमार त्रिपाठी, ग्रा.पं. मदुआपुर, वि.खं. खेसरहा, सिद्धार्थनगर**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम ऐशबाग, लखनऊ**

पत्रांक : 745/ई0ई0(एच0क्यु0)/2024–25 दि0: 04.07.2024

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग मे पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 11.07.2024 को अपरान्ह 3:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते हैं। सील्ड निविदायें दिनांक 11.07.2024 को अधिशासी अभियन्ता मुख्यालय के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स मे प्राप्त की जायेंगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 11.07.2024 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे मुख्यालय के कार्यालय में खोली जायेंगी ।

1. जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय मे अभियन्ता परिसर मे स्थित श्री उत्कर्ष राय, प्र0 अधिशासी अभियन्ता को आवंटित आवास सं0–2 की पुरानी वायरिंग को हटाते हुये पूर्ण रूप से नयी वायरिंग, क्षतिग्रस्त स्थानों पर प्लास्टर, रंगाई–पुताई व अन्य कार्य, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00
2. द्वितीय जलकल बालागंज के पुराने फिल्टर उपविभाग मे वेड नं0 5 से 08 मे एल्युमिनियम पार्टीशियन लगाये जाने इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00
3. द्वितीय जलकल बालागंज के पुराने फिल्टर उपविभाग मे बेड नं0 01 से 04 मे एल्युमिनियम पार्टीशियन लगाये जाने इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00 जलकल विभाग, नगर निगम, ऐशबाग मुख्यालय के फिल्टर उपविभाग मे स्थित 45 एम0एल0डी0 आर0जी0एफ0 प्लान्ट के क्लियर वाटर चैम्बर 1,2,3,4 व 5 मे एल्युमिनियम पार्टीशियन बनाकर ढक्कन लगवाये जाने इत्यादि का कार्य, धरोहर धनराशि 8,500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 500.00

**अधिशासी अभियन्ता (मु0)**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**


# चांद दिखाई देने पर रविवार या सोमवार से होगा ग़म के महीने का आग़ाज़



**परंपरागत तरीके से उठेंगे दरियाबाद, रानीमंडी, करैली, रौशनबाग़ आदि मोहल्लों से उठने वाले मातमी जुलूस: सैयद मोहम्मद अस्करी**

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** करबला के शहीदों की याद में दो माह आठ दिनों तक मनाए जाने वाले ग़म के महीने का आग़ाज़ ऐसे तो चांद की तस्दीक के बाद ही होगा लेकिन शुक्रवार को इस्तेक़बाल ए अज़ा का पहला जुलूस दरियाबाद स्थित इमामबाड़ा अरब अली खां से रात्रि 8:30 बजे निकाला जाएगा। शहज़ेब असग़र की निज़ामत में हैदर ज़ैदी बिट्टू भाई की सोज़ख्वानी से मजलिस का आग़ाज़ होगा। मौलाना इरफान हैदर ज़ैदी मजलिस को खिताब करेंगे।

उम्मुल बनीन सोसायटी के महासचिव सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार अन्जुमन हैदरी दरियाबाद, अन्जुमन असग़रिया दरियाबाद, अन्जुमन मोहाफिज़े अज़ा दरियाबाद, अन्जुमन हुसैनिया क़दीम दरियाबाद नौहा और मातम का नज़राना पेश करेगी।इसी प्रकार एक मोहर्रम को रात्रि 10 बजे बड़े घर की मजलिस के उपरान्त अज़ाखाना सैय्यद फरहत अली दरियाबाद में सालाना मजलिस होगी जिसमें रेयाज़ मिर्ज़ा व शुजा मिर्ज़ा की सोज़ख्वानी व ज़ाकिर ए अहलेबैत मौलाना अशरफ़ अब्बास खान साहब मजलिस को खिताब करेंगे। मजलिस के बाद शबीहे जुलजनाह निकाला जाएगा और अन्जुमन हाशिमिया नौहा और मातम का नज़राना पेश करेगी।

## मोहर्रम में पढ़े जाने वाले नौहों के अभ्यास में लगी मातमी अन्जुमने

**प्रयागराज।** खानदाने रिसालत के साथ चौदह सौ साल पहले इराक़ के करबला में घटित घटना की याद में मनाए जाने वाले दो माह और आठ दिनों तक जुलूसों, शब्बेदारी व मजलिसों में पढ़े जाने वाले नौहों की तैयारी इन दिनों विभिन्न मातमी अन्जुमनें कर रही हैं। शायरों से नौहा लिखवाने और उसे तर्ज़ (धुन लय) देने के बाद मंज़रे आम पर पेश करने को शहर भर की दो दर्जन से अधिक मातमी अन्जुमनों द्वारा अपने नौहाख्वानों व हमनवा साथियों के साथ मश्क़ यानि प्रेक्टिस जारी है। नौहों को अन्तिम रूप देकर आज अन्जुमन गुन्चा ए कासिमिया की ओर से बख्शी बाज़ार स्थित मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन के अज़ाखाना पर मजलिस हुई जिसमें अन्जुमन के सदस्यों को पहली बार नौहे की धुन व लय से अवगत कराया गया।


**कार्यालय : अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या**

पत्रांकः 426/अयो0वि0प्रा0-लेखा/2024-25 दिनांक- 04.07.2024

**आवश्यक सूचना**

अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या के बैलेश-शीट वित्तीय वर्ष 2024-25 तैयार किये जाने हेतु निम्न कार्यो हेतु स्थानीय चार्टड एकाउन्टेन्ट से कुटेशन आमंत्रित किये जाते है। डे-बुक, लेजर (बुक-कीपिंग), बैंक रिकन्सिलेशन, ट्रायल बैलेश-शीट, (माहवार के आधार पर) तथा लाभ-हानि खाता, बैलेन्श-सीट, ऑडिट कार्य, आयकर रिर्टन फाइल (वार्षिक के आधार पर) करना आदि। इच्छुक फर्म दिनांक तक सील बन्द कुटेशन कार्यालय में प्राप्त करायेगे।

**(मनोज कुमार सिंह)**
**वित्त एवं लेखाधिकारी**

## डाबर ग्लुकोज़ ने युवा एथलीट्स को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया 'एनर्जाइज़ इंडिया' कैंपेन

**लखनऊ।** डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज़ ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन 'एनर्जाइज़ इंडिया का लॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर



ग्लुकोज़ ने आज लखनऊ की टाउन कराटे अकादमी, विष्णुपुरी कालोनी, निकट चुंगी, कानपुर रोड में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस मौके पर श्री दिनेश कुमार, मैनेजर, कार्पोरेट कम्युनिकेशन, डाबर इण्डिया लिमिटेड, श्री जसपाल सिंह, सेक्रेटरी, कराटे एसोसिएशन ऑफ उत्तर प्रदेश व प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा खालसा इंटर कालेज आदि प्रमुख लोग मौजूद थे। इस मौके पर विवान आहूजा व ईशिता को सम्मानित किया गया। सत्र के दौरान जसपाल सिंह ने एथलीट्स को बताया कि किस तरह से वे खेल के दौरान अपने प्रदर्शन को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। इसके साथ ही खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने के लिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत ज़रूरी है। इस सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि वे किस तरह अपने स्टैमिना और धैर्य में सुधार ला सकते हैं, जो एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। डाबर इंडिया लिमिटेड में हेल्थ सप्लीमेन्ट्स के मार्केटिंग हैड श्री प्रशांत अग्रवाल ने कहा 'हमें खुशी है कि युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए हम 'एनर्जाइज़ इंडिया' कैंपेन लेकर आए हैं। यह कैंपेन उन्हें अपने खेल में एनर्जी के साथ बेहतरीन परफोर्मेन्स देने के लिए प्रेरित करेगा। डाबर एथलीट्स, खेल प्रशंसकों और उन लोगों के लिए परफेक्ट ब्राण्ड है जो एक्टिव लाईफस्टाईल जीना चाहते हैं। डाबर ग्लुकोज़ इंस्टेन्ट एनर्जी देता है, ऐस में यह खासतौर पर उन एथलीट्स के लिए बेहतरीन है जो फिज़िकल एक्टीविटीज़ करते हैं।' श्री अग्रवाल ने कहा कि 'डाबर ग्लुकोज़ हमेशा से युवाओं को स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली जीने के लिए प्रेरित करता रहा है। युवा एथलीट्स के साथ यह साझेदारी इसी लक्ष्य की दिशा में एक और कदम है। अपने ताज़गी से भरे स्वाद और इंस्टेन्ट एनर्जी के साथ डाबर ग्लुकोज़ युवा एथलीट्स की एनर्जी बनाए रखने के लिए बेहतरीन विकल्प है, जिसे अपनाकर वे अपना सर्वश्रेष्ठ परफोर्मेन्स दे सकते हैं।

## मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने ब्रिटेन में अपनी उपस्थिति मजबूत की



**लखनऊ** दुनिया के छठे सबसे बड़े आभूषण विक्रेता (ज्वेलरी रिटेलर) मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स ने ब्रिटेन के लीसेस्टर में अपने दूसरे शोरूम की शुरुआत की है. दुनिया के 13 देशों में मलाबार के 350 शोरूम हैं. लीसेस्टर के सिटी मेयर पीटर सोलस्बी ने नए शोरूम का उद्घाटन किया. मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के एमडी (इंटरनेशनल ऑपरेशंस) शामलाल अहमद, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के ब्रिटेन और यूरोप के ऑपरेशंस प्रमुख मोहम्मद जियाद, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के रीजनल हेड संतोष टी, मलाबार गोल्ड एंड डायमंड्स के जोनल हेड नौफल थडाथिल, समूह के प्रबंधन टीम के अन्य सदस्य, ग्राहक और शुभचिंतक भी इस मौके पर उपस्थित थे. नया शोरूम बेलग्रेव रोड के गोल्डन माइल पर स्थित है. मलाबार ग्रुप के चेयरमैन एम पी अहमद ने कहा, ÷लंदन में अपने पहले शोरूम के साथ हमने एक साल पहले ही ब्रिटेन में अपने कारोबार की शुरुआत की थी. यह हमारे लिए बेहद गर्व की बात है कि हम इतने कम समय में लीसेस्टर में ब्रिटेन के अपने दूसरे शोरूम की शुरुआत कर रहे हैं, यह ग्राहकों का हमारे ब्रांड के प्रति विश्वास को दिखाता है।

हम वर्ल्ड-क्लास प्रोडक्ट्स, पारदर्शिता (ट्रांसपैरेंसी), 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू, लाइफटाइम मेंटेनेंस जैसे एश्योरेंस के साथ ग्राहकों के शॉपिंग एक्सपीरियंस को बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध (कमिटेड) हैं।

## एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने खरीफ के सीजन के लिये क्रॉप इंश्योरेन्स वीक जागरूकता अभियान की घोषणा की

**मुंबईः** भारत की अग्रणी सामान्य बीमा कंपनियों में से एक, एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने आगामी खरीफ सीजन के लिये 'क्रॉप इंश्योरेन्स वीक' जागरूकता अभियान शुरू किया है। कंपनी फसल बीमा के फायदों के बारे में जागरुकता बढ़ाने और इसे प्रमोट करने के लिए जमीनी स्तर की कई गतिविधियों में शामिल होगी।

इस कैम्पेन के तहत, एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स ने सात राज्यों में विभिन्न गतिविधियों से जुड़ाव बनाया है। यह राज्य हैं महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, उत्तराखण्ड, ओडिशा, असम और तमिलनाडु। इसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाय) के 48 जिले आते हैं।

क्रॉप इंश्योरेन्स अवेयरनेस वीक के दौरान एसबीआई जनरल जमीनी-स्तर की विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेगी। इनमें फसल बीमा पाठशाला, रैलियाँ, नुक्कड़ नाटक, किसान मेले, स्कूल और कॉलेजों में शैक्षणिक कार्यशाला और महिला किसानों के लिये विशेष सत्र शामिल हैं। यह गतिविधियाँ फसल बीमा के फायदों तथा महत्व के बारे में किसानों को शिक्षित करने और बढ़ावा देने के लिये तैयार की गई हैं। इस योजना से किसानों को जोखिम में जो सुरक्षा मिलती है, उस बारे में भी जानकारी दी जाएगी। एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स पीएमएफबीवाय योजना में भाग ले रही है और विभिन्न राज्यों में इस योजना के क्रियान्वयन का उसे काफी अनुभव प्राप्त है। कंपनी ने 2.80 करोड़ से ज्यादा किसानों को सुरक्षा प्रदान की है और फसलों की सुरक्षा में आवश्यक सहायता के साथ लगातार उनका सहयोग कर रही है।

खरीफ सीजन के लिये, हम 47 फसलों के लिये सुरक्षा प्रदान करेंगे। इनमें धान, मक्का, सोयाबीन, अरहर, आदि जैसी प्रमुख फसलें भी शामिल हैं। एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स के एमडी एवं सीईओ श्री नवीन चंद्र झा ने कहा, ''पीएमएफबीवाय किसानों के लिये हुई सबसे सफल पहलों में से एक है। एसबीआई जनरल इंश्योरेन्स में हमें फसलों के व्यापक बीमा के माध्यम से अपने किसानों के जोखिम कम करने का गर्व है। इस प्रकार हम तरक्की के सफर में उनका साथ दे रहे हैं। खासकर हाल के वर्षों में जलवायु परिवर्तन ने कृषि के लिये बड़ा खतरा पैदा किया है। इससे उपज कम होने के साथ ही खराब भी हो रही है। पीएमएफबीवाय किसानों की फसलों को सुरक्षा देकर इन चुनौतियों से असरदार तरीके से निपटती है। क्रॉप इंश्योरेन्स वीक मनाते हुए, हम सभी किसानों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे पीएमएफबीवाय में शामिल होकर अपनी फसलों को मौसम की कठोर स्थितियों के कारण संभव वित्तीय नुकसान से बचाएं।''

क्रॉप इंश्योरेन्स वीक एक महत्वपूर्ण पहल है, जो किसानों को उनकी फसलों और आजीविका की सुरक्षा के लिये ज्ञान एवं संसाधनों से सशक्त करेगी। इन गतिविधियों में भाग लेकर किसान इस योजना से मिलने वाली सुरक्षा और लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## 10 साल के शिखर पर पहुंची घरों की बिक्री, जनवरी-जून में हुई 11 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** नाइट फ्रैंक इंडिया के अनुसार, भारत का रियल एस्टेट बाजार लगातार ऊपर की ओर बढ़ रहा है, जिसने 2024 की पहली छमाही में प्रभावशाली आंकड़े दर्ज किए हैं। आठ प्रमुख शहरों में घरों की बिक्री 1.73 लाख यूनिट तक पहुंच गई, जो 11 साल का उच्चतम स्तर है। यह वृद्धि उसी अवधि के दौरान रिकॉर्ड तोड़ 34.7 मिलियन वर्ग फीट कार्यालय स्थान पट्टे पर दिए जाने के साथ मेल खाती है, जो साल-दर-साल 33त्न की वृद्धि दर्शाता है। नाइट फ्रैंक इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने एक वर्चुअल प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि भारतीय रियल एस्टेट बाजार पिछली कुछ तिमाहियों में खूब फल-फूल रहा है। वह इस सफलता का श्रेय भारत के मजबूत आर्थिक बुनियादी ढांचे और स्थिर सामाजिक-राजनीतिक माहौल को देते हैं।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर और इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस ने मोबिलिटी इंजीनियरिंग लैब स्थापित करने के लिए गठजोड़ किया

**बेंगलुरू।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज यह घोषणा की कि क्षमता निर्माण को बढ़ावा देने के अपने प्रयासों को जारी रखते हुए उसने मोबिलिटी इंजीनियरिंग लैब (प्रयोगशाला) की स्थापना के लिए भारतीय विज्ञान संस्थान (आईआईएससी) के साथ गठजोड़ किया है। इसके तहत कंपनी प्रयोगशाला की स्थापना में सहायता करेगी। उद्योग और शिक्षा जगत के सहयोग से वांछित पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की आवश्यकता को समझते हुए टीकेएम ने आईआईएससी की इस अग्रणी पहल को समर्थन देने का निर्णय किया है। सीखने के क्षेत्र में इस पहल का उद्देश्य उन्नत अत्याधुनिक तकनीक के साथ-साथ उच्च-स्तरीय अनुसंधान और विकास में शिक्षण को संभव करना है जहां भविष्य की योग्यता को पूरा किया जा सकेगा। जमशेदजी नसरवानजी टाटा के दूरदर्शी प्रयासों से 1909 में भारत सरकार और मैसूर राजपरिवार के सहयोग से स्थापित इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस (आईआईएससी - ढ्ढढ्डस्ष्) उन्नत शिक्षा और अनुसंधान के लिए भारत के प्रमुख संस्थानों में से एक के रूप में जाना जाता है। इसका मिशन अत्याधुनिक अनुसंधान प्रदान करना और ज्ञान के सभी क्षेत्रों में नई खोज करना है। वैश्विक रैंकिंग में लगातार शिखर के भारतीय संस्थान के रूप में स्थान पाने वाले आईआईएससी को भारत सरकार द्वारा एक उत्कृष्ट संस्थान (इंस्टीट्यूट ऑफ एमिनेंस) के रूप में भी मान्यता दी गई है। जलवायु परिवर्तन के कारण मोबिलिटी सेक्टर (परिवहन क्षेत्र) में आमूलचूल परिवर्तन हो रहा है। इससे जीवाश्म ईंधन से दूर जाने की आवश्यकता बढ़ गई है। भारत में, ऑटोमोटिव उद्योग को भी हरित प्रौद्योगिकियों की ओर तेजी से बढ़ने और वैश्विक स्तर पर हो रहे ऊर्जा परिवर्तन को अपनाने जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है, साथ ही अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता को भी बनाए रखना है। आईआईएससी, अपने मजबूत उद्योग संबंधों और उत्कृष्टता के प्रति प्रतिबद्धता के साथ मोबिलिटी इंजीनियरिंग प्रयोगशाला का लाभ उठाने के लिए आदर्श स्थिति में है। यह सुविधा अगली पीढ़ी के इंजीनियरों को उन्नत मोबिलिटी समाधान विकसित करने के लिए आवश्यक बहु-विषयक कौशल से लैस करने में मदद करेगी। प्रयोगशाला व्यापक परीक्षण और विकास के लिए हार्डवेयर-इन-लूप (एचआईएल) सिमुलेशन का उपयोग करते हुए विद्युतीकृत वाहन पावरट्रेन प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करेगी। वित्त वर्ष 2024 से 2027 तक, टीकेएम मोबिलिटी इंजीनियरिंग प्रयोगशाला की स्थापना और आवश्यक उपकरण तथा बुनियादी ढांचे, जैसे हाई-स्पीड डायनेमोमीटर, बैटरी एमुलेटर, ऑटोमेशन और कंट्रोल सिस्टम, व्हेकिल सिमुलेशन सॉफ्टवेयर और मोटर व इंजन के लिए माउंटिंग हार्डवेयर की खरीद का समर्थन करेगी।

## आईडेमिया ने नोएडा सेज़ में महिलाओं के सुगम आवागमन के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट सुविधा की घोषणा की

**नोएडा।** आईडेमिया ने नोएडा विशेष आर्थिक ज़ोन (एनसेज़) में महिलाओं के सुगम आवागमन के लिए अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट्स सुविधा की घोषणा की है। आईडेमिया सिक्योर ट्रांजैक्शंस के सीईओ फिलिप ओलिवा ने एक भव्य कार्यक्रम में एनसेज़ के विकास आयुक्त श्री बिपिन मेनन को ये ई-कार्ट्स सौंपे। महिला कर्मचारियों के एनसेज के भीतर सुगम परिवहन की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम, निगमित सामाजिक जिम्मेदारी को लेकर आईडेमिया की अटूट प्रतिबद्धता परिलक्षित करता है जिसके तहत कंपनी पर्यावरण के टिकाऊपन और महिलाओं की बेहतरी पर ध्यान देती है। प्रत्येक इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट में 16 यात्री बैठ सकते हैं और इसे एनसेज़ के भीतर महिला कर्मचारियों को एक सुरक्षित, आरामदायक और कुशल परिवहन का साधन की पेशकश के लिए डिजाइन किया गया है। यह पहल हमारे आसपास के समुदायों में टिकाऊ व्यवस्था और विविधता को प्रोत्साहित करने के आईडेमिया के




समर्पण को रेखांकित करती है। आईडेमिया के इस अनूठे सहयोग के लिए कंपनी की सराहना करते हुए विकास आयुक्त बिपिन मेनन ने कहा, ÷हम इस सराहनीय पहल के लिए आईडेमिया का हृदय से आभार प्रकट करते हैं। इन इलेक्ट्रिक कार्ट्स को पेश किया जाना एनसेज़ के लिए एक कीर्तिमान है जो महिला कर्मचारियों के लिए विश्वस्तरीय ढांचागत सुविधाओं को लेकर हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। हमारा विश्वास है कि यह देश में अन्य इकोनॉमिक जोन्स के लिए एक नया मानक स्थापित करेगा।÷ आईडेमिया सिक्योर ट्रांजैक्शन के सीईओ फिलिप ओलिवा ने सीएसआर को लेकर इस कंपनी के समर्पण को रेखांकित करते हुए कहा, एनसेज़ में इलेक्ट्रिक गोल्फ कार्ट्स पेश कर हम टिकाऊ परिवहन की दिशा में एक सार्थक योगदान कर रहे हैं।

यह पहल पर्यावरण को लेकर जिम्मेदारी और नवाचार दोनों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता परिलक्षित करती है और साथ ही समुदाय की बेहतरी को लेकर भी प्रतिबद्धता दर्शाती है। एनसेज में महिलाओं के लिए कुशल एवं पर्यावरण अनुकूल परिवहन विकल्प सुनिश्चित करना सीएसआर को लेकर हमारे समग्र दृष्टिकोण और हमारे आसपास के समुदायों में महिलाओं के सशक्तिकरण पर हमारे जोर को रेखांकित करता है। इस पहल के साथ आईडेमिया पर्यावरण के टिकाऊपन को प्रोत्साहन और कार्यस्थल पर महिलाओं के सशक्तिकरण को सहयोग करने में निरंतर अग्रणी बनी हुई है।

## सेबी ने धोखाधड़ी रोकने के लिए संस्थागत व्यवस्था को अनिवार्य बनाया



**नई दिल्ली।** मार्केट रेगुलेटर सेबी ने प्रतिभूति बाजार में निवेशकों के हितों की रक्षा के लिए शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को धोखाधड़ी यानी बाजार के दुरुपयोग को रोकने और उसका पता लगाने के लिए एक संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए कहा है। सेबी ने गुरुवार को एक परिपत्र में ब्रोकिंग कंपनियों के लिए कारोबारी गतिविधियों और आंतरिक नियंत्रण की निगरानी के लिए प्रणालियां लागू करने और व्हिसल-ब्लोअर नीति की शुरुआत को अनिवार्य कर दिया है। ये सभी प्रविधान सेबी (शेयर ब्रोकर) (संशोधन) विनियम, 2024 का हिस्सा हैं, जिसका उद्देश्य बाजार की अखंडता और निवेशक सुरक्षा के उच्च मानकों को सुनिश्चित करना है। मानकों का कार्यान्वयन शेयर ब्रोकर के आकार पर निर्भर करेगा। 50,000 से अधिक सक्रिय विशिष्ट ग्राहक कोड (यूसीसी) वाले ब्रोकर के लिए एक जनवरी, 2025 तक इसका अनुपालन करना जरूरी है। इसके अलावा 2,001 से लेकर 50,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकर को एक अप्रैल, 2025 तक इसका अनुपालन करना होगा। वहीं 2,000 तक सक्रिय यूसीसी वाले ब्रोकरों को एक अप्रैल, 2026 तक इसका अनुपालन करना होगा। इसके अलावा पात्र शेयर ब्रोकर को संचालन और ग्राहक व्यवहार की निगरानी के लिए अपने मौजूदा दायित्वों पर विचार करते हुए एक अगस्त, 2024 तक इन शर्तों का पालन करना होगा।

## ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स ने कृषि एवं मैपिंग एप्लीकेशंस के लिए देशज ड्रोन लांच किए

**नई दिल्ली।** 2024भारत की अग्रणी दूरसंचार एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण कंपनी ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम लिमिटेड की अनुषंगी ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स (ओयूएस) ने कृषि एवं मैपिंग वर्ग में ड्रोन की अपनी रेंज आज लांच की जो भारत में डिजाइन एवं विनिर्मित कलपुर्जों से युक्त है। अनूठे एवं किफायती मूल्य वाले ड्रोन के इस पोर्टफोलियो को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में चल रहे पांचवे ड्रोन इंटरनेशनल एक्सपो में प्रदर्शित किया जा रहा है। ऑप्टिमस अनमैन्ड सिस्टम्स (ओयूएस) लक्षित बाजारों तक पहुंचने के लिए 'सेवा के तौर पर ड्रोन' रणनीति अपना रही है और वह वर्ष 2025 के अंत तक 5,000 ड्रोन के बेड़े का प्रबंधन करने के लिए करीब 6000 पायलटों को प्रशिक्षित करेगी। ऑप्टिमस इन्फ्राकॉम इस परियोजना में कैलेंडरवर्ष2025 केअंततककरीब 140 करोड़ रुपये का निवेश करेगी और इसने करीब 600 करोड़ रुपये से लेकर 900 करोड़ रुपये तक इस सेवा से आय का लक्ष्य रखा है। ओयूएस का मुख्य लक्ष्य माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' विजन के अनुरूप काम करते हुए इस देश की रीढ़



किसानों की समृद्धि की दिशा में योगदान करना है। इस ध्येय के साथ ओयूएस देशज कलपुर्जों के साथ ड्रोन विकसित करेगी। कंपनी का लक्ष्य कम से कम 65 प्रतिशत देशीकरण हासिल करने और इस वित्त वर्ष के अंत तक इसे 75 प्रतिशत पहुंचाने का है। ओयूएस पावर डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड, एंटी-स्पार्क स्विच, फ्लाइट कंट्रोलर, एयरफ्रेम और मोटर सहित विभिन्न कलपुर्जों को सफलतापूर्वक देश में ही तैयार किया है। किसानों का सहयोग करने के लिए ओयूएस का प्रयास इन ड्रोन्स के जरिए खेती किसानी और किफायती मूल्यों पर छिड़काव करने का है। इस मूल्य निर्धारण रणनीति से पूरे देश में व्यापक स्तर पर ड्रोन का उपयोग करने में सहूलियत होगी। इस पहल से किसानों को अपनी उपज बढ़ाने और खेती की लागत घटाने में मदद मिलने की संभावना है जिससे उनकी आय बढ़ेगी। आफ्टर सेल्स सर्विस और सपोर्ट दूसरे ऐसा क्षेत्र है जिस पर यह कंपनी विशेष ध्यान देगी जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि इन ड्रोन्स का परिचालन निर्बाध रूप से होता रहे। इसके लिए ओयूएस ड्रोन के सेट और कलपुर्जे अतिरिक्त रूप से रखेगी और साथ ही आवश्यक तकनीकी एवं परिचालन योग्यता वाली टीम भी रखेगी। Agri Shakti v®Lएक एग्रिकल्चर ड्रोन है जो 15 मिनट तक की अधिकतम क्षमता तक उड़ान भर सकता है और करीब सात मिनट में एक एकड़ क्षेत्र में छिड़काव की क्षमता वाले 10 लीटर के स्प्रे टैंक को सपोर्ट प्रदान करता है। इस देश के किसानों की मदद करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन में योगदान करने के लिए ओयूएस 2.25 लाख रुपये (प्लसजीएसटी) के शुरुआती मूल्य में एग्रि शक्ति 10एल लांच कर रही है जिसमें जीएसटी शामिल नहीं है।

## अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ भारत के फ्लैगशिप स्किलिंग प्लेटफॉर्म को एक्सप्लोर करेंगे

**नई दिल्ली।** कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के तत्वावधान में राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ), विश्व बैंक और यूनेस्को के सहयोग से 4 जुलाई को फ्यूचर ऑफ वर्क के लिए वर्कफोर्स तैयार करने हेतु स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) पर एक वेबिनार का आयोजन कर रहा है। एमएसडीई के माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जयन्त चौधरी वेबिनार को संबोधित करेंगे, जिसमें लगभग 120 देश भाग ले रहे हैं और लगभग 3,000 लोग पहले ही पंजीकरण करा चुके हैं। यह वेबिनार - एआई संचालित स्किल इंडिया डिजिटल हब - फ्यूचर ऑफ वर्क के लिए कौशल और लाइफलॉन्ग लर्निंग के इकोसिस्टम को मजबूत करने में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, कार्य-आधारित शिक्षण मॉडल और इंडस्ट्री-एकेडेमिया सहयोग की महत्वपूर्ण भूमिका पर ध्यान केंद्रित करेगा। कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी और एनएसडीसी के सीईओ एवं एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी स्केलेबल और सस्टेनेबल स्किल इनहांसमेंट मॉडल बनाने में डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रभाव पर चर्चा करेंगे। पैनल चर्चा में गवर्नमेंट ऑफ सियरे लियोन के टेक्निकल एंड हायर एजुकेशन मिनिस्टर डॉ. हाजा रामातुलई वुरी, अमेरिका सरकार के लेबर एंड सोशल अफेयर मामलों के डिप्टी मिनिस्टर श्री रूबेन सार्गस्यान, यूनेस्को के पॉलिसी एंड लाइफलॉन्ग लर्निंग सिस्टम के डायरेक्टर श्री बोरहेन चाकरून, दक्षिण एशिया के लिए आईएलओ डिसेंट वर्क टीम और भारत के लिए कंट्री ऑफिस के ऑफिसर इन-चार्ज रवि पीरिस और नैसकॉम की अध्यक्ष सुश्री देबजानी घोष शामिल थी। यह वेबिनार कौशल में टेक्नोलॉजी के इनोवेटिव उपयोग पर ध्यान केंद्रित करेगा, टेक्निकल एंड वोकेशनल एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (टीवीईटी) का लाभ उठाकर शिक्षार्थियों की सहभागिता बढ़ाएगा और कौशल विकास प्रयासों को संरेखित करेगा ताकि कौशल अंतर को पाटा जा सके जिससे बड़े पैमाने पर समाज को लाभ मिले।

## एयर कूलर सेगमेंट के दिग्गज केनस्टार ने अब बड़े अप्लायंसेज को लॉन्च किया

**लखनऊ।** केनस्टार ने अपने सालाना व्यावसायिक सम्मेलन का आयोजन किया, जिसमें 1000 से अधिक पार्टनर्स शामिल हुए। इस एक दिवसीय कार्यक्रम के दौरान कंपनी ने भविष्?य में की जाने वाली साझेदारियों एवं भावी योजनाओं पर चर्चा की। 2023-24 का कारोबारी साल केनस्टार के लिए उपलब्धियों वाला वर्ष रहा। कंपनी 55 प्रतिशत ग्रोथ के साथ 130 प्रतिशत का टारगेट हासिल करने में सफल रही। अपने संबोधन भाषण में, केनस्टार के सीईओ श्री सुनील जैन ने केनस्टार की क्षेत्रीय और वैश्विक सफलताओं का जिक्र करते हुए कहा ÷हम पूरे दक्षिण क्षेत्र में नेतृत्?व कर रहे हैं और हमने कर्नाटक में अपनी नंबर 1 पोजीशन को फिर से हासिल कर लिया है। पूर्वी और पश्चिमी बाजारों में हमारा प्रभुत्व जारी है, साथ ही ओडिशा और पश्चिम बंगाल में भी हमारी स्थिति मजबूत हुई है। उत्तर भारत में बड़े कूलर की मांग बढ़ रही है। इस क्षेत्र में अग्रणी स्थिति हासिल करने की हमारी यात्रा बेहद सफल रही है। इन उपलब्धियों




के साथ, हम देश में नंबर 1 एयर कूलर ब्रांड बनने की राह पर हैं। हमने मौजूदा दौर के ग्राहकों की ज़रूरतों के साथ तालमेल बनाए रखा है। हमने अपना ऑनलाइन ई-कॉमर्स और बड़े फॉर्मेट का सिलसिला जारी रखा है। कुछ ही वर्षों में, हम पहले से ही ई-कॉमर्स और बड़े फॉर्मेट दोनों चैनलों पर देश में सबसे तेज़ी से बढ़ने वाले ब्रांड्स में से एक हैं। हमारी सफलता केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह 30 से अधिक देशों में फैली हुई है। हम सार्क, मध्य पूर्व और अफ्रीका क्षेत्रों में अग्रणी बने हुए हैं। ड्डइस कार्यक्रम में केनस्टार के ब्रांड एंबेसडर राजकुमार राव और पत्रलेखा की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। उन्होंने केनस्टार के बड़े उपकरणों की नवीनतम रेंज को लॉन्च कर इस कार्यक्रम को और भी विशेष बना दिया। केनस्टार ने कई बड़े अप्लायंसेज को लॉन्च किया, जिसमें डबल-डोर फ्रॉस्ट-फ्री रेफ्रिजरेटर, स्प्लिट एयर कंडीशनर और पूरी तरह से ऑटोमैटिक वाशिंग मशीन शामिल हैं। इस लॉन्च के साथ, केनस्टार अब होम अप्लायंसेज की पूरी रेंज के साथ मौजूद है, जो इनोवेशन और ग्राहक संतुष्टि के प्रति ब्रांड की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाता है। बड़े अप्लायंसेज में विस्तार करने के अलावा, केनस्टार ने अपने सालाना सम्मेलन में नए बीएलडीसी कूलर मॉडल लॉन्च करके ग्राहकों को लेटेस्?ट टेक?नोलॉजी की पेशकश करने की अपनी प्रतिबद्धता को सामने रखा है। यह पहल बिजली बचाने वाले और उच्च-प्रदर्शन वाले प्रॉडक्ट्स पेश करने में केनस्टार के समर्पण को दिखाती है।

## पेश है डायसन एयरस्ट्रेट स्ट्रेट्नर, सूखे और गीले बालों को एयर से स्ट्रेटेन करने का नया तरीका, बिना हॉट प्लेट के, बिना हीट डैमेज के

**नई दिल्ली।** दैनिक टेक्नोलॉजी में सुधार लाने की अपनी महत्वाकांक्षा के साथ आज डायसन ने डायसन एयरस्ट्रेट स्ट्रेट्नर पेश किया, जो हवा के साथ गीली से सूखी स्ट्रेटि्नंग करता है। इसमें कोई हॉट प्लेट नहीं है, इसलिए हीट डैमेज नहीं होता1।

विभिन्न हेयर टाईप्स के लिए बनाए गए ये स्टाईलर बॉडी और मूवमेंट में प्राकृतिक रूप से स्ट्रेट स्टाईल प्रदान करते हैं, और बालों की शक्ति और स्वस्थ लुक को बनाए रखते हैं । इसकी दोनों भुजाओं के बीच बालों पर नीचे की दिशा में उच्च दबाव की हवा पड़ती है, जो एक साथ एक ही मशीन द्वारा उन्हें सुखा भी देती है, और स्ट्रेट भी कर देती है। डायसन के संस्थापक और चीफ इंजीनियर, जेम्स डायसन ने कहा, ''डायसन एयरस्ट्रेट स्ट्रेटनर की परफॉर्मेंस शक्तिशाली एयरफ्लो की क्षमता और उसके उपयोग की गहरी समझ पर आधारित है। हम पिछले 25 सालों की मेहनत के बाद अपना पहला वेट टू ड्राई हेयर स्ट्रेट्नर पेश करने में समर्थ बने हैं, जिसमें कोई हॉट प्लेट नहीं है, इसलिए यह हीट डैमेज नहीं करता। लोगों को



उच्च वेग के एयर ब्लेड के साथ आसानी से इस्तेमाल होने वाला स्ट्रेट्नर प्रदान करके हमने उन्हें समय बचाने, बालों की शक्ति बनाए रखने और प्रतिदिन प्राकृतिक स्ट्रेट स्टाईल प्राप्त करने में समर्थ बनाया है।'' इस मशीन की भुजाओं में दो 1.5 मिमी एपर्चर लगी हैं। ये एपर्चर एयरफ्लो में तेजी लाती हैं, और दो उच्च वेग की नीचे की ओर तेज हवा की धाराएं उत्पन्न करती हैं। 45 डिग्री के एंगल पर वो एक केंद्रित हवा की धारा बनाती हैं, जिससे बालों को सूखने के साथ नियंत्रित रूप से स्ट्रेट करने के लिए नीचे की ओर एक बल का निर्माण होता है। यह तीव्र एयरफ्लो सभी बालों की एक तालमेल में लाकर उन्हें मुलायम व चमकदार बनाता है। डायसन ने एक दशक से ज्यादा समय तक स्टाईल के विज्ञान की शोध की और वो लगभग आधे बिलियन ब्रिटिश पाउंड का उपयोग इसमें करके ब्यूटी की श्रेणी में शोध और टेक्नोलॉजी में तेजी लेकर आ रहे हैं। डायसन के इंजीनियर्स ने विस्तार से बालों की संरचना से लेकर एयरफ्लो डाईनामिक्स तक हर पहलू का अध्ययन किया और बालों को इससे होने वाली थर्मल, मैकेनिकल और कैमिकल क्षति के साथ इसके अन्य प्रभावों को समझा। हेयर स्टाईल बदलने के लिए हर बाल में मौजूद हाईड्रोजन बॉन्ड्स को तोड़कर उन्हें नया आकार देना होता है। यह तापमान या नमी द्वारा किया जा सकता है। गीले बालों पर शक्तिशाली एयरफ्लो के साथ स्टाईलिंग के कारण उच्च तापमान की जरूरत कम पड़ती है, जिससे बाल कम उलझते और बिखरते हैं , और उनकी प्राकृतिक चमक बनी रहती है ।

जब बाल गीले होते हैं, जब पानी की वजह से ये बॉन्ड कमजोर हो जाते हैं। इस स्थिति में बॉन्ड ज्यादा लचीले होते हैं, और बाल सूखने के साथ ज्यादा तापमान के बिना ही नया आकार ले सकते हैं। एक नियंत्रित एयरफ्लो और संतुलित तापमान का उपयोग कर हमने कम क्षति के साथ बालों को स्टाईल करने का तरीका तलाश लिया है। हवा की मदद से स्टाईलिंग द्वारा वॉल्यूम और मूवमेंट बनाए रखते हुए स्ट्रेट स्टाईल का निर्माण किया जा सकता है। बाल सूखने और अलाईन हो जाने के बाद इन बॉन्ड्स को अलग-अलग तरीके से सेट किया जा सकता है, जिससे नया स्टाईल प्राप्त हो जाता है।

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा जून माह में 07 मामले निपटाए

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर के अपर जिला जज/सचिव शैलेन्द्र मणि त्रिपाठी द्वारा बताया गया कि विभिन्न न्यायालयों से सुलह-समझौता हेतु प्राप्त पत्रावली में मध्यस्थता की कार्यवाही कर पति-पत्नी के कुल 07 मामलों का सफल निस्तारण किया गया। उन्होंने नियुक्त सभी 26 मध्यस्थतों से कहा कि वे अधिक से अधिक पत्रावलियों में पक्षकारों से बात कर मामले को निस्तारित कर मुकदमें को कम करें। मध्यस्थता एवं सुलह समझौता केन्द्र में पारिवारिक मामले व अन्य मामले में पक्षकारो के मध्य संयुक्त व पृथक-पृथक वार्ता कर उनको समझाया जाता है और उनके पूर्ण संतुष्टि होने के उपरान्त ही मामले का निपटारा किया जाता है। श्री त्रिपाठी ने बताया कि जिन लोगों के पास न्यायालय जाकर अपनी कानूनी समस्या को रखने के लिए धन नहीं हो, उन्हें बिना पैसे लिए कानूनी सहायता दिया जाता है। आगे उन्होनें बताया कि ऐसे मामले जो न्यायालय में विचाराधीन हैं, उन्हें भी न्यायालय में एक प्रार्थना पत्र देकर मध्यस्थता के माध्यम से निपटाया जा सकता है।



## जेई तरकुलवा के विदाई में छलक उठा उपभोक्ताओं की आंखों में आंसू

**तरकुलवा अवधनामा संवाददाता।** बिजली विभाग को दोषी ठहरने के लिए दुनिया भी खड़ी हो जाती है। परंतु तरकुलवा विद्युत सब स्टेशन के सब इंचार्ज संदीप कुमार का विदाई देखकर के उपभोक्ताओं के आंखों में भी आंसू छलक उठे।उन्होंने अपने विद्युत कर्मियों को समझाते हुए कहा कि दिन के पीछे रात है और रात के पीछे दिन है आना-जाना तो लगा रहता है। मैं आप सबका स्नेह नहीं भूल पाऊंगा। संदीप कुमार करीब 7 साल तरकुलवा विद्युत सभी स्टेशन में रहे हैं। जनता के प्रति उनका लगाव बहुत ही ज्यादा हो चुका था। सुबह 10 बजे विद्युत परिसर तरकुलवा में आना शाम को 5 बजे के बाद भी बिजली की व्यवस्था को सुदृढ़ रखना उनकी दिनचर्या बन गई थी। अपने बिजली कर्मियों के साथ संदीप कुमार अच्छा संबंध बना लिए थे। संदीप कुमार का ट्रांसफर होने के बाद नवगत सब स्टेशन इंचार्ज बिजली विभाग तरकुलवा लवलेश सिंह ने भी संदीप कुमार का जमकर के तारीफ किया। उक्त अवसर पर राकेश शर्मा, महेंद्र यादव, सोनू यादव, मंडल के महामंत्री धीरज मिश्रा, मंडल अध्यक्ष, जीवनपति त्रिपाठी भाजपा, अभिषेक पासवान के साथ अनेकों बिजली विभाग के कर्मी उपस्थित थे।



## पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर करती है उपकार : दीपक मिश्रा

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं बरहज विधायक दीपक मिश्र द्वारा ग्राम सभा बकुची में पौधरोपण कर वन महोत्सव मनाया गया। पर्यावरण संरक्षण के संदेश में उन्होंने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाना बहुत ज़रूरी है। पेड़-पौधों के माध्यम से प्रकृति सभी प्राणियों पर अनंत उपकार करती है। पेड़-पौधे हमें छाया प्रदान करते हैं। वृक्षारोपण बहुत आवश्यक है क्योंकि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और हवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाते हैं। उक्त अवसर पर मोहन पाठक, उप क्षेत्रीय वन अधिकारी रविन्द्र सिंह, शैलेंद्र सिंह वन दरोगा, अनिल सिंह वन दरोगा, राजकुमार सिंह वन दरोगा एवम गौरव सिंह वन रक्षक, अजय वत्स, अनूप उपाध्याय आदि मौजूद रहे।



## पुलिस अधीक्षक द्वारा सुनी गई लोगों की फरियाद



**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी बृजेश श्रीवास्तव द्वारा गुरुवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की गयी है। इस दौरान पुलिस कार्यालय में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना गया तथा उनकी समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु संबन्धित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गये।

## ट्रैक्टर से ईट उतारने जा रहा मजदूर पहिए के नीचे आने से मौत

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** थाना कड़ा के अंतर्गत ग्राम किठैया दारानगर गांव में ईंट लेकर ट्रैक्टर गया था गांव तक पहुंचने के पहले ही ट्रैक्टर के नीचे थाना कोखराज के अंतर्गत ग्राम अहिरारा निवासी रामदुलारे उर्फ गुड्डू रैदास पुत्र पराग उम्र 45 वर्ष लगभग आने से दब कर मृत्यु हो गई। और मजदूरों के द्वारा बताया गया कि मृतक ट्रैक्टर से उतर कर आम बिनने लगा और दौड़ कर ट्रैक्टर पर चढ़ने पर पैर फिसलने से ट्रैक्टर की पहिया के नीचे आने से दब कर मृत्यु हो गई।मृतक के एक लड़का शेष कुमार और एक लड़की मंजीत दोनों की शादी हो चुकी है। मंजीता अपने दो बच्चों विवान 4 साल और विवेक तीन साल के साथ लगभग डेढ़ साल से मायके में ही रह रही है। परिवार वालों को जब घटना की सूचना मिली रो रो कर बुरा हाल है। आस पास के लोगों ने थाना कड़ा धाम की पुलिस को सूचना दी गई मौके पर पुलिस पहुंच कर शव अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मॉर्टम को भेज दिया है।

## किसान भाई अनुदान पर कृषि यंत्र के लिए करें आवेदन

**कौशाम्बी अवधनामा संवाददाता।** कृषि यंत्र वितरण के लिए लाभार्थी चयन में पहले आओ पहले पाओ व्यवस्था को समाप्त करके ई-लाटरी के माध्यम से लाभार्थी चयन व्यवस्था प्रारम्भ कर दी गयी है यह जानकारी उप कृषि निदेशक ने देते हुए बताया कि कृषि यंत्रीकरण की प्रमोशन आफ एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन फार इनसीटू मैनेजमेन्ट ऑफ क्राप रेज्ड्यू योजनान्तर्गत कृषि यंत्र सुपर स्ट्रा मैनेजमेन्ट सिस्टम, सुपर सीडर हैप्पी सीडर, स्मार्ट सीडर, पैडी स्ट्रा चापर, मल्चर, रोटरी, सरफेस सीडर, हाइड्रोलिक रिबरसिबल एमबी, बेंलिंग मशीन, स्ट्रा रेक, जीरोट्रिल सीड कम फर्टीलाइजर ड्रिल एवं कस्टम हायरिंग सेन्टर के लिए (ग्रामीण उद्यमी) पर 50 से 80 प्रतिशत तक अनुदान पर कृषक 16 जुलाई तक पर ऑनलाइन बुकिंग कर सकतें है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव बढ़ाया जाए: डीएम

**अवधनामा संवाददाता**



> ❍ जिलाधिकारी ने किया सीएचसी, बरहज, पीएचसी महेन व पीएचसी भलुअनी का औचक निरीक्षण

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और दो प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अस्पतालों में सफाई व्यवस्था में कमी मिलने पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सुधार करने का निर्देश दिया।

जिलाधिकारी आज सर्वप्रथम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, महेन पहुंचे। उन्होंने सर्वप्रथम ओपीडी के विषय में जानकारी प्राप्त की, जिसमें पता चला कि 61 मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया है। प्रसव कक्ष के निरीक्षण के दौरान दीवार पर सीलन मिली तथा बेड पर बिछी चादर भी साफ नहीं मिली, जिस पर डीएम ने नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने एमओआईसी डॉ राजेंद्र कुमार को स्वास्थ्य केंद्र परिसर को स्वच्छ बनाने का निर्देश दिया। एंटी स्नेक वेनम के विषय में भी जानकारी प्राप्त की और लोगों को सर्पदंश से बचाव के विषय में जागरूक करने का भी निर्देश दिया। इसके पश्चात जिलाधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरहज पहुंचे, जहां उन्होंने जनसामान्य को मिल रही चिकित्सकीय सुविधा के विषय में जानकारी प्राप्त की। एमओआईसी डॉ अजय पाल ने डीएम को बताया कि आज ओपीडी में 237 मरीजों ने चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त किया। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा दी गई। लैब में 32 टेस्ट हुए तथा दो मरीजों ने एक्सरे कराया। डीएम ने जननी सुरक्षा योजना के विषय में भी जानकारी प्राप्त किया। एमओआईसी ने बताया कि गत रात्रि रीना शर्मा पत्नी संदीप कुमार, निवासी सहियागढ़ की नॉर्मल डिलीवरी हुई है, जिसके पश्चात डीएम ने जनरल वार्ड में जाकर शिशु एवं मां का हालचाल लिया। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अधिक से अधिक संस्थागत नॉर्मल डिलीवरी कराई जाए। जिलाधिकारी ने अस्पताल के कमरों की सीलन एवं सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने दवा वितरण कक्ष का भी निरीक्षण किया और मरीजों की पर्ची से मिलान कर दवाओं की उपलब्धता परखी। उन्होंने सीएचसी में सोलर पैनल लगाने तथा अस्पताल परिसर के टाइलीकरण के विषय में भी निर्देशित किया। इसके पश्चात जिलाधिकारी पीएचसी, भलुअनी पहुंचे। डॉ नवीन ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के विषय में जानकारी दी। यहां 58 मरीजों ने ओपीडी में दिखाया। डीएम ने सीलन भरे कमरे और गंदगी मिलने पर नाराजगी व्यक्त की और विगत तीन वर्षो के दौरान स्वास्थ्य केंद्र के मेंटेनेंस पर हुए खर्च का ब्यौरा तलब किया। डीएम ने कहा कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों को मानक स्वरूप दिया जाएगा।

## यातायात नियमों का धजियां उड़ा रहे बाईक सवार नहीं रहा पुलिस का खौफ



**रुद्रपुर देवरिया अवधनामा संवाददाता।** आए दिन दुपहिया वाहनों से दुर्घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा फरमान जारी है बिना हेलमेट चार सवारी चल रहे हैं वाहनों का जांच कर कार्रवाई की जाए लेकिन पुलिस के सुस्त रवैया से उपनगर रुद्रपुर में यातायात नियमों को लेकर लोग गंभीर नजर नहीं आ रहे। लोग आए दिन नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और अपनी व दूसरों की जान जोखिम में डाल रहे। ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के मामले सबसे ज्यादा दो पहिया वाहन सवारों के सामने आ रहे हैं। यह लोग खुलेआम नियमों की धज्जियां उड़ाने से नहीं चूक रहे। शहर के विभिन्न मार्गों पर दो पहिया वाहन पर चार लोग बैठते नजर आएंगे।शहर में कई बाइक चालक बिना हेलमेट बाइक चलाते नजर आते हैं तो कई अपनी बाजू या बाइक पर हेलमेट टांग कर वाहन दौड़ाते नजर आते हैं। इसके अलावा शहर में ट्रिपल राइडिंग भी बदस्तूर जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बुलेट मोटरसाइकिल चलाने वाले लोग बिना साइलेंसर के पटाखे बजाते हुए नजर आते हैं। यह लोग अमूमन शहर के अंदरूनी बाजारों में घूमते रहते हैं। उधर, ट्रैफिक पुलिस सूत्रों की मानें तो ज्यादातर लड़कियां बिना लाइसेंस के दोपहिया वाहन दौड़ा रही हैं। हालांकि ट्रैफिक पुलिस रोजाना चालान भी कर रही और गाड़ियों को भी जब्त किया जा रहा है लेकिन लोग सुधरने का नाम नहीं ले रहे। आसानी पुलिस प्रशासन को चाहिए की अभियान चला कर ऐसे बाईक सवारों पर कार्रवाई करें।

## विदाई समारोह का हुआ आयोजन

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिला बंदोबस्त अधिकारी कार्यालय में गुरुवार को चकबंदी अधिकारी मुसाफिरखाना हरिभान सिंह का स्थानांतरण गाजियाबाद हो जाने से विदाई समारोह का आयोजन किया गया।जिसमें जिला बंदोबस्त अधिकारी केलकर सिंह ने कहा कि श्री सिंह अपने कार्य के प्रति समर्पित एवं सरकार के द्वारा दिए गए निर्देशों को अमली जामा पहनाने में सक्रिय रहे है स्थानांतरण प्रक्रिया नौकरी का एक हिस्सा है।ये प्रदेश के जिस भी जिले में रहे कार्य करे स्वस्थ रहे और मस्त रहे। यही मेरी ईश्वर से कामना है।

## प्रभात साहित्य सेवा समिति के संस्थापक नहीं रहे

**कप्तानगंज, कुशीनगर।** लंबी बीमारी के बाद नगर के चिकित्सक, समाजसेवी व प्रभात साहित्य सेवा समिति के संस्थापक डॉ मोतीलाल खेतान मोती बुधवार की रात्रि में निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। मालूम हो खेतान जी जहां बाल रोग विशेषज्ञ थे तो वही धार्मिक आयोजन भी नगर में बढ़चढ़ कर हिस्सा लेते थे तो सामाजिक कार्यो में काफी दिलचस्पी थी। साथ ही करीब 50 वर्षो से साहित्य से काफी तल्लीन थे, वे नगर के साहित्यकारों व कवियों को एक जुट कर प्रभात काव्य संगम का श्री गणेश किए जो वर्ष 1998 से अभी तक मासिक काव्य गोष्ठी करती आ रही है। इसके श्री खेतान जी संरक्षक रहे। उनके निधन से संस्था के महामंत्री बेचू बी ए के आवास पर एक शोक बैठक कर मृतात्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन रह कर श्रंद्धाजलि अर्पित किया। बैठक में आनन्द कृष्ण त्रिपाठी, बेचू बीए, डॉ इम्तियाज़ समर, बेनिगोपाल शर्मा, विनोद गुप्ता, आनन्द कुमार आनंद, अर्शी बस्तवी, नूरुद्दीन नूर, धर्मेंद्र, निर्मल, मनोहर माही आदि कवि मौजूद रहे।

# फरियादियों के साथ विनम्र व्यवहार करे अधिकारी : डीएम

## जिलाधिकारी ने की सीएम डैशबोर्ड/विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**अवधनामा संवाददाता**



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी की अध्यक्षता में उदयन सभागार में सीएम डैशबोर्ड/विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई।बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से कहा कि फरियादियों के साथ विनम्र व्यवहार किया जाये। पारदर्शी तरीके से कार्यो को सम्पादित किया जाये।

उन्हांने सभी अधिकारियों से कहा कि क्षेत्र भ्रमण कर यह जानकारी प्राप्त किया जाय कि जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभार्थियों को लाभान्वित करने के बाद योजना के लाभ से लाभार्थी के आर्थिक स्थिति में क्या प्रभाव पड़ा, इसकी विस्तृत आख्या उपलब्ध करायी जाय। उन्हांने अधिशासी अभियंता, विद्युत को शासन द्वारा निर्धारित समयावधि तक विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा खराब ट्रान्सफार्मर को निर्धारित समयावधि में बदलवाने के निर्देश देते हुए कहा कि विद्युत कटौती से सम्बन्धित सूचना समाचार-पत्रों में प्रकाशित करायी जाय, जिससे आमजन को भी जानकारी हो सकें। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि पेंशन से सम्बन्धित आवेदन प्राप्त होने पर तत्काल सत्यापन कराकर पात्र लोगों को लाभान्वित किया जाये। उन्होंने जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत हर-घर नल से जल की समीक्षा के दौरान कहा कि खण्ड विकास अधिकारियों से सत्यापन कराया जाय कि कितने ग्रामों में पाइपलाइन बिछाने के दौरान सड़क काटी गई है, इसकी आख्या उपलब्ध करायी जाय। उन्होंने प्रोजेक्ट अलंकार के तहत किये जा रहें कार्यो की समीक्षा के दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक को कार्यो का सत्यापन कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने कौशल विकास मिशन की समीक्षा के दौरान विभिन्न कोर्सो में प्रशिक्षित किये गये प्रशिणार्थियां की संख्या की जानकारी करते हुए कहा कि जनपद की मॉग के अनुसार कोर्स में प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जाय। बैठक में उप कृषि निदेशक ने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएम कुसुम योजना के कुल 305 लक्ष्य प्राप्त हुये हैं, जिसके आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो रहें है, अब तक कुल 26 ऑनलाइन आवेदन बुकिंग की जा चुकी हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि विगत वित्तीय वर्ष में लाभान्वित किसानों की आर्थिक स्थिति में क्या प्रभाव पड़ा, इसकी जानकारी प्राप्त किया जाय। बैठक में परियोजना निदेशक ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत वित्तीय वर्ष 2016-17 से अब तक कुल 46699 आवास स्वीकृत हुए हैं, जिसमें 46300 आवास पूर्ण हो गये हैं, जिस पर जिलाधिकारी ने शेष आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश देते हुए कहा कि वृक्षारोपण अभियान के अन्तर्गत लाभार्थियों को भी पौधा दिया जाय, जिससे वे अपनी भूमि पर पौधारोपण कर सकें। परियोजना निदेशक ने बताया है कि मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत इस वित्तीय वर्ष में 2514 लाभार्थियों की सूची ब्लॉकों से प्राप्त हुई है, जिसका सत्यापन कराया जा रहा है। उपायुक्त मनरेगा ने बताया कि मांग के अनुरूप जून माह में कुल 29734 लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जून-माह 2024 में 15998 लोगों को एम्बुलेन्स 102 की सेवायें प्रदान की गई। इसी प्रकार 5521 लोगों को एम्बुलेन्स 108 की सेवायें प्रदान की गई।

# कौशाम्बी में पशु आहार के नाम पर बेची जा रही शराब की फैक्ट्री से निकला जहरीला कचरा

**अवधनामा संवाददाता**



> ❍ अवैध शराब बनाने में भी हो रहा प्रयोग

**कौशाम्बी।** शराब फैक्ट्री से निकला जहरीला कचरा जिसे नष्ट करने के लिए फैक्ट्री से निकाला जाता है, उसे अवैध रूप से जिले में लाकर खपाया रहा है। यह जहरीला कचरा अवैध रूप से बनाने वाली कच्ची शराब के लिए सस्ता कच्चा माल बना हुआ है, जोकि अब महुआ का स्थान ले चुका है। यही नहीं बताया जा रहा है कि इस कचरेको पशुओं के आहार के रूप में भी बड़ी भारी मात्रा में प्रयोग किया जा रहा है जो दुधारू पशुओं को बांझ बना रहा हैं।

जिले में प्रतिदिन सैकड़े टन यह कचरा उतर रहा है,ऐसा नहीं है कि स्थानीय प्रशासन इससे अनजान है, लेकिन आखिर किस लिए प्रशासनिक जिम्मेदार इस जानलेवा व्यापार की ओर से आंख मूंदे हुए हैं और अंजान बन गए बैठेहै। बताया जा रहा है कि गैर प्रांत में स्थित शराब की फैक्ट्री से सड़े हुए अनाज को कचरे के रूप में बाहर निकाला जाता है यह कचरा जहरीला भी होता है,जिसमें अल्कोहल की बड़ी मात्रा भी पाई जाती है। जिले में प्रतिदिन सैकड़े टन से अधिक यह कचरा फर्जी तरीके से पशु आहार के कागजात पर उतर रहा है। जबकि शराब फैक्ट्री से निकले कचरे के प्रयोग पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। जिले के तराई थाना क्षेत्र के कड़ा धाम सिराथू तहसील के झंडापुर में आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर प्रतिदिन कई ट्रक यह अवैध कचरा उतारा जा रहा है। इस कचरे में अल्कोहल की मात्रा अधिक होने के चलते अवैध शराब बनाने वाले लोग इसका प्रयोग अवैध शराब बनाने में कच्चे माल के रूप में कर रहे हैं। चूंकि की इसका मूल्य महुआ से कई गुना कम होता है, यह कचरा 800 रुपए प्रति कुंटल में लोगों को बेचा जा रहा है, जबकि महुआ का रेट 4000 रुपए प्रति कुंतल से अधिक है। जिसके चलते यह अवैध कारोबारी इस जहरीले कचरे को कच्चे माल के रूप में प्रयोग कर अवैध शराब को बना रहे हैं। वहीं दूसरी ओर पशु पालक द्वारा सस्ते पशु आहार के रूप में शराब की फैक्ट्री से निकला कचरा जिले के दुधारू पशुओं को खिला रहें है। अल्कोहल की मात्रा अधिक होने के चलते पशु इसके आदी हो जाते हैं जो बाद में इस सड़वा कहे जाने वाले इस कचरे के बिना चारा खाना पसंद नहीं करते। वही यह कचरा जहां मादा पशुओं को बांझ बना रहा है। जिले के कड़ाधाम थाना क्षेत्र के सातो, बंसी की बाग, बसवारी, गिरधरपुर गढ़ी कोखराज थाना के झंडा पुर में प्रतिदिन 10 से 12 ट्रक यह अवैध कचरा जो कि प्रत्येक ट्रक में 25 से 35 टन तक लोड होता है आ रहा है। आरोप है कि करोड़ें रुपए सालाना के बचत वाले इस अवैध कारोबार से इलाके की पुलिस भी मोटा रुपया कमा रही है जिसके चलते यह अवैध कारोबार बेरोकटोक संचालित हो रहा है। शराब की फैक्ट्री से निकलने वाले इस अवैध कचरे को बेचने पर सरकार ने रोक लगा रखी है,लेकिन कारोबारी इस कचरे को फर्जी रूप से पशु आहार की गाड़ी बताकर फर्जी कागजातों के सहारे इस अवैध कारोबार को चला रहे है। यह शराब की फैक्ट्री से निकलने वाला कचरा नेपाल, बंगाल, बिहार, सीतापुर, निगोही, कटरा और मुजफ्फरपुर जैसे स्थानों से जिले में लाकर खपाया जा रहा है। जिले में इस अवैध कारोबार का सालाना बजट करोड़ें में बताया जा रहा है। इस संबंध में सीओ सिराथू अवधेश विश्वकर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी कराई जा रही है,यदि ऐसा है तो जांच के बाद ऐसे लोगो पर कार्यवाई की जायेगी।

# एडीएम ने वज्रपात से बचाव के लिए जारी की एडवाइजरी

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने बताया है कि वज्रपात से बचाव हेतु एडवाइजरी जारी की गई है। उन्होंने बताया है कि बिना तड़ित चालक के ऊँची इमारते संचार टावरों का भूमि पर अच्छी तरह विद्युत सम्पर्क स्थापित नहीं किया जाना कच्चे मकान जिसमें धातु के कुछ भाग निकले हुये हो बिना तड़ित चालक वाले सभी भवन पेड़ तालाब झील पानी से भरे क्षेत्र वज्रपात जोखिम वाले क्षेत्र है तथा यह असुरक्षित है। उन्होने बताया है कि वज्रपात से पहले परिवार समुदाय बच्चो आदि के साथ वज्रपात और उसके प्रभाव पर चर्चा करें।स्थानीय मौसम पर नजर रखे और रेडियो टीवी सुने घर के पास लगे पेड़ों की छटाई करें ऊँची इमारतों पर तड़ित चालक यंत्र स्थापित करें प्रशासन की ओर से जारी चेतावनी को नजरअंदाज न करें। उन्होने बिजली गिरने की सम्भावना होने पर बताया है कि बाहर जाने से बचे 30-30 नियम को याद रखे-बिजली देखने के बाद 30 तक गिनना शुरू करें यदि आपके 30 तक पहुँचने से पहले गड़गड़ाहट सुनाई दे तो तत्काल घर के अन्दर जायें गड़गड़ाहट की आखिरी आवाज के बाद कम से कम 30 मिनट के लिये बाहर गतिविधियों को स्थगित करे जितना जल्दी हो सके उतनी जल्दी पक्की छत के नीचे शरण लें बिजली चमकने आधी आने पर पेड़ के नीचे से हट जाये बिजली गिरनी के दौरान किसान कभी खुले मैदान या खेत में न खड़े हो कोशिश करें कि किसी सुरक्षित पक्की छत के नीचे पहुँच जाये तालाब नदी तट आदि जैसे जल निकायो से दूर रहें। यदि समूह में है तो दूर-दूर रहे यदि आप खुली जगह में है तो अपने शरीर को उकडू कर एड़ियों को सटा कर कान बंद कर बैठ जायें यदि आप किसी वाहन में सफर कर रहे है तो अपने वाहन में ही रहे जिनके पास स्मार्ट मोबाइल है वे सभी मोबाइल के प्ले स्टोर से दामिनी एप डाउनलोड करे व उससे प्राप्त सूचनाओं का पालन करें।

### फ्रीशिप कार्ड के आधार पर नि:शुल्क प्रवेश दिए जाने को लेकर हुई बैठक

# निशुल्क प्रवेश की सुविधा निजी क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में नहीं होगी अनुमान्य : आरके शर्मा

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में बुधवार को वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजकीय व अनुदानित शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति तथा दशमोत्तर योजना के पात्र छात्रों को राज्य सरकार द्वारा निर्गत फ्रीशिप कार्ड के आधार पर निशुल्क प्रवेश दिए जाने को लेकर बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि राजकीय एवं अनुदानित शिक्षण संस्थानों में अनुमोदित पाठ्यक्रम में पात्र एवं सही डाटा वाले छात्रों को निशुल्क प्रवेश की सुविधा दी जाएगी। छात्र द्वारा संस्था में प्रवेश लेते ही नियमावली में निर्धारित पात्रता में आने पर छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन करेगा तथा आधार प्रमाणीकरण ई केवाईसी एवं ओटीएस से सत्यापन के उपरांत आवेदन को फाइनल सब्मिट किया जाएगा संस्था द्वारा आवेदन अग्रसारित करते ही छात्र निशुल्क प्रवेश हेतु अर्ह हो जाएगा तथा उसे निर्धारित प्रारूप पर फ्रीशिप कार्ड छात्रवृत्ति पोर्टल से जनरेट हो जाएगा। उन्होंने बताया कि निशुल्क प्रवेश की सुविधा निजी क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में अनुमान्य नहीं होगी। राजकीय एवं अनुदानित शिक्षण संस्थान में छात्रों को निशुल्क प्रवेश हेतु फ्रीशिप कार्ड निर्धारित प्रारूप पर जनरेट होने के उपरांत विभाग द्वारा छात्र के आधार सीडेड एनपीसीआई से मैप्ड बैंक खाते में शैक्षिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि ऑनलाइन अंतरित होने पर संबंधित संस्था को छात्र द्वारा 7 दिन के भीतर शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि जमा करनी होगी। संस्थान में छात्र को निशुल्क प्रवेश मिलने के पश्चात छात्र व संस्थान के मध्य शुल्क जमा करने के संबंध में अनुबंध पत्र निष्पादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना का पोर्टल 1 जुलाई से प्रारंभ हो गया है 1 जुलाई से छात्रों के स्तर से रजिस्ट्रेशन हेतु आवेदन की प्रक्रिया पोर्टल के माध्यम से शुरू हो गई है छात्र द्वारा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करते समय जनपद का नाम शिक्षण संस्थान का नाम वर्ग जाति हाई स्कूल बोर्ड हाई स्कूल उत्तीर्ण करने का वर्ष तथा निशुल्क प्रवेश हुआ है अथवा नहीं इसके अतिरिक्त छात्र द्वारा अपना नाम जन्मतिथि हाई स्कूल अनुक्रमांक मोबाइल नंबर ईमेल आईडी व स्वनिर्मित पासवर्ड भरा जाएगा। उन्होंने बताया कि फ्रीशिप कार्ड के फॉर्म में छात्र द्वारा आय प्रमाण पत्र व जाति प्रमाण पत्र के नंबर भरने पर ई डिस्ट्रिक्ट की साइड से स्वतः ऑनलाइन वेरिफिकेशन हो जाएगा। इसके अतिरिक्त छात्र का नाम एवं जन्मतिथि पर डेमोग्रेफिक ऑथेंटिकेशन भी होगा तदोपरांत फ्रीशिप कार्ड पोर्टल से डाउनलोड किया जा सकता है छात्र अथवा छात्रा का जो नाम हाई स्कूल प्रमाण पत्र में अंकित है उसी नाम से आधार कार्ड अपडेट कराया जाना होगा और वही नाम रजिस्ट्रेशन फॉर्म में भरना अनिवार्य होगा।

## तहसील दिवस के दौरान राशन कार्ड संबंधी समस्या निस्तारण को लगेगा विशेष कैंप

**अमेठी।** जिला पूर्ति अधिकारी नीलेश उत्पल ने बताया है कि जिलाधिकारी द्वारा जनपद की राशन कार्ड से सम्बन्धित शिकायतों समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु तहसील दिवसों पर विशेष कैम्प लगाये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में प्रत्येक तहसील दिवस के दौरान राशन कार्ड सम्बन्धी शिकायतों समस्याओं के निस्तारण हेतु आपूर्ति कार्यालय द्वारा विशेष कैंप का आयोजन किया जायेगा। जनपद के समस्त लाभार्थियों राशन कार्डधारकों से अपील है कि वह अपनी राशन कार्ड सम्बन्धी समस्त शिकायतों समस्याओं यथा यूनिट सदस्यों का नाम जुड़वाना विवाहित पुत्री मृतक सदस्य का नाम कटवाना नये राशन कार्ड की मांग हेतु आवेदन अथवा आपूर्ति शाखा से सम्बन्धित अन्य कोई समस्या के निराकरण हेतु तहसील दिवस में आयोजित विशेष कैम्प में आपूर्ति कार्मिक से सम्पर्क कर अपनी समस्याओं का नियमानुसार समाधान

# कागजी आंकड़ों में चल रहा मनरेगा मजदूरों की हाजिरी

**अवधनामा ब्यूरो**



> ❍ परियोजनाओं पर बिना काम के टीए द्वारा एमबी कर कराया जा रहा भुगतान

**कुशीनगर।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मनरेगा योजना जो ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की गारंटी देता हैं। लेकिन इन दिनों यह योजना केवल कागज़ी आंकड़ों तक सिमट कर रह गई है। न तो धरातल पर काम हो रहा और नहीं मनरेगा मजदूरों को रोजगार मिल रहा हैं। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी गंधारी की तरह आंखों पर पट्टी बांध योजना का पलीता लगा देख रहें। जिसके चलते सरकारी खजाना खाली हो रहा हैं और जिम्मेदार ग्राम प्रधान पंचायत सिक्रेटरी रोजगार सेवक और विकास खण्ड में कार्यरत टीए केवल कागजों में विकास कार्य कराकर अपनी पीठ थपथपा रहे हैं।

मामला विशुनपुरा विकास खण्ड के गांव बबूईया हरपुर का हैं। जहां तीन परियोजना पर 12 सेट मस्टररोल जारी हैं। जिसमें 104 श्रमिकों की हाजिरी लग रही हैं। सुखल के खेत से जिउत के खेत तक मिट्टी कार्य जिसमें 35 श्रमिकों की हाजिरी लग रही दुसरी परियोजना मटिखन्ना पोखरी की खुदाई कार्य जिसमें 52 मजदूरों की हाजिरी लग रही है। तीसरी परियोजना राम आधार के खेत के पास पोखरी खुदाई कार्य जिसमें 17 श्रमिकों की हाजिरी लग रही हैं। लेकिन गांवों में न तो सड़क बन रही है और न ही मनरेगा मजदूरों को रोजगार मिल रहा हैं। मनरेगा मजदूर दर-दर भटकने पर मजबुर है और यह सरकार की महत्वाकांक्षी योजना भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ अपनी बेबसी पर आसू बहाता नजर आ रहा है। लेकिन मौके पर कोई श्रमिक काम करते नहीं दिख रहें और नहीं अपलोड फोटो में कोई श्रमिक दिख रहा हैं। इससे साफ तौर से स्पष्ट हो रहा की केवल कागज़ी आंकड़ों में काम चल रहा और जिम्मेदार अधिकारी जिनको मानरिटिंग की जिम्मेदारी हैं वह चैन की बंशी बजा रहें इस तरह अधिकारियों की मिली भगत से सिर्फ कागजों में काम चला सरकारी धन का बंदरबांट किया जा रहा। इस सम्बन्ध में जब जिम्मेदार अधिकारी एपीओ से पुछने पर उनका फोन रिसीव नहीं हो रहा।

# हत्या के तीन अभियुक्त गिरफ्त में

**रूपयों के लेनदेन को लेकर की गयी थी हत्या**



**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** थाना टूण्डला पुलिस व सर्विलांस टीम द्वारा द्वारा विगत दिवस को थाना टूण्डला क्षेत्रान्तर्गत हुई हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को एक अदद अंगोछा, 02 ग्लब्स, मोबाइल, 95000 रूपये व घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। विगत 29.06.2024 को चौकीदार सिचाई विभाग सिचाई खंड द्वितीय उपखण्ड टूण्डला चुन्नीलाल द्वारा थाना टूण्डला पुलिस को एक अज्ञात युवक उम्र करीब 30 वर्ष की लाश/शव के होंने के सम्बन्ध में सूचना दी गयी। उक्त सूचना पर पुलिस टीम मय फील्ड यूनिट व सर्विलांस के मौके पर पहुँचे। पुलिस टीम द्वारा शव की पहचान धर्मवीर सिंह पुत्र गिर्राज सिंह निवासी ग्राम धर्मपुर पोस्ट जारखी थाना पचोखरा के रूप में की गयी। वादी पप्पू की तहरीर के आधार पर थाना टूण्डला पर मु0अ0सं0 416/2024 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया। उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी टूण्डला के नेतृत्व में 03 पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा ठोस साक्ष्य संकलन के आधार पर धर्मवीर की हत्या करने वाले 03 अभियुक्तों दीपक पुत्र विजय सिंह निवासी धर्मपुर थाना पचोखरा जिला फिरोजाबाद, भोला उर्फ मुनेश ठेनुआ पुत्र महराज सिंह निवासी नौपुरा थाना सादाबाद जिला हाथरस, लहटू उर्फ विष्णु पुत्र रनवीर सिंह निवासी नौपुरा थाना सादाबाद जिला हाथरस को नगला महादेव तिराहा के पास से गिरफ्तार किया गया।

## प्रोसेस सर्विंग कमेटी की बैठक संपन्न



**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देशानुसार अपर जिला जज प्रथम/नोडल अधिकारी गुलाब सिंह की अध्यक्षता में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई 2024 के आयोजन के संबंध में प्रोसेस सर्विंग कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभाग्नु सुधीर, क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय, उप निरीक्षक यातायात मो.साकिब हासमी उपस्थित रहे। बैठक में विगत राष्ट्रीय लोक अदालत पर चर्चा की गई। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु शत प्रतिशत नोटिस/सम्मन की तामीला हेतु निर्देशित किया गया।

# मोहर्रम की चल रही है तैयारी, चांद रात से होगी मजलिस

**अवधनामा संवाददाता**



**सुल्तानपुर।** हुसैनिया बख्शी ख़ान ताल्लुकेदार अमहट सुल्तानपुर उत्तर प्रदेश इंडिया के तारीख़ी अशरा जो आइंदा साल की तरह इस साल भी अपने तारीखी वक़्त पर होगा।जिसको इस साल नजफ़ अशरफ़ से आ रहे आलिम-ए दीन हुज्जतुल इस्लाम आली जनाब मौलाना नूर मोहम्मद सालेसी साहब क़िबला ख़िताब करेंगे। इस अज़ख़ाने की अपनी एक तारीख़ है। ये अज़ख़ाना अमहट सरज़मीन का पहला अज़ख़ाना है और सबसे पहला अशरा इसी अज़ख़ाने से शुरू हुआ था, जो आज तक होता चला आ रहा है। इस हुसैनिया की तामीर सन् 1751 ईसवी में उस वक़्त के अमहट के ताल्लुकेदार बख्शी ख़ान के ज़ेरे निगरानी में हुआ और उस वक़्त से ही इस अशरे की शुरुआत हुई है। उस ज़माने में अमहट के सभी मोमेनींन इसी अज़ाख़ाने में दो महीना आठ दिन तक आज़ादारी करते थे। वक़्त के साथ मोमेनींन की आबादी और खानदान बढ़ने के साथ इलाक़े में और कई हुसैनिया की तामीर हुई जिससे अमहट सरज़मीन पर आज़ादारी का फ़रोग़ हुआ। इस अज़ाख़ाने में चाँद रात को इलाक़े की सबसे पहली मज़लिस होती है। जिसमे सभी मोमेनींन शिरकत करते हैं, उसके बाद फिर पूरे इलाक़े में मज़ालिस का सिलसिला शुरू हो जाता है। ये सिलसिला 12 मुहर्रम इमाम के तीजे तक लगातार चलता है।

## संक्षिप्त समाचार

### आशा बहू संगठन की उर्मिला बनी कुड़वार ब्लॉक अध्यक्ष



**कुड़वार, सुल्तानपुर।** आशा बहू संगठन के ब्लॉक कुड़वार इकाई का चुनाव बीते 30 जून को प्रदेश अध्यक्ष किरण शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमे उर्मिला पांडेय अध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुई। उपाध्यक्ष- सीमा यादव, माधुरी शर्मा, मंत्री, सचिव विजय लक्ष्मी सिंह, कोषाध्यक्ष -कुमकुम सिंह, संगठन मंत्री -साधना गुप्ता, मीडिया प्रभारी, प्रचार मंत्री सुमन त्रिपाठी तथा सदस्य केश पति, गायत्री दुबे, केशकुमारी, गुलाबी देवी, कमलेश चौरसिया, नीता पांडेय, सुनीता तिवारी, रेनू उपाध्याय तथा माधुरी पाठक निर्वाचित हुई हैं। प्रदेश अध्यक्ष किरन शुक्ला ने नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवम गोपनीयता की शपथ दिलवाई।

### अरुण द्विवेदी बने नगर कोतवाल



**सुल्तानपुर।** एसपी सोमेन वर्मा ने तबादला एक्सप्रेस चलाई है। कुड़वार थाना अध्यक्ष रहे एके द्विवेदी नगर कोतवाल बनाए गए। राम निरंजन यादव को सिटी ट्रैफिक इंस्पेक्टर का प्रभार मिला। यातायात निरीक्षक रहे चंद्र भान वर्मा कुड़वार थाना अध्यक्ष बनाए गए। नगर कोतवाल पद पर तैनात रहे श्रीराम पांडेय का अमेठी गैर जनपद तबादला हो गया। पुलिस अधीक्षक ने तबादले की पुष्टि की है।

### जनपद के बाहुबली भाइयों सोनू, मोनू के घर पर भी चलेगा बाबा का बुलडोजर



**सुल्तानपुर।** सुल्तानपुर सीट से भाजपा विधायक विनोद सिंह का बड़ा बयान सामने आया है जिसमे उन्होंने इसौली के पूर्व सपा विधायक चंद्रभद्र सिंह उर्फ सोनू के घर पर भी बुलडोजर चलवाने की बात कही है। विनोद सिंह ने जिला पंचायत के सभागार में एक पत्रकार वार्ता करते हुए जहां अपने कार्यो की उपलब्धियां गिनाई, वहीं सरकार के जीरो टॉलरेंस की नीति पर बोलते हुए बताया की शासन के एक पत्र में जनपद के यशभद्र सिंह उर्फ मोनू के ऊपर गैंगस्टर समेत अन्य कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। कई में तो अभी न्यायालय में मामला लंबित है और दो मामलों में सजा भी हो गई है। इनके खिलाफ भी अब प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा। हाल की घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पास बहुत से काम रहते हैं। मेरा न तो उसे घटना से कोई लेना-देना है और न ही मैं ऐसे अपराधिक तत्व के लोगों को प्रश्रय देता हूं। उन्होंने आम जनता से भी अपील की कि वह ऐसे अपराधी लोगों का मनोबल न बढ़ाएं।

### जनपद के कृषक शीतगृहों में भण्डारित आलू की करते रहें निकासी

**सुलतानपुर।** जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने जनपद सुलतानपुर के कृषक बन्धुओं को सूचित किया है कि आप द्वारा जनपद सुलतानपुर के जिन शीतगृहों में आलू भण्डारित किया गया है, उन शीतगृहों से आलू की निकासी करते रहें, क्योंकि वर्तमान समय में आलू का थोक बाजार भाव अच्छा चल रहा है। बाजार में आलू की आवक से ही आलू बाजार भाव नियंत्रित होते हैं। यदि एक साथ समस्त कृषकों द्वारा आलू की निकासी की जायेगी, तो स्वाभाविक है कि बाजार में आलू की आवक अधिक हो जायेगी और मूल्यों में भी गिरावट आयेगी, ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि कृषक बन्धु मंडियों के बाजार भाव से अवगत होते हुए भण्डारित आलू की निकासी करते रहें, जिससे भण्डारित आलू का अच्छा मूल्य प्राप्त हो सके।

### एसी का तार काटने वाले चोरों का गिरोह नगर में सक्रिय

**सुल्तानपुर।** ए सी का तार काटने वाले चोरों का गिरोह सुल्तानपुर नगर में पूरी तरह से सक्रिय है।पिछले एक माह में तीन दर्जन से अधिक दुकानों मैं लगे ऐसी के तार रात में चोर काट ले जा रहे हैं। बार-बार विभिन्न चौकिया एवं कोतवाली में एप्लीकेशन देने के बावजूद पुलिस महाकमा कुछ करने में सक्रिय नहीं नजर आ रहा है। ऐसे में दुकानदारों में पुलिस की कार्यवाही के प्रति रोज व्याप्त है।दो बार तीन बार एक दुकानों से इसी का तार काट ले जा रहे हैं, बीती रात नॉर्मल कंपाउंड स्थित डॉ एस के तिवारी की क्लीनिक से ए सी का तार लोहे की पाइप सहित लगवाए थे।वह भी काट के उठा ले गए।इसी तरह नॉर्मल कंपाउंड में दर्जनों दुकानों का एक का तार कई बार कट चुका है। यही नहीं इलाहाबाद रोड पर स्थित दुकानों में ऐसी के तार काटने का यही हाल है। चोर इस तरह से सक्रिय है कि पुलिस कोई कार्यवाही भी नहीं कर पा रही है।

### ट्राला में ट्राला ने मारी टक्कर, चालक हुआ गंभीर

**सुलतानपुर।** बंधुआ कला रेलवे स्टेशन के सामने हाईवे पर दो ट्राला में जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसे में सुलतानपुर से लखनऊ जा रहे ट्राला के परखच्चे उड़ गए। इससे चालक बुरी तरह फस गया।घटना रात करीब दो बजे की है। मौके पर पहुंची पुलिस ने कटर से काटकर चालक को बाहर निकलवाया और अस्पताल पहुँचाया।जहां हादसा हुआ है वहां सड़क का निर्माण कार्य चल रहा है। इससे रास्ता संकरा हो गया और इससे आए दिन हादसे होते रहते हैं।दोनों गाड़ियों के टक्कर से लम्बा जाम लग गया है।अब स्थिति सामान्य हो रही है।

# एक पौधा माँ के नाम पर अवश्य करें रोपित: सुभाष



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग गौतम सिंह के निर्देश पर गुरूवार को वन महोत्सव के तहत गौना बीट की गौना रेन्ज के नाराहट वन क्षेत्र में वन महोत्सव का वृहद आयोजन किया गया। वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मण्डल अध्यक्ष भाजपा भगवान सिंह पटेल व ग्राम प्रधान नाराहट राजू राजा मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय वनाधिकारी सुभाष कुमार वर्मा रेन्जर ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भगवान सिंह पटेल ने कहा कि एक से शुरू हुये वन महोत्सव के तहत वृहद वृक्षारोपण का कार्य हमारे क्षेत्र की गौना रेन्ज के नाराहट वन क्षेत्र में संपन्न हुआ। कहा कि हम सभी को वन महोत्सव के तहत वृक्षारोपण करना चाहिए। सबको संकल्पित होकर वन महोत्सव कार्य के लिए आगे आकर वृक्षारोपण कर प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभाना चाहिए। मुख्य अतिथि नाराहट ग्राम प्रधान राजू राजा ने कहा कि वन विभाग के द्वारा आयोजित महोत्सव कार्यक्रम जिसमें सभी को वृक्षारोपण का कार्य किया जा रहा है।

## महत्वाकांक्षी विकासखण्ड मड़ावरा में सम्पूर्णता अभियान का भव्य शुभारंभ

**ललितपुर।** शासन के निर्देशानुसार नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खण्ड मड़ावरा में निर्धारित 40 इंडीकेटर्स में से 06 इंडीकेटर्स के लक्ष्यों को संतृप्त करने हेतु सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ सहायक निदेशक, नीति आयोग सुश्री गार्गी राव की अध्यक्षता में सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर राज्यमंत्री मनोहर लाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के योजनावार स्टॉल लगाये गए थे, जिनका सहायक निदेशक नीति आयोग सहित जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने निरीक्षण किया। कार्यक्रम में बताया गया कि शासन के निर्देशानुसार नीति आयोग के आकांक्षात्मक विकास खण्ड मड़ावरा में निर्धारित 40 इन्डीकेटर्स में से स्वास्थ्य एवं महिला कल्याण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, एकीकृत बाल विकास सेवा, कृषि व ग्राम्य विकास के 06 इन्डीकेटर्स के लक्ष्यों को संतृप्त करने के उद्देश्य से दिनांक 01.07.2024 से 30.09.2024 तक सम्पूर्णता अभियान चलाया जा रहा है।

# पालीवाल महाविद्यालय, में पुलिस प्रशासन द्वारा मनाया गया जनजागरूकता कार्यक्रम

**अवधनामा संवाददाता**



**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद में पुलिस प्रशासन द्वारा 'ऑपरेशन जागृति फेस 2 के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें शिकोहाबाद थाने से श्री रमेश चंद यादव (इंस्पेक्टर क्राइम ब्रांच), सब इंस्पेक्टर आरजू चौधरी ,हेड कांस्टेबल जयप्रकाश एवं उषा सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पालीवाल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार द्वारा की गई एवं संचालन डॉ सुशील कुमार द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान इंस्पेक्टर महोदय द्वारा विभिन्न धाराओं में हुए परिवर्तनों की जानकारी दी और छात्र-छात्राओं तथा सभी शिक्षक एवं गैर शिक्षक साथियों से उन्होंने अनुरोध किया कि साइबर क्राइम से बचने के लिए हमें किसी भी अज्ञात लिंक पर क्लिक नहीं करना चाहिए और ना ही किसी अज्ञात व्यक्ति से फ्रेंड रिक्वेस्ट को स्वीकार करना चाहिए आगे उन्होंने बताया कि पूर्व की जो धाराएं 511 थी वे अब 358 रह गई हैं 302 की जगह अब 103, 307 की जगह 109, 304 की जगह 105 हो गई है। अन्त में प्राचार्य प्रो प्रवीण कुमार ने सभी का धन्यवाद किया तथा कहा कि आज के जन जागरूकता कार्यक्रम से सभी अच्छी जानकारी प्राप्त हुई है और अब हम सभी हम सभी भी इस जानकारी को समाज के अन्य व्यक्तियों तक पहुंच कर अपना दायित्व का निर्वहन करें इस दौरान डॉ विशाल पाठक, राजीव अग्रवाल, नवीन कुमार पालीवाल, प्रवीण कुमार पालीवाल, डॉ शरद मित्तल, वीरेंद्र सिंह, अनुराग पालीवाल, श्रीमती सुनीता पचौरी, राकेश पालीवाल, हिमांशु पालीवाल, गंधर्व, रक्षपाल तथा केशव पुरम इंटर कॉलेज से अनिल कुमार चौहान (प्रधानाचार्य), आदित्य नारायण, सत्य प्रकाश, माता प्रसाद, विजय प्रकाश शिशु मंदिर से शेषपाल सिंह (प्रधानाचार्य), कृष्णपाल सिंह, थान सिंह के साथ अन्य छात्राएं उपस्थित रहे।

## कागजों पर चल रहा है संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**सुल्तानपुर।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत ब्लॉक के अधिकतर गांवों में गंदगी फैली है। जगह जगह नालियां जाम है। एंटी लार्वा का छिडकाव न होने से मच्छरों का भी प्रकोप बढ़ गया है। लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इससे साफ जाहिर है कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान केवल कागजों तक ही सीमित है। संचारी रोगों के नियंत्रण के लिए प्रशासन तमाम तरह के अभियान चलाकर लोगों को जागरूक कर रही है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और है। ब्लॉक कूरेभार के ग्राम तेरी मछली सरायहाजी में गंदगी से नालियां भरी हुई हैं। गांव के अंदर जाने वाले मुख्य मार्ग पर नाली का गंदा पानी जमा है। गांव के अंदर जाएं तो एक जगह पर पूरे गांव का पानी जमा है, स्थानीय लोगों का कहना है कि जलनिकासी की व्यवस्था नहीं है। सारा पानी उक्त गड्ढे में जमा होता है।

# जनपद में सम्पूर्णता अभियान का समारोहपूर्वक हुआ शुभारम्भ

**अवधनामा संवाददाता**



**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के आकांक्षी विकास खण्ड हुजूरपुर में 30 सितम्बर 2024 तक संचालित होने वाले सम्पूर्णता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर सांवरिया रिसार्ट में आयोजित में समारोह का विधायक नानपारा राम निवास वर्मा ने विधायक कैसरगंज आनन्द कुमार यादव, विधायक बलहा के प्रतिनिधि आलोाक जिन्दल, जिलाधिकारी मोनिका रानी व सीडीओ के साथ मां सरस्वती के चित्र पर मार्ल्यापण कर दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर नगर क्षेत्र के प्रा.वि. अकबरपुरा व यूपीएस पुलिस लाइन की बच्चियों द्वारा सरस्वती वन्दना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम के शुभारम्भ के उपरान्त अतिथियों ने अधिकारियों के साथ कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, रेशम, ग्राम्य विकास, पशुपालन, उद्यान, पंचायती राज, समाज कल्याण, आईसीडीएस व अन्य विभागों द्वारा लगाये गये प्रदर्शनी स्टालों का अवलोकन किया तथा आरोग्य जन जागरूकता अभियान 3.0 के वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया तथा समारोह स्थल पर नीति आयोग के इंडीकेटर्स पर आधारित बनाई गई रंग बिरंगी रंगोली का अवलोकन करते हुए बनाई गई रंगोली की सराहना की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने मौजूद लोगों को सम्पूर्णता अभियान की शपथ दिलाई।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथि श्री वर्मा द्वारा अन्य अतिथियों व अधिकारियों के साथ 05 बच्चों को अन्नप्रासन कराया तथा 05 गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व ड्रग किट, 05-05 कृषकों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड व राई बीज के मिनी किट, परिषदीय विद्यालयों के कक्षा 01 व 02 के छात्र-छात्राओं को पुस्तक तथा स्वयं सहायता समूह की 05 महिलाओं को रिवॉल्विंग फंड का वितरण किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक नानपारा श्री वर्मा ने भव्यता के साथ कार्यक्रम आयोजन के लिए डीएम सहित सभी सम्बन्धित अधिकारियों के प्रयासों की सराहना की। श्री वर्मा ने अधिकारियों का आहवान किया कि नीति आयोग के दिशा निर्देशों पर संचालित होने वाले सम्पूर्णता अभियान को भारत सरकार की मंशानुरूप धरातल पर क्रियान्वित करें ताकि आकांक्षी ब्लाक हुजूरपुर का चौमुखी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि अधिकारियों व कर्मचारियों का पदेन व नैतिक कर्तव्य है कि सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ ज़रूरतमन्द तक पहुंचे। समारोह को सम्बोधित करते हुए डीएम मोनिका रानी ने सभी अतिथियों का आभार ज्ञापित करते हुए बताया कि नीति आयोग के निर्देश पर आकांक्षी विकास खण्डों में निर्धारित कुल 40 सूचकांकों में से 06 सूचकांकों में सम्पूर्णता प्राप्त करने के लिए 30 सितम्बर 2024 तक अभियान संचालित किया जाना है। अभियान अन्तर्गत पहली तिमाही के भीतर प्रसवपूर्व देखभाल (एएनसी) के लिए गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण, ब्लॉक में लक्षित आबादी की शत-प्रतिशत उच्च रक्तचाप व मधुमेह की जांच, आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण, मृदा नमूना संग्रहण लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किया जाएगा।

### सम्पूर्णता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर निकाली गई प्रभात फेरी



**बहराइच।** आकांक्षात्मक जनपद बहराइच के आकांक्षी विकास खण्ड में संचालित होने वाले सम्पूर्णता अभियान के शुभारम्भ अवसर पर आयोजित प्रभात फेरी को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी महेंद्र कुमार पाण्डेय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजेश कुमार, जिला अर्थ एंव संख्याधिकारी डॉ. अर्चना सिंह, डीपीएम एनएचएम सरयू खान, डीईएसटीओ बृजेश कुमार सिंह सहित व अन्य संबंधित मौजूद रहे। प्रभात फेरी में नगर क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं शामिल रहे। प्रभाम फेरी कलेक्ट्रेट से रवाना होकर महाराजा सुहेल देव स्वशासी चिकित्सा विश्वविद्यालय के नर्सिंग हाल तक जाकर सम्पन्न हुई।

# हाथरस कांड: पत्रकारों ने किया कैंडिल मार्च



**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** हाल ही में हाथरस में हुई भगदड़ के दौरान 121 निर्दोष महिलाओं और बच्चों की मौत के मामले में बुन्देलखंड मीडिया पत्रकार क्लब ने बीती रात हाथों में मोमबत्तियां लेकर कैंडल मार्च निकाला। स्थानीय घंटाघर पर बीती देर शाम जुटे पत्रकारों ने कहा कि ऐसे हादसे रोकने के लिये कड़ा कानून बनाया जाना चाहिए, जिसमें आयोजकों और भीड़ को अनियंत्रित होने देने वालों पर सख्त कार्यवाही की जानी चाहिये। पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों के प्रति संवेदना प्रकट कीं। पत्रकारों ने बताया कि ललितपुर में बिरारी के पास और टीकमगढ़ जिले में ललितपुर की सीमा के पास भी ऐसे ही जमावड़े लगते हैं। यहाँ भी हादसे की संभावनाओं को रोकने के लिये समुचित कदम उठाये जाने चाहिये। पत्रकारों ने घण्टाघर से सावरकर चौक तक हाथों में कैण्डल लेकर मौन मार्च निकाला। सावरकर चौक पर मोमबत्तियां लगाने के बाद दोबारा कैण्डल जलाकर घण्टाघर तक पत्रकार वापिस आये और वहाँ मोमबत्तियाँ लगाकर मृतकों के परिजनों को 25-25 लाख रुपये मुआवजा के रूप में दिये जाने की माँग सरकार से की। इस दौरान इस दौरान क्लब के संरक्षक रवीन्द्र दिवाकर, जाकिर राज चौहान, सच्चानंद गोलवानी, फहीम बख्श, राजाराम यादव, अध्यक्ष अभिषेक बाजपेई, महामंत्री सोनू ताम्रकार, संगठन मंत्री अनुज सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष पार्षद मनमोहन चौबे, हरीबाबू शर्मा, कोषाध्यक्ष इशराक खान नीटू, विधि सहालकार मु.आसिफ एडवोकेट, उपाध्यक्ष सजल दिवाकर, अनिल सिंह, इशराक खान नीटू, रमेश कुशवाहा, पवन प्रजापति, अभिषेक तिवारी आदि मौजूद रहे।

# महिला अधिकारों पर विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर के निर्देशानुसार एडीजे/सचिव यशवंत कुमार सरोज की अध्यक्षता में प्राथमिक आदर्श विद्यालय में महिलाओं को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में एडीजे/सचिव यशवंत कुमार सरोज, चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल वैभव जैन, डिप्टी लीगल एड डिफेस काउंसिल विक्रम सिंह ठाकुर, प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल, सीडीपीओ खुशबू ने पहली जुलाई से लागू भारतीय न्याय संहिता के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए महिलाओं को संपत्ति में बराबर का अधिकार, दहेज प्रथा, बाल-विवाह, अनिवार्य शिक्षा योजना, भ्रूण हत्या, घरेलू हिंसा आदि के बारे में बताया। शिविर में अनुसूचित जनजाति के नागरिकों को प्रदत्त सुविधाओं एवं अधिकारों के बारे में अवगत कराया गया तथा चाइल्ड हेल्पलाइन एवं वन स्टाप सेन्टर के बारे में भी अवगत कराया गया। संचालन वन स्टाप सेंटर की पूनम शर्मा ने व आभार सेन्टर मैनेजर सरिता रिछारिया ने किया। शिविर में महिलाओं को यह भी बताया गया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली से प्राप्त दिशा-निदेशों के अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 13 जुलाई 2024 को सुबह 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर एवं जनपद की सभी तहसीलों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जनपद न्यायाधीश ने आम नागरिकों से अपील की है कि वह इस राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहनों से संबंधित ई-चालान, आपराधिक शमनीय वाद, बैंक वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, पारिवारिक/वैवाहिक मामलें , मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, विद्युत अधिनियम, स्टाम्प अधिनियम, पुलिस अधिनियम के अन्तर्गत चालान वाद, दुकान एवं वाणिज्य अधिनियम के अधीन बांट माप वाद, आयकर, वाणिज्य कर, चेक बाउन्स के मामलें आदि के अन्तर्गत लंबित वादों एवं अन्य वादों के निस्तारण राष्ट्रीय लोक अदालत में किये जायेंगे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचनाः ओ0टी0–09–2024**

उप मुख्य विद्युत इंजीनियरा/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिये "खुली" निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं०:** ओटी 09–2024 **कार्य का विवरण** : पूर्वोत्तर रेलवे के खलीलाबाद बहराइच नई लाईन परियोजना के अन्तर्गत खलीलाबाद–बघौली खण्ड के 2x25 केवी, 50 हर्ट्ज, सिंगल फेज, एसी ओएचई विद्युतीकरण हेतु डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण एवं कमीशनिंग का कार्य। **अनुमानित लागत** : रु0 9,58,72,532.73 **बयाना राशि** : रु. 6,29,400.00 **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : रु निल **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 12 माह। निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समयः 25.07.2024 को 15.00 बजे। नोट : • इस निविदा के विरुद्ध कोई मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

उप मुख्य विद्युत इंजीनियर–II/निर्माण
मुजाधि/विद्युत–75 गोरखपुर

**ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें**



**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-7, इन्दिरा नगर जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

प0सं0 : 77/एलेएस/ईई-7 दिनांक : 04/07/2024

**(अल्पकालीन निविदा सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य कराने हेतु निविदायें दिनांक- 11-07-24 के सायंकाल 4:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक-11-07-25 को 1:00 बजे तक निविदा मूल्य का नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके निविदा प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सांयकाल 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष सांय 4:00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | जोन-7 इन्दिरा नगर के अन्तर्गत बी ब्लाक स्थित तिकोना पार्क में मिनी नलकूप पर कम्प्रेशर चलाने का कार्य। | 200.00 | 2700.00 |

नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में दी गई हैं, जिन्हे देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अभियंता जोन-7 इन्दिरा नगर लखनऊ के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-7**
**जलकल विभाग**



**कार्यालयः अधिशासी अभियन्ता जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक : 502/EE-1/नि. दिनांक : 04/07/2024

**(अल्पकालीन निविदा-सूचना)**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यों हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दि0 11/7/2024 अपराह्न 2:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो दिनांक 11/7/2024 को अपराह्न 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। सम्बन्धित कार्य के निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता, जोन-1, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (नॉन रिफंडेबल) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लेखित है, जोकि भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी दशा में समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास होगा।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | निविदा शुल्क | धरोहर राशि | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-1 में मेडवेल हास्पिटल के सामने मा0 पार्षद के अवास के निकट एक मिनी नलकूप की बोरिंग (200एमएम डाया) का कार्य। | रु0 450/- | रु0 8400/- | 7 दिवस |
| 2 | जोन-1 में मेडवेल हास्पिटल के सामने मा0 पार्षद के अवास के निकट एक मिनी नलकूप की बोरिंग (200एमएम डाया) के उपरान्त बाईपास सिस्टम की आपूर्ति तथा अधिष्ठापन तथा अन्य विद्युत/सिविल सम्बन्धी कार्य। | रु0 350/- | रु0 6800/- | 7 दिवस |
| 3 | जोन-1 में मेडवेल हास्पिटल के सामने मा0 पार्षद के अवास के निकट एक मिनी नलकूप की बोरिंग (200एमएम डाया) के उपरान्त पुनर्विकास कार्य, पी-ग्रेविल एवं अन्य मैकेनिकल कार्य | रु0 450/- | रु0 8400/- | 7 दिवस |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-1**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# घर में घुसकर वृद्ध की हुई हत्या

## सिर व पैर में है चोट के निशान, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के वार्ड नंबर तीन में घर के अंदर घुसकर वृद्ध की हत्या किए जाने से सनसनी फैल गई। पत्नी के तड़के जगने के बाद हत्या का जानकारी हुई। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक, सीओ सदर ने परिजनों से जानकारी लेने के बाद एसओ से घटना का खुलासा करने के निर्देश दिए। फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वायड ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



थानाक्षेत्र के कैथी गांव निवासी धनीराम (55) पुत्र जागू वर्मा करीब तीन दशक पूर्व गांव से आकर कस्बे के वार्ड नंबर तीन में घर बनाकर रहने लगा था। बुधवार की रात में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर इसकी हत्या कर दी। पत्नी उमा ने बताया कि रात में खाना खाकर वह कमरे में सो गए थे। सामने वाले कमरे में पुत्र धर्मेंद्र कुमार लेटा था। रात में गर्मी अधिक होने के कारण वह छत पर जाकर सो गई। सुबह करीब 4:00 बजे जब वह नीचे कमरे में आई तो पति का शव लहूलुहान हालात में पड़ा मिला व पुत्र धर्मेंद्र गायब मिला। इस पर उसने बगल में रह रहे अपने बड़े पुत्र सुनील कुमार को जानकारी दी। इस पर सुनील कुमार ने मौके पर आकर पिता के शव को देखा और पुलिस को सूचना दी। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लेने के बाद उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। इस पर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा व सीओ सदर राजेश कमल मौके पर पहुंचे और परिजनों से जानकारी एकत्र की। इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम व डॉग स्क्वाड को मौके पर बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए। बड़े पुत्र सुनील कुमार ने बताया कि उनकी किसी से कोई रंजिश नहीं है। घटना के बाद उसका छोटा भाई धर्मेंद्र कुमार घर से गायब है। जिस पर उसने किसी अनहोनी की आशंका जताई है। वहीं घटना के बाद धर्मेंद्र कुमार के घर से गायब होने पर पुलिस की शक की सुई उसकी तरफ घूम रही है। मृतक अपने पीछे पत्नी उमा देवी, पुत्र सुनील कुमार, राजकुमार,धर्मेंद्र कुमार, अमित कुमार व पुत्री रजनी व अंजनी को रोता बिलखता छोड़ गया है। सुनील ने बताया कि भाई राजकुमार व अमित कुमार परदेश में रहकर मेहनत मजदूरी करते है।बहनों की शादी हो चुकी है। जबकि धर्मेंद्र बांदा में रहकर ट्यूशन पढा कर खुद नौकरी के लिए तैयारी करता है।गर्मियों की छूट्टीयों के कारण वह इस समय माता पिता के साथ ही रह रहा है।

### उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकारी की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**सरीला-हमीरपुर।** कस्बा सरीला की पुलिस चौकी में मोहर्रम व सावन माह में कावड़ यात्रा को लेकर उप जिलाधिकारी व क्षेत्राधिकार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई। उप जिलाधिकारी राजकुमार गुप्ता ने कहा कि मोहर्रम पर्व आपसी भाईचारे के साथ मनाया जाए। कावड़ यात्रा को लेकर क्षेत्राधिकार आशीष यादव ने आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की , और उन्होंने क्षेत्र में किसी भी प्रकार की शांति व्यवस्था भंग न हो इसको लेकर पुलिस जगह-जगह भ्रमण कर रही है। जलालपुर थाना पहुंचकर उन्होंने ने दिशा निर्देश दिया की शांति व्यवस्था बनाए रखें तथा भाईचारा तथा सौहार्द के साथ त्योहार को मनाए।थाना प्रभारी निरीक्षक भरत कुमार ने हाथरस घटना को लेकर कहा कि त्योहारों में भीड़ को देखते हुए नजर बनाए रखें यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे या फिर अराजकता फैलता हुआ दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचना दे गाइडलाइन एवं निर्देशों के संबंधित अवगत कराते हुए त्योहारो पर शांति बनाए रखें अपील की।

# पिछड़े क्षेत्रों को विकसित करने को लेकर पहल हुई शुरू: सीडीओ

**अवधनामा ब्यूरो**



**सोनभद्र।** सम्पूर्णता अभियान का दीप प्रज्ज्वलन कर मुख्य विकास अधिकारी ने किया शुभारंभ सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत जनपद के चतरा ब्लाक को 6 इन्डीकेटर्स पर किया जायेगा संतृप्त-मुख्य विकास अधिकारी एनआरएलएम समूह की महिलाओं को रोजगार करने हेतु 21 लाख 60 हजार का किया गया चेक प्रदान सॉयल हैल्थ कार्ड, आयुष्मान कार्ड का लाभार्थियों में किया गया वितरण वही सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार एवं विशिष्ट अथिति काव्या राजेंद्रन ने दीप प्रज्ज्वलन कर व मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया, इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 अश्वनी कुमार, जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चैहान, जिला पंचायत राज अधिकारी नमिता शरण, परियोजना निदेशक आर0एस0 मौर्या, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी निशिकान्त मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने मौके पर उपस्थित अधिकारीगण एवं लाभार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश के मा0 प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश को वर्ष-2047 तक विकसित भारत बनाना है। इसी कड़ी में नीति आयोग द्वारा चयनित देश के कुल 112 आकांक्षी जनपदों के 500 आकांक्षी ब्लाकों में विकास के लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण व सामाजिक विकास के आयामों से जुड़ें 6 महत्वपूर्ण इन्डीकेटर को आकांक्षी जनपद सोनभद्र व विकास खण्ड चतरा में त्रिवता के साथ संतृप्त करने हेतु 4 जुलाई से 30 सितम्बर,2024 तक विशेष अभियान के द्वारा स्वास्थ्य, सामर्थ्य व समृद्ध भारत का निर्माण करना है, आकांक्षी जनपद सोनभद्र में आज सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ किया जा रहा है, सम्पूर्णता अभियान के अन्तर्गत देश के अधिक संख्या में ब्लाकों को सम्पूर्णता अभियान के तहत 6 इन्डीकेटर्स पर संतृप्त किये जाने का लक्ष्य रखा गया है।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए बीएसए ने अध्यापक को किया सम्मानित

**अवधनामा संवाददाता**

**हमीरपुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक अकबर अली को आज जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हमीरपुर में उनके उत्कृष्ट शिक्षण कार्यो एवं बेसिक शिक्षा विभाग का विभिन्न विभागों से सामंजस तथा दिए गए उत्तरदायित्वों के निर्वहन हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बताते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि बेसिक शिक्षा में बच्चों की शिक्षा नवाचार के साथ विगत लोकसभा निर्वाचन 2024 में भी अकबर अली द्वारा जिला प्रशासन के साथ कोऑर्डिनेशन कर स्वीप कोऑर्डिनेटर के रूप में कार्य किया गया तथा जनपद के समस्त विद्यालयों कार्यालयो में कर्मचारियों बच्चों अभिभावकों तथा आम जनमानस को मतदान हेतु जागरूक करने में विशेष योगदान प्रदान किया। इसके साथ ही जनपद में विभिन्न विभागों के बेसिक शिक्षा



के माध्यम से चलाए जा रहे कार्यक्रम जैसे संचारी रोग आपदा प्रबंधन सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि में इनका योगदान सराहनीय है। जिसके साथ ही जनपद में जिला स्काउट मास्टर के रूप में कार्य करते हुए इनके द्वारा जनपद की बेसिक शिक्षा के स्काउट गाइड को प्रदेश के साथ ही राष्ट्र स्तर पर भी स्थापित किया गया तथा बच्चों को स्काउट गाइड विद्या में भी दक्ष किया गया इसके लिए विभाग इनकी भूरि भूरि प्रशंसा करता है और इनको प्रमाण पत्र दे कर अलंकृत किया जाता है। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी सुमेरपुर एवं विद्यालय के शिक्षक छात्र छात्राओं के साथ विभिन्न शिक्षक संघ ने खुशी व्यक्त की।

### रिटर्निंग वाल के निर्माण में बरती जा रही अनियमितताएं

**मौदहा हमीरपुर।** बीते वर्ष ग्रामीणों नें सड़क के लिए संघर्ष किया था अनशन पर बैठे थे तभी उन को सड़क बनवानें का आश्वासन भी दिया गया था खैर सड़क बनानें का काम तो शुरू होगया लेकिन निर्माण कार्य में मानक की अनदेखी की जा रही है ऐसा इल्ज़ाम गावों के लोगों नें अपनें शिकायती पत्र में कहा है। मौदहा तहसील अन्तर्गत किशनपुर रमना गांव के लिए सड़क बनाई जा रही है जिसमें सड़क किनारे रिटर्निंग वाल का निर्माण कार्य क्षेत्र पंचायत मौदहा द्वारा कराया जा रहा है जिस में मानक के विपरीत कार्य कराया जा रहा है।गांव वासियों नें शिकायती पत्र में लिखे कि रिटर्निंग वाल के निर्माण कार्य में मोरंग की जगह डस्ट का उपयोग किया जा रहा है जो बिल्कुल भी टिकाऊ नही है ग्रामीणों ने बताया कि बीते साल सभी लोगों ने सड़क निर्माण को लेकर अनशन किया था जिसके फलस्वरूप सड़क निर्माण कार्य शुरू किया गया है। क्षेत्र पंचायत मौदहा द्वारा कराये जा रहे कार्य में भारी अनियमितता बरती जा रही है। मोरंग की जगह प्रतिबंधित डस्ट डाला जा रहा है। ग्रामीणों उपजिलाधिकरी मौदहा को शिकायती पत्र देकर मजिस्ट्रेट स्तर पर की जांच करानें का मुतालबा कर कार्यवाही की मांग की है।

# तपोभूमि की निजी भूमि में नहीं बनेगा पाथवे ठेकेदार ने हटाई निर्माण सामग्री

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** मुख्यालय की तर्ज पर गायत्री तपोभूमि में पाथवे के निर्माण के लिए टेंडर कराकर निर्माण शुरू करने पर निजी भूमि मालिकों के विरोध किया था। इसके बाद ठेकेदार ने मौके पर लाकर डाली गई निर्माण सामग्री को हटवाना शुरू कर दिया है। इससे यह साफ हो गया कि अब इसका निर्माण नहीं होगा। नगर पंचायत ने मुख्यालय की तर्ज पर गायत्री तपोभूमि में पाथवे के निर्माण के लिए विगत दिनों 39.73 लाख का टेंडर कराकर निर्माण करने की अनुमति थी। इस निर्माण कार्य में सेल्फी प्वाइंट,फाउंटेन, रेलिंग आदि शामिल था। इसके लिए पिछ्ले माह ठेकेदार ने निर्माण सामग्री उतरवाकर नींव आदि खुदवा कर निर्माण कार्य शुरू करने की कोशिश की थी। जिस जगह निर्माण शुरू कराया गया था। उस जगह को कस्बा निवासी राधेश्याम तिवारी आदि ने पुश्तैनी भूमि बताकर ठप कर दिया था।



बताते हैं कि नगर पंचायत की ओर से निजी भूमि धारकों से सुलह समझौते का प्रयास किया गया। लेकिन बात नहीं बन सकी। निजी भूमि धारक इस बात पर अडिग रहे कि वह तपोभूमि में होने वाले किसी धार्मिक कार्यक्रम में अवरोध नहीं पैदा करेंगे। लेकिन किसी तरह का निर्माण यहां नहीं होने देंगे। जब मामला सुलट नहीं सका। तब ठेकेदार ने मौके से निर्माण सामग्री हटाना शुरू कर दी है। ठेकेदार जावेद खान ने बताया कि नगर पंचायत की ओर से तपोभूमि में पाथवे निर्माण का टेंडर कराया गया था। वह तपोभूमि में किस तरफ बनेगा इसका कोई उल्लेख नहीं है। अब जब नगर पंचायत स्थान चिन्हित करेगा तब निर्माण कराया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### व्यापारियों ने नजूल के जमीन के निस्तारण को विधायक को सौपा पत्र



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** गुरुवार को प्रान्तीय नेतृत्व के आवाहन पर उ प्र उधोग व्यापार मण्डल सोनभद्र ने विधायक भूपेश चौबे को सौपा और माग की कि उ प्र सरकार के द्वारा नजूल भूमी अधिग्रहण का आदेश जो 7 मार्च 2024 की ओर आर्कषित करना चाहता है जिला अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि उक्त आदेश के बाद व्यापारी /नागरिक बडी संख्या में व्यापार आवास करता है जिसका क्रय विक्रय भी शासन के निर्देशानुसार होता है और 100 से 150 बर्षो से आबाद है सारे नियम कानून को मानता है और फालो भी कर रहा है बरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष संदीप सिहं चन्देल ने कहा की यह आदेश जनहित में नहीं है इसे वापस लेना चाहिए जिला महामंत्री राजेश बंसल ने कहा कि नियम कानून जनता के लिए होना चाहिए न कि जनता कानून के लिए युवा जिला अध्यक्ष रमेश जायसवाल ने कहा कि जनहित में सरकार नजूल भूमी को पूर्व की भाति फ्री होल्ड किये जाने की योजना लागू हो व्यापार मण्डल ने सरकार से आग्रह करता है कि जनहित में उक्त आदेश को संज्ञान में लेते हुये वापस लेना चाहिए और फ्री होल्ड योजना को लागू करना चाहिए।

### कांग्रेसियों ने किया विरोध प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** विगत दिनों लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा सदन में दिये गये बयान से तिलमिलाए सत्तापक्ष के कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे अराजकता पूर्ण कदाचरण व कांग्रेस नेताओं पर निजी हमले जैसे प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के घर के सामने प्रशासनिक संरक्षण में पुतला फूँकने जैसे आचरण के विरोध में माननीय राज्यपाल के नाम सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी सोनभद्र को दिया गया। ज्ञापन देने वालों में जिलाध्यक्ष रामराज सिंह गोंड के साथ उपाध्यक्ष जगदीश मिश्रा, पी सी सी सदस्य फरीद अहमद आशुतोष दूबे श्रीकांत मिश्रा, बाबूलाल पनिका, प्रमोद कुमार पांडेय सूरज वर्मा इत्यादि लोग उपस्थित रहे उक्त आशय की जानकारी देते हुए उपाध्यक्ष /प्रवक्ता गोपाल स्वरूप पाठक ने कहा कि सत्तापक्ष के लोगों का यह कृत्य राहुल के कथन को पुष्ट करता है। सत्तापक्ष देश के लोगों का ध्यान असल मुद्दों जैसे नीट पेपर लीक, किसानों बेरोजगारी जैसे मामलों से भटकाना है।

### दस हजार जुर्माना के साथ दो लोगों को दी गई नोटिस

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** राउटर्स का नगर पालिका प्रशासन द्वारा लगातार नगर में चलाए जा रहे प्लास्टिक के खिलाफ अभियान में गुरुवार को भी चलाया गया अभियान जिसमें 10हजार का जुर्माना काटते हुए दो लोगों को दी गई नोटिस



वही प्रतिबंधित पोलोथीन छापा मे 8 ग्रद्द किया गया बरामद। अधिशासी अधिकारी विजय कुमार यादव ने बताया कि प्रतिबंध प्लास्टिक के खिलाफ कर्मचारियों द्वारा निरंतर अभियान चलाया जा रहा है प्रतिदिन ठेला कुंती दुकानदार व्यवसाययों को नोटिस दी जा रही है चालान की प्रक्रिया की जा रही है उसी क्रम में गुरुवार को दो व्यवसाईयों को नोटिस दी गई वहीं 10हज़ार जुर्माना काटा गया इसके साथ ही 8 किलो प्लास्टिक जप्त की गई। अर्थशास्त्र अधिकारी ने बताया कि नगर में घूमने वाले ठेला खुमची वह फुटकर व्यवसाययों को कड़े दिशा निर्देश दिए गए हैं कि किसी प्रकार से प्रतिबंधित प्लास्टिक बेचे जाने पर पकड़े गए तो नोटिस कार्रवाई जुर्माना की कार्रवाई की जाएगी जांच टीम में सूजीत रावत, राजीव कुमार गुप्ता ,सुरज मिश्रा,प्रिंस सोनकर आदेश पाठक रहे।

### मत्स्य विभाग की निषादराज बोट सब्सिडी योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन शुरू

**हमीरपुर/अवधनामा संवाददाता।** मत्स्य विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा दिनांक 01 जुलाई 2024 से 21 जुलाई 2024 तक निषादराज बोट सब्सिडी योजना में लाभ प्राप्त करने हेतु आनलाइन पोर्टल के माध्यम से विभागीय वेबसाइट http://fisheries.up.gov.in पर आवेदन प्राप्त किये जा रहे है। योजना में परियोजनाओं का विवरण ईकाई लागत आवेदन करने की प्रकिया आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण एंव विज्ञापन विभागीय पोर्टल पर देखा जा सकता है। इसके अतिरिक्त कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य कमरा न0 304 एंव 306 विकास भवन कुछेछा, हमीरपुर में किसी भी कार्य दिवस में विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# वार्षिक अवॉर्ड वितरण समारोह में रेणुकूट रोटरी क्लब को मिले 12 अवॉर्ड



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/रेणुकूट।** वाराणसी के होटल सूर्या कॉन्टिनेंटल में रविवार को सत्र 2023-24 हेतु अयोजित वार्षिक अवॉर्ड वितरण समारोह 'पुरस्करण' में सामाजिक कार्यो हेतु विभिन्न श्रेणियों में रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3120 के द्वारा रोटरी क्लब रेणुकूट को सर्वश्रेष्ठ क्लब एवं सर्वश्रेष्ठ सचिव के लिए स्वर्ण अवॉर्ड व श्रेष्ठ अध्यक्ष के लिए रजत अवॉर्ड, क्लब सेवा, सामुदायिक सेवा, सार्वजनिक छवि, व्यावसायिक सेवा, पर्यावरण संरक्षण, डिस्ट्रिक्ट पार्टीशिपेशन, क्लब गतिविधियों के लिए स्वर्ण अवॉर्ड सहित विभिन्न श्रेणियां में कुल 12 अवॉर्ड प्रदान किये गए।

सचिव कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 के द्वारा प्रत्येक वर्ष क्लबों के सामाजिक कार्यों के लिए रोटरी गवर्नर के द्वारा वार्षिक पुरस्कार समारोह आयोजित किया जाता है, जिसमें रोटरी रेनुकूट के सामजिक कार्यो को भी 12 विभिन श्रेणियों में मुख्य अतिथि रोटरी सत्र 2023-24 के रोटरी के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुनील बंसल के द्वारा पुरस्कार दिया गया है। समारोह में रो. सचिव कमलेश कुमार सिंह, अध्यक्ष रो. आदित्य पांडे ने भी रेनुकूट का प्रतिनिधत्व किया। रोटरी रेनुकूट के पूर्व अध्यक्ष रो. एन एन रॉय, रो. प्रेमलता यादव, रो. डी पी सक्सेना, रो. निमीसा सिंह, रो. प्रमिला पोद्दार, रो. देवन्त लोढ़ा, रो. संजय रुंथला, डॉ. नीलम त्रिपाठी, डॉ. शीला सक्सेना, रो. सुनील मिश्रा, रो. एस के पांडे, हेमंत, रो अर्चना, रो मनीष सहित रोटरी रेनुकूट के पदाधिकारियो एवं सदस्यों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है।

### फर्जी विद्युत कर्मी होने का आरोप जांच में निकला फर्जी

**भरुआ सुमेरपुर।** टेढ़ा विद्युत सब स्टेशन पर तैनात संविदा कर्मी को फर्जी बताकर शिकायत करने वाले ग्रामीणों को विद्युत विभाग ने जांच के बाद करारा जवाब देते हुए कर्मी को विभागीय कर्मी बताकर जांच का पटाक्षेप किया है। पचखुरा बुजुर्ग निवासी आशाराम आदि ने टेढ़ा सब स्टेशन में तैनात संविदा कर्मी जयपाल को फर्जी बताकर मामले की शिकायत विद्युत विभाग के साथ पुलिस को की थी। शिकायत की जांच का निस्तारण करते हुए उपखंड अधिकारी विद्युत एसपी मिश्रा ने स्पष्ट किया है कि जयपाल टेढा विद्युत सब स्टेशन में बतौर संविदा कर्मी कार्यरत है। और गत 24 अप्रैल को टेढ़ा विधुत सब स्टेशन के टीजीटू संतोष कुमार ने पचखुरा बुजुर्ग में कनेक्शन धारक आशाराम आदि का विद्युत मीटर की रीडिंग का वीडियो बनाने के लिए भेजा था। विद्युत कर्मी ने गांव पहुंचकर मीटर का वीडियो बनाया और विभाग प्रेषित किया था। उन्होंने स्पष्ट किया है कि यह कदम टीजीटू ने जिला उपभोक्ता फोरम के आदेश पर विद्युत बिल वर्तमान मीटर रीडिंग के अनुसार संसोधित करने को कहा था।

# घटना के चार दिन गुजरे नामजद आरोपी फरार

**अवधनामा संवाददाता**

**भरुआ सुमेरपुर।** घटना के चार दिन गुजर जाने के बाद नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से आहत मोंटी के माता-पिता शुद्धता के बाद गोल चबूतरे में अनशन करने की चेतावनी दी है।

गत सोमवार को कस्बे में नेहा चौराहा के समीप रहने वाले रामबाबू उर्फ रजवा सोनी के इकलौते पुत्र अंकित उर्फ मोंटी सोनी ने प्रेम प्रसंग के प्रकरण में फर्जी मुकदमे में फंसाए जाने की आशंका से आहत होकर तमंचे से गोली मारकर आत्महत्या कर ली थी। आत्महत्या के पूर्व उसने मुख्यमंत्री योगी जी को संबोधित करीब सात मिनट का एक वीडियो बनाकर आत्महत्या को मजबूर करने का आरोप कस्बा निवासी अपनी प्रेमिका तान्या मिश्रा, उसके पिता टिंकू मिश्रा, पप्पू मिश्रा, साधना मिश्रा, आशुतोष मिश्रा एवं तान्या के भाई गौरव मिश्रा पर लगाया था। पुत्र की मौत के बाद पिता ने उपरोक्त सभी लोगों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंप थी। पुलिस ने इन सभी लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद सभी आरोपी फरार हैं। पुलिस गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। उधर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से मृतक युवक के पिता रामबाबू उर्फ रजवा सोनी व मां कलावती बेहद आहत है। गुरुवार को दोनों ने आरोप लगाया कि पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने की बजाय बचाने में जुटी हुई है। पुलिस भी आरोपियों से मिली हुई है। अभी तक आरोपियों को पकड़ने के ठोस प्रयास नहीं किए हैं। शुक्रवार को शुद्धता कार्यक्रम है। इसके बाद वह दोनों गिरफ्तारी के लिए मुख्यालय के गोल चबूतरे में बैठकर अनशन करेंगे। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि वादी के आरोप निराधार है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार टीमें प्रयास कर रही है।

# 'प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स' विषय दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**अवधनामा संवाददाता**

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड में कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन में प्रोक्योरमेंट ऑफ गुड्स विषय पर 2 दिवसीय मैराथन प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण कार्यक्रम एमडीआई, सीईटीआई सिंगरौली में चल रहा है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम एनसीएल के सतर्कता विभाग और सामग्री प्रबंधन विभाग की देखरेख में 4-5 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले दिन निदेशक (वित्त) रजनीश नारायण और मुख्य सतर्कता अधिकारी, एनसीएल रविन्द्र प्रसाद ने प्रशिक्षण सत्र को संबोधित किया और कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान एनसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों से विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में गुरुवार को कार्यकारी निदेशक (सामग्री और अनुबंध) कोल इंडिया, पी.डी. शर्मा और जेम सलाहकार आनंद एस. सिंह ने प्रभावी खरीद प्रबंधन पर जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एनसीएल के विभिन्न क्षेत्रों/इकाइयों से 80 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर ज्ञान अर्जन किया। गौरतलब है कि कोयला मंत्रालय के निर्देशन में एनसीएल का सतर्कता विभाग इस वर्ष विभिन्न विषयों पर क्षमता निर्माण के लिए मैराथन प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है।

# सुमेरपुर के आगनवाड़ी केंद्रों का बुरा हाल

**अवधनामा संवाददाता**

- केंद्रों से बच्चे रहते है गायब और लटक रहे है ताले
- पोषणहार में हो रही धांधली
- नीचे से ऊपर तक रहता है बाल विकास विभाग मे सिस्टम का खेल

**हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बा सहित ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्र मजाक बनकर रह गये है। ज्यादातर केन्द्रो में ताले ही पड़े रहते हैं। कार्यकत्री गायब रहती है। रजिस्टर व मोबइल एप में बच्चों के नाम फर्जी दर्ज करके केवल कागजी खाना पूर्ति होती है। केन्द्रों में बच्चो की उपस्थिति शून्य रहती है। पोषाहार के नाम पर भी धांधली जमकर हो रही है। पोषाहार का थोड़ा बहुत वितरण कर अधिकांश पोषाहार भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है। इतना सब होने के बावजूद अधिकारी कभी भी औचक निरीक्षण नहीं करते जिससे सच्चाई का पता लग सके यदि कभी निरीक्षण होता भी है तो पूर्व में ही उस केंद्र को अवगत करा दिया जाता है जिससे यह सावधान हो सके। सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना कागजों में भले ही वाहवाही लूट रही हो लेकिन धरातल में यह योजना एक धोखा ही साबित हो रही है। बालविकास परियोजना के तहत कस्बा सहित विभिन्न गांवो में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों को सरकार ने जिस उद्देश्य के तहत इस योजना की शुरुआत की थी उसका असर धरातल पर कुछ नहीं दिखायी पड़ रहा है इस योजना को भी खाऊ कमाऊ नीति के तहत ढाल दिया गया है केन्द्र खुले और बच्चों को शिक्षा मिले यह सब बकवास साबित हो रहा है। सरकार बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के के लिये पोषाहार भेजती है लेकिन वह भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जाता है थोड़ा बहुत पोषाहार का वितरण कर उसे हजम कर लिया जाता है। कस्बा सुमेरपुर में 30 से ज्यादा आंगनवाड़ी केन्द्र संचालित है प्रत्येक वार्ड में दो आंगनवाड़ी केन्द्र चल रहे है। लोगो ने बताया कि कस्बे में चल रहे ज्यादातर आंगनवाड़ी केन्द्रो में ताले की लटके रहते है अधिकांश केन्द्र घरों में ही संचालित है जब मन हुआ तो खोल लिया नहीं तो बंद ही मिलेगें केन्द्र खुलते है या नहीं कोई देखने वाला नहीं है। केन्द्र खुले भी मिले तो वहां बच्चे नही मिलते हा इतना जरूर है केन्द्र के रजिस्टर में अपने चहेते लोगो के बच्चों के नाम दर्ज दर्ज कर लिए जाते हैं ताकि कागजी खानापूर्ति बनी रहे और अधिकारी जब कभी जाँच करने आये तो बच्चों को घरो से बुलाकर उनकी उपस्थिति दिखाई जा सके। पोषाहार वितरण में भी ऐसा ही कुछ देखने को मिलता है माह में जब पोषाहार आता है तो केन्द्र के ताले खुल जाते है कार्यकत्री व सहायिका दोनो मौजूद रहती है फिर कुछ घरों में पोषाहार वितरण की सूचना दी जाती है। बच्चों के अभिभावक आते है और पोषाहार लें जाते है लेकिन तमाम लोग इससे भी वंचित रह जाते है कार्यकत्री यह कहकर पल्ला झाड़ लेती है कि पोषाहार खत्म हो गया अगले माह मिलेगा। वहीं कागजों में पोषाहार का पूरा वितरण दिखा दिया जाता है। इस तरह से पोषाहार वितरण में भी जमकर धाँधली की जा रही है यदि कोई शिकायत भी करता है तो मुख्य सेविका जांच कर क्लीन चिट दे देती है। लोगों का आरोप है मुख्य सेविकाएं कार्यालय में ही बैठकर निरीक्षण पूरा कर लेती है क्योकी कार्यकत्री से वह प्रतिमाह सुविधा शुल्क लेती है। शासन की इस महत्वकांक्षी योजना को विभाग में बैठे जिम्मेदार लोग केवल पलीता ही लगा रहे है। कस्बा के अलावा ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों का भी यही हाल है पोषाहार वितरण में बड़े पैमाने पर धांधली हो रही है विभाग के अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते है। लोगों ने शासन व प्रशासन से मांग की है कि आंगनवाड़ी केन्द्रों की सघन जांच करायी जाये ताकि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का सही लाभ लोगों को मिल सके।

# मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की समीक्षा की

- विगत 07 वर्षों में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ
- प्रत्येक परियोजना के लिए समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य
- प्रदेश में विभिन्न श्रेणी के मार्गों के चौड़ीकरण के मानकों को और बेहतर किया जाना चाहिए



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विगत 07 वर्षों में प्रदेश की रोड कनेक्टिविटी में अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। वर्ष 2017 के सापेक्ष वर्ष 2024 में स्टेट हाइवे की कुल लम्बाई 7,002 कि0मी0 से बढ़कर 10,214 कि0मी0 हो गई है। जबकि ग्रामीण मार्गों की लम्बाई 1,87,517 कि0मी0 से बढ़कर 1,93,581 कि0मी0 हो गई है। इसी प्रकार, प्रमुख जिला मार्गों और अन्य जिला मार्गों के संजाल में भी विस्तार हुआ है। आज प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 09 कि0मी0 मार्गों का चौड़ीकरण/सुदृढ़ीकरण हो रहा है। गांवों में प्रतिदिन लगभग 11 कि0मी0 नई सड़क बन रही है। विकास के लिए बेहतर कनेक्टिविटी की आवश्यकता के दृष्टिगत प्रदेश में सड़क निर्माण की यह गति अभूतपूर्व है। इसे और बेहतर करने के लिए प्रयास किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री आज यहां अपने सरकारी आवास पर एक उच्चस्तरीय बैठक में लोक निर्माण विभाग की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि 50 वर्ष आयु पूर्ण करने वाले प्रदेश के सभी सेतुओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण कराया जाए। उनके सुपर स्ट्रक्चर/पियर की स्थिति, सेतुओं के वॉटर-वे में ब्लॉकेज, पियर के साइड में स्कावर होल, सेतु के एबटमेन्ट ढाल एवं बोल्डर का परीक्षण कराया जाना चाहिए। निरीक्षण के समय कोई सेतु असुरक्षित नज़र आए तो तत्काल उसे यातायात के लिए बन्द किया जाए और स्थानीय जिला प्रशासन को इसकी सूचना दी जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जनपदों में इनसे जुड़े मार्गों को 15 जुलाई, 2024 तक शत-प्रतिशत गड्ढामुक्त किया जाए। ऐसे मार्ग, जहां जलभराव होता है, उन स्थानों पर जल निकासी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ब्लॉक मुख्यालयों को 02 लेन सड़क की कनेक्टिविटी देने का संकल्प समय से पूरा होना चाहिए। यह संतोषप्रद है कि ब्लॉक मुख्यालयों को 02 लेन मार्ग से जोड़ने वाले कुल लक्षित 162 में से 143 मार्गों का निर्माण पूरा हो गया है। यथाशीघ्र अवशेष कार्यों को भी पूरा कर लिया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की अन्तरराज्यीय तथा अन्तरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों पर भव्य द्वार बनाने का कार्य तेजी के साथ पूरा कराया जाए। द्वार सीमा पर ही बनाए जाएं। जहां भूमि की अनुपलब्धता हो, तत्काल स्थानीय प्रशासन से सम्पर्क किया जाए। सुनिश्चित किया जाए कि द्वार आकर्षक हों तथा वहां प्रकाश व्यवस्था भी अच्छी हो।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सराहनीय है कि देश में सर्वप्रथम प्रदेश के लोक निर्माण विभाग द्वारा एफ0डी0आर0 निर्माण तकनीक का प्रयोग किया गया।

## सभी नगरीय निकायों में 15 दिन चलेगा नाले-नालियों का सफाई अभियानः ए.के. शर्मा



**लखनऊ/अवधनामा ब्यूरो।** उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए0के0 शर्मा ने सभी नगरीय निकायों में जल निकासी के उचित प्रबन्धन हेतु नाले-नलियों की बेहतर साफ-सफाई के लिए आज गुरूवार से 15 दिन का वृहद सफाई अभियान चलाने का निर्देश दिया है। इसके पहले सभी निकायों में 72 घण्टे का अनवरत नाला-नाली सफाई अभियान चलाया गया था, जिसका अपेक्षित परिणाम न आने से सफाई अभियान को 15 दिन और बढ़ाने का निर्देश मंत्री जी द्वारा दिया गया है। उन्होंने कहा कि शहरों की जल निकासी के लिए नाले-नालियों में किये गये अतिक्रमण व अवरोध को शीघ्र हटाया जाए। बरसात में पानी निकासी में आंड़े आने वाले किसी भी प्रकार के अवरोध को स्वीकार नहीं किया जायेगा। नगर विकास मंत्री ए0के0 शर्मा गुरूवार को नगरीय क्षेत्रों में जलभराव, प्लास्टिक उन्मूलन, संचारी रोग, साफ-सफाई, वन महोत्सव, आवारा पशुओं आदि समस्याओं तथा विभागीय योजनाओं की प्रगति की जल निगम फील्ड हॉस्टल 'संगम' में वर्चुअल समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने सभी नगर पालिका परिषदों एवं नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारियों को अपने शहरों के मुख्य मार्गों का नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए तथा यह भी कहा कि सभी नगर आयुक्त शहरों की जोनवार एवं वार्डवार सफाई सुनिश्चित करायें।

# हमारे कौम के लिए एक राजनीतिक मंच जरूरी हैः मौलाना सैफ अब्बास



- अन्याय और जुल्म के खिलाफ सदन में आवाज उठाता रहूंगा
- हमारी कौम को राजनीति में बढ़ चढ़ कर भाग लेना चाहिएः सुल्तान आगा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** बाद नमाज़े मगरेबैन शाही जामा मस्जिद, तहसीनगंज मे नवनिर्वाचित सांसद अल्हाज मुहम्मद हनीफा साहब के लखनऊ आगमन पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। सबसे पहले, मौलाना इब्ने अब्बास नजफ़ी ने नमाज़ जमाअत से पढाई उसके बाद मौलाना सैयद सईम महदी की अध्यक्षता में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। सबसे पहले बंलौर कर्नाटक से आये विशिष्ट अतिथि सुल्तान आगा ने अपने भाषण मे कहा कि हमारे देश को राजनीति में सक्रिय रूप से भाग लेना चाहिए आज राजनीतिक दल दोसरों लोगों की राजनीति को महत्व देते हैं और हमारे लोगो को नजरअंदाज कर दिया जाता है। इसके बाद मौलाना सैयद सैफ अब्बास ने अपने भाषण मे कहा कि हमारे देश के लिए एक राजनीतिक मंच जरूरी है क्योंकि राजनीति में अपनी जगह बनाने और दूसरी पार्टियों तक अपनी आवाज पहुंचाने के लिए एक राजनीतिक मंच जरूरी है. इससे पहले पिछले साल जुलाई माह में दिल्ली में भी मैंने स्पष्ट कर दिया था कि हमारा प्रतिनिधित्व पूरे भारत में कहीं नहीं है. आज बहुत खुशी की बात है कि कारगिल लद्दाख और श्रीनगर से जो सांसद चुनकर आए हैं, वे अपने क्षेत्र की समस्याओं के साथ-साथ राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व पर भी आवाज उठाएंगे और ईश्वर ने चाहा तो मैं रबीउल अव्वल मे करगिल लद्दाख और श्रीनगर के दोनों सांसदों को आमंत्रित कर स्वागत समारोह का आयोजन करूगा। उसके बाद नवनिर्वाचित सांसद मुहम्मद हनीफा ने उनके लखनऊ आगमन पर प्रसन्नता व्यक्त की और लोगो को हार्दिक अभीनन्दन करते हुए कहा कि हम करगिल लद्दाख से जरूर चुने गए लेकिन देश में कहीं भी अत्याचार और नाइंसाफी हुई तो मै उसके खिलाफ सदन में आवाज उठाता रहुंगा क्योंकि जनता ने हमें चुनकर संसद में भेजा है तो इस भरोसे को टूटने नहीं दूंगा।

# सालाना जलसे का आयोजन



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** ठाकुरगंज मुफ्तीगंज स्तिथ मदरसा कुरानो इतरत में सालाना जलसे का आयोजन किया गया।मदरसे में हुए सालाना इम्तेहान में मुमताज़ आने वाले बच्चों को मदरसे के सदर मौलाना सैय्यद दुरुल हसन रिजवी एक्स डिप्टी डायरेक्टर यूपीसीएल द्वारा इनामात भी तकसीम किया गया।इस मौके पर बच्चों ने तिलावत ए कुरान ए पाक की तिलावत बेहतरीन अंदाज़ में बच्चों ने पेश किया।बच्चियों ने अय खुदा इल्म की रौशनी दे मुझे,ज़िंदगी दे मुझे बेहतरीन अंदाज़ में मुनाजात पेश किया जिसे लोगों ने खूब सराहा और तारीफ करते हुए मौलाना दुरूल हसन रिज़वी ने कहा की जिस तरह से मदरसा कुरानओ इतरत दीन की खिज़्मत कर रहा है वह काबिले तारीफ है मौलाना ने बच्चों के वालदैन से अपील की की मदरसे में बच्चों को ज़रूर भेजें दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम बच्चों को ज़रूर देना चाहिए। आखिर में मदरसे के मुंताजिम सईद हसन ने जलसे में शामिल होने का शुक्रिया अदा किया।

# राहुल गांधी की फोटो जलाने को लेकर कांग्रेसियों ने सौंपा ज्ञापन

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के वाराणसी स्थित आवास पर भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रदर्शन कर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का फोटो जलाने के प्रयास के विरोध में गुरुवार को कांग्रेसियों ने राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन सौंपा। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पिछले दिनों संसद में भारतीय जनता पार्टी के नकली हिन्दुत्व का पर्दाफाश और भ्रष्टाचार सहित नीट यूजी 2024 परीक्षाओं में अनियमितता और पेपर लीक का मुद्दा उठाया था। गुरुवार को कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन भेज प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के घर प्रदर्शन करने गये लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। जिला कांग्रेस अध्यक्ष वेदप्रकाश त्रिपाठी, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवस्तव त्यागी और डॉ. शहजाद आलम के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, कमलेश भारती, राजेश सिंह काली, रईस अहमद, विकास श्रीवास्तव, फखरुल इस्लाम, मसूद अहमद, मनीष जायसवाल, रुद्रदमन सिंह बबूल, अय्यूब सिद्दीकी, हसीन सिद्दीकी, मोहम्मद नोमान, आशीष दीक्षित, मोहम्मद उबैद खान, नईम खान एडवोकेट, अभय सिंह अप्पी, नरेन्द्र गौतम, अखिलेश श्रीवास्तव, सुरेश लोधी, अर्जुन श्रीवास्तव, शकील, हसीन अहमद, फैयाज अली, अजहर, रंजीत कुमार, जेबा मलिक, रफीक अहमद सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल थे।

## ताहिर अली गुड्डू मियां ने अपने समर्थकों के साथ ली कांग्रेस की सदस्यता

**लखनऊ।** कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा में आस्था और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, महासचिव प्रियंका गांधी के नेतृत्व में जनता की आवाज को प्रमुखता से उठाए जाने से प्रेरित होकर शाहजहांपुर के समाजसेवी ताहिर अली गुड्डू मियां ने अपने समर्थकों सहित शाहजहांपुर जिला कांग्रेस अध्यक्ष रजनीश गुप्ता के नेतृत्व में कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने ताहिर अली सहित अन्य लोगों के गले में तिरंगा पट्टिका पहनाई और पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर पार्टी में शामिल कराया। श्री राय ने पार्टी में शामिल होने वालों को मुबारकबाद दी। ताहिर अली के साथ उवैस अंसारी, अफजल अली, मौलाना फरियाद, फैजान अली शाह, मोहम्मद शफी, निहाल अली शाह, इमरान अंसारी, मोहम्मद शाहिद कुरैशी, नासिर, वाहिद अली, शाहिद अली, कल्लू शाह, अनीस, आमिर अली, राजू, हनीफ मेंहदी हसन, अफसर अली, जीशान, अनीस, डॉ. जुनैद, रिजवान, सुहैल, कय्यूम, फैजान, जहूर शाह, असलम उर्फ लाला, मोहम्मद वली सहित अन्य लोगों ने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

# एमएसएमई के लिए सस्ते गोल्ड लोन की शुरुआत

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** केप्री लोन, एक प्रमुख गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी, ने उद्यम आधार वाले व्यवसाय मालिकों के लिए एक सस्ती गोल्ड लोन योजना शुरू की है। यह योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाइन की गई है। यह योजना प्रति 100 रुपये पर केवल 99 पैसे प्रति माह की आकर्षक ब्याज दर प्रदान करती है, जो प्रभावी रूप से 11.88 प्रतिशत वार्षिक हो जाती है। यह ब्याज दर उद्योग में सबसे प्रतिस्पर्धात्मक है और इसमें कोई छुपे हुए शुल्क नहीं हैं।

CAPRI LOANS

वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और विशेष रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों में वंचित क्षेत्रों में ऋण पहुंच का विस्तार करने के उद्देश्य से, इस योजना में व्यवसाय मालिकों की सुविधा और लचीलापन को ध्यान में रखते हुए कई विशेषताएं शामिल हैं। न्यूनतम कागजी कार्रवाई की आवश्यकता के साथ, व्यक्तिगत और एकल स्वामित्व वाले उद्यम केवल अपने केवाईसी दस्तावेजों का उपयोग करके ऋण प्राप्त कर सकते हैं। ऋण राशि 30 मिनट के भीतर वितरित की जाती है, जिससे यह व्यस्त उद्यमियों के लिए आदर्श बन जाता है। इसके अतिरिक्त, इस योजना में टॉप-अप सुविधा और ना के बराबर प्रोसेसिंग फीस शामिल हैं, जिससे उधार प्रक्रिया सरल हो जाती है। व्यवसाय के मालिक अपने उद्यम आधार नंबर को प्रस्तुत करके अपने नकदी प्रवाह को बेहतर बनाने के लिए अपनी निष्क्रिय पड़ी सोने की संपत्ति का उपयोग कर सकते हैं।

# पेपर लीकः युवा कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

- युवा कांग्रेसी बैरीकेडिंग पर चढ़कर की नारेबाजी



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पेपर लीक के विरोध में गुरुवार को उत्तर प्रदेश युवा कांग्रेस के आह् वान पर युवा कांग्रेसियों ने विरोध-प्रदर्शन किया। युवा कांग्रेस पूर्वी अध्यक्ष विशाल सिंह, युवा कांग्रेस मध्य अध्यक्ष दीपक शिवहरे और पश्चिमी अध्यक्ष पारस शुक्ला के नेतृत्व में युवा कांग्रेसी पार्टी मुख्यालय से नारेबाजी करते हुए विधानसभा घेराव को निकले तो पुलिस ने पार्टी मुख्यालय के पास ही बैरीकेडिंग लगा कर कांग्रेसियों को रोक लिया। युवा कांग्रेसी बैरीकेडिंग पर चढ़ नारेबाजी करने लगे। इस दौरान युवा कांग्रेसियों की पुलिस से झड़प और नोंकझोंक भी हुई, जिसमें कई कांग्रेसी चोटिल हो गये। पुलिस कांग्रेसियों को गिरफ्तार कर बसों से ईको गार्डेन ले गयी, जहां से शाम में रिहा किया। प्रदर्शन के दौरान पूर्व एमएलसी दीपक सिंह मुख्य रूप से मौजूद थे। प्रदर्शन से पहले युवा कांग्रेसियों को प्रदेश मुख्यालय में सम्बोधित करते हुए पूर्व एमएलसी दीपक सिंह ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगातार युवाओं की आवाज उठा रहे हैं। प्रदेश में जबसे भाजपा की योगी सरकार आई है तबसे सारी भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं। नीट और यूजीसी की परीक्षा के पेपर लीक होने से देश भर के युवा आक्रोशित हैं। बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम पर छलने का काम भाजपा सरकार कर रही है। प्रदर्शन को युवा कांग्रेस पूर्वी अध्यक्ष विशाल सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि नीट-यूजीसी परीक्षा पेपर लीक योगी सरकार की युवा विरोधी नीति का परिचायक है। युवा कांग्रेस मध्य अध्यक्ष दीपक शिवहरे ने कहा कि भाजपा सरकार पेपर लीक सरकार बन कर रह गयी है। भाजपा के साथ उसके सहयोगी दल भी इस कुकृत्य में शामिल हैं। पारस शुक्ला ने कहा कि जब तक नीट-यूजीसी परीक्षा दोबारा नहीं कराई जाती कांग्रेसी चुप नहीं बैठेंगे और युवाओं के लिए संघर्ष करते रहेंगे। युवा कांग्रेस मध्य कार्यवाहक अध्यक्ष अंकित तिवारी ने कहा कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री तत्काल इस्तीफा दें और नीट-यूजीसी परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराई जाए। प्रदर्शन में प्रदीप ठकुरई, शरद शुक्ला, मोहम्मद तारिक, देवांश तिवारी, प्रद्युम्न सिंह, अभिजीत तिवारी, सत्यम, अश्विनी सिंह, समीर अहमद, शशांक शर्मा, विशाल वर्मा, अभय दुबे, दीपक पाण्डेय, मोहम्मद शारिक, शशांक मिश्रा, विशाल सिंह, गौरव शुक्ला सहित बड़ी संख्या में युवा कांग्रेसी शामिल थे।

## मण्डल रेल प्रबंधक ने मुख्य सचिव से की भेंट

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल रेल प्रबंधक एस.एम. शर्मा ने गुरुवार को मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से भेंट कर लखनऊ मण्डल की विभिन्न रेल परियोजनाओं और कामों के बारे में बताया। उन्होंने मुख्य सचिव को आगामी कुम्भ मेले को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के परिक्षेत्र में आने वाले स्टेशनों पर की जाने वाली तैयारियों और कामों की भी जानकारी दी। इसके अलावा मण्डल रेल प्रबंधक ने रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप, चारबाग, लोको एण्ड कैरिज में पहुंच कर एडीशन मेम्बर प्रोडक् शन यूनिट रेलवे बोर्ड नई दिल्ली संजय कुमार पंकज से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों ने मध्य उत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के रेल संबंधी अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की। यहां के बाद डीआरएम ने आलमबाग स्थित सीपीएच कॉलोनी पहुंच वहां पावर हाउस का निरीक्षण किया और और वहां की कार्यप्रणाली की जानकारी हासिल की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिजली की लगातार सप्लाई को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को परखा और इस संबंध में संबंधित लोगों को जरूरी निर्देश दिये।

# असल जिंदगी परलोक से शुरू होगीः नाजिम बिलाल

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** दारुल उलूम नदवतुल उलमा के नाजिम मौलाना बिलाल अब्दुल हई हसनी ने कहा कि कुरान के सूरए वल अस्र में अल्लाह ने जमाने की कसम खाकर कहा दुनिया के सभी इंसान नुकसान में हैं, क्योंकि असल जिंदगी परलोक से शुरू होगी। दुनिया मेहनत की जगह है और परलोक की तैयारी के लिए कोई जगह नहीं। वे गुरुवार को डालीगंज के खदरा में मस्जिद अब्दुल्ला वली बद्र अपार्टमेण्ट में आयोजित इस्लाहे मआशरा जलसे की अध्यक्षता कर रहे थे। मौलाना ने कहा कि अल्लाह ने कहा कि जिनके पास यह चार गुण, जिन्होंने अल्लाह की आज्ञा का पालन किया, नमाज-रोजा, हज-जकात के हुक्म को पूरा किया, हलाल-हराम में फर्क किया, हर हाल में सच बोला और दूसरों को ऐसा करने की सलाह दी, बेईमानी से मना किया और विपरीत परिस्थितियों में धैर्य रखा और दूसरों को डटे रहने को प्रेरित किया वे ही ऊंचे होंगे। यह चार काम ही इस्लाम का सारांश हैं। आज हम इन विशेषताओं पर अमल करने और दूसरों को लाने के लिए कड़ी मेहनत नहीं कर रहे, जिससे बुराइयों को बढ़ावा मिल रहा है और लोगों में धर्म से दूरी बढ़ती जा रही है। कार्यक्रम के आयोजन में मोहम्मद मुस्लिम और मौलाना शेख इब्राहीम कर्नाटकी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मस्जिद अब्दुल्लाह के मौलाना गुफरान अहमद, काशिफ, रियाज, सगीर अहमद, अदनान, गौहर, मौलाना मुनाजिर नदवी, राशिद, शहजाद, मौलाना अलाउद्दीन नदवी सहित अन्य लोग मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मोटोजीपीः 2025 से अंतरराष्ट्रीय मोटरसाइकिल धावक उत्तर प्रदेश में भरेंगे फर्राटा

- इन्वेस्ट यूपी कराएगा उत्तर प्रदेश में मोटोजीपी का सफल आयोजन
- बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट करेगा मोटोजीपी की मेज़बानी



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** वैश्विक खेल जगत में भारत की दावेदारी को और मजबूत करते हुए उत्तर प्रदेश ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। प्रदेश की निवेश प्रोत्साहन एजेंसी, इन्वेस्ट यूपी ने आज पूरे विश्व में सफलतापूर्वक मोटोजीपी रेस का आयोजन कराने वाली स्पोर्ट्स कम्पनी डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. के साथ एक अभूतपूर्व अनुबंध पर हस्ताक्षर किए।

यह अनुबंध उत्तर प्रदेश को वैश्विक खेल पटल पर नई पहचान देगा साथ ही 2025 से प्रतिवर्ष मोटोजीपी रेस की मेजबानी करने का सुनहरा अवसर भी प्रदान करता है। मुख्य सचिव-सह-अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त श्री मनोज कुमार सिंह ने इन्वेस्ट यूपी की ओर से अनुबंध पर हस्ताक्षर किए, जबकि डोर्ना स्पोर्ट्स एस.एल. की ओर से श्री कर्मेलो इज़पेलेता ने अनुबंध पर हस्ताक्षर कर मोटोजीपी की उत्तर प्रदेश में वापसी पर मुहर लगा दी।

इन्वेस्ट यूपी द्वारा समर्थित, यह अनुबंध खेल को बढ़ावा देने तथा पर्याप्त निवेश आकर्षित करने के लिए उत्तर प्रदेश की अटूट प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

मोटोजीपी भारत कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति का गठन किया गया है जिसके सदस्य नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी, गौतमबुद्ध नगर के जिलाधिकारी एवं डोर्ना स्पोर्ट्स एस एल के मुख्य खेल अधिकारी इत्यादि होंगे।

इस उच्च स्तरीय कार्यकारी समिति की सहायता के लिए सचांलन समिति भी बनाई जाएगी।

# मोम व अभ्रक से बनने वाली जरीह का कार्य ज़ोरों पर

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब (स.) के नवासे हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) और उनके साथियों की याद में पहली मोहर्रम को निकलने वाले शाही जुलूस में शामिल होने के लिए मोम व अभ्रक से बनने वाली जरीह बनाने का कार्य बहुत तेजी से चल रहा है। छोटे इमामबाड़े में तैयार की जा रही जरीहयों में आकर्षक डिजाइन बनाये जा रहे हैं। पहली मोहर्रम को एतिहासिक शाही जरीह का जुलूस शाम पांच बजे बड़े इमामबाड़े से निकलेगा जो छोटे इमामबाड़े तक जायेगा। जुलूस में मोम की जरीह मुख्य आकर्षण का केन्द्र होगी। कारीगर वसीम अली ने बताया कि लगभग दो लाख पैसठ हजार रुपये की लागत से मोम व अभ्रक की जरीह बन रही हैं। यह मोम की जरीह डबल छतरी लगाकर बाइस फिट ऊंची और दस फिट चौड़ी है। इसमें करीब दो कुन्तल चालीस किलो मोम लगा है। जरीह में करीब बीस तरह के मोम के डिजाइन बनाकर लगाये जा रहे है। जिसमें चांद, तारा, फूल, मछली, स्टार, पत्ती और अन्य डिजाइन शामिल हैं। इसके अलावा इसमें बीस छोटे गुम्बद, चार बड़े गुम्बद और दो छतरी भी बन रही हैं। लाल, सफेद व हरे रंग के मोम से आठ मीनार भी बनायें हैं। जरीह के ऊपर से प्लास्टिक के तरह-तरह के फूलों से बना सेहरा भी लगेगा। शाही जुलूस में 17 फिट ऊंची और आठ फिट चौड़ी अभ्रक की जरीह भी शामिल होगी। जरीह को कागज से बने रंग-बिरंगी फूलों और सफेद चमकीली झालर से सजाया जा रहा है। इन दो जरीहों के अतिरिक्त शाही मेंहदी के जुलूस के लिए दो मेंहदी, 24 फुलवारी और 12 अराइश शामिल हैं। इमामबाड़ा शाहनजफ के लिए एक लाल व एक हरी जरीह जो 17 फिट ऊंची और आठ फिट चौड़ी बनी है। जरीह को बहराइच कस्बा जरवल के कारीगर वसीम अली, फिरोज, मीकाइल, पप्पी, आमिर, सामिर, साबिर, प्रधान, सकीना और फिज्जा बना रहे हैं।

# कांग्रेस ने दलितों को मुख्य धारा में शामिल कियाः अजय राय

- जननायक राहुल गांधी आज सामाजिक न्याय की बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं
- हम प्रतिबद्ध हैं दलितों को उनका हक दिलाने के लिएः कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आजादी के बाद संविधान बना कर दलितों को समानता का अधिकार दे कांग्रेस ने उन्हें मुख्य धारा में शामिल किया। दलित हमेशा से परम्परागत रूप से कांग्रेस का हिस्सा रहा है। जननायक राहुल गांधी आज सामाजिक न्याय की बड़ी लड़ाई लड़ रहे हैं और हम प्रतिबद्ध हैं दलितों को उनका हक दिलाने के लिए। श्री राय गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के पदाधिकारियों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। बैठक की अध्यक्षता विभाग के अध्यक्ष आलोक प्रसाद ने की। बैठक की शुरूआत प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए विभाग के अध्यक्ष आलोक प्रसाद ने कहा कि यह परिवर्तन का दौर है। दलित आज फिर कांग्रेस की ओर रुख कर रहा है, जिससे कांग्रेस को बहुत मजबूती मिली है। हमें न सिर्फ संगठन बल्कि मुख्य धारा में भी अपनी जगह बनाने के लिए जमीन पर जाकर मेहनत करना है। पूर्व मंत्री राजबहादुर सिंह ने कहा कि पार्टी को अन्याय अत्याचार निवारण समिति गठित करना चाहिए जिससे दलितों के साथ हो रहे अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सके। प्रक्षिण कार्यक्रम चलाया जाए जिससे पता लगे कि वर्ष 1989 से अब तक क्या पाया और क्या खोया। बैठक को पूर्व सांसद सत्या बहन, पूर्व विधायक भगवती प्रसाद चौधरी ने भी सम्बोधित किया। बैठक में विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश लिलोठिया का जन्मदिन सादगी से मनाने के साथ ही पांच सूत्रीय कार्यक्रम तय किये गये। कार्यक्रमों में 5 प्रदेश स्तरीय सम्मेलन, संगठन की जिलेवार समीक्षा, सदस्यता अभियान जिसमें दो महीने के भीतर हर विधानसभा में कम से कम 1000 दलित समुदाय के लोगों को जोडने, हर मण्डल से 100 दलित संगठनों-नेताओं व सामाजिक कार्यकर्ताओं की सूची बना कर 15 दिन के भतर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को जमा कराने और 15 दिनों में कम से कम एक बार जिलेवार दलित चौपाल कराने का निर्णय लिया गया।